पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 2 जून 2025 । वर्ष – 67 । अंक –47 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59





भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर केंद्र सरकार को जवाब देना होगा : कांग्रेस — पृष्ठ 2
■ सेना जीती विदेश नीति हारी!
■ प्रधानमंत्री भाजपा के लाभ के लिए कर रहे हैं ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल — पृष्ठ 6
■ गाजा में इजरायली बलों की गोलीबारी में 31 लोग मारे गए
■ पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाए : डेनमार्क के पूर्व राजदूत — पृष्ठ 7
मेरे लिए रजत पाटीदार सबसे बड़े 'आई ओपनर' हैं : कार्तिक — पृष्ठ 8

# पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश और बाढ़ का कहर

## असम में 78 हजार अधिक लोग प्रभावित, पिछले दो दिनों में हुई 32 लोगों की मौत





**गुवाहाटी**, 1 जून (एजेंसियां)। देश में मॉनसून की दस्तक के बाद से ही कई इलाकों में जमकर बारिश हो रही है। बारिश के कारण पूर्वोत्तर के कई राज्य बाढ़ जैसे हालात का सामना कर रहे हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और सिक्किम में भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और इसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में दो दिन में 32 लोगों की मौत हो गई। असम में 16, अरुणाचल में 9, मिजोरम में 4 और मेघालय में 3 लोगों की जान गई। असम के 15 से अधिक जिलों में 78 हजार अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने भी असम, अरुणाचल और सिक्किम के मुख्यमंत्री और मणिपुर के राज्यपाल से फोन पर बात की। राज्यों को केंद्र से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

**त्रिपुरा में 1300 परिवार शिफ्ट**

त्रिपुरा में 1300 परिवार को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। मणिपुर में भारी बारिश के कारण पिछले 48 घंटों में बाढ़-लैंडस्लाइड के कारण 3,802 लोग प्रभावित हुए हैं। 883 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में हाईवे 13 पर भूस्खलन की चपेट में आई कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो परिवारों के 7 लोग मारे गए। एक अन्य घटना में 2 लोगों की जान गई।

**बचाव के लिए उतरी सेना**

ऐसे मुश्किल वक्त में इन राज्यों के लोगों के लिए भारतीय सेना देवदूत बनकर पहुंची है। हजारों की संख्या में सेना ने लोगों को रेस्क्यू किया है। वहीं भारतीय वायुसेना भी लोगों की जान बचाने के अभियान में जुटी हुई है।

**सिक्किम में 1500 पर्यटक फंसे**

वहीं उत्तरी सिक्किम में करीब 1500 पर्यटक फंसे हैं। श्रीनगर-लेह हाईवे पर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# प्रदेश में होगी शिक्षकों की भर्ती

## प्रथम चरण में 5,000 पदों पर होगी नियुक्ति

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावशील बनाने के लिए शिक्षकों के रिक्त पदों पर चरणबद्ध भर्ती की जाएगी। प्रथम चरण में 5,000 शिक्षकों की भर्ती होगी। इस निर्णय से प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन अध्यापन व्यवस्था को गति मिलेगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर विभागीय स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इन्हीं पहल में शामिल है शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया राज्य में शुरू कर दी गई है। इसके पूरा होने के बाद शिक्षकों के रिक्त पदों का आकलन कर नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



गौरतलब है कि शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने की पहल के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत है वहां शिक्षक उपलब्ध हों और बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। युक्तियुक्तकरण का मतलब है स्कूलों और शिक्षकों की व्यवस्था को इस तरह से सुधारना कि सभी स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित हो और कोई भी स्कूल बिना शिक्षक के न रहे।

राज्य की 30,700 प्राथमिक शालाओं में औसतन 21.84 बच्चे प्रति शिक्षक हैं और 13,149 पूर्व माध्यमिक शालाओं में 26.2 बच्चे प्रति शिक्षक हैं, जो कि राष्ट्रीय औसत से कहीं बेहतर है। हालांकि 212 प्राथमिक स्कूल अभी भी शिक्षक विहीन हैं और 6,872 प्राथमिक स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर 48 स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं और 255 स्कूलों में केवल एक शिक्षक है। 362 स्कूल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### बेंगलुरु में तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली**। देश में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है।

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल भोपाल आएंगे

**भोपाल**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मध्यप्रदेश में 'संगठन सृजन अभियान' की शुआत के लिए मंगलवार को यहां आएंगे। वे दिन में संगठन स्तर की विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में अन्य वरिष्ठ नेताओं की आज यहां संपन्न हुई बैठक में श्री गांधी के दौरे के संबंध में व्यापक चर्चा हुई। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, विधायक आरिफ मसूद और प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रमुख मुकेश नायक भी मौजूद रहे।

### विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया। इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने आज अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी माफिया मुख्तार अंसारी का बेटा है।

**शराब घोटाला**

# कारोबारी विजय भाटिया गिरफ्तार

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू का एक्शन जारी है। वही भाटिया को पकड़ने के लिए रायपुर से ईओडब्लू और एसीबी के दो डीएसपी और तीन टीआई दिल्ली पहुंचे थे। यहां सूचना के आधार पर टीम ने भाटिया के ठिकाने में छापा मारा और फिर हिरासत में लेकर रायपुर पहुंची है। साथ ही ईओडब्ल्यू ने विजय भाटिया के दुर्ग स्थित 5 ठिकानों पर छापा मारा है। यहां टीमें शराब घोटाला मामले में दस्तावेज खंगाल रहीं हैं। रविवार सुबह से ही ईओडब्ल्यू की टीम कार्रवाई में लगी हुई है।



■ कोर्ट ने एक दिन की रिमांड में भेजा जेल

गिरफ्तार करने के बाद आज ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया कोर्ट ने विजय भाटिया को एक दिन के रिमांड पर जेल भेजा। जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू ने 14 दिनों की पुलिस रिमांड मांगी थी लेकिन रिमांड कोर्ट को विशेष कोर्ट का पावर नहीं होने की वजह से एक दिन के लिए जेल भेजा। बताया जा रहा है कि सोमवार को दोबारा एसीबी ईओ डब्लू की विशेष कोर्ट मे पेश कर ईओडब्ल्यू पुलिस रिमांड मांगेगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब विनिर्माता कंपनियों व सप्लायर से बड़े पैमाने पर कमीशन की उगाही से अवैध लाभ प्रदान कर शासन को राजस्व की भारी पैमाने में क्षति पहुंचाने के मामले में विजय भाटिया की प्रमुख आरोपी है फरार चल रहे विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर न्यायालय में पेश किया गया। विजय भाटिया की गिरफ्तारी के ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# एनसीपी में सेंधमारी से अजित पवार नाराज

**मुंबई**, 1 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के मुखिया अजित पवार को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। उनकी पार्टी के सात विधायकों ने एक साथ पार्टी का साथ छोड़ सत्ताधारी पार्टी में विलय कर लिया है। एनडीपीपी द्वारा एनसीपी में सेंधमारी करने से अजित पवार काफी नाराज है।

■ एनडीए बैठक में उठाएंगे आवाज
■ गठबंधन धर्म का उल्लंघन किया



हालांकि ये विलय महाराष्ट्र में नहीं, बल्कि नागालैंड में हुआ, जहां एनसीपी के सभी सात विधायक सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में शामिल हो गए। इससे मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली एनडीपीपी को 60 सदस्यीय विधानसभा में पूर्ण बहुमत मिल गया। इस विलय के साथ ही सत्ताधारी पार्टी के विधायकों की संख्या 25 से बढ़कर 32 हो गई है। शरद पवार की संयुक्त एनसीपी में टूट के बाद नागालैंड इकाई ने अजित पवार गुट का साथ दिया था। एनसीपी का आरोप है कि एनडीपीपी ने उनकी पार्टी में पोचिंग कर गठबंधन धर्म का उल्लंघन किया है। एनडीए की अगली बैठक में अजित पवार इस मुद्दे को उठाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष शारिंगैन लोंगकुमेर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सातों विधायकों ने स्वयं उपस्थित होकर विधानसभा अध्यक्ष को औपचारिक पत्र सौंपे, जिनमें एनडीपीपी में विलय का उनका निर्णय बताया गया।

# सुशासन तिहार के बाद अब मनाया जाएगा दाई-बबा दिवस

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की साय सरकार सुशासन तिहार के बाद अब दाई-बबा दिवस मनाएगी। बुजुर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए इस दिवस का आयोजन 4 जून को किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के उप संचालक ने सभी जिलों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है।

■ बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज,
■ 4 जून को हर जिले में लगेगा हेल्थ मेला

जारी निर्देश के मुताबिक हर जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 4 जून को हेल्थ मेला का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य समुदाय में बुजुर्गों के सम्मान और सहभागिता के उद्देश्य से किया जा रहा है। वहीं मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों को दादा-दादी और नाना-नानी को स्वास्थ्य मेले में लाने के प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## ममता के आशीर्वाद से हो रही घुसपैठ : अमित शाह

**कोलकाता**, 1 जून (एजेंसियां) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भारत में बंगलादेशियों की घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही इसे प्रभावी रूप से रोक सकती है। श्री शाह ने आज यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बंगाल के वोट केवल बंगाल का भविष्य तय नहीं करते हैं। बंगाल का वोट देश की सुरक्षा से जुड़ा है। क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगलादेशियों के लिए हमारे देश की सीमाएं खोल दी हैं। उनके आशीर्वाद से घुसपैठ हो रही है। आप मुझे बताएं, घुसपैठ रोकनी चाहिए या नहीं।

# बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली**, 1 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि बिहार में नाबालिगों के साथ दुष्कर्म और हैवानियत की जघन्य घटनाएं हो रही हैं और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। इस तरह की घटनाएं बिहार में तथाकथित सुशासन की पोल खोलती हैं। कांग्रेस सांसद डॉ. रंजीत रंजन तथा पार्टी प्रवक्ता डॉ. शम्मा मोहम्मद ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं है, वहां कानून का राज खत्म हो गया है, बच्चियों के साथ जघन्य अपराध होते हैं और अस्पतालों में पीड़ित का इलाज करने से इनकार कर दिया जाता है लेकिन सरकार ना आपराधिक मामला दर्ज करती है और ना किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुजफ्फरपुर में 26 मई को एक दिल दहलाने वाली घटना हुई जिसमें नाबालिग बच्ची के साथ जघन्य वारदात हुई है। बच्ची का गला रेता गया और उसके शरीर पर कई भयावह वार किए गए। जानकारी के मुताबिक 34 साल के जिस व्यक्ति ने इस हैवानियत को अंजाम दिया है। वह पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहा है। नाबालिग बच्ची की हत्या के लिए राज्य की जनता दल यू- भारतीय जनता पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने सवाल किया कि आखिर बिहार में इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति इस तरह खुलेआम कैसे घूम रहे हैं।

■ नाबालिग से दुष्कर्म की जघन्य घटना पर भी कार्रवाई नहीं कर रही सरकार

# यूक्रेन का रूस के एयरबेस पर ड्रोन हमला, 40 एयरक्राफ्ट तबाह करने का किया दावा

कीव, 1 जून (एजेंसियां)। यूक्रेन ने रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है, जिसमें रूस के अंदर साइबेरिया में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया गया है। यूक्रेनी ड्रोनों ने कम से कम 40 रूसी विमानों पर हमला किया गया है। इरकुत्स्क क्षेत्र के रूसी गवर्नर ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यूक्रेनी रिमोट-पायलट विमान ने श्रीदनी गांव में एक सैन्य इकाई पर हमला किया, जो साइबेरिया में इस तरह का पहला हमला है।

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
NAAC A
UGC 12B Status Granted
36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Unleash Your Potential with Transformative Education

ADMISSION NOTICE 2025-26

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology
○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology
○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
BCA 30th Batch | AICTE Approved
○ AI & Machine Learning ○ Cyber Security
○ Internet of Things ○ Data Science ○ General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
○ Advance Computing ○ Cloud Computing
○ Data Science & Machine Learning ○ IoT
○ Network & Info Security
LAW 12th Batch | BCI Approved
○ BA LLB ○ BBA LLB (Hons)
○ B.Com. LLB (Hons) ○ LLB
○ LLM (2 Yrs.) ○ LLM (1 Yr.)
BA (Hons)
○ Psychology ○ Government & Administration
B.Com. (Hons)
M.Com.
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
PG Diploma - 1 Yr.
○ Counseling Psychology ○ Yoga
Lateral Entry available in B.Tech. Programs

BBA 30th Batch | AICTE Approved
○ Digital Marketing
○ Banking, Finance & Insurance
○ Global Business & Management
○ General
MBA 31st Batch | AICTE Approved
○ Digital Business & AI
○ Marketing & E-commerce
○ Fintech, Banking & Insurance
○ People Mgmt & HR Analytics
○ Global Trade & Logistics Mgmt
○ Agri-business & Rural Entrepreneurship
○ Pharmaceutical & Healthcare Mgmt
B.Sc. (Hons)
○ Agriculture ○ Biotechnology
○ Microbiology ○ Biomedical Sciences
○ Nutrition & Dietetics
M.Sc.
○ Artificial Intelligence ○ Bio-informatics
○ Biomedical Sciences ○ Biotechnology
○ Clinical Research ○ Cyber Security
○ Data Science ○ Food Science & Tech
○ Mathematics ○ Medical Physics
○ Microbiology

The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

WE ARE PROUDLY RANKED IN INDIA
3 — Amongst India's Distinguished Law Schools — The CSR Law School Survey 2025
6 — Amongst Top Indian applicants for filing highest number of Patents by a SIRO Including IITs in 2023-24 — Report published by The Office of the Controller General of Patents, Designs, and Trademarks, Govt of India
24 — Amongst Top Technical Universities of India in overall category — India Today Technical University Ranking Survey 2024
25 — Amongst Top 175 Engineering Institutions of India — Times Top Engineering Institute Ranking Survey 2025
28 — Amongst TOP B-School of India in overall category — Times B-School Survey 2025

India's first RRTS (RapidX) now connects directly to Shobhit University Campus - just 55 minutes from Delhi.
Scholarships Available.

Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management- from courtrooms to boardrooms, labs to leadership- they are shaping industries and driving change.



SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[Deemed-to-be University estd. u/s 3 of UGC Act, 1956] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Phase-2, Delhi | +91-11-35205500
Programs Offered in Distance Mode BBA | MBA | B.Com | M.Com www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode BBA | MBA | BCA | MCA www.shobhit.online

**मेला** क्षीर भवानी मेले में देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

# आपरेशन सिंदूर के बाद कश्मीर में लगेगा हजारों का जमघट

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 1 जून (देशबन्धु)। देशभर से श्रद्धालु माता की भवानी के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। यह मेला 3 जून को संपन्न होना है। आपरेशन सिंदूर के उपरांत प्रशासन ने इतने बड़े आयोजन की इजाजत भी दी है और तैयारियां भी कर दी हैं। आज सुबह जम्मू से भी कड़ी सुरक्षा के बीच जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। यह मेला सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि विस्थापित समुदाय के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर भी है।

क्षीर भवानी पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि यह एक ऐसा मौका होता है जब वे अपनी आराध्य देवी के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन पर असर पड़ा है, लेकिन इस यात्रा से उम्मीद की जा रही है कि हालात सामान्य होंगे और श्रद्धा के साथ-साथ पर्यटन भी फिर से रफ्तार पकड़ेगा।

यह सच है कि आपरेशन सिंदूर के बाद कश्मीर में इतना बड़ा धार्मिक मेला हो रहा है। 1990 के दशक में आतंकवाद के कारण अपने घरों से विस्थापित हुए कश्मीरी पंडितों के लिए यह यात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि भावनात्मक और सांस्कृतिक पुनर्संयोजन ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



CMYK

# देश

**उवाच** “ लालू यादव की पार्टी सिर्फ उनके परिवार तक सीमित है। अब लालू के बाद वर्चस्व की लड़ाई तेजस्वी और तेज प्रताप के बीच है, जो केवल परिवार का आंतरिक मामला है। इसका बिहार या देश से कोई लेना-देना नहीं है। हम चाहते हैं कि परिवार में एकता बनी रहे।

–संजय उपाध्याय, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 26.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 38.0 | 29.0 |

# भारत-पाकिस्तान सीजफायर पर केंद्र सरकार को जवाब देना होगा : कांग्रेस

■ ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान के बयान पर केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान के एक बयान को आधार बनाकर केंद्र सरकार पर रविवार को जोरदार निशाना साधा। पवन खेड़ा ने कहा कि देश की जनता को यह जानने का हक है कि किन परिस्थितियों में भारत-पाक के बीच सीजफायर हुआ। पवन खेड़ा ने कहा कि हम लगातार जो सवाल उठा रहे हैं, उसके कारण हमें देशद्रोही कहा जा रहा है। अब तो सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) ने भी विदेश जाकर स्वीकार किया है कि हमारे विमान गिराए गए। देश को यह जानने का अधिकार है कि किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ। इसके क्या कारण थे और इसका समाधान क्या है। भारत-पाक के बीच इतनी जल्दी सीजफायर क्यों कर दिया गया। जबकि, हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने पर लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने कहा कि विदेशी धरती पर सीडीएस का बड़ा इंटरव्यू हुआ, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी कई बातें भी कहीं। जिस तरह से उन्होंने कहा कि जब युद्ध होता है, तो विमान भी गिरते हैं। यह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हम इससे क्या सीखते हैं। यह एक सैनिक का संदेश है और उनका बयान मोदी सरकार के मंत्रियों द्वारा दिए गए बयानों से मेल नहीं खाता।



अब तो चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने भी विदेश जाकर स्वीकार किया कि हमारे विमान गिराए गए : पवन खेड़ा

### संसद का सत्र नहीं बुलाया गया

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लंबे समय से मांग कर रही है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। 1962 के युद्ध के दौरान भी इसे बुलाया गया था, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि अब युद्ध समाप्त होने के बाद भी संसद का कोई सत्र नहीं बुलाया गया है। हर रोज सवाल उठ रहे हैं, उनमें सबसे बड़ा सवाल डोनाल्ड ट्रंप के दावों का है। हम युद्ध विराम की शर्तों को भी जानना चाहते हैं, यह अचानक क्यों किया गया और अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसकी घोषणा क्यों की। सीडीएस के बयानों ने फिर कई सवाल खड़े किए हैं। सरकार को आगे आने की जरूरत है। देश को हमारी रक्षा तैयारियों को जानने की जरूरत है। सरकार इस मामले में लगातार देश को गुमराह कर रही है। हम भारतीय सेना के साथ खड़े हैं और उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार होने वाले बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों, हफ्तों और महीनों में बहुत कुछ होने वाला है। प्रधानमंत्री को तैयार रहना चाहिए और सीट बेल्ट बांधकर बैठे रहना चाहिए। खेड़ा का दावा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कई समीकरण बदलेंगे। वहीं, चिराग के चुनाव लड़ने पर राष्ट्रीय लोक दल नेता मलूक नागर ने कहा कि यह अच्छी बात है वह बड़े नेता हैं। वह चुनाव लड़ते हैं तो एनडीए की सरकार बिहार में बनेगी। चिराग पासवान बिहार में चुनाव लड़ेंगे तो उनकी पार्टी को ही मजबूती मिलेगी।

ज्यादा से ज्यादा विधायक उनकी पार्टी से चुनकर आएंगे तो यकीनन उनकी पार्टी और एनडीए के लिए यह फायदेमंद साबित होगा। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा के चुनाव हैं। सीडीएस अनिल चौहान ने शनिवार को पाकिस्तान के साथ हाल के संघर्ष में लड़ाकू विमानों के नुकसान की बात स्वीकार की।

### डोनाल्ड ट्रंप से इतना क्यों डरती है केंद्र सरकार : खेड़ा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सवाल यह है कि केंद्र सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से इतना क्यों डरती है। केंद्र सरकार से सारे सवाल पूछे जाएंगे और उन्हें जवाब देना होगा। इसलिए, कांग्रेस पार्टी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है, जहां केंद्र सरकार देश की जनता को सारे सवाल के जवाब दें। ऑपरेशन सिंदूर पर क्रेडिट लेने के एक सवाल के जवाब में कांग्रेस वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डोनाल्ड ट्रंप के आंखों में आंख मिलाकर क्यों नहीं कहते हैं कि सीजफायर को लेकर मध्यस्थता की बात झूठ है। पूरा देश मोदी के साथ खड़ा हो जाएगा।

## हेमंत सोरेन ने प्रतिमा बरवा के निधन पर जताया दुख

**रांची,** 1 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड समेत देश को कई प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाली



हॉकी कोच प्रतिमा बरवा के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखण्ड की मेहनतकश बेटियों की आदर्श थीं प्रतिमा जी। उनका निधन झारखण्ड ही नहीं देश के हॉकी जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की इस विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। ज्ञातव्य है कि प्रतिमा बरवा को गुरुवार शाम अचानक पैरालिसिस का अटैक आया था, उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिमा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला हॉकी टीम की वर्तमान कप्तान सलीमा टेटे जैसी खिलाड़ी उभर कर सामने आई। प्रतिमा बरवा न सिर्फ एक कुशल प्रशिक्षक रहीं, बल्कि झारखंड महिला हॉकी की रीढ़ भी मानी जाती रही।

## गुजरात के मंत्री का बेटा मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार

**दाहोद,** 1 जून (एजेंसियां)। गुजरात सरकार के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री बचुभाई खाबड़ के बेटे बलवंत खाबड़ को एक और मनरेगा घोटाले के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब कुछ दिन पहले ही उन्हें एक पुराने मामले में जमानत मिली थी। बलवंत और उनके भाई किरण, दोनों को 16 मई को मनरेगा से जुड़े एक कथित 71 करोड़ रुपए के घोटाले में धोखाधड़ी, जालसाजी और विश्वासघात के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 29 मई को दोनों को जमानत मिल गई थी। लेकिन जैसे ही किरण जेल से बाहर आए, पुलिस ने उन्हें एक और नए मामले में उसी दिन फिर से गिरफ्तार कर लिया। अब 1 जून को बलवंत को भी नए मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। दाहोद के 'बी' डिवीजन पुलिस थाने में 31 मई को एक नई एफआईआर दर्ज की गई। इसके अनुसार, बलवंत की कंपनी श्री राज कंस्ट्रक्शन कंपनी, पीपेरो ने वर्ष 2022-23 में दाहोद जिले के धनपुर तालुका के भानपुर गांव में मनरेगा के तहत काम किए बिना ही 33.86 लाख की सरकारी भुगतान ले लिया।



■ दो दिन पहले अन्य केस में जेल से हुआ था रिहा

एफआईआर में कहा गया है कि बलवंत ने कुछ सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से बिना सामग्री की आपूर्ति किए और बिना काम किए हुए फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए भुगतान हासिल कर लिया। यह इस घोटाले में तीसरी एफआईआर है, जो अप्रैल से अब तक दाहोद पुलिस ने दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, मनरेगा के तहत जिन एजेंसियों को काम और सामग्री की आपूर्ति का ठेका दिया गया था, उनमें से कई ने काम किए बिना ही फर्जी सर्टिफिकेट देकर भुगतान हासिल किया। पहली एफआईआर के अनुसार, 2021 से 2024 के बीच कई एजेंसियों ने निर्धारित काम पूरा नहीं किया और न ही आवश्यक सामग्री पहुंचाई, लेकिन फर्जी वर्क कंप्लीशन सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपए की राशि वसूल ली।

## सार संक्षेप

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार शनिवार को तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया।

### शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी से पवन कल्याण नाराज

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत राज मंत्री के पवन कल्याण ने पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा कानून की छात्रा शर्मिष्ठा को गिरफ्तार किए जाने पर नाराजगी जाहिर की है और सवाल किया है कि जब तृणमूल के नेता सनातन धर्म का मजाक उड़ाते हैं, तो तो पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं करती है। कल्याण ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कानून की छात्रा शर्मिष्ठा ने अपनी बात रखी, उसके शब्द खेदजनक और कुछ लोगों को आहत करने वाले थे। उसने अपनी गलती स्वीकार की, वीडियो डिलीट किया और माफी मांगी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शर्मिष्ठा के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की।

### नालंदा में बनेगा नया इनडोर शूटिंग रेंज : सम्राट

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि नालंदा जिले में 24 करोड़ रुपए की लागत से नया इनडोर शूटिंग रेंज बनाया जाएगा। चौधरी ने कहा कि नालंदा जिले के कल्याणबिगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण के लिए 24 करोड़ 21 लाख 97 हजार रुपए की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश के पैतृक गांव कल्याणबिगहा स्थित इनडोर शूटिग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 और 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जाएगा।

### डा. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 31 मई को भोपाल प्रवास के दौरान विकास की अनेक ऐतिहासिक सौगातें देने पर आभार व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा है कि मोदी ने विकास की अनेक ऐतिहासिक सौगातें देकर प्रदेश के सपनों को नई उड़ान दी है, मध्य प्रदेश आनंदित है, उत्साहित है, कृतज्ञ है। यह सौगातें 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की दिशा में सशक्त सिद्ध होंगी। मोदी का यह स्नेह और विश्वास हमें निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अमूल्य सहयोग और अपार स्नेह के लिए उनका हृदय से आभार।

## भाजपा जेहाद फैलाने वाली पार्टी : राउत

**मालेगांव,** 1 जून (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राऊत ने रविवार को कई तीखे और विवादित बयान देकर सियासी हलचल तेज कर दी। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में अगर कोई जेहाद कर रहा है, तो वह भाजपा है। मालेगांव में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राऊत ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, अब घर-घर में सिंदूर लेकर जा रहे हैं। ये वन हसबैंड, वन सिंदूर का नया प्रोग्राम है क्या? सुंदर पति देता है सिंदूर, कोई बाहर का नहीं देता। ये कौन सा जेहाद है आपका? उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा, कौन किसका हसबैंड है, इस पर भी मीडिया को सवाल करना चाहिए। संजय राऊत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब मालेगांव महानगरपालिका चुनाव होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में प्रशासक के जरिए शासन चलाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा, पार्षद और जिला परिषद सदस्य तक नहीं चुनवा पाए। अब उन्हें अपनी जीत की कोई गारंटी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मालेगांव का चुनाव जाति, धर्म, गुट और पैसे के खिलाफ लड़ा जाएगा और जल्द ही कोर कमेटी बनाई जाएगी।



■ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भाजपा को आड़े हाथ लिया

## आखिर किसे राजद का जयचंद बता रहे तेज प्रताप

**पटना,** 1 जून (देशबन्धु)। लालू यादव का परिवार इन दिनों उथल पुथल के दौर से गुजर रहा है। राजद सुप्रीमो के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने जब अनुष्का यादव से 12 वर्ष से रिलेशनशिप में रहने का खुलासा किया तो लालू यादव ने उन्हें 25 अप्रैल को पार्टी और परिवार से बेदखल कर दिया। हालांकि पिता द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद भी तेज प्रताप यादव लगातार अपने परिवार के साथ होने का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव को बेटा होने पर उन्हें बधाई दी। बाद में राजद द्वारा केंद्र और बिहार की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने पर तेज प्रताप यादव ने उसी भाषा में आवाज बुलंद दी। वहीं रविवार को उन्होंने राजद में मौजूद 'जयचंद' को लेकर संदेश दिया। उन्होंने जयचंद द्वारा उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ऐसे में बड़ा सवाल है कि तेज प्रताप यादव किसे जयचंद बता रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने अपने संदेश में कहा कि मेरे प्यारे मम्मी पापा....मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर है आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप है तो सब कुछ है मेरे पास। मुझे सिर्फ आपका विश्वास और प्यार चाहिए ना कि कुछ और। पापा आप नहीं होते तो ना ये पार्टी होती और ना मेरे साथ राजनीति करने वाले कुछ जयचंद जैसे लालची लोग। बस मम्मी पापा आप दोनों स्वस्थ और खुश रहे हमेशा। वहीं एक अन्य ट्वीट में उन्होंने तेजस्वी यादव को केन्द्रित कर कहा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों, तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। वहीं सूत्रों का कहना है तेज प्रताप यादव के निशाने पर संजय यादव हो सकते हैं। तेज प्रताप यादव और संजय यादव (राजद के राज्य सभा सदस्य) के बीच इसके पहले भी तकरार देखा जा चुका है। अक्टूबर 2021 में हुए तारापुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में तेज प्रताप यादव और राज्य सभा सांसद संजय यादव के बीच तल्खी दिखी थी। तब तेजप्रताप यादव के छात्र जनशक्ति परिषद द्वारा समर्थित उम्मीदवार संजय यादव ने पहले पर्चा भरा और फिर उसके अगले ही दिन अपना नाम वापस ले लिया। तब तेज प्रताप ने लिखा था -जनता के लिए संजय यादव जी ने अपनी उम्मीदवारी वापिस ली-पार्टी, ना मैंने कुछ कहा ना लिखा तो इसमें मेरा क्या रोल था या है हरियाणवी स्क्रिप्ट राईटर तुम ये फालतू की सी ग्रेड कहानी कहीं और लिखना। बिहारी सब समझतें हैं। उनके इस ट्वीट में हरियाणवी स्क्रिप्ट राईटर लिखना एक तरह से तेजस्वी के करीबी संजय यादव पर निशाना था। अब माना जा रहा है कि जयचंद के रूप में भी उन्होंने शायद संजय यादव को निशाने पर लिया हो जो अभी भी तेजस्वी के सबसे करीबी हैं।

■ जयचंद द्वारा उनके खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप



### हर साजिश को जल्द बेनकाब करने की कही बात

तेज प्रताप यादव ने अपने संदेश में कहा कि हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। बस मेरे भाई भरोषा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं, फिलहाल दूर हूं लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह है अंदर भी और बाहर भी। दरअसल, मौजूदा समय में जो नेता लालू यादव और तेजस्वी यादव के इर्द-गिर्द रहते हैं उसमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले चेहरे में संजय यादव, मनोज झा, अब्दुल बारी सिद्दीकी, सुनील कुमार जैसे नाम शामिल हैं। वहीं राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह भी लालू के करीबी बताए जाते हैं। ऐसे में तेज प्रताप ने बिना किसी का नाम लिए किस राजद नेता को निशाने पर लिया यह अबूझ पहेली की भांति है।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए डीएमके तैयार



■ स्टालिन ने की पार्टी के नए सदस्यता अभियान की शुरुआत

■ सौ फीट ऊंचे मस्तूल पर पार्टी का झंडा फहराया

**मदुरै,** 1 जून (एजेंसियां)। तमिलनाडु में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले डीएमके ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को पार्टी की बैठक में सीएम एमके स्टालिन ने नए सदस्यता अभियान ओरानियिल तमिलनाडु की शुरुआत की। इससे पहले पार्टी की आम परिषद बैठक में स्टालिन ने सदस्यता अभियान का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने घर-घर जाकर सदस्स्यता अभियान चलाने, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाने और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की बात कही। इसके बाद पार्टी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर कम से कम 30 प्रतिशत मतदाताओं को सदस्य के रूप में नामांकित करने का लक्ष्य रखा और प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। पार्टी ने सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए नए सदस्य बनाए हैं। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर सदस्य बनाने का काम सौंपा गया है।

### बैठक में 27 प्रस्ताव पारित

मदुरै में मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में कुल 27 प्रस्ताव पारित किए गए। द्रमुक की आम परिषद की बैठक में रविवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार की निंदा करते हुए विभिन्न मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें प्रदेश को बकाया धनराशि जारी न करना, हिंदी थोपने का प्रयास, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा घोषित स्वर्ण ऋण प्रतिबंधों को वापस लेने की मांग शामिल है। यहां यह बैठक 48 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित की गई थी।

## इलाज में लापरवाही के कारण हुआ हंगामा

**पटना,** 1 जून (देशबन्धु)। मुजफ्फरपुर से पीएमसीएच लाई गई रेप पीड़ित बच्ची की इलाज में लापरवाही के कारण हुई मौत को लेकर कांग्रेस ने रविवार को पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा मचाया। कांग्रेस ने इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला। वही मुजफ्फरपुर में भी इस घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और शहर के मुख्य चौराहा सरैयागंज टावर को जाम करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पटना में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में महिला संगठन की कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और हंगामा मचाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर उसे लड़की को न्याय नहीं मिला तो उसके अस्थि को लेकर पूरे बिहार में यात्रा करेंगे। नीतीश कुमार और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मुजफ्फरपुर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने बताया कि 26 मई को कुढनी प्रखंड की बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है और उसके इलाज के नाम पर लीपापोती होती रही।

## हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती है भाजपा-टीएमसी : अधीर रंजन

**मुर्शिदाबाद,** 1 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को यहां की आम जनता के विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं है। दोनों पार्टियां सिर्फ सत्ता पाने के लिए हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बंगाल दौरे को लेकर रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी का चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। जहां पीएम मोदी जाएंगे, वहां जाने से अमित शाह पीछे कैसे रह सकते हैं। चौधरी ने कहा कि मकसद साफ है कि बंगाल में चुनाव को लेकर जंग शुरू हो गई है। केंद्र और राज्य सरकार में तनातनी शुरू हो गई है। पीएम मोदी के संबोधन का लगातार ममता बनर्जी की ओर से विरोध किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी किन-किन मुद्दों पर भाषण देंगे, दीदी को पहले से ही पता चल जाता है। इसीलिए, मीडिया के सामने वह पीएम मोदी के भाषणों में उठाए गए मुद्दों का विरोध जताती हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में आम लोगों की बात नहीं होती है। बंगाल में रोजगार, कारोबार पर चर्चा नहीं होती है। अगर यहां पर चर्चा होती है तो बस हिंदू-मुस्लिम के वोट को कैसे अपनी ओर करना है।



बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल करेगी तो वहीं, सीएम बनर्जी मुस्लिम वोटों को अपनी ओर लाने का प्रयास करेंगी। केंद्रीय गृहमंत्री रविवार को कोलकाता में थे।

**चिंता** *विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर चिंताजनक आंकड़े आए सामने*

# जम्मू-कश्मीर की बीस फीसदी के अधिक आबादी को तंबाकू की लत

**जम्मू, 1 जून (देशबन्धु)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर चिंताजनक आंकड़े सामने आए हैं, जिसके अनुसार जम्मू-कश्मीर भारत के उन शीर्ष छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल है, जहां तंबाकक्‍ू का सेवन सबसे अधिक होता है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बीस प्रतिशत से।**

अधिक आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करती है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में तंबाकू धूम्रपान की व्याप्कता दर 20.8 प्रतिशत है। इस प्रकार मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम के बाद जम्मू कश्मीर देश में छठे स्थान पर है। हालांकि, इस क्षेत्र में धुआं रहित तंबाकू का उपयोग काफी कम है, जो कि केवल 4.3 प्रतिशत है, जो इसे हिमाचल प्रदेश के बाद देश में दूसरा सबसे कम बनाता है। वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, जम्मू कश्मीर में 35.2 प्रतिशत पुरुष और 5.1 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं, जबकि कुल वयस्क धूम्रपान की व्यापकता 20.8 प्रतिशत है। धूम्ररहित तम्बाकू के मामले में, 6.8 प्रतिशत पुरुष और 1.5 प्रतिशत महिलाएं सभी वयस्कों का 4.3 प्रतिशत वर्तमान में इसका उपयोग कर रहे हैं। आंकड़ों के बकौल, कुल मिलाकर, 39.7 प्रतिशत पुरुष और 6.2 प्रतिशत महिलाएं सभी वयस्कों का 23.7 प्रतिशत या तो धूम्रपान करते हैं या धूम्रपान करते हैं। अधिकारी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में, सरकार ने तम्बाकू की खपत को रोकने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के हजारों चालान काटे गए हैं और लाखों रुपए जुर्माना वसूला गया है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में कई लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक परामर्श और फार्माकोथेरेपी सत्रों के जरिए धूम्रपान छोड़ दिया है। लोगों को तम्बाकू के उपयोग से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बताने के लिए पूरे क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। वे कहते थे कि अगर हम लोगों को तंबाकू के खतरों के बारे में जागरूक और सचेत कर पाते हैं, तो कानून लागू करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के तहत राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप, नियमित रूप से प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक संस्थान और पर्यटन स्थल तंबाकू मुक्त क्षेत्र बने रहें। जम्मू-कश्मीर ने खुली सिगरेट, बीड़ी और तंबाकू की बिक्री पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, जिसका उद्देश्य पहुंच को सीमित करना और आकस्मिक खपत को रोकना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि धूम्रपान करने वालों और तंबाकू का उपयोग करने वालों में तपेदिक (टीबी) होने की संभावना 2.5 गुना अधिक है।



■ धुआं रहित तंबाकू का उपयोग काफी कम



## अधिक आत्मविश्वास एक दलदल की तरह, इससे कलाकार रहें दूर : पंकज त्रिपाठी

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी हाल ही में रिलीज हुए हिट स्ट्रीमिंग शो 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन की सफलता का जश्न मना रहे हैं। पंकज त्रिपाठी ने कहा कि जब कलाकार यह सोचने लगे कि अब वह बहुत बड़ा हो गया है और कुछ नया सीखने या सुधारने की उसे कोई जरूरत नहीं, तो यह एक खतरनाक स्थिति है। ऐसा आत्मविश्वास एक दलदल की तरह है, जिससे कलाकारों को दूर रहना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि एक कलाकार को अपनी एक्टिंग को सरल और आकर्षक बनाने का प्रयास करना चाहिए। एक्टिंग में ऐसा तरीका खोजना चाहिए, जो स्क्रीन पर न तो ज्यादा दिखावा लगे, न ही बोरिंग लगे। एक्टिंग में सहजता और मेहनत का सही संतुलन होना चाहिए।

### शोधकर्ताओं ने भूमध्यसागरीय क्षेत्र के खान-पान पर किया अध्ययन

# पेट व आंतों की समस्या वाले लोगों के लक्षणों को कर सकता है कम

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने अपने अध्ययन में पाया कि मेडिटेरेनियन डाइट यानी भूमध्यसागरीय क्षेत्र का खान-पान इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) यानी पेट और आंतों की समस्या वाले लोगों के लक्षणों को कम कर सकता है। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम लगभग 4 से 11 प्रतिशत लोगों को होता है। जो लोग इस बीमारी से परेशान हैं, उनमें से ज्यादातर लोग दवाइयों के बजाय सही खान-पान को प्राथमिकता देते हैं।

कम फोडमैप डाइट को अपनाने से आधे से ज्यादा मरीजों के लक्षणों में सुधार होता है, लेकिन इस डाइट का पालन करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

अमेरिकी मिशिगन मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने ऐसे डाइट विकल्प ढूंढने की कोशिश की जो आसान हों और लोग उन्हें आसानी से अपना सकें। उन्होंने नया डाइट 'फोडमैप सिंपल' तैयार किया। इस डाइट में उन्होंने सिर्फ उन्हीं खाने की चीजों पर प्रतिबंध लगाया है, जो आईबीएस के लक्षणों को सबसे ज्यादा बढ़ाती हैं, बाकी चीजों के खाने पर छूट दी गई है।



न्यूरो गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड मोटिलिटी जर्नल में प्रकाशित नई स्टडी के अनुसार, इसमें लोगों को दो समूहों में बांटा गया। एक समूह ने मेडिटेरेनियन डाइट का पालन किया, और दूसरे समूह ने कम फोडमैप डाइट को अपनाया। दोनों डाइट पर बारीकी से नजर रखी गई। मेडिटेरेनियन डाइट वाले समूह में 73 प्रतिशत मरीजों के लक्षणों में सुधार हुआ। जबकि कम फोडमैप डाइट वाले समूह में यह सुधार 81.8 प्रतिशत मरीजों में देखा गया।

मिशिगन मेडिसिन गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और पेपर के मुख्य लेखक प्रशांत सिंह ने कहा कि कम फोडमैप डाइट मरीजों के

- मेडिटेरेनियन डाइट वाले समूह में 73 प्रतिशत मरीजों के लक्षणों में सुधार

लिए अपनाना मुश्किल हो सकती है। इसमें कई चीजों के खाने पर मना होता है।

शोधकर्ता ने कहा कि कम फोडमैप डाइट न सिर्फ महंगी और समय लेने वाली होती है, बल्कि इससे पोषक तत्वों की कमी हो सकती है और खाने के तरीके में दिक्कतें भी आती हैं। इसलिए मेडिटेरेनियन डाइट एक अच्छा विकल्प है। मेडिटेरेनियन डाइट पहले से ही डॉक्टरों के बीच बहुत पसंद की जाती है क्योंकि यह दिल, दिमाग और पूरी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। इससे पहले मेडिटेरेनियन डाइट को लेकर रिसर्च की गई थी, कि यह डाइट आईबीएस पर कैसे असर डालती है, इस रिसर्च में निकले नतीजे एक जैसे नहीं थे।

मिशिगन विश्वविद्यालय में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के प्रमुख विलियम चे ने कहा कि यह अध्ययन उन सबूतों में से एक है कि मेडिटेरेनियन डाइट आईबीएस वाले मरीजों के लिए मददगार हो सकती है।

# अयोध्या जाना चाहती हैं मिस वर्ल्ड ओपल सुचाता



राम मंदिर के दर्शन की जाहिर की इच्छा

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां)। मिस वर्ल्ड 2025 का खिताब जीतने वाली थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगसरी ने भारत के कई मंदिरों के दर्शन करने की इच्छा जाहिर की। उनकी इस सूची में अयोध्या का राम मंदिर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक रिश्तों के बारे में खुलकर बताया। उन्होंने कहा कि मैं भारत के बहुत से मंदिरों को देखना चाहती हूं। मुझे ये जगहें बहुत सुंदर और खास लगती हैं। जैसे मैंने कहा, भारत और थाईलैंड की संस्कृति और परंपराएं एक-दूसरे से काफी मिलती-जुलती हैं। इसलिए इन जगहों को देखना और जानना बहुत अच्छा अनुभव होगा। गौरतलब है कि भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक रिश्ता काफी पुराना है। थाईलैंड में भारत के प्रसिद्ध ग्रंथ 'रामायण' को 'रामकियेन' कहा जाता है। यह कहानी थाईलैंड की किताबों, कला और राजा-महाराजाओं की परंपराओं पर गहरा असर डालती है। 'रामकियेन' में हनुमान जी को खास जगह दी गई है। उनके चंचल व्यवहार को चित्रित किया गया है। चुआंगसरी ने तेलंगाना की महिलाओं के लिए एक खास संदेश दिया। बता दें कि मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन हैदराबाद के तेलंगाना में किया गया था। उन्होंने कहा कि मुझे तेलंगाना की महिलाओं से काफी प्रेरणा मिली। आप सभी की ताकत, हिम्मत और दिल की सुंदरता ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। यहां की महिलाओं से मुझे बहुत सारा प्यार और सहयोग मिला। मुझे लगता है कि भारत की महिलाएं बहुत मजबूत हैं और अपने जीवन में जो चाहें, वो कर सकती हैं। मिस वर्ल्ड 2025 में दुनियाभर से करीब 108 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। भारत की ओर से मॉडल नंदिनी गुप्ता ने इसमें हिस्सा लिया। हालांकि, वे मिस वर्ल्ड 2025 के खिताब की दौड़ में टॉप-20 तक ही जगह बना सकीं। चेक गणराज्य की मौजूदा मिस वर्ल्ड क्रिस्टीना पिस्ज्कोवा ने अपना ताज नई मिस वर्ल्ड चुआंगसरी को सौंपा। यह थाईलैंड की पहली बड़ी ब्यूटी पेजेंट जीत है। अपनी इस जीत पर चुआंगसरी ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत बड़ी सफलता है। थाईलैंड को मिस वर्ल्ड के मंच पर पहचान मिलने पर मुझे गर्व हो रहा है। यह हमारा पहला मिस वर्ल्ड का ताज है और हमने इसे पाने के लिए 70 साल से ज्यादा इंतजार किया है। मुझे सच में लगता है कि मेरे देश के लोग भी गर्व महसूस कर रहे हैं।

# आंवला जूस ताजगी के साथ करता है ऊर्जा प्रदान




**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। भारतीय आयुर्वेद में आंवला को 'अमृत फल' के रूप में जाना जाता है, जिसके फायदे न केवल शरीर को तरोताजा रखते हैं बल्कि इसे आयुर्वेद में भी गुणों की खान माना जाता है। आपको आंवला से बने पेय पदार्थ यानी जूस (आंवला स्क्वैश) के बारे में बताते हैं, जिसे ताजे आंवले के रस से बनाया जाता है और इसमें प्राकृतिक गुणों का खजाना छिपा है। यह पेय न केवल ताजगी प्रदान करता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी देता है, जो इसे हर उम्र के लोगों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। आंवला स्क्वैश एक पेय है, जो आंवले से बनाया जाता है। इसे ताजे आंवले को धोकर, बीज निकालकर और रस निकालकर तैयार किया जाता है। इसमें आमतौर पर खांड (कच्ची चीनी) या चीनी मिलाई जाती है, ताकि इसका खट्टा-कसैला स्वाद संतुलित हो सके। यह 100 प्रतिशत प्राकृतिक और आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होता है, जिसमें कोई केमिकल नहीं होते। इसे पानी के साथ मिलाकर ठंडा परोसा जाता है, जो गर्मियों में ताजगी और सर्दियों में ऊर्जा प्रदान करता है। आंवला स्क्वैश विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, आयरन, कैल्शियम, और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व इसे एक सुपरफूड बनाते हैं, जो शरीर को

- इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ सभी लोगों के लिए लाभकारी
- फाइबर, आयरन, कैल्शियम व फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों से भरपूर

कई तरह से लाभ पहुंचाता है। आंवला स्क्रैश न केवल स्वाद में अनूठा है, बल्कि इसके नियमित सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। यह शरीर को मौसमी बीमारियों जैसे सर्दी, खांसी और फ्लू से बचाने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद फाइबर की उच्च मात्रा पाचन को सुधारती है और कब्ज, अपच और गैस जैसी समस्याओं को दूर करती है। साथ ही, इसका सेवन त्वचा और बालों के लिए भी लाभकारी माना जाता है। आंवला स्क्वैश में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट कोलेजन उत्पादन को बढ़ाते हैं, जो त्वचा को चमकदार बनाता है और झुर्रियों को कम करता है। साथ ही यह बालों के झड़ने को भी रोकता है। इसके अलावा, यह हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। इसका सेवन रक्तचाप को नियंत्रित करता है और धमनियों में ब्लॉकेज को रोकता है।

# सुभाष घई ने सुनाई शत्रुघ्न सिन्हा संग 60 साल पुरानी यारी की कहानी

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां)। मशहूर अभिनेता और राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा के साथ अपनी 60 साल पुरानी दोस्ती को फिल्ममेकर सुभाष घई बेहद खास मानते हैं। दोनों की दोस्ती की शुरुआत फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के दिनों से हुई थी। दोनों ने 1976 में रिलीज हुई फिल्म 'कालीचरण' में साथ में काम किया था। सुभाष ने उस पल को याद किया, जब उन्होंने शत्रुघ्न के साथ डिनर किया। वहां अभिनेता के बेटे लव ने उनकी तस्वीर क्लिक की। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सुभाष ने लिखा कि कल रात मेरे लिए बहुत खुशी का पल था, जब हमारी प्यारी पूनम सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा ने दोस्तों के साथ डिनर के दौरान हमारी तस्वीर क्लिक की। सुभाष ने आगे कहा कि शत्रुघ्न सिन्हा मेरे पुराने दोस्त हैं, हमारी दोस्ती एफटीआईआई के दिनों से है, जब हम दोनों फिल्मों की दुनिया में संघर्ष कर रहे थे। हमने साथ में अपनी पहली फिल्म कालीचरण में काम किया और अपनी एक अलग पहचान



बनाई। हम आज भी एक-दूसरे के परिवार जैसे करीब हैं। भले ही शत्रुघ्न ने राजनीति को चुना और मैंने फिल्म बनाने से जुड़ा काम जारी रखा, फिर भी हम पिछले 60 सालों से हर खास मौके पर मिलते रहते हैं।

फिल्ममेकर ने कहा कि कल रात हम सब ने बहुत मजा किया, खूब हंसे और पुराने कॉलेज के दोस्तों की तरह बातें की। हमारे साथ लव और कुश, और हमारे हंसमुख दोस्त शशी रंजन और रूमी जैफरी भी थे। शत्रुघ्न का दिल सोना है और दिमाग बहुत मजबूत है।

# ग्लैमरस इमेज को तोड़ने के लिए 'मिट्टी व सोना' में निभाएं दो अलग किरदार : सोनम खान

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां)। दिग्गज एक्ट्रेस सोनम खान ने बताया कि 1989 की फिल्म 'मिट्टी और सोना' में उनका किरदार उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने अपनी ग्लैमरस छवि से अलग हटकर पहचान बनाने के लिए फिल्म में कॉलेज गर्ल और एक तवायफ दोनों का रोल निभाया था। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिल्म 'मिट्टी और सोना' से अपने किरदार की कुछ तस्वीरें शेयर की और बताया कि महज 15-16 साल की उम्र में उन्होंने रेड-लाइट एरिया जाकर वहां की जिंदगी को देखा था। इससे उन्हें न सिर्फ हिम्मत और समझ मिली, बल्कि फिल्म में अपने किरदार को ईमानदारी से निभाने में मदद भी मिली। पोस्ट के कैप्शन में सोनम ने लिखा, 'मिट्टी और सोना' मेरे दिल के सबसे करीब फिल्म है इसमें मैंने एक कॉलेज गर्ल और एक तवायफ का रोल निभाया था। हां, ये रोल करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। मुझे कॉलेज स्टूडेंट और वेश्यावृत्ति में शामिल लड़की के तौर-तरीकों पर



काम करना था। मैं इस फिल्म से कुछ साबित करना चाहती थी, लेकिन कैसे साबित होगा, उस वक्त मुझे खुद भी नहीं पता था। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि लोग मुझे अक्सर 'ग्लैमरस सोनम' के तौर पर जानते थे, जो बेखौफ बिकिनी पहनती थी। इस फिल्म ने मुझे मौका दिया कि मैं अपनी कम लेकिन यादगार 4 साल के फिल्मी करियर में ये साबित कर सकूं कि मैं सिर्फ ग्लैमरस नहीं, बल्कि अच्छी एक्टिंग भी कर सकती हूं। उन्होंने बताया कि वह छिपकर रेड-लाइट एरिया जाती थीं, ताकि कोई उन्हें पहचान न सके। वह वहां की लड़कियों के तौर-तरीके देखती थीं।

एक्ट्रेस ने कहा कि मैंने वहां कुछ लड़कियों से बात भी की। उनसे मिलकर मुझे दुख, डर और सुरक्षा की भावना महसूस हुई। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की शूटिंग भी काफी घटनाओं से भरी रही। सोनम ने बताया कि मुझे याद है कि मुझे एक सीन करना था, जिसमें मुझे स्किन कलर का शॉर्ट, स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनना था।

# शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी से नाराज कंगना रनौत

### कहा, एक गलती के कारण करियर तबाह करना अन्याय

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विवादित बयान देने के आरोप में गिरफ्तार 22 साल की लॉ स्टूडेंट और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पर बॉलीवुड अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी गहरी नाराजगी जताई है। कंगना रनौत ने कहा कि किसी को 'लॉ एंड ऑर्डर' के नाम पर इस तरह से परेशान करना ठीक नहीं है, खासकर जब उसने अपनी गलती के लिए माफी मांग ली हो और आपत्तिजनक पोस्ट को हटा भी लिया हो। किसी एक गलती के कारण उसके पूरे करियर और कैरेक्टर को तबाह कर देना न्यायसंगत



नहीं है। ऐसा व्यवहार किसी भी बेटी के साथ नहीं होना चाहिए। उन्होंने बंगाल सरकार से अपील की कि राज्य को 'नॉर्थ कोरिया' न बनाया जाए, बल्कि लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाए। कंगना ने ममता बनर्जी से अनुरोध किया कि शर्मिष्ठा की कम उम्र और भविष्य को देखते हुए उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए, क्योंकि यह एक तरह से उसकी पूरी जिंदगी को बर्बाद करने की साजिश प्रतीत होती है, जिसे समर्थन नहीं दिया जा सकता। बता दें कि कोलकाता के गार्डनरीच थाने की पुलिस ने शर्मिष्ठा को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था और शनिवार दोपहर कोलकाता के सिटी कोर्ट में पेश किया था। मामले में विस्तृत सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# एक-दो नहीं, कई पोषक तत्वों से भरपूर हैं गेहूं के जवार

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। रोज खाई जाने वाली गेहूं की रोटी जितनी फायदेमंद और सुपाच्य होती है, गेहूं के जवार भी उतने ही फायदेमंद होते हैं। इसमें एक-दो नहीं, बल्कि अनेकों पोषक तत्व जिन लोगों को एलर्जी की समस्या है या सर्दी-जुकाम से पीड़ित रहते हैं, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और साइनस की समस्या है, उनके लिए यह लाभकारी होता है। यही नहीं, गेहूं के जवार रक्त और रक्त संचार संबंधी रोगों, रक्त की कमी, उच्च



और रोग निवारक गुण पाए जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे आहार नहीं, वरना अमृत का दर्जा देते हैं और कई समस्याओं की काट भी बताते हैं। गेहूं के जवारे को व्हीटग्रास भी कहा जाता है, जो गेहूं के पौधे के अंकुरित पौधे होते हैं। यह पौष्टिक और सुपाच्य आहार है, जिसके सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि इसमें इतने पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो इसे 'पृथ्वी की संजीवनी' बनाते हैं, जो व्यक्ति को नया जीवन दे सकते हैं। इसके उपयोग से आंतों की सूजन, रक्त की कमी, अल्सर, उच्च रक्तचाप, दांत संबंधी समस्याएं, सर्दी, चर्म रोग, अस्थमा, पाचन संबंधी रोग और किडनी से जुड़ी कई समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है।आयुर्वेदाचार्य प्रमोद तिवारी के मुताबिक, जवारों में सबसे प्रमुख तत्व क्लोरोफिल पाया जाता है।

रक्तचाप की समस्याओं को भी खत्म करने में मदद करते हैं। पाचन संबंधी रोग, पेट और मुंह में छाले, आंतों की सूजन में भी असरकारी है। गेहूं के जवारे में क्लोरोफिल के अलावा अमीनो एसिड्स, वसा, विटामिन, शर्करा, एंजाइम और खनिज होते हैं।आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी इसकी खूबियों का जिक्र है। बताया गया है कि दांत संबंधी समस्याओं को खत्म करने में भी ये अहम भूमिका निभाते हैं। यह दांत के हिलने, मसूड़ों से खून आने को भी नियंत्रित करते हैं। त्वचा और किडनी संबंधी दिक्कतों को दूर करने में मददगार साबित होते हैं। थायराइड से जुड़ी परेशानियों को काबू करने में गेहूं के ज्वारे अनमोल हैं। वहीं, हिमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए भी यह अचूक दवा है। गेहूं के ज्वारे में रोग निरोधक और रोग निवारक शक्ति पाई जाती है। ये औषधि ही नहीं, वरन श्रेष्ठ आहार भी हैं।

# रोजाना 5 मिनट वज्रासन करने से मोटापा होगा कम

- शरीर दर्द से मिलेगी राहत
- कब्ज, गैस, खट्टी डकार जैसी पेट की समस्याओं में फायदा

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। वज्रासन एक ऐसा योगासन है जिसे कोई भी व्यक्ति आसानी से कर सकता है। यह दिखने में जितना सरल है, इसके फायदे उतने ही गहरे और असरदार होते हैं। रोजाना वज्रासन करने से न सिर्फ पाचन तंत्र मजबूत होता है, बल्कि यह मानसिक तनाव को भी कम करता है। खाने के बाद इसे करने से खाना जल्दी पचता है और पेट से जुड़ी कई समस्याओं में राहत मिलती है। चलिए आपको बताते हैं कि रोजाना सिर्फ 5 से 10 मिनट वज्रासन करने से शरीर को क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, वज्रासन खासतौर से वजन कम करने में मददगार होता है। इसे करने से शरीर का वजन कम करने में मदद मिलती है, खासकर जांघों और पेट की चर्बी घटती है। इससे पेट हल्का लगता है और पाचन तंत्र मजबूत होता है। यह कब्ज, गैस, खट्टी डकार और अपच जैसी पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। वज्रासन से शरीर में खून का बहाव बेहतर होता है और इसे रोज करने से साइटिका जैसी बीमारी से भी राहत मिलती है। यह आसन खासतौर पर खाने के बाद करने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है।



## अर्द्धउष्ट्रासन रीढ़ को देता है लचीलापन

अर्द्धउष्ट्रासन योग की दुनिया में एक प्रभावशाली और सरल आसन है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन को बढ़ावा देता है। इसे 'हाफ कैमल पोज' के नाम से भी जाना जाता है, जो पूर्ण उष्ट्रासन का एक कम तीव्र रूप है। यह आसन रीढ़ को लचीला बनाने, तनाव को कम करने और शरीर को ऊर्जावान रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खास तौर पर शुरुआती और मध्यवर्ती स्तर के अभ्यर्थियों के लिए यह आसन आदर्श है, क्योंकि यह शारीरिक क्षमता के अनुरूप आसानी से किया जा सकता है। नियमित अभ्यास से यह आसन न केवल शारीरिक लचीलापन बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्थिरता और आत्मविश्वास को भी प्रोत्साहित करता है। अर्द्धउष्ट्रासन करने के लिए सबसे पहले एक शांत और स्वच्छ स्थान चुने, जहां योग मैट बिछाकर अभ्यास शुरू किया जा सके। घुटनों के बल बैठें, इस तरह कि दोनों घुटने कूल्हों की चौड़ाई के बराबर दूरी पर हों और पैरों के पंजे पीछे की ओर हों। रीढ़ को सीधा रखते हुए कंधों को आराम दें। अब दाहिने हाथ को धीरे-धीरे दाहिनी एड़ी पर ले जाएं या इसे कूल्हे पर टिकाएं। इसके बाद बाएं हाथ को ऊपर की ओर उठाएं और धीरे-धीरे पीठ को पीछे की ओर झुकाएं। नजरें ऊपर या पीछे की ओर रखें और सांस को सामान्य रखें। इस मुद्रा में 15 से 30 सेकंड तक रहें, गहरी सांस लेते हुए। शरीर पर अनावश्यक दबाव डाले बिना धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लौटें और फिर दूसरी ओर से इस प्रक्रिया को दोहराएं। इस आसन को दोनों तरफ दो से तीन बार करना पर्याप्त है।

वज्रासन से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या कम हो सकती है। यह आसन पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और शरीर को ताकत देता है। वज्रासन में बैठकर अगर हम लंबी और गहरी सांसें लें, तो इससे फेफड़े भी मजबूत होते हैं। जिन लोगों का पेट बाहर निकला हुआ होता है, वे अगर रोज वज्रासन करें तो कुछ ही दिनों में उनका पेट अंदर आना शुरू हो जाता है। यह आसन दिमाग को शांत करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और मन की बेचैनी को दूर करता है। इसके साथ ही मानसिक तनाव भी कम होता है।

जब हम कभी-कभी अपना पसंदीदा खाना बहुत ज्यादा खा लेते हैं, तो पेट भरा-भरा लगता है और सीने के नीचे दबाव महसूस होता है। ऐसे समय में वज्रासन करना बहुत फायदेमंद होता है। अगर हम खाने के बाद 3 से 5 मिनट वज्रासन में बैठ जाएं, तो खाना जल्दी पचता है और पेट हल्का महसूस होता है।

**कैसे करें ये आसन**

वज्रासन करने का सही तरीका बहुत आसान है। सबसे पहले अपने घुटनों के बल बैठ जाएं। फिर अपनी पीठ को सीधा रखें ताकि आपकी रीढ़ की हड्डी सही स्थिति में हो। अपने पैर जमीन पर इस तरह रखें कि पैर की उंगलियां जमीन की तरफ हों और एड़ियां ऊपर की ओर रहें। अब अपनी सांसों पर ध्यान दें और इस मुद्रा को कुछ मिनट तक बनाए रखें।

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# भाजपा और मीडिया का असली नारी विरोधी चेहरा

शनिवार को इंडिया टुडे समूह के आज तक चैनल पर एक बहस में भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत की दिवंगत मां के लिए अपशब्द कहे और एंकर द्वारा टोके जाने के बावजूद अपशब्दों का सिलसिला जारी रखा। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के जुड़े सवालों और कुछ विवादित मुद्दों को लेकर चैनल पर बहस चल रही थी, जिसमें श्री राजपूत अपनी बात रख रहे थे, इसी दौरान भाजपा प्रवक्ता ने पहले तो उनके पिता के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और उसके बाद उनकी मां को ऐसे अपशब्द कहे, जिन्हें यहां लिखा नहीं जा सकता। हालांकि बहस संचालित कर रहे एंकर ने भाजपा प्रवक्ता की इस हरकत पर फौरन ऐतराज जताया और अपशब्दों के लिए माफी भी मांग ली, लेकिन उसके बाद एंकर ने कहा कि प्रेम शुक्ला और सुरेन्द्र राजपूत जी आप लोग क्या कर रहे हैं। जबकि सुरेन्द्र राजपूत केवल अपना पक्ष रख रहे थे और उनकी भाषा भले तल्ख हो, लेकिन उनमें किसी के निजी जीवन पर टिप्पणी या माता-पिता के लिए अपशब्द नहीं थे। फिर भी आज तक के एंकर ने दोनों प्रवक्ताओं को एक पलड़े पर रख दिया। एंकर की यह दखलंदाजी किसी नजरिए से मासूम नहीं कही जा सकती। यहां गलत को गलत और सही को सही कहे जाने की जरूरत थी, लेकिन अब मीडिया के ऐसे धड़े में इस नैतिकता के लिए कोई जगह ही नहीं बची है।

देश के समाचार चैनलों पर बहस का स्तर इतना गिर चुका है कि अब शायद पूरे परिवार के साथ खबरें नहीं देखी जा सकती, विमर्श नहीं सुने जा सकते। फिल्मों, धारावाहिकों, वेब सीरिज आदि में पहले से भाषा, दृश्यों आदि को लेकर अस्वीकरण दिया जाता है। अब क्या यही सिलसिला समाचार चैनलों पर भी शुरु हो जाएगा, यह चैनल मालिकान को सोचना होगा। दरअसल पहली बार नहीं है कि जब समाचार चैनल पर किसी ने अपशब्द का इस्तेमाल किया, कुछेक प्रकरण अतीत में भी हुए हैं। लेकिन तब विरोध की दो-चार आवाज़ों के अलावा कोई सख्त कार्रवाई न होने के कारण अपनी जुबान पर नियंत्रण न रखने वालों को और शह मिल गई। भाजपा के लिए ऐसे प्रवक्ता अक्सर फायदेमंद साबित होते हैं क्योंकि बदनामी में भी उसे नाम दिखाई देता है। वहीं चैनल मालिकान के लिए टीआरपी और मुनाफा ही पत्रकारिता का अंतिम सत्य बन चुका है। लिहाजा वे भी बहस के नाम पर निम्न स्तरीय विमर्शों को बढ़ावा देते हैं। इन चैनलों के एंकर जिन्होंने कभी किसी मकसद से पत्रकारिता की डिग्री ली होगी, वे भी शायद पूरी तरह पथभ्रष्ट हो चुके हैं। अब वही एंकर सबसे सफल माना जाता है, जिसके कार्यक्रम में सबसे अधिक झगड़ा हो और मारपीट तक नौबत आ जाए, तो बात ही क्या है। हाल ही में एक एंकर ने तो खुद अपनी कुर्सी से उठकर कांग्रेस नेता को धमकाया था कि वह अपनी बात वापस ले। तुम बदतमीज हो, अपनी हद में रहो, अरे जाओ हमें मत सिखाओ, ऐसी शब्दावली तो अब इतनी आम हो चुकी है कि दर्शकों को शायद इसमें कुछ गलत ही नहीं दिखता।

लेकिन अब दर्शकों को भी सोचना होगा कि आखिर जिस कार्यक्रम को वे ज्वलंत मुद्दों को समझने या अपनी राय विकसित करने के लिए देख रहे हैं, उनसे उन्हें क्या हासिल हो रहा है। कांग्रेस या भाजपा विरोधी खेमे के बाकी दलों को भी सोचना होगा कि वे समाचार चैनलों पर आखिर अपना पक्ष रखने जा ही क्यों रहे हैं, जबकि वहां उन्हें अकेले घेरकर प्रायोजित तरीके से अपमानित किया जाता है। विपक्ष को अपनी बात रखनी है तो सीधे जनता के बीच जाए और सोशल मीडिया के मंच का इस्तेमाल करे। जिस दिन जहर फैलाने वाले तमाम चैनलों का सामूहिक बहिष्कार हो जाएगा, उस दिन से इनकी मुनाफाखोरी भी रुकेगी और तब शायद पत्रकारिता के लिए कोई जगह बन पाएगी।

इस घटना से स्वाभाविक तौर से आहत सुरेन्द्र राजपूत ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट लिखा कि-मां तो मां है सबकी एक जैसी है वो चाहे कांग्रेस वालों की हो भाजपा वालो की हो मेरी मां हो या प्रेम शुक्ला की मां हो या फिर भारत मां हो।

मेरी मरी हुई मां को गाली देकर भाजपा ने अपनी वैचारिक दरिद्रता दिखा दी है। इस घटना की वीडियो क्लिप भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई और कांग्रेस के साथ-साथ, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, शिवसेना तमाम दलों के नेताओं ने प्रेम शुक्ला के कथन की कड़ी आलोचना की और साथ ही सवाल उठाए कि क्या भाजपा इसी तरह नारी शक्ति का अभिनंदन करती है।

अखिलेश यादव ने लिखा कि भाजपा से जनता को नैतिक-धर्म, पारिवारिक-आदर्श, सामाजिक आचरण और भाषिक मर्यादा की रत्ती भर भी उम्मीद नहीं बची है। भाजपा के दिन पूरे हुए। वहीं शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि प्रेम शुक्ला उन पर भी इसी तरह की अभद्र भाषा के साथ टिप्पणी कर चुके हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने लिखा कि ये भाजपाई हमेशा से महिला विरोधी रहे हैं, इसलिए तो बिहार में महिला विरोधी व्यक्ति को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा रखा है। देश और बिहार की नारी शक्ति, महिला विरोधी भाजपा और उसके सहयोगी को माफ नहीं करेंगी। वहीं आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि आख़िर ये कौन सी भाषा है? अत्यंत पीड़ादायक सुरेन्द्र राजपूत जी की मां जो अब इस दुनिया में नहीं हैं उनको भाजपा प्रवक्ता द्वारा गाली देना ये साबित करता है कि भाजपा के लोगों के मन में न तो बेटियों के लिए इज्जत है, न किसी की मां के लिए।

हैरानी की बात यह है कि भाजपा ने इस तरह के बयान को न गलत बताया न प्रेम शुक्ला पर किसी किस्म की कार्रवाई की बात की। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक न भाजपा आलाकमान, न किसी अन्य भाजपा नेता या नेत्री का कोई बयान आया है, जिसमें इस घटना की निंदा हुई है। जबकि एनडीए से उत्तीर्ण हुई महिला कैडेट्स के लिए नारी तू नारायणी जैसे ट्वीट भाजपा ने किए। साथ ही शनिवार को अहिल्या बाई होल्कर की 3 सौवीं जयंती के कार्यक्रम में नारी शक्ति का गुणगान करते प्रधानमंत्री की बातें प्रसारित हुई। ऑपरेशन सिंदूर में भी नरेन्द्र मोदी बार-बार नारी अस्मिता और सम्मान की बात कर रहे हैं। अब प्रेम शुक्ला पर किसी कार्रवाई का होना या न होना, उससे जाहिर हो जाएगा कि भाजपा का असली चाल, चरित्र, चेहरा क्या है।

# सेना जीती विदेश नीति हारी!

पाकिस्तान के लिए यह आखिरी मौका है। अपने आतंकवादी प्रशिक्षण केन्द्रों को बंद कर दे। इन्हें प्रोत्साहित करने वाली धार्मिक शक्तियों को नियंत्रित करे। और अपनी जनता की वास्तविक समस्याओं मार्डन एजुकेशन, रोजगार और आर्थिक विकास पर ध्यान दे।

अगर वह यह सोचता है कि इस बार उसे पहले के मुकाबले ज्यादा अन्तरराष्ट्रीय समर्थन मिल गया तो यह उसकी बड़ी भूल है। खुशफहमी है। हमारी विदेश नीति की कुछ बड़ी गलतियों की वजह से हम वह समर्थन नहीं जुटा पाए जो 75 साल से हमें मिलता रहा था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह हमें फिर हासिल नहीं होगा।

भारत अपनी गलतियों से बहुत जल्दी सबक सीखने वाला देश है। अभी सबने देखा कि हमारे चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने माना कि हमसे गलती हुई और हमने उससे तत्काल सबक सीखा और अंदर तक जाकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया। यह दूसरी बार है जब सेना ने यह कहा है हमने सीखा। इससे पहले 7 मई की रात को पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर देने के बाद सेना ने यह वाक्य पहली बार बोला था।

मुद्दा वास्तव में यह नहीं है कि हमारे कितने जहाजों को नुकसान हुआ। सेना के जनरल बिल्कुल सही कह रहे हैं कि मुद्दा यह है कि क्यों हुआ? और हमने इससे क्या सीखा? ओवर ऑल हम हावी रहे। हम मतलब हमारी सेना। पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया और क्लीयर मैसेज दिया कि पूर्ण युद्ध चाहती नहीं थी नहीं तो और ज्यादा नुकसान भी पहुंचा सकती थी।

पाकिस्तान यह बात जानता है। वहां की सेना भी जानती है। वह अलग बात है कि अपने यहां की जनता को बेवकूफ बनाने के लिए वहां के शासक अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ा-चढ़ा कर पेश करते हैं। सेना भी जानती है कि उसकी वास्तविक क्षमता कितनी है। मगर वह पाकिस्तान के शासकों में अपना महत्व बनाए रखने के लिए जबर्दस्ती बांहें चढ़ाती रहती है।

भारत की विशाल, मजबूत, प्रोफेशनल सेना का मुकाबला करना उसके लिए संभव नहीं है। इस बार चीन ने उसकी खुलकर मदद की। यही वह पेंच है जिसे समझना सबसे ज्यादा जरूरी है।

चीन ने सैनिक मामले में जो उसकी मदद की जिसकी वजह से हमें कुछ नुकसान भी हुआ। उसी को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं कि कितने जहाज गिरे। तो वह मामला तो सेना ने संभाल लिया। मगर चीन जैसे कई देशों ने जो अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ माहौल बनाया वह सबसे खतरनाक है। कभी दुनिया के 120 से ज्यादा देशों का नेतृत्व हम करते थे। मगर उस नेहरू जिसने इन देशों का संगठन बनाया था कि आलोचना में ही हमारे प्रधानमंत्री ने 11 साल निकाल दिए। दुनिया में सबसे ज्यादा देशो का संगठन संयुक्त राष्ट्र। उसके बाद सबसे सबसे ज्यादा देश किस संगठन के सदस्य थे? गुटनिरपेक्ष आन्दोलन। 120 सदस्य देश। और आज स्थिति क्या हुई। एक देश हमारे साथ नहीं। वह रूस जो हमारा सबसे विश्वसनीय दोस्त था वह भी हमारे साथ नहीं। पूछिए क्यों?


शकील अख्तर

भारत का राजनीतिक नेतृत्व हमेशा ऐसा ही कमजोर नहीं रहेगा। आतंकवाद को खतम करके ही पाकिस्तान अपना भविष्य सुरक्षित रख सकता है। देश में इस समय हर जगह सवाल हैं। मोदी समर्थकों में भी। लोग यह समझने लगे हैं कि मोदी के लिए सबसे बड़ी चीज वोट है। बाकी सब उनके लिए सेकेन्डरी (वोट के बाद आने वाली) चीजें हैं। यह आम जनता, जिनमें 11 साल से लगातार मोदी का अंध समर्थन करने वाले लोग भी शामिल हैं कहने लगे हैं कि पाकिस्तान के साथ ठीक तरीके से निपटा नहीं गया।

अभी जब रूस-युक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो हमारे मीडिया को कहां भेजा गया था? हर न्यूज चैनल की टीम। बड़े-बड़े एंकर। हेलमेट लगाकर सड़क पर नाटक कर रहे थे यह बम यहां गिरा? यह राकेट मेरे बगल से निकला! किसके बम थे वह? किसके राकेटो के खिलाफ बोल रहे थे? उसी रूस के जिसने उसका बदला अब लिया।

किस देश में गए थे युद्ध देखने? युक्रेन में। कौन ले गया था? युक्रेन। किसकी मर्जी से मोदी सरकार की मर्जी से। अब परिणाम आप देख ही रहे हैं। भारत की विदेश सेवा में एक से एक अन्तरराष्ट्रीय समझ वाले अफसर हैं। मगर जब सेना तक को बता दिया जाता है कि कब कैसे स्ट्राइक करने जाना है। बादल हों तो निकल जाना है। आसमान खुला हो तो रूक जाना है रडार पकड़ लेगा। तो विदेश सेवा में तो कोई भारत के पारंपरिक हितों के नजरिए से प्रोफेशनल ढंग से सोच ही नहीं सकता। उससे तो अपनी घरेलू राजनीति के हिसाब से हर चीज करवाई जा रही थी। विदेशों में भारतीयों को जोड़ना और उनसे मोदी मोदी के नारे लगवाना।

आपको मालूम है विदेशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों के बीच कभी विभाजन नहीं था। सब भारतीय एक। और अब मालूम है जैसे देश को विभाजित कर दिया वैसे ही विदेशों में रह रहे भारतीयों को। एक तरफ नए मोदी भक्त दूसरी तरफ देश समर्थक भारत प्रेमी।

बहरहाल बात हो रही थी रूस की। तो जब मोदी सरकार हमारे मीडिया को युक्रेन का समर्थन करने के लिए वहां भेजती है तो कैसे समझ लेती है कि भारत-पाक के बीच संघर्ष में उसे रूस का समर्थन मिल जाएगा?

दरअसल सच्चाई यह है कि इस युद्ध समान स्थिति में किसी ने पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। हुआ यह कि भारत का जो साथ देते थे उसके पुराने दोस्त थे वह पीछे हट गए। यही पाकिस्तान का फायदा हुआ। मोदी अमेरिका को सब कुछ मान कर बैठे थे। और अमेरिका में भी ट्रंप को। कभी विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ही लिखेंगे कि मोदी का वहां अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा लगवाना कितनी बड़ी हिमालयन भूल थी।

प्रसिडेन्ट ट्रंप हमको बहुत छोटा करके देखने लगे। और चुप रहकर हम उनको और बढ़ावा दिए जा रहे हैं। क्या भारत डर गया? भारत कभी किसी से नहीं डरता। 1971 में इन्दिरा गांधी ने और उससे पहले 1965 में लाल बहादुर शास्त्री ने यह बता दिया था। अमेरिका, पाकिस्तान सबको। मगर अब ट्रंप कितनी बार बोल चुके है कि मैंने युद्ध विराम करवाया यह भी लोगों ने गिनना बंद कर दिया। 10-11-12 गिनती बढ़ती जा रही है। और हमारे प्रधानमंत्री का मौन! देखिए समय का न्याय। मनमोहन सिंह को मौन कहते थे आज सबने देख लिया कि मौन कौन है।

आमसभाओं में शब्दों के गोले बरसाने से कुछ नहीं होता। नेतृत्व की क्षमता मालूम पड़ती है ताकतवर के सामने डट कर खड़े हो जाने से। पाकिस्तान को तो तालिबान भी धमका लेता है। यह मौका था चीन और अमेरिका को अपना मेटल दिखाने का।

राहुल ने दो साल पहले कह दिया था। मोदी सरकार की विदेश नीति की सबसे बड़ी गलती। लोकसभा में। कहा था कि भारत की सफल विदेश नीति ने कभी चीन और पाकिस्तान को एक नहीं होने दिया। उन दोनों का एक हो जाना भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा है और वही हुआ। लेकिन अगर विदेश नीति सही हाथों में होती तो चीन के पाकिस्तान के साथ खुलकर जाने पर भारत अमेरिका का साथ ले लेता। मगर

अमेरिका तो हमें टेकन फार ग्रांटेड (कुछ भी नहीं, जो हम चाहेंगे वही करेगा) समझे हुए है और हुआ भी यही। ट्रंप ने कहा 5 बजे युद्ध विराम! हमने कर दिया। पाकिस्तान को इसकी जरूरत थी। मगर फिर भी अपना स्वतंत्र अस्तित्व दिखाने के लिए उसने पांच बजे नहीं किया। ड्रोन भेजता रहा। हमले करता रहा। मगर जैसा कि हमने शुरूआत में लिखा पाकिस्तान के लिए आखिरी मौका!

भारत का राजनीतिक नेतृत्व हमेशा ऐसा ही कमजोर नहीं रहेगा। आतंकवाद को खतम करके ही पाकिस्तान अपना भविष्य सुरक्षित रख सकता है। देश में इस समय हर जगह सवाल हैं। मोदी समर्थकों में भी। लोग यह समझने लगे हैं कि मोदी के लिए सबसे बड़ी चीज वोट है। बाकी सब उनके लिए सेकेन्डरी (वोट के बाद आने वाली) चीजें हैं। यह आम जनता, जिनमें 11 साल से लगातार मोदी का अंध समर्थन करने वाले लोग भी शामिल हैं कहने लगे हैं कि पाकिस्तान के साथ ठीक तरीके से निपटा नहीं गया। अमेरिका के सामने चुप हैं। लेकिन वोट के लिए लगातार बोलते जा रहे हैं। शायद सेचुरेशन पाइंट आ गया है। इतिहास के शब्दों में वाटर लू!

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# प्रधानमंत्री भाजपा के लाभ के लिए कर रहे हैं ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल

**■ नित्य चक्रवर्ती**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री द्वारा उनके और उनकी सरकार के खिलाफ किये गये क्रूर हमलों का जवाब देते हुए सही कहा कि नरेंद्र मोदी 2026 की शुरुआत में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए सस्ते राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह 10 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम समझौते के बाद प्रधानमंत्री की पक्षपातपूर्ण राजनीति के खिलाफ पहला ऐसा स्पष्ट हमला था, जिसके तहत वह अपने चुनाव उन्मुख भाषणों के माध्यम से पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता को भाजपा के लिए राजनीतिक लाभ में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

पिछले बीस दिनों में, यानी 10 मई से, विपक्षी दलों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को अपना पूरा सहयोग दिया और यहां तक कि प्रधानमंत्री द्वारा भारत की स्थिति को समझाने के लिए विदेशों में भेजे गये बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उस समय राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता की बात की थी और भारत की हर राजनीतिक पार्टी ने इस पर अनुकूल प्रतिक्रिया दी थी। परन्तु विपक्षी राजनीति पार्टियों के उस प्रशंसनीय सहयोग के बदले, भारत के 142 करोड़ लोगों के नेता प्रधानमंत्री ने पिछले दो हफ्तों में अपनी सार्वजनिक बैठकों का इस्तेमाल विपक्ष को बदनाम करने और ऑपरेशन सिंदूर को भाजपा के अन्य ऑपरेशन जैसे ऑपरेशन बंगाल के साथ जोड़ने के लिए किया।

विपक्षी नेताओं को अब तक यह समझ आ गया होगा कि प्रधानमंत्री यह कहकर अपना राजनीतिक खेल खेल रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका हुआ है और कभी भी यह फिर से शुरू हो सकता है। यह एक सैन्य रणनीति है और इसका ऐलान सार्वजनिक रैलियों में नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश में यह युद्धोन्माद जारी रहे ताकि बिहार में होने वाले आगामी चुनावों और उसके बाद बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों में भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल सके।

जरा सोचिए, गुरुवार दोपहर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में आयोजित जनसभा में, राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में रैली में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की तरह ही टीएमसी सरकार को उखाड़कर बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए ऑपरेशन बंगाल का आयोजन किया जायेगा। भाजपा प्रमुख को राजनीतिक रैली में टीएमसी सरकार को उखाड़ फेंकने की बात करने का पूरा अधिकार है, लेकिन वे ऑपरेशन सिंदूर को अखंड भारत के कार्यक्रम के साथ बंगाल में भाजपा के पक्षपातपूर्ण उद्देश्य के साथ मिला रहे थे। वह भी राष्ट्रीय एकता के तथाकथित प्रतीक नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में।

विपक्षी नेताओं को अब तक यह समझ आ गया होगा कि प्रधानमंत्री यह कहकर अपना राजनीतिक खेल खेल रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर रुका हुआ है और कभी भी यह फिर से शुरू हो सकता है। यह एक सैन्य रणनीति है और इसका ऐलान सार्वजनिक रैलियों में नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश में यह युद्धोन्माद जारी रहे ताकि बिहार में होने वाले आगामी चुनावों और उसके बाद बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों में भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल सके। हाल के दिनों में बिहार और गुजरात में जिस तरह से उनके रोड शो आयोजित किये गये हैं, उससे यह बात बिल्कुल साफ है।

ममता ने गुरुवार को प्रधानमंत्री की जनसभा के दो घंटे बाद उन्हें जवाब देते हुए सही कहा, 'मोदीजी ने आज जो कहा, उससे हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि प्रधानमंत्री की आवाज सुनकर बहुत दुखी भी हैं, जब सभी विपक्षी नेता दुनिया के सामने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे देश के हित, राष्ट्रीय हित की रक्षा के लिए साहसिक निर्णय ले रहे हैं। हम देश की रक्षा करेंगे, क्योंकि यह हमारी मातृभूमि है। लेकिन क्या यह समय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मौजूदगी में उनके मंत्री कहें कि वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल भी करेंगे? मैं उन्हें चुनौती देती हूं। अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें, हम तैयार हैं और बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है।'

वरिष्ठ विपक्षी नेता द्वारा प्रधानमंत्री को इस तरह का जवाब देना जरूरी था, क्योंकि नरेंद्र मोदी भारत-पाक तनाव के मौजूदा दौर में इंडिया ब्लॉक के घटकों की विनम्रता का फायदा उठाते हुए विपक्ष के खिलाफ पूरी ताकत से काम कर रहे हैं। विपक्ष ने प्रधानमंत्री को काफी छूट दी है, लेकिन उन्होंने उसका सम्मान नहीं किया है। अब समय आ गया है कि विपक्ष सामान्य रूप से काम करना शुरू करे और संसद का विशेष सत्र बुलाकर स्थिति पर चर्चा करे तथा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगे, जिनका अभी तक उत्तर नहीं मिला है।

जैसे ममता ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि- 22 अप्रैल को पहलगाम में नरसंहार करने वाले आतंकवादियों को अभी तक क्यों नहीं पकड़ा गया है? या प्रधानमंत्री ट्रंप और अन्य अमेरिकी अधिकारियों के लगातार इस दावे पर चुप क्यों हैं कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान को व्यापार की धमकी देकर युद्ध विराम पर सहमति ली है। यह भारत के लिए अधिक था, क्योंकि 10 मई की सुबह भारत जीत रहा था। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने 9 मई को प्रधानमंत्री से क्या कहा? क्या उन्होंने ट्रंप द्वारा दी गयी धमकी को व्यक्त किया? अमेरिकी व्यापार विभाग ने भी अदालत में यही बात कही है। उनके पास अवश्य ही इसका रिकॉर्ड होगा। प्रधानमंत्री को अपना बयान जारी करके इसका स्पष्ट खंडन करना चाहिए। वे चुप क्यों हैं और दूसरों को बोलने क्यों दे रहे हैं? ये मुद्दे अब सरकार के सामने रखे जाने चाहिए। चूंकि प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों सहित राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने की लक्ष्मणरेखा पार कर ली है, इसलिए अब इंडिया ब्लॉक की कोई नैतिक जिम्मेदारी नहीं है कि वह प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार चले। उन्हें ममता का अनुसरण करना चाहिए।

ममता ने एजेंडा तय कर दिया है। अब समय आ गया है कि इंडिया ब्लॉक की पार्टियां चर्चा करें और असली विपक्ष की तरह व्यवहार करना शुरू करें। बस बहुत हो गया।

## आपके पत्र

### विकास बनाम विनाश:कुदरत के सबक को कब पढ़ेगा इंसान?

वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का यह दौर बेशक चिंताजनक है, लेकिन पर्यावरण पर इसका अप्रत्याशित सकारात्मक असर दुनिया के लिए चेतावनी और सीख दोनों है। अनजाने में ही सही, जब मनुष्य ने अपनी गतिविधियां रोक दीं, तो कुदरत जैसे खुलकर सांस लेने लगी। पिछले कुछ महीनों से नदियों के बहाव में पारदर्शिता लौट आई, वायु प्रदूषण में अभूतपूर्व कमी देखी गई और आकाश फिर से नीला हो गया। यह सब देख कर मानो कुदरत पुकार कर कह रही हो— 'हे मानव! अब तो संभल जा, पढ़ मेरी पीर!'

लॉकडाउन में सांस लेती धरती-पांच साल पहले कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन ने इंसानी गतिविधियों को थाम दिया। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं और अनावश्यक यात्रा सब पर रोक लगी। इसके परिणामस्वरूप, वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसों का स्तर घटा, जिससे दुनिया भर के बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता में बेहतरी देखी गई। शोध बताते हैं कि साल 2020 में वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में 5प्रचिशत की रिकॉर्ड कमी दर्ज हुई। यह बताता है कि वायु प्रदूषण की जड़ें हमारी जीवन शैली में छिपी हैं।

गंगा और यमुना जैसी नदियों में पानी पहले से कहीं अधिक साफ दिखा। उत्तर भारत की मैदानी जमीनों से हिमालय के हिमाच्छादित शिखरों का दीदार संभव हुआ। यह सब इसलिए हुआ क्योंकि मनुष्य ने एक बार के लिए 'ठहरना' सीखा। यह एक ऐसा ठहराव था जिसमें धरती को आराम मिला और पर्यावरण को राहत।

पांच साल पहले लॉकडाउन एक आपातकालीन परिस्थिति थी, न कि समाधान। लेकिन इसने हमें यह अहसास जरूर दिलाया कि प्रदूषण और पारिस्थितिकीय क्षरण मानव निर्मित हैं और इन्हें कम किया जा सकता है— अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति और नागरिक संकल्प हो। लेकिन अफसोस, जैसे-जैसे लॉकडाउन हटा, वैसे-वैसे सब कुछ पहले जैसा होने लगा। प्रदूषण लौट आया, नदियां फिर से काली होने लगीं, कारखानों का धुआं फिर से आसमान ढंकने लगा।

हॉकिंग की चेतावनी और आज की सच्चाई महान भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने चेतावनी दी थी कि यदि मनुष्य ने अपनी जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति व्यवहार नहीं बदला तो उसे पृथ्वी को छोड़कर किसी अन्य ग्रह की शरण लेनी पड़ेगी। उनके अनुसार पृथ्वी की शेष उम्र महज 200 से 500 वर्षों की है। वे भविष्यवाणी करते थे कि या तो किसी धूमकेतु का टकराव, या सूर्य की विकिरण, या कोई महामारी पृथ्वी से जीवन मिटा देगी। कोविड-19 जैसी महामारी उनके कथन को और भी भयावह यथार्थ में बदल देती है। हमें यह स्वीकारना होगा कि अब विकास की परिभाषा बदलने की जरूरत है। 'अर्थव्यवस्था की वृद्धि' तब तक अधूरी है जब तक वह पारिस्थितिकीय स्थिरता को न छूती हो। हमें 'स्मार्ट ग्रोथ' से आगे बढ़कर 'ग्रीन ग्रोथ' की दिशा में सोचना होगा।

कम कार्बन उत्सर्जन वाली जीवनशैली अपनाना अब विकल्प नहीं, आवश्यकता बन चुकी है। यानी ऐसी जीवनशैली जो प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो—उदाहरणस्वरूप साइकिल चलाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता, ऊर्जा की बचत और उपभोग में संयम। भारत और विश्व के लिए अब समय है कि वह अपने उद्योग और परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण-अनुकूल बनाए। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए सौर, पवन और अन्य हरित ऊर्जा स्त्रोतों की ओर अग्रसर होना होगा। वाहनों में इलेक्ट्रिक टेक्नालॉजी का उपयोग बढ़ाना, रेलवे और सार्वजनिक परिवहन को सुलभ और स्वच्छ बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बदलाव न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव भी घटाएगा। वायु प्रदूषण से हर साल दुनिया भर में लगभग 70 लाख मौतें होती हैं। यह आंकड़ा जलवायु संकट की गंभीरता को दर्शाता है।

**— डॉ. सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### बिहार चुनाव : कुछ अन्य बातें

*बिहार में महागठबंधन की अभूतपूर्व जीत के बारे में टीकाकारों के अपने-अपने विश्लेषण हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा ने अपने हाल में प्रकाशित लेख में बहुत चतुराई के साथ मोदी-शाह की टीम को ही भाजपा की हार के लिए दोषी ठहरा दिया है। इसके अलावा कहीं गणित फेल होने की बात हो रही है, तो कहीं केमिस्ट्री सफल होने की। इसमें प्रशांत किशोर याने एक चुनाव प्रबंधक की भूमिका कितनी प्रभावी रही होगी, यह अलग प्रश्न उभर आया है। उल्खेनीय है कि श्री किशोर ने 2014 में नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रबंधक के तौर पर काम किया था। यह अभी रहस्य ही है कि वे श्री मोदी को छोड़कर नीतीश कुमार के खेमे में कैसे आ गए। एकाध जगह कहीं लिखा गया कि चुनाव जीतने के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में उन्हें अपमानित किया। इससे आहत होकर उन्होंने पाला बदल लिया। बिहार के नतीजे आने के बाद वे दिल्ली गए और पढ़ने में आया कि वे एक तरफ राहुल गांधी से मिले और दूसरी तरफ अरुण जेटली से भी।*

**(देशबन्धु में 19 नवंबर 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/11/blog-post_18.html

## गुरुवाणी विचार

### पांचवें नानक गुरु अर्जुनदेव

समस्त प्राणियों के लिए खुले द्वार वाला निरंकार निवास स्थान, सचखंड का प्रतीक हरिमंदर साहिब अमृतसर और शब्द गुरु जुगो जुगो अटल गुरु ग्रंथ साहिब को प्रदान करने वाले गुरु अर्जुन देव ही थे। हरिमंदर साहिब के चारों तरफ दरवाजे इस बात का प्रतीक है कि हरिमंदर साहिब के दरवाजे सब के लिए खुले हुए हैं। बिना किसी जाति पांति, धर्म भेद के। तभी तो भटों ने आपकी स्तुति में कहा है कि-

जपिओ जिन अर्जुन देव गुरु फिर संकट जोन गरभ नहीं आवो।

भट्ट मथुराजी ने तो यहां तक लिख दिया है कि-

चरण गगन नवखंड में जोत सरूपी रहियो,
मन मथुरा किछु भेद नहीं, गुरु अरजुन परतख हरि।

गुरु अर्जुन देव के पिता का नाम चौथे नानक रामदास जी माता का नाम भाणीजी तीसरे नानक गुरु अमर दास की सुपुत्री की कोख से 5 अप्रैल 1583 में हुआ था। आपने अमृतसर मे हरिमंदर साहिब गुरुद्वारे का निर्माण कराया था। जिसकी नींव उस वक्त के प्रसिद्ध सूफी फकीर सांई द्वारा रखवाई गयी की बिना किसी धर्म भेद के। आपकी रचित-

कोई बोले राम राम कोई खुदाय।
कोई सेवे गोसइया कोई अलाये।।

कुछ ही मील दूर आपने तरणतारण नामक नगर भी बसाया जिस में एक विशाल सरोवर सौ वर्गफीट का निर्माण कराया। उस सरोवर के एक तरफ जहां आपने एक गुरुद्वारा भवन का निर्माण कराया वहीं दूसरी तरफ कोढ़ियों के रहने के लिए मकान भी बनावाया। आप संगीत के विद्वान थे। आपने ही स्वयं रचित व उनके पहले चारों गुरुओं की वाणी का संकलन और भक्ति विचार धारा के भक्तों की वाणी का संकलन भाई गुरुदास द्वारा कराया। भादो सुदी 1, सन् 1604 को हरिमंदर साहिब में उसका पहला प्रकाश कराया। उसके बाद आपने जमीन पर ही विश्राम किया फिर कभी पलंग का सहारा नहीं लिया। सूफी संतों को आपकी बढ़ती लोकप्रियता देखकर ईर्ष्या होने लगी। अपनी लोकप्रियता में कमी महसूस होते देखकर उन लोगों ने बादशाह जहांगीर के कान भरने शुरु कर दिए। ऐसा न हो कि एक दिन गुरु अर्जुन देव उसकी गद्दी ही न हथिया लेवे। इसमें चंदु नामक गुरु घर के धुर विरोधी (जिसकी बेटी का रिश्ता गुरुदेव ने अपने साहिबजादे हरिगोविंद से करने से इंकार कर दिया था।) भी आग में घी डालने का काम किया और बादशाह के काफी कान भरने का काम किया। जहागीर का लड़का खुसरो जो अपने दादा अकबर सरीखे आदर सारे धर्मों का आदर करता था, और वह चाहता था कि राज्य का प्रबंध में धर्म निरपेक्षता बरती जाये। उसने भी अपने पिता के विरुद्ध बगावत कर दी। उसकी बगावत दबा दी गई। तब खुसरो ने भागकर गोविंदवाल में जाकर गुरु अर्जुन देव की शरण ली और अपनी जान बचाई। यह भी बादशाह जहांगीर का गुरुजी के प्रति नाराजगी थी। बादशाह जहांगीर ने गुरु अर्जुन देव को पकड़ कर लाहौर लाने का हुक्म दिया और दो लाख का जुर्माना लगा दिया किंतु गुरुदेव ने अकारण जुर्माना पटाने से इंकार कर दिया तो बादशाह ने उन्हें गर्म तवे पर बिठाकर उन पर गर्म रेत डालकर मौत की सजा सुना दी। उन्हें उबलती देग में बिठाया गया। गुरुदेव ने अपना अंतिम समय देखकर रावी नदी पर स्नान करने की इच्छा प्रकट की। रावी नदी में स्नान करते समय उन्होंने अपना नश्वर शरीर त्याग दिया। आप के अंतिम शब्द थे-

तेरा भाणा मीठा लागै हरिनाम पदारथ नानक मांगे।

आपको जेठ सुदी 4 सम्वत् 1663 को शहीद किया गया। लाहौर के उस स्थान पर डेरा साहिब गुरुद्वारा मौजूद है जो अब पाकिस्तान में है और हजारों दर्शनार्थी वहा जाकर शीश निवाते हैं। आपने ही प्रसिद्ध सुखमणी साहिब वाणियों की रचना की है जो गुरुग्रंथ साहिब में दर्ज है- जो शरण आवै तिस कंठ लगावै। इह विरद सुवामी छंदा।

**-इंदर सिंह आहुजा**

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नये प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले श्री ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि श्री ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।

# देश विदेश

# गाजा में इजरायली बलों की गोलीबारी में 31 लोग मारे गए



**गाजा,** 1 जून (एजेंसियां)। दक्षिणी गाजा में मानवीय सहायता केंद्र के पास इज़रायली बलों की गोलीबारी में रविवार को कम से कम 31 फ़िलिस्तीनी मारे गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि गाजा के राफ़ा में सुबह मानवीय सहायता वितरण बिंदु के पास इज़रायली बलों की गोलीबारी में कम से कम 31 लोग मारे गए और अनेक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये लोग यहां सहायता प्राप्त करने के लिए एकत्र हुए थे। गाजा में चिकित्सा राहत संगठन के निदेशक मोहम्मद अबू अफ़ाश ने कहा कि ज़्यादातर चोटें शरीर के ऊपरी हिस्से में थीं और घावों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि इज़रायली सैन्य गतिविधियों के कारण एम्बुलेंस को घटनास्थल पर पहुँचने में कठिनाई हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि गोलीबारी और विस्फोट होने के बाद सुबह से ही हज़ारों लोग सहायता केंद्र पर पहुँच चुके थे। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने एक प्रेस बयान में इस घटना को इजरायल द्वारा सहायता वितरण स्थलों को 'बार-बार निशाना बनाने के पैटर्न' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र एक अमेरिकी-इजरायली कंपनी के समन्वय में और इजरायली बलों की निगरानी में काम कर रहा था। इजरायल रक्षा बल ने आज ही एक बयान में कहा कि उसे मानवीय सहायता वितरण स्थल के भीतर अपनी गोलीबारी से हुई चोटों के बारे में पता नहीं है और यह मामला अभी भी समीक्षाधीन है।

### हमास युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा है : इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किये गये नये प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को दी। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है।

### इजरायली सेना ने की गाजा में हमास नेता और दो शीर्ष कमांडरों की हत्या की पुष्टि

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने इस महीने की शुरुआत में हवाई हमले में हमास के वरिष्ठ कमांडर एवं गाजा में समूह की सैन्य शाखा के प्रमुख मोहम्मद सिनवार और दो शीर्ष कमांडरों के मारे जाने की पुष्टि की है। एक संयुक्त बयान में इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) और शिन बेट घरेलू खुफिया एजेंसी ने कहा कि सिनवार गत 13 मई को दक्षिणी गाजा में यूरोपीय अस्पताल के नीचे स्थित एक भूमिगत कमांड सेंटर पर लक्षित हमले में मारा गया। बयान में कहा गया कि इसके बाद राफा ब्रिगेड के प्रमुख मोहम्मद शबाना तथा खान यूनिस बटालियन का नेतृत्व करने वाले महदी क़ुरा हमले में मारे गये। आईडीएफ ने सिनवार(49) को हमास के सबसे वरिष्ठ और लंबे समय से सेवारत सैन्य नेताओं में से एक बताया। उसकी सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमले की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी।

# रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल



■ 24 घंटे से भी कम समय में यह ऐसा दूसरा मामला

**कुर्स्क,** 1 जून (एजेंसियां)। रूस के कुर्स्क क्षेत्र के ज़ेलेज़्नोगोर्स्क ज़िले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक रेलवे पुल गिर गया, जिसके कारण एक मालगाड़ी का इंजन और उसकी तीन खाली बोगियां पटरी से उतर गईं। 24 घंटे से भी कम समय में यह ऐसा दूसरा मामला है। क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर, अलेक्जेंडर खिंस्टीन ने बताया कि यह हादसा ट्रोस्ना-कालिनोव्का राजमार्ग के 48वें किलोमीटर पर हुआ। खिंस्टीन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया, आज रात, जेलेज्नोगोर्स्क जिले में ट्रोस्ना-कलिनोव्का राजमार्ग के 48वें किलोमीटर पर एक पुल ढह गया। उस समय एक मालगाड़ी उसे पार कर रही थी। ट्रेन का एक हिस्सा पुल के नीचे स्थित सड़क पर गिर गया। उन्होंने यह भी बताया कि इंजन में आग लग गई थी, लेकिन आपातकालीन सेवा टीमों ने तुरंत आग बुझा दी। ट्रेन का बाकी हिस्सा अभी भी रेलवे प्लेटफार्म पर है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ट्रेन के एक ड्राइवर के पैर में चोट आई है। अधिकारियों ने एहतियातन ढहे पुल के नीचे सड़क पर यातायात रोक दिया है। यह घटना रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में शनिवार देर रात एक हुए हादसे के कुछ घंटों बाद हुई है, जहां एक अन्य पुल के ढहने के बाद एक पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई थी। उस वक्त ये पैसेंजर ट्रेन मॉस्को से क्लिमोव जा रही थी। इस बीच ट्रेन विगोनिचस्की जिले में पटरी से उतर गई। ब्रांस्क के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने पुष्टि की है कि उस दुर्घटना में कम से कम सात लोग मारे गए और 69 अन्य घायल हो गए। रशियन स्टेट मीडिया के अनुसार, मृतकों में ट्रेन का लोकोमोटिव ड्राइवर भी शामिल है। मिनिस्ट्री ऑफ इमरजेंसी सिचुएशन के मुताबिक रेस्क्यू में मदद करने और किसी भी बचे पीड़ित की तलाश करने के लिए ब्रांस्क साइट पर लगभग 180 कर्मियों को तैनात किया गया था।

## सुडोकू 6931

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 2 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप परिश्रम करेंगे, लेकिन उसका उचित फल नहीं मिलने से निराशा का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृषभ - आज आपको बहुत से काम में सफलता मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में बनी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान के पीछे अधिक पैसे खर्च होगा।

मिथुन - दिन का आरंभ ताजगी से भरा होगा। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। सतत बदलते विचार से निर्णय लेने में अस्वस्थता महसूस कर सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे।

कर्क - आज आपको मानसिक भय परेशान करेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। आपका अभिमान किसी के दिल को चोट पहुंचा सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

सिंह - आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आप तेजी से निर्णय लेकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके उग्र व्यवहार और वाणी के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पिता या बुजुर्ग से कोई लाभ होगा।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक रुप से आपको बेचैनी रहेगी। आपके इगो के कारण किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अचानक गलत जगह धन खर्च हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी।

तुला - आपके वैवाहिक जीवन में सुख- शांति रहेगी और आय में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। परिजनों और मित्रों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृश्चिक - आपका सभी काम सफलतापूर्वक पूरा होंगे। वैवाहिक जीवन में संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बड़े अधिकारी और बुजुर्गों के आशीर्वाद आपके साथ रहेगा।

धनु - आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और थकान का अनुभव होगा। मानसिक रूप से भी बेचैनी का अनुभव होगा। कहीं जाने की योजना को टालना हितकर होगा। संतान की चिंता हो सकती है।

मकर - आज आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। अचानक खर्च आ सकता है या बीमारी के उपचार के पीछे खर्च हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे। आपको अच्छे वस्त्राभूषण और वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन - घर में शांति और आनंद के वातावरण का सकारात्मक प्रभाव आपके काम पर देखने को मिलेगा। परंतु आपको अपने उग्र स्वभाव और वाणी पर अंकुश रखनी होगी। आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त कर सकेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## भारी बारिश के कारण प्राकृतिक आपदाओं में कम से कम 18 लोगों की मौत

**बीजिंग,** 1 जून (एजेंसियां)। 31 मई को चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) के संवाददाताओं के मुताबिक, भारत के विभिन्न हिस्सों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले दो दिनों में भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई इलाकों में



भूस्खलन और बड़े पैमाने पर बाढ़ आई है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हुई और हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। भारत के असम राज्य आपदा प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, जारी बाढ़ से असम के छह क्षेत्रों में 10,000 से अधिक निवासी प्रभावित हुए हैं। स्थानीय सरकार ने प्रभावित लोगों के लिए दो बचाव शिविर और एक वितरण केंद्र स्थापित किया है। मौसम पूर्वानुमान से पता चलता है कि अगले दो या तीन दिनों में भारत में भारी बारिश जारी रह सकती है।

# पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जाए : डेनमार्क के पूर्व राजदूत



आतंकवाद अपने आप पैदा नहीं होता. इसके पीछे पैसा, ढांचा और एक लंबी सोची-समझी योजना होती है : फ्रेडी स्वेन

**कोपेनहेगन/नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। डेनमार्क के एक अनुभवी राजनयिक ने रविवार को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' और कूटनीतिक प्रयासों की सराहना की है। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की वकालत की। इसके तहत आतंकवाद के वित्तपोषण और वैश्विक आतंकी संगठनों का सपोर्ट करने में लगातार भूमिका के लिए पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की 'ग्रे लिस्ट' में वापस डालना भी शामिल है। भारत में डेनमार्क के पूर्व राजदूत फ्रेडी स्वेन ने खास बातचीत की, जिसमें उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए यह मानने का सही समय है कि पाकिस्तान इस क्षेत्र में आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। स्वेन ने कहा कि आतंकवाद अपने आप पैदा नहीं होता. इसके पीछे पैसा, ढांचा और एक लंबी सोची-समझी योजना होती है। इसलिए आपको वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर भी जो हर संभव प्रयास करने की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ऐसा कोई फंडिंग सोर्स न हो जो आतंकियों के पोषण में काम आ सके। हमें इसे रोकना होगा। पाकिस्तान को उस जगह रखा जाना चाहिए, जहां वह वास्तव में मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान को उसी लिस्ट में रखा जाना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं है। फ्रेडी स्वेन एक बहुत ही अनुभवी राजनयिक हैं। उन्होंने भारत, भूटान, श्रीलंका और मालदीव में दो बार राजदूत के रूप में काम किया है। उनका पहला कार्यकाल 2010 से 2015 तक रहा और दूसरा कार्यकाल दिसंबर 2024 में समाप्त हुआ। भारत में इतना समय बिताने के बाद उन्होंने कई मौकों पर पाकिस्तान को भारत की जमीन पर आतंक फैलाते देखा। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि मैं दो अवधियों में 10 साल तक भारत में रहा हूं। हम आतंक को देखते रहे और उसका असर महसूस किया। जाहिर है, हम सभी जानते थे कि पाकिस्तान किसी न किसी तरह से आतंक के पीछे था। आप तर्क दे सकते हैं कि पाकिस्तान में अलग-अलग चेहरे हैं, राजनीतिक और सैन्य भी। लेकिन, जब बात आतंक की आती है, तो दो चेहरे नहीं हो सकते।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पूर्वोत्तर राज्यों में ...**

रविवार को एवलॉन्च आया। पहाड़ों का मलबा सड़क पर जमा हो जाने की वजह से यह रास्ता बंद हो गया है। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने के काम में जुटी हुई हैं। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई।

**प्रदेश में होगी ...**

ऐसे भी हैं जहां शिक्षक तो हैं, लेकिन एक भी छात्र नहीं है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 527 स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात 10 या उससे कम है। 1,106 स्कूलों में यह अनुपात 11 से 20 के बीच है। 837 स्कूलों में यह अनुपात 21 से 30 के बीच है। लेकिन 245 स्कूलों में यह अनुपात 40 या उससे भी ज्यादा है, यानी छात्रों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक कम हैं।

युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत जिन स्कूलों में ज्यादा शिक्षक हैं लेकिन छात्र नहीं, वहां से शिक्षकों को निकालकर उन स्कूलों में भेजा जा रहा है, जहां शिक्षक नहीं हैं। इससे शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक वाले स्कूलों की समस्या दूर होगी। स्कूल संचालन का खर्च भी कम होगा और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा। एक ही परिसर में ज्यादा कक्षाएं और सुविधाएं मिलने से बच्चों को बार-बार एडमिशन लेने की जरूरत नहीं होगी। यानी एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित होंगे तो प्राथमिक कक्षाएं पास करने के बाद विद्यार्थियों को आगे की कक्षाओं में एडमिशन कराने की प्रक्रिया से छुटकारा मिल जाएगा। इससे बच्चों को पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर (ड्रॉपआउट रेट) भी घटेगी। अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

**कारोबारी विजय भाटिया...**

साथ.साथ आज ईओडब्ल्यू ने इनके निवास एवं फर्मों के साथ ही साथ इनसे जुडे इनके सहयोगियों के भिलाई एवं दुर्ग के 8 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।


बता दें कि बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार विजय भाटिया की लंबे समय से जांच एजेंसियां तलाश कर रहीं थीं। एसीबी ने दिल्ली से विजय भाटिया को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। भाटिया को फ्लाइट से दिल्ली से रायपुर लाया गया। उससे रायपुर में पूछताछ की जाएगी। ईओडब्ल्यू में दर्ज एफआईआर में विजय भाटिया का नाम भी शामिल है। विजय भाटिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं। ईडी भी विजय भाटिया की लंबे समय से तलाश कर रही थी।

**आपरेशन सिंदूर के बाद...**

का प्रतीक बन गई है। श्रद्धालुओं ने भरोसा जताया है कि वे केवल माता भवानी में ही नहीं, बल्कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था पर भी पूर्ण विश्वास रखते हैं। उनका कहना है कि मुश्किल हालात के बावजूद कश्मीरी पंडितों की आस्था डगमगाई नहीं है। माता के प्रति उनका समर्पण पहले की तरह मजबूत है। साथ ही वे मानते हैं कि सरकार और सुरक्षा बलों ने यात्रा की सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंध किए हैं जिससे उन्हें किसी प्रकार का डर नहीं है। जम्मू में रिलीफ कमिश्नर माइग्रेंट्स ने बताया कि इस यात्रा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं।

कश्मीर के हिन्दू समुदाय की आस्था का प्रतीक क्षीर भवानी मंदिर श्रीनगर से 27 किलोमीटर दूर तुलमुल्ला गांव में स्थित है। ये मंदिर मां क्षीर भवानी को समर्पित है। यह मंदिर कश्मीर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। मां दुर्गा को समर्पित इस मंदिर का निर्माण एक बहती हुई धारा पर किया गया है। इस मंदिर के चारों ओर चिनार के पेड़ और नदियों की धाराएं हैं, जो इस जगह की सुंदरता पर चार चांद लगाते हुए नज़र आते हैं। ये मंदिर, कश्मीर के हिन्दू समुदाय की आस्था को बखूबी दर्शाता है। महाराग्य देवी, रग्न्या देवी, रजनी देवी, रग्न्या भगवती इस मंदिर के अन्य प्रचलित नाम है। इस मंदिर का निर्माण 1912 में महाराजा प्रताप सिंह द्वारा करवाया गया जिसे बाद में महाराजा हरी सिंह द्वारा पूरा किया गया।

## वर्ग पहेली 6931




**बायें से दायें:-**

१. विभिन्न राष्ट्रों का एक समूह
३. तलवार के कब्जे में होने वाला सोने आदि का काम (उर्दू)
५. एक विषैला पौधा या उसका फल
६. जल्दबाजी करना
७. निर्बल
९. दफ़न करना
१०. आकारहीन
१२. पीड़ित, बीमार, अशक्त, उत्सुक, अधीर
१३. जानने की इच्छा
१४. परिवर्तित करना
१६. स्वाद लेना
१८. स्वदेश, मातृभूमि (उर्दू)
२२. जिसका दमन करना कठिन हो
२१. कपटी, मक्कार
२३. कपोलकल्पित

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजा की जिद
२. पुस्तकालय (उर्दू)
३. काट पीट कर सुडौल बनाना
४. ममता रहित, निष्ठुर
५. कोषालय
८. नगरवासी
१०. संख्या, अंक (उर्दू)
११. टुकड़े करना, व्यतीत करना
१२. लक्षण (उर्दू)
१३. अपमानित, बेइज्जती, दुर्गति (उर्दू)
१४. वीर (उर्दू)
१५. सबसे छोटा
१७. सारा, समस्त
१८. माह, साल का एक भाग
१९. झुका हुआ
२२. मेरूदंड

## वर्ग पहेली-6930



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1818- ब्रिटिश सेना ने बॉम्बे में मराठा गठबंधन सेनाओं को परास्त किया।
1881- मारकोनी ने रेडियो के पेटेंट के लिए आवेदन दिया।
1898: डॉ. पॉल-लुइस साइमंड ने पता लगाया कि बॉम्बे में फैले प्लेग का कारण चूहे, मक्खियां हैं।
1908- सर अरबिंदो को माणिकटोला बम कांड में गिरफ्तार किया गया।
1953- ब्रिटेन में महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की ताजपोशी।
1956- तमिल और हिंदी सिनेमा के बेहतरीन फिल्मकारों में शुमार मणि रत्नम का जन्म। बहुत कम लोगों को मालूम है कि उनका पूरा नाम गोपाल रत्नम सुब्रमणियम है
1966- अमेरिका का पहला अंतरिक्ष यान चांद की ज़मीन पर सफलतापूर्वक उतरा।
1972- नेवादा में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान को एक व्यक्ति ने हाईजैक किया। बंधकों को छोड़ने के लिए अपहरणकर्ता ने 2 लाख डॉलर की फिरौती मांगी।
1979- पोप का ओहदा संभालने के बाद पोप जॉन पॉल द्वितीय पहली बार अपनी मातृभूमि पोलैंड लौटे। यह किसी भी सर्वोच्च रोमन कैथोलिक धार्मिक गुरू की पहली पोलैंड यात्रा थी।
1988- बॉलीवुड के महान अभिनेता, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और शोमैन राज कपूर का निधन।
1996- उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश बना।
2000- पाकिस्तान की एक जवाबदेही अदालत ने नवाज शरीफ़ के आजीवन कारावास को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका स्वीकार की।

**कहर** *भारी बारिश से हालात हुए खराब*


# तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ा

**गंगटोक, 1 जून (एजेंसियां)। सिक्किम में रविवार को लगातार बारिश हुई, जिससे तीस्ता नदी का जलस्तर बढ़ गया, जबकि इस सप्ताह की शुरुआत में हुई एक दुखद दुर्घटना के बाद नौ लापता लोगों की तलाश अभी भी स्थगित है। मंगन जिले के चुबोम्बु के पास 11 लोगों को ले जा रहा एक पर्यटक वाहन सड़क से उतरकर करीब 1,000 फीट नीचे तीस्ता नदी में जा गिरा। उस रात दो यात्रियों को बचा लिया गया, जबकि चालक सहित शेष नौ लोगों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने पुष्टि की कि बचाव अभियान दूसरे दिन भी जारी है।**

■ **खराब मौसम के कारण अभियान में बाधा आ रही है**

जिसमें आईटीबीपी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान शामिल हैं। एसपी भूटिया ने मीडिया को बताया कि वाहन मलबे में फंसा हुआ है और उसे निकाला नहीं जा सका है। आस-पास कोई शव नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण अभियान में बाधा आ रही है।

रात भर हुई भारी बारिश और ऊपरी क्षेत्रों में बादल फटने से हालात और खराब हो गए हैं। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगन जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। अगले 24 घंटों के



लिए ग्यालशिंग, नामची, सोरेंग, गंगटोक और पाकयोंग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जिला अधिकारियों ने पुष्टि की है कि लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से उत्तरी सिक्किम के थींग और चुंगथांग क्षेत्रों में कई संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। मंगन के पुलिस अधीक्षक सोनम देचू भूटिया के अनुसार, 115 पर्यटक वर्तमान में लाचेन में और लगभग 1,350 लाचुंग में फंसे हुए हैं। भूटिया ने कहा कि कई भूस्खलनों के कारण दोनों दिशाओं से पहुंच अवरुद्ध होने के कारण, पर्यटकों को अपने होटलों में रहने की सलाह दी गई है। एक बार सड़कें पूरी तरह से साफ हो जाने के बाद निकासी शुरू हो जाएगी। पूरे दिन क्षेत्र में भारी बारिश जारी रही, जिसका खास तौर पर चुंगथांग उप-विभाग पर असर पड़ा।

## दुनिया को जानें

### 5 नए देशों के लोग चीन में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकेंगे

**बीजिंग।** 1 जून से, चीन ब्राज़ील, अर्जेंटीना, चिली, पेरू और उरुग्वे आदि 5 देशों के सामान्य पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा। इसके कारण चीन की एकतरफा वीजा-मुक्त यात्रा सूची में 5 नए सदस्य जोड़े जाएंगे। 1 जून वर्ष 2025 से 31 मई वर्ष 2026 तक, इन 5 देशों के सामान्य पासपोर्ट धारक व्यवसाय करने, पर्यटन करने, रिश्तेदारों व दोस्तों से मिलने और आदान-प्रदान व पारगमन करने के लिए बिना वीजा के चीन में 30 दिनों के भीतर प्रवेश कर सकेंगे। यह पहली बार है कि चीन की वीजा-मुक्त नीति को लैटिन अमेरिका और कैरिबियन के देशों तक बढ़ाया गया है। अब तक, चीन में एकतरफा वीजा-मुक्त नीति लागू करने वाले देशों की संख्या बढ़कर 43 तक पहुंची है।

# खेल जगत

## एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में चीन पहले स्थान पर

**बीजिंग।** वर्ष 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 31 मई को दक्षिण कोरिया के गुमी में समाप्त हुई। चीनी टीम 19 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 4 कांस्य पदक के साथ पहले स्थान पर रही। प्रतिस्पर्धा के अंतिम दिन चीनी टीम ने 4 स्वर्ण पदक जीते। महिलाओं की 200 मीटर की प्रतिस्पर्धा में 16 वर्षीय खिलाड़ी छन यूच्ये ने 22.97 सेकंड से स्वर्ण पदक जीता। यह उनकी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि भी है। चीनी खिलाड़ी ली यूथिंग ने कांस्य पदक जीता। वहीं, महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चीनी खिलाड़ी मो च्यात्ये अंतिम क्षण में आगे निकल गईं और 0.01 सेकंड के लाभ के साथ चैंपियनशिप जीती। उन्होंने हांगचो एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। उधर, महिलाओं की 800 मीटर की प्रतिस्पर्धा में चीनी खिलाड़ी वू होंगच्याओ ने 2 मिनट 00.08 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## मेरे लिए रजत पाटीदार सबसे बड़े 'आई ओपनर' हैं : कार्तिक



■ आरसीबी ने पंजाब के खिलाफ आठ विकेट की शानदार जीत के साथ नौ साल बाद आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया है

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मेंटर दिनेश कार्तिक ने टीम के कप्तान रजत पाटीदार की जमकर तारीफ की है। कार्तिक के अनुसार, पाटीदार ने कप्तान बनने के बाद भी अपना व्यवहार बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि 32 वर्षीय पाटीदार बिल्कुल वैसे ही हैं, जैसे कप्तान बनने से पहले थे। आईपीएल 2025 से पहले आरसीबी ने पाटीदार को कप्तान बनाकर सभी को चौंकाया। वह पहली बार आईपीएल टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे पहले पाटीदार अपनी कप्तानी में मध्य प्रदेश को 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा चुके हैं। कार्तिक ने आरसीबी की 'जर्नी टू द फिनाले' के दूसरे एपिसोड में कहा कि रजत पाटीदार मेरे लिए जीवन के सबसे बड़े 'आई ओपनर' रहे हैं, क्योंकि जब लोगों को अचानक थोड़ी तारीफ, पावर मिलती है, तो वे बदल जाते हैं। यह सामान्य है। उनका व्यवहार, जिस तरह से वे बातचीत करते हैं। कहीं न कहीं, कुछ न कुछ तो दिखेगा ही।



लेकिन, रजत पाटीदार के साथ, वह क्या आदमी हैं। एक ऐसे व्यक्ति के लिए जो आरसीबी का कप्तान है और आज वह फैसले लेता है। वह बिल्कुल वैसा ही रजत है, जैसा वह कप्तान बनने से पहले था। आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आठ विकेट की शानदार जीत के साथ नौ साल बाद आईपीएल फाइनल में प्रवेश किया है। टीम की बॉलिंग यूनिट ने एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया और पंजाब को 14.1 ओवर में सिर्फ 101 रन पर ढेर कर दिया। बल्ले से काइल जैमीसन की चुनौती के बावजूद, आरसीबी ने फिल साल्ट की शानदार पारी की बदौलत सिर्फ 10 ओवर में लक्ष्य हासिल किया और फाइनल में जगह पक्की कर ली। आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने पाटीदार के संयमित दृष्टिकोण और सहयोगी नेतृत्व शैली पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रजत ने जो सबसे प्रभावशाली चीजें दिखाई हैं, उनमें से एक यह है कि वह एक व्यक्तित्व और चरित्र के रूप में ऐसा करते हैं, जो कोई भी उन्हें जानता है, उसे पता है कि वह अविश्वसनीय रूप से शांत हैं। उन्हें अपने आस-पास मौजूद खिलाड़ी का इस्तेमाल करते हुए देखना अच्छा रहा, चाहे वह उप-कप्तान के रूप में जितेश हों या सीनियर खिलाड़ी के रूप में विराट, दूसरे सीनियर खिलाड़ी के रूप में क्रुणाल या यहां तक कि जोश हेजलवुड जैसे कोई खिलाड़ी। बोबाट ने कहा कि हमने इस सीजन में शानदार निरंतरता बनाए रखी है।

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में प्लान पर ध्यान केंद्रित करना अहम : केशव महाराज

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना सबसे अहम होगा। केशव महाराज ने कहा कि हम जानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। लॉर्ड्स में हमारा रिकॉर्ड शानदार है।

हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने पर ध्यान केंद्रित करें। मुझे इस टीम की कभी हार न मानने वाली प्रवृत्ति सबसे अलग नजर आती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी टीम में तीन ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनके पास पचास या उससे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है। लेकिन, हम किसी चुनौती से पीछे नहीं हटते हैं। प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, कोई भी जगह हो, हम एक-दूसरे पर



भरोसा करते हैं और टीम के लिए सबसे अहम यही है। रविवार को क्रिकेट साउथ अफ्रीका की तरफ से आए बयान में केशव महाराज ने कहा कि कोच शुकरी कॉनराड और कप्तान बवुमा इस टीम को एकजुट रखते हैं और हमें लगातार प्रोत्साहित करते हुए इस मुकाम तक लाए हैं। इसके लिए उन्हें श्रेय मिलना चाहिए। महाराज ने कहा क मेरे लिए व्यक्तिगत प्रशंसा मायने नहीं रखती है। मैं हमेशा टीम की जीत में अहम भूमिका निभाना चाहता हूं, जहां संभव होता है, अपनी सलाह देना पसंद करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने स्किल पर भरोसा करते हुए अपने खेल में सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए योगदान देना चाहता हूं। उम्मीद है करियर की समाप्ति तक 200 और विकेट ले सकूंगा। उन्होंने कहा कि ब्रेक के बाद, मैं लड़कों के साथ फिर से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। लड़के हर जगह, अलग-अलग प्रतियोगिताओं में खेल रहे थे, लेकिन अब हमारे पास वास्तव में करीब आने और ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ समय है। मैं अपनी गेंदबाजी और कंडीशनिंग पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि हमें मानसिक ब्रेक की जरूरत थी। दो महीने की छुट्टी के बाद वे तरोताजा महसूस कर रहे हैं और उम्मीद है कि टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

**चांगवोन (दक्षिण कोरिया),** 1 जून (एजेसियां) ।डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। आज यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता ।वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को हराया

**रोसारियो (अर्जेंटीना),** 1 जून (एजेसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने निर्धारित समय में 2-2 से ड्रॉ के बाद उरुग्वे को शूटआउट में 3-1 से हराया। भारत की उप-कप्तान हिना (10') और लालरिनपुई (24') ने शुरुआती पलों में ही मैच भारत की पकड़ में ला दिया, जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर जीत सुनिश्चित की। भारत ने मजबूत शुरुआत की। हिना ने 10वें मिनट में गोल किया, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी।




हालांकि, उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में वापसी की। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट में एक गोल दागा। इसके तीन मिनट बाद मिलाग्रोस सीगल ने गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक गोल करने का मौका मिला। इससे पहले, भारत की इस जूनियर टीम को अपने चौथे मैच में 2-2 से ड्रॉ के बाद चिली के खिलाफ शूटआउट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत के लिए सुखवीर कौर (35) और कनिका सिवाच (47) ने गोल

## रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता स्वर्ण पदक

■ दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की

■ 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से हार गए

**उलानबटार,** 1 जून (एजेंसियां)। उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी



श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गईं। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं।

## अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और कोच प्रतिमा बरवा का निधन

**रांची,** 1 जून (एजेसियां)। प्रसिद्ध महिला हॉकी कोच झारखंड की खूंटी निवासी प्रतिमा बरवा का रविवार को निधन हो गया। वह बीते कुछ दिनों से लकवे (पैरालिसिस) से पीड़ित थीं और रांची के पारस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती थीं। प्रतिमा बरवा भारतीय महिला हॉकी टीम की मौजूदा कप्तान सलीमा टेटे सहित कई ओलंपियन एवं अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों की कोच रही हैं। उनके निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता अर्जुन मुंडा सहित कई प्रमुख शख्सियतों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रतिमा बरवा मूल रूप से खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड स्थित कोचा गांव की रहने वाली थीं। वह फिलहाल खेल विभाग की ओर से संचालित खूंटी हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में कोच के रूप में कार्यरत थीं। इससे पहले वह सिमडेगा के आवासीय बालिका हॉकी सेंटर में 15 वर्षों तक कोचिंग दे चुकी थीं। उनके निर्देशन एवं कोचिंग में भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी गीता कुमारी एवं ब्यूटी डुंगडुंग, जूनियर इंडिया टीम की रोपनी कुमारी, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे के अलावा भारत के लिए खेल चुकीं दीपिका सोरेन, रजनी केरकेट्टा, और सुषमा जैसी नामचीन हॉकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड और भारत का नाम रोशन किया।



■ वह बीते कुछ दिनों से से पीड़ित थीं और रांची के पारस हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती थीं

## सार संक्षेप

### पीएसजी ने जीता चैम्पियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। एलियांज एरिना में खेले गये मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

### स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फ्रेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

### आरसीए जिला टीमों की ओपन चयन ट्रायल करेगा आयोजित

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) सात जून से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में शिरकत करने वाली पाली, जोधपुर और बीकानेर जिला क्रिकेट संघ टीमों के चयन के लिये ओपन चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। आरसीए तदर्थ समिति के सदस्य विमल शर्मा ने रविवार को बताया कि जिला क्रिकेट संघ की टीमों के लिए ओपन चयन ट्रॉयल आरसीए पर्यवेक्षक की उपस्थिति में जिला केन्दों पर आयोजित की जायेगी और टीम का चयन आरसीए द्वारा अधिकृत चयनकर्ता करेंगे।

## पीकेएल 12 प्लेयर ऑक्शन में दो करोड़ से ज्यादा कीमत में बिके शादलू

■ प्रो कबड्डी इतिहास की चौथी सबसे बड़ी बोली है

**मुंबई,** 1 जून (एजेसियां)। मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के इतिहास में एक और कीर्तिमान रच दिया है। वह लगातार तीसरे सीज़न में दो करोड़ रुपये से अधिक की बोली पाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। सीज़न 11 के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर को पीकेएल 12 प्लेयर ऑक्शन की पहली ही बोली में गुजरात जायंट्स ने 2.23 करोड़ रुपए की भारी-भरकम कीमत पर खरीदकर सबको चौंका दिया। यह प्रो कबड्डी इतिहास की चौथी सबसे बड़ी बोली है। शादलू के साथ-साथ, सीज़न 11 के सर्वश्रेष्ठ



रेडर रहे देवांक दलाल ने भी दो करोड़ रुपए की सीमा पार की। पटना पाइरेट्स को पिछले सीज़न फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले देवांक को बंगाल वॉरियर्ज़ ने 2.205 करोड़ में खरीदा, जिससे वह पीकेएल इतिहास के पांचवे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए।

## वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम पर लगा धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

■ वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने अपराध के लिए सजा स्वीकार कर ली।

**दुबई,** 1 जून (एजेंसियां)। आईसीसी ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले वनडे में स्लो ओवर रेट के लिए वेस्टइंडीज पर जुर्माना लगाया है। मैदानी अंपायर कुश्मार धर्मसेना और मार्टिन सैगर्स, थर्ड अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड ने ये आरोप तय किए थे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने अपराध के लिए सजा स्वीकार कर ली। ऐसे में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने प्रत्येक खिलाड़ी पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है। होप की टीम पारी के अंत में जरूरी टारगेट से एक ओवर पीछे रह गई थी, जिसमें समय की छूट को ध्यान में रखा गया था।



आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जेफ क्रो ने प्रत्येक खिलाड़ी पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है : आईसीसी

यह जुर्माना आईसीसी खिलाड़ी और खिलाड़ी सहायक कर्मचारी आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के अनुरूप है, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से जुड़ा है। आईसीसी नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों पर उनकी टीम द्वारा तय समय के अंदर गेंदबाजी न कर पाने वाले प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड ने तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक और जैकब बेथेल के शानदार अर्द्धशतकों की बदौलत 400/8 रन बनाए। वेस्टइंडीज की टीम 162 रन ही बना सकी।

## रोलां गैरो में 99वीं जीत के साथ चौथे दौर में पहुंचे जोकोविच

**पेरिस,** 1 जून (एजेसियां)। तीन बार के रोलां गैरो चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस क्ले पर अपने करियर की 99वीं जीत दर्ज की है। जोकोविच ने ऑस्ट्रियाई क्वालीफायर फिलिप मिसोलिक को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। रोलां गैरो से ठीक पहले जिनेवा में अपने 100वें टूर लेवल सिंगल्स खिताब के बाद जोकोविच अब पहली बार एक ही टूर्नामेंट में 100 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने से महज एक कदम दूर हैं। अगर जोकोविच सोमवार को पूर्व शीर्ष 10 खिलाड़ी कैमरन नोरी को हरा दें, तो उनके नाम ये उपलब्धि दर्ज हो जाएगी। जोकोविच 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं। जोकोविच ने जीत का शतक पूरा करने की संभावना पर बात करते हुए कहा कि 99 अच्छा है, लेकिन 100 बेहतर है। मुझे उम्मीद है कि मैं और जीतूंगा। मैं अपने करियर, अपने जीवन के ऐसे दौर में हूं, जब मैं बहुत सौभाग्यशाली महसूस करता हूं, क्योंकि हर बार जब मैं कोर्ट पर उतरता हूं, तो इतिहास की किताबों के लिए खेल रहा होता हूं। यह अविश्वसनीय है। रोलां गैरो में जोकोविच से ज्यादा जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी 14 बार के चैंपियन राफेल नडाल हैं, जिनका रिकॉर्ड 112-4 है। जोकोविच को 23 वर्षीय मिसोलिक के खिलाफ सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। इस परिणाम ने जोकोविच को व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका दिया।

जोकोविच ने कहा कि यह मेरे लिए इस साल का पहला नाइट सेशन था। नाइट सेशन अलग होते हैं। खेलने के लिए पूरे दिन इंतजार करना आसान नहीं है, क्योंकि आप बहुत तनाव में होते हैं। आपको मैच के लिए तैयारी करनी होती है। पिछले साल मैंने कुछ नाइट सेशन खेले थे। लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ एक बेहतरीन सेशन, जो सुबह 3 बजे खत्म हुआ था। आज रात मैं बस यही उम्मीद कर रहा था कि यह 3 बजे के बाद खत्म न हो! हमेशा बहुत सारी उम्मीदें होती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने तीन सेटों में सही समय पर अच्छा प्रदर्शन किया।



99 अच्छा है, लेकिन 100 बेहतर है। मुझे उम्मीद है कि मैं और जीतूंगा। मैं अपने करियर, अपने जीवन के ऐसे दौर में हूं, जब मैं बहुत सौभाग्यशाली महसूस करता हूं : नोवाक जोकोविच

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण की तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी गई श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में सचिव (खेल) हरि रंजन राव, खेल जगत की हस्तियां, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और साई ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है। फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं।



यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है : डा. मांडविया

### सुडोकू 6931 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.58 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.89 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एलटी | 0.64 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.24 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.73 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.64 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.62 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.49 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.43 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 94,870 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.60 | 89.97 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.55 | 121.26 |
| यूरो | 88.09 | 102.17 |
| चीन युआन | 8.39 | 13.61 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6000-6100 |
| दाल चना | 7000-7100 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 9000-9100 |

## निजी बैंकों ने 1 जुलाई से क्रेडिट कार्ड, बैंकिंग सेवाओं पर शुल्क बढ़ाने का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां) एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख निजी बैंकों ने क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर एक जुलाई से शुल्क बढ़ाने का फैसला लिया है। दोनों बैंकों ने आधिकारिक नोटिफिकेशन के माध्यम से अपने ग्राहकों को इन बदलावों के बारे में बताया। एचडीएफसी बैंक ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स खासकर ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल वॉलेट और यूटिलिटी पेमेंट से जुड़े लेनदेन के लिए नए शुल्कों की घोषणा की है।

बैंक के नोटिफिकेशन के अनुसार, अगर कोई ग्राहक ड्रीम11, रम्मी कल्चर, जंगली गेम्स या एमपीएल जैसे ऑनलाइन स्किल आधारित गेमिंग प्लेटफॉर्म पर एक महीने में 10,000 रुपए से अधिक खर्च करता है, तो उससे इस कैटेगरी में कुल मासिक खर्च पर 1 प्रतिशत शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क 4,999 रुपए प्रति माह तक सीमित रहेगा। इसके अतिरिक्त, ऐसे गेमिंग लेनदेन पर कोई रिवॉर्ड पॉइंट नहीं दिए जाएंगे।

■ एचडीएफसी बैंक ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स खासकर ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल वॉलेट और यूटिलिटी पेमेंट से जुड़े लेनदेन के लिए नए शुल्कों की घोषणा की




इसी तरह, अगर कोई ग्राहक अपने एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके पेटीएम, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज या ओला मनी जैसे थर्ड पार्टी वॉलेट में एक महीने में 10,000 रुपए से अधिक लोड करता है, तो उसके द्वारा इस्तेमाल की गई पूरी राशि पर 1 प्रतिशत शुल्क लगेगा। यह शुल्क अधिकतम 4,999 रुपए प्रति माह होगा। यूटिलिटी पेमेंट के लिए अगर कुल खर्च एक महीने में 50,000 रुपए से अधिक होता है, तो 1 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा और इसकी अधिकतम मासिक सीमा 4,999 रुपए होगी। हालांकि, एचडीएफसी बैंक ने स्पष्ट किया है कि बीमा भुगतान को यूटिलिटी पेमेंट के रूप में नहीं माना जाएगा, इसलिए ऐसे मामलों में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

बैंक ने किराए, ईंधन और शिक्षा लेनदेन के लिए अधिकतम शुल्क में भी संशोधन किया है। इन कैटेगरी में शुल्क की अधिकतम सीमा अब प्रति लेनदेन 4,999 रुपए होगी। किराए के भुगतान पर 1 प्रतिशत शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 15,000 रुपए से अधिक के ईंधन के लेनदेन पर 1 प्रतिशत शुल्क लगेगा, जबकि आधिकारिक कॉलेज या स्कूल की वेबसाइट या उनकी कार्ड मशीनों के माध्यम से सीधे किए गए शिक्षा भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। आईसीआईसीआईसीआई बैंक ने कई सेवा शुल्कों में बदलाव किया है, जिसमें नकद, चेक जमा करने या डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) और पीओ (पे ऑर्डर) जैसे लेनदेन शामिल है।

अब इन लेनदेनों के लिए ग्राहकों से 1,000 रुपए पर 2 रुपए का शुल्क लिया जाएगा, जिसमें न्यूनतम शुल्क 50 रुपए और अधिकतम शुल्क 15,000 रुपए होगा। इससे पहले बैंक 10,000 रुपए तक की राशि पर 50 रुपए और उससे अधिक 1,000 रुपए पर 5 रुपए लेता था। एटीएम उपयोग शुल्क में भी वृद्धि की गई है। अन्य बैंक के एटीएम पर तीन निःशुल्क एटीएम लेनदेन के बाद, आईसीआईसीआईसीआई अब एटीएम पर वित्तीय लेनदेन के लिए 23 रुपए और गैर-वित्तीय लेनदेन के लिए 8.5 रुपए शुल्क लेगा। फिलहाल वित्तीय लेनदेन के लिए शुल्क 21 रुपए है।

## पीएम मोदी एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से मिले

### इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया



**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से अपने आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। इस बैठक में भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में 10 अरब डॉलर के निवेश को लेकर बातचीत की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एडीबी अध्यक्ष की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं।'

कांडा ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'विकसित भारत 2047 का विजन साहसिक है और एडीबी इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का समर्थन कर रहा है। हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में थर्ड पार्टी कैपिटल सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।'

> हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में थर्ड पार्टी कैपिटल सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे: **मसातो कांडा**

> 'मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं: **नरेंद्र मोदी**

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.4 अरब डॉलर की भारी बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 83.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 8.1 करोड़ डॉलर के इजाफ़े के साथ 18.6 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में तीन करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पर पहुंच गई।



## टाटा मोटर्स की बिक्री मई में 8 प्रतिशत से अधिक गिरी

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां)। टाटा मोटर्स ने रविवार को कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए मई 2025 में कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। टाटा मोटर्स द्वारा जारी बयान के अनुसार, 'मई 2025 में कंपनी ने 70,187 यूनिट्स वाहन बेचे हैं, पिछले साल की समान अवधि में यह आंकड़ा 76,766 यूनिट्स था।' घरेलू बाजार में कंपनी की कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 67,429 यूनिट्स हो गई है जो कि मई 2024 में 75,173 यूनिट्स थी। कंपनी के कमर्शियल वाहनों की बिक्री में भी गिरावट दर्ज की गई। मई 2025 में कंपनी ने 28,147 यूनिट्स कमर्शियल वाहनों की बिक्री की थी, जो एक साल पहले की समान अवधि के आंकड़े 29,691 यूनिट्स से 5 प्रतिशत कम है। कमर्शियल वाहन सेगमेंट में मध्यम और भारी कमर्शियल वाहनों (ट्रक और बसें) की घरेलू बिक्री मई 2025 में 12,406 यूनिट्स रही, जो मई 2024 में दर्ज 12,987 यूनिट्स से मामूली रूप से कम है। हालांकि, अगर निर्यात को मिला दिया जाए तो मध्यम और भारी कमर्शियल वाहनों की कुल बिक्री में मामूली सुधार हुआ, जो एक साल पहले 13,532 यूनिट्स से बढ़कर 13,614 यूनिट्स हो गई है। इन आंकड़ों में टाटा मोटर्स लिमिटेड की दोनों सहायक कंपनियों टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड का प्रदर्शन शामिल है।




■ कंपनी की कुल बिक्री सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 67,429 यूनिट्स हो गई

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में टाटा मोटर्स का प्रदर्शन कमजोर रहा था। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 51 प्रतिशत गिरकर 8,470 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 17,407 करोड़ रुपए था। मार्च तिमाही के लिए कंपनी की कुल आय 1,21,012 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले की समान अवधि की कुल आय 1,20,431 करोड़ रुपए से थोड़ी अधिक थी।

## आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 1 जून (एजेंसियां) वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।




बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। घरेलू आर्थिक संकेतकों की बात करें तो परिदृश्य अपेक्षाकृत अनुकूल नजर आ रहा है। बेहतर मानसून पूर्वानुमान, सौम्य मुद्रास्फीति प्रक्षेपवक्र और 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूती (7.4 प्रतिशत) ने निवेशकों के लिए एक राहत का माहौल बनाया है, जो बाजार में गिरावट की गति को थामने में मदद कर सकता है। अगले सप्ताह 06 जून को आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय जारी होने वाले हैं। निवेशक महंगाई में नरमी और मजबूत आर्थिक विकास दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत तक की एक और कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। अगले सप्ताह केंद्रीय बैंक के रुख पर बाजार की नजर रहेगी।

वहीं, विश्लेषकों का मानना है कि संपूर्ण बाजार में स्थिरता तभी आ सकती है जब कॉर्पोरेट आय में स्थायी सुधार दिखे और वैश्विक व्यापार तनाव में कमी आए। तब तक निवेशकों को सतर्क रहते हुए मजबूत मौलिकताओं वाली कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बीते सप्ताह बाजार में दो दिन तेजी जबकि तीन दिन गिरावट रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर 82,176.45 अंक और निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25001.15 अंक पर बंद हुआ।

वहीं, डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को सेंसेक्स 624.82 अंक लुढ़ककर 81,551.63 अंक और निफ्टी 174.95 अंक का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया।

## केनरा बैंक के ग्राहकों के लिए खुशखबरी, अब नहीं रखना होगा न्यूनतम बैलेंस

**नई दिल्ली**, 1 जून (एजेंसियां)। केनरा बैंक के ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। बैंक ने ग्राहकों को राहत देते हुए रविवार से न्यूनतम बैलेंस न रखने पर जुर्माने के नियम को हटा दिया है। बैंक के इस कदम के बाद सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखने पर किसी भी प्रकार का कोई चार्ज या जुर्माना नहीं लगेगा। यह नया नियम सभी प्रकार के सेविंग्स अकाउंट्स पर लागू होगा। केनरा बैंक सभी प्रकार के सेविंग्स अकाउंट पर न्यूनतम बैलेंस की सीमा को हटाने वाला पहला बड़ा सरकारी बैंक है। इस नियम के बाद केनरा बैंक के ग्राहक बिना किसी जुर्माने के सेविंग अकाउंट में शून्य बैलेंस रख सकते हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से बैंक के करोड़ों सेविंग अकाउंट होल्डर्स को फायदा होगा और अकाउंट में उपलब्ध पूरी राशि का आसानी से किसी भी लेनदेन के लिए उपयोग कर सकते हैं। केनरा बैंक ने अपनी पोस्ट में कहा, 'एक जून, 2025 से केनरा बैंक न्यूनतम बैलेंस न रखने पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगा। यह नियम सभी सेविंग्स अकाउंट होल्डर्स के लिए है।'

इससे पहले केनरा बैंक में सेविंग्स अकाउंट में ग्राहकों को शहरों में 2,000 रुपए, अर्ध-शहरी इलाकों में 1,000 रुपए और ग्रामीण इलाकों में 500 रुपए का न्यूनतम बैलेंस रखना होता है। अगर ग्राहक न्यूनतम बैलेंस रखने में असमर्थ होते थे तो उन पर जुर्माना लगाया जाता था। केनरा बैंक के इस कदम से छात्रों, महिलाओं, निम्न आय वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों के साथ सभी वर्गों को फायदा होगा।

## खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

## आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पीयूष गोयल ने फ्रांस, इटली की आधिकारिक यात्रा शुरू की

**नई दिल्ली,** 1 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को फ्रांस और इटली की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू की, जो प्रमुख यूरोपीय भागीदारों के साथ रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने और लचीले तथा समावेशी वैश्विक विकास के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, फ्रांस में अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें अर्थव्यवस्था मंत्री एरिक लोम्बार्ड और फ्रांसीसी व्यापार मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन के साथ बैठकें शामिल हैं। चर्चा में भारत-फ्रांस आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने तथा व्यापार एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान पीयूष गोयल विकैट, टोटल एनर्जीज, लोरियल, रेनो, वेलियो, ईडीएफ और एटीआर जैसी प्रमुख फ्रांसीसी कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इस यात्रा के दौरान वह 'भारत-फ्रांस बिजनेस राउंड टेबल' और 'भारत-फ्रांस सीईओ फोरम' में शामिल होंगे, जिससे दोनों देशों के प्रमुख उद्योग हितधारकों के बीच संवाद को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ओईसीडी मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक के दौरान डब्ल्यूटीओ मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक में भी भाग लेंगे। इस महत्वपूर्ण मंच पर वह प्रमुख बहुपक्षीय व्यापार मुद्दों पर वैश्विक समकक्षों के साथ बातचीत करेंगे और देश के दृष्टिकोण तथा प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेंगे। इस फोरम में वाणिज्य मंत्री प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ कई उच्च स्तरीय द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। इनमें ब्रिटेन के कारोबार एवं व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स, सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग और सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि वह इजरायल के व्यापार एवं निवेश मंत्री नीर बरकत, नाइजीरिया के व्यापार, उद्योग एवं निवेश मंत्री डॉ. जुमोके ओडुवोले ओओएन तथा ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो लुइस इकेर विएरा के साथ भी बातचीत करेंगे।



■ तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

■ वह 'भारत-फ्रांस बिजनेस राउंड टेबल' और 'भारत-फ्रांस सीईओ फोरम' में शामिल होंगे

## सार संक्षेप

### मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने अप्रैल में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपए के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपए रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपए और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपए रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपए रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपए के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपए का रिफंड किया गया है।

### अदाणी समूह के खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क का आकार 'हैरान' करने वाला है : फ्रेडी

**कोपेनहेगन/नई दिल्ली।** भारत में डेनमार्क के पूर्व राजदूत फ्रेडी स्वेन ने रविवार को कहा कि वह गुजरात के खावड़ा में अदाणी समूह के मेगा रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) पार्क की विशालता से 'हैरान' हैं। अनुभवी राजनयिक में से एक फ्रेडी स्वेन ने पिछले साल नवंबर में यूरोपीय संघ (ईयू), बेल्जियम और जर्मनी के राजदूतों के साथ, दुनिया के सबसे बड़े खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क का दौरा किया था। स्वेन ने कहा, 'मैं इसके पीछे की रणनीति और इसकी विशालता से बहुत हैरान था। यह एक आंख खोलने वाला अनुभव था और दिखाता है कि ग्रीन ट्रांजिशन, ग्रीन स्ट्रेटेजिक कॉरपोरेशन कितना महत्वपूर्ण है।' स्वेन ने आगे कहा कि इस तरह के ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए अच्छे हैं, बल्कि मानवता के लिए भी आवश्यक हैं, क्योंकि 'हमें एक बेहतर और अधिक सस्टेनेबल वर्ल्ड की आवश्यकता है।' पूर्व राजदूत ने कहा, 'अगर हम इस जलवायु संकट का समाधान नहीं करेंगे तो हमारी अगली पीढ़ियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।'

### समुद्री संबंधों को मजबूत करने के लिए सर्बानंद सोनोवाल नॉर्वे, डेनमार्क का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** समुद्री संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल 2 जून से नॉर्वे और डेनमार्क की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह यात्रा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि केंद्रीय मंत्री टीम इंडिया के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां भी शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, 'समुद्री क्षेत्र आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में भारत न केवल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में अपना स्थान सुरक्षित करने की दिशा में भी काम कर रहा है।'

# कबीरधाम जिले के 52 हजार से अधिक ग्रामीणों ने पानी बचाने एक साथ लिया संकल्प

## महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्य करने वाले ग्रामीण परिवारों ने पेश की मिसाल



### ग्रामीणों की भागीदारी से मोर गांव मोर पानी महा अभियान बन रहा जन आंदोलन

**कवर्धा,** 1 जून (देशबन्धु)। आगामी वर्षा ऋतु में जल संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक करने का कार्य कबीरधाम जिले में जोर-शोर से चल रहा है। इसी कड़ी में आज मोर गांव मोर पानी महा अभियान अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार करने वाले 52 हजार 8 सौ से अधिक ग्रामीणों ने एक साथ जल संरक्षण की शपथ लेकर सभी के लिए मिसाल पेश की। तालाब निर्माण कार्य, डबरी निर्माण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, पशु शेड निर्माण, नाला पुनरूद्धार कार्य एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण जैसे अनेक कार्यों में लगे सदस्यों ने यह शपथ ली। निर्माण कार्य में लगे ग्रामीणों को मैदानी कर्मचारियों तकनीकी सहायक एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा भू-जल स्तर में वृद्धि करने के विषय में जानकारी दी गई, जल संरक्षण नहीं होने से गांव में इसके दुष्परिणाम पर विस्तार से बात की गई। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वह अपने घरों के साथ खेतो में वृक्षारोपण करें। परंपरागत स्त्रोतों के माध्यम से बरसात के पानी को रोक तथा समाज के सभी वर्गों को जागृत करने के लिए ग्रामीण आगे आकर अपना योगदान दे। ग्रामीणों ने शपथ लेकर संकल्प लिया कि वह मोर गांव मोर पानी महा अभियान का हिस्सा बनकर अपने पृथ्वी को हरा भरा रखने में पूरा योगदान करेंगे।

**पानी बचाने एवं सहजने के लिए हो रहे प्रयासों पर एक नजर में:** कबीरधाम जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन के बाहर गत वर्ष के एवं वर्तमान के भू-जल स्तर को दर्ज किया गया है। इससे अपने गांव के घटते जल स्तर पर ग्रामीणों को सीधे जानकारी मिल रही है। जिले के वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी ग्राम पंचायतो तक बड़ी मात्रा में दीवार लेखन कर पानी के महत्व को बताया जा रहा है। पानी रोकने के लिए विभिन्न नारो के साथ गांव के अंदर रैलियां की जा रही है। सभी सार्वजनिक जल स्त्रोतों के स्थलों पर श्रमदान से स्वच्छता का कार्य हो रहा है। बड़ी संख्या में निर्माण कार्य मे लगे ग्रामीणों को घटते जल स्तर से होती परेशानियां एवं जल संरक्षण करने के विभिन्न स्थानीय उपायों पर जानकारी दी जा रही है। अनावश्यक एवं व्यर्थ बहने वाले पानी को रोकने के संबंध में विशेष प्रयास करने के लिए ग्रामीणों से आह्वान किया जा रहा है।

कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि इस वर्षा ऋतु जल संरक्षण का अभियान जन आंदोलन का रूप ले सके। समाज के प्रत्येक व्यक्तियों की भागीदारी से ही इस समस्या का समाधान हो सकता है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि सभी शासकीय कार्यों में लगे लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह स्थानीय उपाय कर जल संरक्षण करें। शासन की योजनाओं से पानी को रोकने वाले विभिन्न संरचनाओं का निर्माण तीव्र गति से कराया जा रहा है जिससे कि वर्षा प्रारंभ होते ही इसमें जल संरक्षण हो सके और भू-जल स्तर में वृद्धि करने में मदद मिल सके।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित आकाक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण के कार्य जिले में हो रहे हैं। मोर गांव मोर पानी महा अभियान से ग्रामीणों को जोड़ने आज महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 391 ग्राम पंचायतों में चल रहे 3849 कार्यो में लगे 52 हजार 8 सौ से अधिक ग्रामीणों ने एक साथ जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया है।

**4 दिवसीय प्रशिक्षण से जल संरक्षण के लिए बनेगी विशेष रणनीति:** कबीरधाम जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की स्व सहायता समूह की दीदीयो ग्राम संगठन के सदस्य जनपद प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज से प्रारंभ हो रहा है।16 क्लस्टर में आयोजित होने वाले 4 दिवसीय प्रशिक्षण में स्थानीय स्तर पर पानी रोकने के विभिन्न उपायों पर जानकारी दिया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य गांव में रहने वाले स्थानीय व्यक्तियों को भू-जल स्तर एवं जल संरक्षण के महत्व को बताना है। तथा इनके माध्यम से अन्य ग्रामीणों को इस कार्य के लिए प्रेरित कर इस अभियान से जोड़कर इसे सफल बनाना है।

# पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी, अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस खरोरा





### वेबसाइट डिजाइनिंग समर कैंप में भागीदारी पर रिपोर्ट

**खरोरा,** 1 जून (देशबन्धु)। पी.एम. श्री बी.डी. सेजेस, खरोरा के छात्रों को रीजनल साइंस सेंटर, रायपुर द्वारा आयोजित 4 दिवसीय वेबसाइट डिजाइनिंग समर कैंप में भाग लेने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के विशेषज्ञ प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस भागीदारी को प्राचार्य एवं व्याख्याताओं के प्रोत्साहन और सहयोग से संभव बनाया गया। छात्रों के साथ भौतिकी व्याख्याता श्रीमती पारुल पांडे भी कैंप में सम्मिलित हुई और उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

**प्रथम दिवस- वेबसाइट डिजाइनिंग की शुरुआत:** पहले दिन छात्रों में वेबसाइट डिजाइनिंग के प्रति रुचि उत्पन्न करने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को ॥ञ्रूकी बुनियादी जानकारी दी गई और उन्होंने अपना पहला वेबपेज बनाना सीखा। दिन के अंत में, छात्रों ने ॥ञ्रूऔर ष्टस्स् की मदद से च्स्टोन-पेपर-सीजरज्ज गेम का इंटरफेस तैयार किया।

**द्वितीय दिवस- जावास्क्रिप्ट एकीकरण:** दूसरे दिन वेबसाइट को इंटरएक्टिव बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। छात्रों ने JavaScript, array, random function और conditional statements के बारे में सीखा और इनका प्रयोग करके स्टोन-पेपर-सीजर गेम को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाया।

**तृतीय दिवस- एआई टूल्स और क्रिएटिव वेबसाइट डेवलपमेंट:** तीसरे दिन छात्रों ने ्रढ्ढ आधारित टूल्स की सहायता से अधिक उन्नत और रचनात्मक वेबसाइटें बनाना सीखा। उन्होंने हैकर कंसोल सिम्युलेटर, स्नेक गेम, 3ष्ठ सोलर सिस्टम, और 3ष्ठ टेक्स्ट एनिमेशन जैसी वेबसाइटों का विकास किया।

**चतुर्थ दिवस- प्रतियोगिता और प्रमाणपत्र वितरण:** अंतिम दिन एक वेबसाइट निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों पर आधारित वेबसाइटें तैयार कीं। उन्होंने आत्मविश्वासपूर्वक अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। अंत में, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और इस ज्ञानवर्धक अनुभव का सफल समापन हुआ।

**निष्कर्ष:** यह समर कैंप पी.एम. श्री बी.डी.सेजेस खरोरा के छात्रों के लिए वेबसाइट डेवलपमेंट और डिजिटल टूल्स की वास्तविक दुनिया में उपयोग का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुआ। छात्रों की सक्रिय भागीदारी और रचनात्मक कार्य प्रशंसनीय रहे, जो उनके मार्गदर्शकों और आयोजकों के प्रभावी निर्देशन का प्रमाण है।

# जून महीने में अलग-अलग जोन में कुल 12 दिन बैंकों की छुट्टी रहने की है संभावना



**नवापारा राजिम,** 1 जून (देशबन्धु)। जून महीने में अलग-अलग जोन में कुल 12 दिन बैंकों की छुट्टी रहने की सम्हैभावना है। इनमें से 7 छुट्टियां रविवार, दूसरे शनिवार और चौथे शनिवार को मिलाकर हैं। वहीं, 5 अन्य छुट्टियां आ रही हैं। वैसे तो आजकल अधिकतर बैंकिंग काम घर बैठे मोबाइल से ही हो जाते हैं। लेकिन फिर भी कई ऐसे काम हैं, जिनके लिए बैंक जाना ही पड़ता है। इनमें लोन लेने, कैश जमा करवाने, बड़े अमाउंट का त्ज्ळै करने और चेक जैसे कई काम शामिल हैं। अगर आपको भी जून के महीने में ऐसे कामों के लिए बैंक ब्रांच जाना है, तो छुट्टियों की लिस्ट जरूर चेक कर लें। अगर आप बिना लिस्ट देखे बैंक गए और बैंक बंद हुआ तो आपका समय तो खराब होगा ही, जरूरी काम भी रुक जाएगा।

**जून महीने में इन तारीखों पर बंद रहेंगे बैंक** - 1 जून 2025 रू रविवार होने के चलते इस दिन पूरे देश में बैंकों का सार्वजनिक अवकाश है, 6 जून 2025 रू इस दिन पूरे देश में ईद-उल-अजहा मनाया जाएगा। हालांकि, इस दिन सिर्फकेरल के सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक बंद रहने वाले हैं, 7 जून 2025 रू इस दिन पूरे देश में बकरीद उत्सव मनाया जाएगा। इस कारण लगभग सभी राज्यों में प्राइवेट और सरकारी बैंक बंद रहने वाले हैं, 8 जून 2025 रू रविवार होने के चलते इस दिन पूरे देश में बैंकों का सार्वजनिक अवकाश है, 11 जून 2025 रू ये दिन संत कबीर को समर्पित है। इसलिए हिमाचल और सिक्किम में बैंक बंद रहने वाले हैं, 14 जून 2025 रू दूसरा शनिवार होने के चलते पूरे देश में बैंकों की छुट्टी रहेगी, 15 जून 2025 रू रविवार होने के चलते इस दिन पूरे देश में बैंकों का सार्वजनिक अवकाश है, 22 जून 2025 रू रविवार होने के चलते इस दिन पूरे देश में बैंकों का सार्वजनिक अवकाश है, 27 जून 2025 रू इस दिन रथ यात्रा निकाली जाएगी। वहीं इस दिन कांग त्योहार भी मनाया जाता है। इस दिन ओडिशा और मणिपुर में बैंक बंद रहेंगे, 28 जून 2025 रू चौथा शनिवार होने के चलते पूरे देश में बैंकों की छुट्टी रहेगी, 29 जून 2025 रू रविवार होने के चलते इस दिन पूरे देश में बैंकों का सार्वजनिक अवकाश है, 30 जून 2025 रू इस दिन रेमना नी की वजह से मिजोरम में बैंक क्लोज रहेंगे।

# गौ रक्षकों की सक्रियता से पकड़ी गई गाड़ी



### परपोड़ी क्षेत्र में फिर एक बार असफल हुए गौ तस्कर

**परपोड़ी,** 1 जून (देशबन्धु)। थाना परपोडी -दिनांक 01/06/2025 को रात्रि जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि एक पीकप वाहन क्रमांक स्क्क50 त्र 2190 में मवेशी भरकर कत्लखाना नागपुर ले जा रहे है। कि सूचना पर गवाहान तुकाराम पटेल पिता भानूप्रताप पटेल उम्र 33 वर्ष एवं अशोक गुमा पिता दाउलाल उम्र 50 वर्ष साकिनान भटगांव थाना परपोड़ी को रेड कार्यवाही मे सहयोग करने हेतु धारा 179 बीएनएसएस का नोटिस तामिल कर तलब किया गया उपस्थिति आने पर हमराह स्टॉफ प्र0आर0 115 एवं आरक्षक क्रमांक 72 एवं गवाहों के साथ धमधा से गंडई जाने वाली सडक थाना के सामने नाकाबंदी कर धमधा की ओर से आ रहे पीकप वाहन क्रमांक स्क्क50त्र 2190 की रोक कर चेक करने पर मवेशी भरा हुआ मिला, पीकप याहन के चालक के अलावा 02 अन्य व्यक्ति वाहन में बैठे हुए मिले पूछताछ करने पर वाहन चालक दयाराम यादव पिता तीरथराम यादव उम्र 30 वर्ष (2) राजेश कावरे पिता दुर्जन कावरे उम्र 39 वर्ष (3) नरेन्द्र कावरे पिता सनुक कावरे उम्र 19 वर्ष साकिनान कनिया चौकी साल्हेटेकरी थाना बिरसा जिला बालाघाट (म0प्र0) का रहने वाले बताये तथा धमधा क्षेत्र के ग्राम परोड़ा से मवेशी खरीदकर कत्लखाना नागपुर ले जाना बताये जिस संबंध में वाहन में मवेशी भरकर ले जाने के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामिल किया गया, जो मवेशी एवं मवेशी ले जाने के संबंध में किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना लिखित मे दिये है, वाहन सहित थाना परिसर में लाकर गवाहो की उपस्थिति में मवेशी पंचनामा तैयार किया गया। पीकप याहन क्रमांक स्क्क50त्र 2190 में भरे 02 नग मेहरूम रंग का कृषि योग्य बैल, 01 नग सफेद रंग का बछड़ा, 01 नग प्यूरी रंग का बछड़ा, 01 नग प्यूरी रंग की दूधारू गाय, 01 नग प्यूरी रंग की छोटी बछिया कुल 06 नग मवेशी कीमती 50000 रूपये जुमला कीमती 550000 रूपये को कुरतापूर्वक ठूस तूस कर भरकर बिना हया, चारा, पानी के व्यवस्था किये परमीट शर्तो का उल्लंघन कर कत्लखाना नागपुर ले जाते हुए पाये जाने से आरोपीयो के विरुध्द अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहों के समक्ष जाम कर कब्जा पुलिस लिया गया। जप्तशुदा मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु प्रतिवेदन तैयार कर पशु चिकित्सक परपोड़ी को भेजी गयी है, घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया गया। प्रकरण के आरोपीयो का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से हिरासत में लिया गया बाद अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# आकाशवाणी रायपुर से डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी का प्रसारण आज



**सरायपाली,** 1 जून (देशबन्धु)। डॉ चंद्रिका चौधरी की कहानी का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से 02जून सोमवार को सुबह 8-30 बजे कथायन कार्यक्रम के अंतर्गत होगा। च्अंतराल के बादज् स्त्री जीवन के बंधन और उन बंधनों की जकड़न से टूटती उसकी जिजीविषा की कहानी है। जीने का सहज बोध, थोपी गई दूसरों की इच्छाओं और अपेक्षाओं के सामने नतमस्तक होकर किस तरह मौन हो जाता है ? स्त्री अस्मिता की तलाश की एक बेचैन कोशिश है यह कहानी। कथा नायिका मालती के माध्यम से स्त्री-जीवन को बाँधने वाले कई बंधनों में से एक बंधन की गाँठ दिखाने की कोशिश करती कहानी च्अंतराल के बादज् पाठकों से मौन वार्ता करती नज़र आती है।

गौरतलब हो कि इसके पहले भी डॉ. चंद्रिका चौधरी की कहानी च्चूड़ीवाला पिताज् और चक्षितिज तक जाती नज़रेंज् का प्रसारण, प्रसार भारती आकाशवाणी रायपुर द्वारा हो चुका है। वे वर्तमान में स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली, जिला -महासमुंद छत्तीसगढ़ में हिंदी विषय की सहायक प्राध्यापक हैं। उनकी कविताओं, लघुकथाओं और कहानियों का प्रकाशन निरंतर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक पत्रिकाओं में होता रहता है।


शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)

:: नाम परिवर्तन / शपथ पत्र ::

मैं शपथकर्ता लता देवी बेंदरे विधवा पत्नी सेनासंख्या - 14358525K पूर्वसैनिक नायक (EX NK) स्वर्गीय श्री बेंदरे महेश कुमार बंसीलाल (LATE BENDRE MAHESH KUMAR BANSILAL) निवासी - HOUSE NO - 956, KALYAN NAGAR WARD NO - 40, CHHAWANI INDUSTRIAL ESTATE BHILAI DIST - DURG CHHATTISGARH - 490026 की हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूँ।

(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।

(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक नायक स्वर्गीय श्री बेंदरे महेश कुमार बंसीलाल (LATE BENDRE MAHESH KUMAR BANSILAL) की पत्नी हूँ सेना के सभी दस्तावेजों में मेरा नाम - लथा सहारे (LATHA SAHARE) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।

(स) यह कि मैं सेना के दस्तावेजों में अपना सही नाम - लता देवी बेंदरे (LATA DEVI BENDRE) दर्ज कराना चाहती हूँ जो कि भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड क्रमांक - 7685 6970 4880, पेन कार्ड क्रमांक - BUEPB0546F एवं मतदाता पहचान पत्र - CLP3092475 के अनुसार सत्य एवं स्पष्ट हैं।

(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम - लथा सहारे (LATHA SAHARE) एवं भारत सरकार के द्वारा बनाये गए सभी दस्तावेजों में दर्ज नाम - लता देवी बेंदरे (LATA DEVI BENDRE) हैं वह एक ही महिला का नाम हैं जो कि मैं स्वयं शपथकर्ती हूँ।

(य) यह शपथ पत्र में सेना के सेवा पुस्तिका में अपना नाम - लथा सहारे (LATHA SAHARE) के स्थान पर भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड, एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज सत्य एवं वास्तविक नाम - लता देवी बेंदरे (LATA DEVI BENDRE) दर्ज करने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ती
लता देवी बेंदरे विधवा पत्नी (LATA DEVI BENDRE)
सेनासंख्या - 14358525K
पूर्वसैनिक नायक (NK)
स्वर्गीय श्री बेंदरे महेश कुमार बंसीलाल
(LATE BENDRE MAHESH KUMAR BANSILAL)



शमक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय (छ.ग.)

:: नाम परिवर्तन / शपथ पत्र ::

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या - 13968674A पूर्वसैनिक नायक (NK) रवि भूषण तिवारी (RAVI BHUSHAN TIWARI) पिता - श्री श्याम लाल तिवारी (SHYAM LAL TIWARI) निवासी - HOUSE NO - 130/K SEVA SADAN, PACHPEDI NAKA RAIPUR DIST - RAIPUR CHHATTISGARH - 492001 का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।

(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।

(ब) यह कि मैं पूर्वसैनिक नायक (NK) रवि भूषण तिवारी (RAVI BHUSHAN TIWARI) पिता - श्री श्याम लाल तिवारी (SHYAM LAL TIWARI) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम - सीमा पांडे (SEEMA PANDAY) दर्ज हो गया है जो कि त्रुटी पूर्ण एवं गलत है।

(स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पत्नी का सही नाम - सीमा तिवारी (SEEMA TIWARI) दर्ज कराना चाहता हूँ जो कि भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक - 6785 8016 8114, पेन कार्ड क्रमांक - AYZPT5280A एवं भारतीय स्टेट बैंक पेंशन खाता क्रमांक - 10167231309 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है।

(द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम सीमा पांडे (SEEMA PANDAY) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम सीमा तिवारी (SEEMA TIWARI) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है।

(य) यह कि मैं सेना के सेवा पुस्तिका में अपनी पत्नी का नाम - सीमा पांडे (SEEMA PANDAY) के स्थान पर भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज सत्य एवं वास्तविक नाम सीमा तिवारी (SEEMA TIWARI) दर्ज करने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
सेनासंख्या 13968674A
पद पूर्वसैनिक नायक (NK)
नाम रवि भूषण तिवारी
(RAVI BHUSHAN TIWARI)



NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, LAXMAN AGRAWAL S/O KUDAMAL AGRAWAL resident of H.NO. -120, WARD-10, P P ROAD BASNA, MAHASAMUND (C.G.) have changed my old name LAXMAN AGRAWAL S/O KUDAMAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is LAXMAN KUMAR AGRAWAL S/O KUDAMAL AGRAWAL in all Government and other documents.

LAXMAN KUMAR AGRAWAL
H.NO. -120, WARD-10,
P P ROAD BASNA,
MAHASAMUND (C.G.)



NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VODELA ARUN S/O ODELA RAMCHANDER RAO resident of HNO 503 MOURYA A BLOCK SAMRAJYA RESIDENCY WRS NEAR HOTEL PARADISE, KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR (C.G.) - 492008 have changed my old name VODELA ARUN S/O ODELA RAMCHANDER RAO so in future I should be recognized by my new name that is ODELA ARUN S/O ODELA RAMCHANDER RAO in all Government and other documents.

ODELA ARUN
HNO 503 MOURYA A BLOCK
SAMRAJYA RESIDENCY WRS
NEAR HOTEL PARADISE,
KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR
(C.G.) - 492008



NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VODELA RAMCHANDER RAO S/O ODELA ANANDA RAO resident of HNO 503 MOURYA A BLOCK SAMRAJYA RESIDENCY WRS NEAR HOTEL PARADISE, KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR (C.G.) - 492008 have changed my old name VODELA RAMCHANDER RAO S/O ODELA ANANDA RAO so in future I should be recognized by my new name that is ODELA RAMCHANDER RAO S/O ODELA ANANDA RAO in all Government and other documents.

ODELA RAMCHANDER RAO
HNO 503 MOURYA A BLOCK
SAMRAJYA RESIDENCY WRS
NEAR HOTEL PARADISE,
KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR
(C.G.) - 492008



NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, VODELA MADHAVI W/O ODELA RAMCHANDER RAO resident of HNO 503 MOURYA A BLOCK SAMRAJYA RESIDENCY WRS NEAR HOTEL PARADISE, KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR (C.G.) - 492008 have changed my old name VODELA MADHAVI W/O ODELA RAMCHANDER RAO so in future I should be recognized by my new name that is ODELA MADHAVI W/O ODELA RAMCHANDER RAO in all Government and other documents.

ODELA MADHAVI
HNO 503 MOURYA A BLOCK
SAMRAJYA RESIDENCY WRS
NEAR HOTEL PARADISE,
KHAMTARAI-2 DIST, RAIPUR
(C.G.) - 492008



NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANIL KUMAR PARCHANI S/O ASAN DAS PARCHANI resident of H NO 436, WARD 22, STREET NO 1, ANUPAM NAGAR, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441 have changed my old name ANIL KUMAR PARCHANI S/O ASAN DAS PARCHANI so in future I should be recognized by my new name that is ANIL PARCHANI S/O ASAN DAS PARCHANI in all Government and other documents.

ANIL PARCHANI
H NO 436, WARD 22, STREET NO 1, ANUPAM NAGAR,
RAJNANDGAON, (C.G.) 491441



न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्र./202505102800059/अ-74/ वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स शिवोम क्वायर एंड सोलर इंडस्ट्रीज एल. एल. पी. कार्यालय रायपुर भागीदारी अभिमन्यु कुमार सिंह पिता शिवकुमार सिंह निवासी लखनऊ हाल मुकाम ग्राम सांकरा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के द्वारा स्वयं के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम सांकरा प.ह.न. 21 रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग स्थित ख.नं-128, रकबा 0.56 है. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र के साथ बी-1, शपथ पत्र, नोडयूज प्रमाण पत्र, चालान की कापी, एफ. आई.आर. की कापी इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 18.06.2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 30.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 30.05.2025
पेशी दिनांक 18.06.2025

मुहर
नायब तहसीलदार
तहसील अहिवारा



न्यायालय नायब तहसीलदार साजा
जिला बेमेतरा (छ. ग.)

ईश्तहार

क्र /93/प्र.1/ना .तह /2025,
साजा दिनाक 20/5/25
जन्म प्रमाण पत्र /ब -121 सन 2025,

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बैसाखूराम पिता स्व. खेदूराम जाति लोधी निवासी ग्राम खपरी लोधी पटवारी हल्का नंबर 08 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने पिता स्व. श्री खेदूराम की मृत्यु दिनांक 05/03/1982 को ग्राम खपरी लोधी पटवारी हल्का नंबर 08 तहसील सा जा जिला बेमेतरा में होने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 9/6/2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ती आवेदन पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 20/ 5/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनाक : 20/05/2025,
पेशी दिनाक : 09/06/2025

सील
कार्यपालिक दंडाधिकारी
साजा, जिला बेमेतरा, ( छ. ग. )



न्यायालय नायब तहसीलदार साजा
जिला बेमेतरा (छ. ग.)

ईश्तहार

क्र /119 प्र. 1/ना .तह /2025,
साजा दिनांक 26/5/25,
जन्म प्रमाण पत्र ब /121 सन 2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैतूराम पिता भूलऊ राम जाति तेली निवासी ग्राम घोटवानी पटवारी हल्का नंबर 4 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने माता जानाबाई की मृत्यु दिनांक 20.8.2008 को ग्राम घोटवानी पटवारी हल्का नंबर 04 तहसील साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ में होने के कारण पंजीयन कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत न्यायालय में किया गया है आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर जन्म /मृत्यु ग्राम पंचायत घोटवानी द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, बैंक का चालान, शपथ पत्र, ग्राम पंचायत के सरपंच का हस्ताक्षरित पंचनामा प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का उजर अथवा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/ 6/.25 तक स्वंम अथवा विधि मांन्य अभीकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 26/05/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वंम के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 26/05/2025,
पेशी दिनांक-12/06/2025,

सील
कार्यपालीक दंडाधिकारी
साजा जिला बेमेतरा ( छ.ग. )



न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र. क्रमांक / 202505115600074/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 24/05/2025
ग्राम डंगनिया, प.ह.नं.- 58,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण (1) सरिता यादव (2) मीना यादव (3) पूर्णिमा यादव (4) सुरेश कुमार यादव पिसरान स्व. झाडूराम निवासी सांई मंदिर के पास डंगनिया तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदकगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58, रा.नि.मं. रायपुर-13, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 170/4 रकबा 0.0200 हे. भूमि धारित की जाती है। यह कि उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदकगण का नाम ना.बा. के रूप में दर्ज है जबकि वर्तमान में आवेदकगण बालिग हो चुका है। अत: आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेखों में बालिग रूप में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 16/06/2025 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/06/2025 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
रायपुर ( छ.ग. )



आम सूचना

मेरे पक्षकर श्री मोहम्मद मुजीबुर रहमान पिता अब्दुल हमीद निवासी कालीमाता वार्ड बजरंग दल ऑफिस के पास पण्डरी तराई रायपुर तह. रायपुर छ.ग. द्वारा अधिकृत व निर्देशित किये जाने पर यह आम सूचना प्रेषित करता हूं कि:-

विक्रता गुलाम हैदर पिता शेख मूंसर निवासी 26/232 रेशमा किराना स्टोर्स के बाजू नई बस्ती राजातालाब रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि व मकान जो कि वाके मौजा पण्डरी तराई भूमि का खसरा नं. 372/2 रकबा 400 वर्गफुट भूमि प.ह.नं. 00047 वार्ड क्र. 34 गुरुगोंविद वार्ड ताज नगर रायपुर छ.ग. मे स्थित है जिसे हमारे पक्षकार द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता प्राप्त कर चुका है। जिसका पंजीयन माह मई वर्ष 2025 को विक्रेता द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जाना था। किंतु विक्रता द्वारा पंजीयन करने मे हिला हवाल कर टाल मटोल किया जा रहा है जबकि मेरे पक्षकार का विक्रय इकरारनामा प्रभावशील है इसके बावजूद विक्रता द्वारा अवैधानिक रूप से मेरे पक्षकार की विक्रय इकरारशुदा संपत्ति को अन्य को विक्रय अंतरण करने गुपचुप प्रयास किया जा रहा है।

मेरे पक्षकार के इकरारशुदा संपत्ति पर यदि किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक या साहूकार द्वारा किसी तरह का कोई भी विक्रय अंतरण या बंधक ऋण आदि का संव्यवहार किया जाता है तो वह वैधानिक रूप से प्रांरभ से शून्य व अवैध होगा। उपरोक्त संपत्ति पर किसी भी तरह का कोई विक्रय अंतरण आदि किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

अत:सूचना जाने व नोट्स पर अमल करें।

दिनांक-21/05/2015
स्थान-रायपुर ( छ.ग. )

भवदीय
एम. जेड, खान, फैजान अखतर
अधिवक्ता रायपुर ( छ.ग. )

# बुद्ध महोत्सव में शामिल हुए सीएम, पूर्व सीएम सहित अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधि

## बौद्ध भिक्षु सहित उमड़े हजारों श्रद्धालुजन



**कोण्डागांव,** 1 जून (देषबन्धु)। जिले के तहसील फरसगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम भोंगापाल में आयोजित बुद्ध महोत्सव में सीएम, पूर्व सीएम सहित अन्य मंत्री व जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बौद्ध भिक्षुओं एवं हजारों श्रद्धालुजनों के षामिल होने से बुद्ध महोत्सव का यह आयोजन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ।

विकास खण्ड फरसगांव के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के ग्राम भोंगापाल में रविवार एक जून को आयोजित बुद्ध महोत्सव सह लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सीएम सह विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी सहित राज्य एवं स्थानीय स्तर के अन्य तमाम जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

कार्यक्रम में समस्त जनों की मौजुदगी में मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय ने कोण्डागांव जिलेवासियों के विकास के लिए 94 करोड़ रूपए से अधिक राशि की लागत से होने वाले 51 विकास कार्यों के लोकार्पण, भूमि पूजन व षिलान्यास किया। 51 विकास कार्यों में 28 करोड़ 51 लाख रूपए से अधिक के 28 लोकार्पण कार्य तथा 65 करोड़ 66 लाख रूपए से अधिक के 23 भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

मुख्य मंत्री द्वारा भोंगापाल में बुद्ध शांति पार्क के शुभारंभ के साथ ही धनसुली में 76 लाख 44 हजार रूपए, नालाझर 94 लाख 87 हजार रूपए, अमरावती में 1 करोड़ 11 लाख 55 हजार रूपए, गारावंडी 1 करोड़ 80 लाख 58 हजार रूपए, सिरसीकलार 1 करोड़ 26 लाख 61 हजार रूपए, पिटेचुंआ 1 करोड़ 55 लाख 19 हजार रूपए तथा कलेपाल में 21 लाख 26 हजार रूपए की लागत से निर्मित जल जीवन मिशन के कार्यों का लोकार्पण किया।

मुख्य मंत्री का किया आत्मीय स्वागत भोंगापाल हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्य मंत्री विष्णु देव साय का भोंगापाल हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय रविवार 1 जून को कोंडागांव जिले के ग्राम भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव एवं लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुँचे।

इस अवसर हेलीपैड में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। यहाँ केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्य मंत्री श्री साय का आत्मीय स्वागत किया।

मुख्य मंत्री व विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने किया पूजा-अर्चना भगवान गौतम बुद्ध काकिया कामना, प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली का मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने भगवान गौतम बुद्ध की पूजा-अर्चना करके प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया।

मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय और विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने रविवार को बुद्ध जयंती के अवसर पर कोंडागांव जिले के भोंगापाल में भगवान गौतम बुद्ध की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान बोधगया से पधारे बौद्ध साधु वृन्द भंते अश्वजीत महाथेरा, भंते ज्ञानवंश थेरो, भंते शीलवंश थेरो, भंते प्रमोद एवं भंते डीन वियतनाम द्वारा बुद्धम शरणम गछम मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना करवाया गया। ज्ञात हो कि भोंगापाल में 6 वीं शताब्दी का प्राचीन बुद्ध प्रतिमा इस क्षेत्र दर्शनीय स्थल है। इस मौके पर विधायक केशकाल नीलकंठ टीकाम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी मौजूद थे।

# संविधान बचाओ रैली में दिग्गज कांग्रेस नेता हुए शामिल

- केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर पूंजीवादी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रही हैः विजय जांगिड
- विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी सीबीआई को लगा रखा हैःडा. डहरिया




**बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। देश में संविधान खतरे में है, पिछले एक दशक से संविधान के प्रत्येक ढांचे को कमजोर कर देश के लोगों के अधिकारों को छीना जा रहा है। केंद्र सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर पूंजीवादी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रही है जिसे रोका जाना आवश्यक है। उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एआइसीसी सचिव, छत्तीसगढ़ सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने कही। श्री जांगिड़ ने संबोधन में कहा कि देश के नेता राहुल गांधी के आह्वान पर पूरे देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में बलौदाबाजार में उक्त आयोजन किया जा रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित संविधान बचाओ रैली अम्बेडकर चौक से गार्डन चौक तक पदयात्रा कर राजीव भवन में सभा का आयोजन किया गया। उक्त अवसर उपस्थित जनसमुदाय को पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को लोकतांत्रिक संवैधानिक व्यवस्था से कोई मतलब नहीं है, विपक्ष की आवाज दबाने के लिए ईडी सीबीआई को लगा रखा है। विपक्षी राज्य सरकारों को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है, देश के उपक्रमों को उद्योगपति अडानी अंबानी को बेचकर लोगों को अधिकारों से वंचित करने का प्रयास कर रही है। रोजगार के अवसर खत्म कर रही हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों का आरक्षण खत्म कर संविधान निर्मित व्यवस्था को खत्म कर रही है। संविधान को बचाने हेतु राहुल गांधी पूरे देश में घूम कर अपील कर रहे हैं कि भारत को बचाना है संविधान को बचाना है इसलिए सभी कांग्रेसजनो से अपील है कि राहुल गांधी के महाअभियान को सफल बनाए संविधान बचाए। जिलाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था बचाए रखने, संविधान को बचाए रखने के लिए केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करे जिससे लोगों के अधिकारों को बचाया जा सके।

उक्त अवसर पर उपस्थित प्रमुख नेताओं में विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक भाटापारा इंद्र साव, पूर्व प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कोको पाढ़ी, रवि परसराम भारद्वाज, नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, सुनील महेश्वरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल ब्लॉक अध्यक्षगण विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, अमर मांडवी, दयाराम वर्मा, गुरुदयाल यादव, अरुण यदु, डॉ के के नायक, भुनेश्वर वर्मा, सुनील कुर्रे, युधिष्ठिर नायक सहित प्रमुख कांग्रेस जनो मे सुशील शर्मा, तुलसी वर्मा, मोतीराम वर्मा, सुरेन्द्र जायसवाल, अभिनव यदु, राजकुमार शर्मा राजा तिवारी, लखेश साहू, योगेश बंजारे, रोहित साहू, अमित शर्मा, शैली भाटिया खिलेंद्र वर्मा, बसंत आडिल, राम खिलावन शर्मा, अमृत साहू, प्रभाकर मिश्रा, समीर अग्रवाल, रोशन हबलानी, नानू सोनी अयाज अहमद फारूकी, हेमंत पल्लवी दुबे, गणेश शंकर साहू, आर्यन शुक्ला, सतीश पाण्डेय, दीपक साहू, मानस पाण्डेय, दिवाकर मिश्रा, दिलीप सोनी, विवेक यदु, पिंटू वर्मा, पदमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, सुनीता यादव, प्रमिला साहू, झड़ी राम कन्नौजे, कमल ठाकुर, लक्ष्मी साहू, डॉ विशेषर वर्मा, ललिता यादव, थानेश्वर कन्नौजे, अश्वनी वर्मा, रामाधार पैकरा, रमेश धृतलहरे, अजय ठाकुर, सुंदर साहू, विमल अजय, प्रवीण सेन, अजय भारती, जितेन्द्र नवरत्न, विमल साहू, शेखर गुप्ता, सलमान शेख, अभिषेक पटेल, वैभव केसरवानी, ईश्वर ठाकुर, गायत्री केवर्त, प्रेमशिला नायक, उमा अनंत प्रवीण धुरंधर, विशाल सिंह ध्रुव, गोविंद पत्रे सुभाष राव, डिगेश्वरी नामदेव, कालिंदी वर्मा, संतोष यादव, देवेंद्र बंजारे, त्रिलोक सलूजा, अर्जुन सेन, कृष्णा टंडन, आयूष भतपहरी, ग्रेवेंद्र साहू, हेमंत वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, दीनदयाल साहू, गोलू साहू, टॉपलाल वर्मा, दिव्यम त्रिपाठी, नागेश श्रीवास, जय नायक, जय सिंह ठाकुर, राहुल नेगी, सूरज वर्मा, जय बघमार, हर्ष सिन्हा, राजा वर्मा, रोशन वर्मा, लोकेश ध्रुव, गोपाल पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

# चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए साय



**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का अतीत गौरवशाली रहा है। समाज में छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे प्रतापी शासक हुए, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल जैसी महान विभूतियाँ हुईं, जिन्होंने देशी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज न केवल परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीक है, बल्कि यह समाज छत्तीसगढ़ के विकास का आधार स्तंभ भी है। छत्तीसगढ़ को नई दिशा और विकसित राज्य बनाने में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री साय आज दुर्ग जिले के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा तथा विधायक अजय चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव एवं ललित चन्द्राकर विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के अधिकांश लोग मूल रूप से किसान हैं और व्यापक स्तर पर कृषि कार्य से जुड़े हैं। प्रदेश सरकार किसान भाइयों के चेहरों पर हमेशा खुशी देखना चाहती है। सरकार लगातार किसान भाइयों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। इस समय 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में 29 मई से 12 जून 2025 तक चल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे जोड़ना और नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा सफल कृषि मॉडलों की जानकारी देना है। कृषि वैज्ञानिकों के 100 समूह छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में किसानों से संवाद कर रहे हैं। ये वैज्ञानिक किसानों को ऑर्गेनिक खेती, खाद और 'सॉयल हेल्थ कार्ड' के सही उपयोग के बारे में जागरूक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ का हर किसान तकनीकी रूप से सक्षम हो और उनकी आय में वृद्धि हो।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में खेती-किसानी तभी मजबूत होगी जब किसान भाइयों को उनकी उपज की सही कीमत मिलेगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विधानसभा चुनाव के समय गारंटी दी थी कि प्रदेश में सरकार बनने पर किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा। इसे पूरा करते हुए हमने किसानों के खातों में सरकार बनते ही राशि अंतरित की। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में किसानों से 3,100 रुपये प्रति चिंटल की दर से 21 चिंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की जा रही है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 149 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी का नया रिकॉर्ड बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी उपज की पूरी कीमत मिल रही है। धान खरीदी के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे प्रदेश में खेती के प्रति किसानों का रुझान बढ़ रहा है। प्रदेश में सिंचाई के संसाधनों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए गरीब परिवारों को दो-दो दुधारू पशु दिए जाएंगे, जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपी गई है। किसानों को दूध बेचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए दुग्ध एकत्र करने के लिए भी व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में मिलेट्स (कोदो, कुटकी और रागी) की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोसेसिंग संयंत्र की स्थापना की जा रही है। यह अनाज पहले गरीबों का भोजन माना जाता था, लेकिन अब यह पोषणयुक्त होने के कारण उच्च वर्ग में भी लोकप्रिय हो रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकांश कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन और समाज को बेहतर बनाने का जरिया है। प्रदेश में आईआईटी, आईआईआईटी, लॉ यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थान स्थापित किए गए हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उन्हें समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कुर्मी समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज उन्नत कृषक और व्यापारी समाज है, जो छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह समाज न केवल खेती और व्यापार में अग्रणी है, बल्कि शिक्षित और संगठित भी है। उन्होंने आग्रह किया कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में सभी सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज मजबूत होता है तो उससे पूरा राष्ट्र मजबूत होता है। शिक्षा, सेवा और जागरूकता से ही समाज और राष्ट्र का सशक्त निर्माण संभव है।

कार्यक्रम को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अजय चन्द्राकर, ललित चन्द्राकर और बीज विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर ने भी संबोधित किया। चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद चन्द्राकर ने स्वागत उद्बोधन में केन्द्रीय महाधिवेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# किसान नेता योगेश तिवारी ने केन्द्रीय मंत्री मंडाविया से की मुलाकात

## जन्मदिन की दी बधाई



**बेमेतरा,** 1 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा के भाजपा किसान नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्व हिन्दू सनातन संगठन योगेश तिवारी ने आज दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मंडाविया से उनके निजी निवास पर सौजन्य भेंट की।

इस विशेष अवसर पर योगेश तिवारी ने मंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं उन्होंने मंत्रीजी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जनसेवा में सतत सफलता की कामना की। इस मुलाकात के दौरान श्री तिवारी ने छत्तीसगढ़ विशेषकर बेमेतरा जिले की विकास योजनाओं एवं किसान हितों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं भी कीं, और मंत्रीजी को जल्द ही छत्तीसगढ़ आने का विनम्र आमंत्रण भी दिया।

योगेश तिवारी की यह सौजन्य भेंट ना केवल आत्मीयता का प्रतीक थी, बल्कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और किसान वर्ग की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास भी। इस अवसर पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक भी उपस्थित रहे।

# गांजा के साथ 1 अन्तर्राज्जीय तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा द्गठुस्न ह्लश द्गठुस्न एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन ,सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्यवाही, स्त्रोत के बारे मे विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। कि थाना कोमाखान क्षेत्र में 1 जून को टेमरी नाका में चेकिंग दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदिग्ध वाहन स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक स्क्क 13 ञ्ज 3964 को रोकने का प्रयास किया गया किंतु कार सवार के द्वारा स्टॉपर को ठोकर मारकर भागने लगा जिसका पीछा कर कोमाखान चौखड़ी के पास रोका गया, कार में सवार अज्ञात व्यक्ति कार से उतर कर जंगल की तरफ भागने लगा जिसे टीम के द्वारा दौड़कर पकड़ा गया ।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम प्रवीण कुमार कुशवाहा पिता रामसुशील कुशवाहा आयु 24 वर्ष निवासी सिंगरौली (मध्य प्रदेश) बताया एवं अ उड़ीसा के बालिगुंडा से अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदकर बिक्री हेतु मध्यप्रदेश ले कर जाना बताया। संदेही की निशानदेही पर कार की डिक्की से दो प्लास्टिक बोरियों में भरा कुल 26 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 3,90,000 रूपये एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार कीमती लगभग 600000 रूपये कुल जुमला कीमती 9,90,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द थाना कोमाखान में अपराध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यवाहीएंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम एवं महासमुन्द पुलिस की टीम के द्वारा की गई।



- एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम एवं थाना कोमाखान पुलिस संयुक्त कार्यवाही

# तीरंदाजी और हॉकी के लिए 8 खिलाड़ियों का चयन



**महासमुंद** 01 जून (देशबंधु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया गया था जिसका अंतिम मेरिट सूची जारी किया गया है। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन किया था। जिसमें तीरंदाजी खेल में बालक वर्ग में मनीष सिदार पिता सेत कुमार सिदार, टोपू ध्रुव पिता ओंकेश ध्रुव, प्रियांशु साहू पिता राकेश साहू व अमर सवर पिता प्रांती सवर एवं बालिका वर्ग में जया पहाटिया पिता फूलदास पहाटिया व तृषा प्रजापति पिता हीरामनी प्रजापति का चयन हुआ है। हॉकी खेल में बालक वर्ग में बेमचा से डोगेश निषाद जवाहर लाल निषाद एवं कुणाल कुलदीप पिता रूपेश कुलदीप का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा नि:शुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्रीए, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा। चयनित खिलड़ियों को मूल दस्तावेज, संलग्न प्रपत्र सहित 9 जून को स्व. बी आर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में 11 बजे तक उपस्थित होने कहा गया है। खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ सेवन दास मानिकपुरी, डॉ सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू आदि ने शुभकामनाएं दीं।

# चोरों का 'ट्रिपल अटैक'

- एक ही रात में तीन घर साफ, मुखौटा गैंग के बाद अब 'सीक्रेट वेकेशन वॉचर्स'
- खाली घरों पर चोरों की पैनी नजर




**बिलासपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। न्यायधानी में चोर अब सिर्फ चोर नहीं रहे, जनाब! अब ये 'स्मार्ट चोर' बन चुके हैं ङ्क टाइमिंग पर पूरा होमवर्क, सीसीटीवी कैमरों की जानकारी और खाली मकानों पर शत-प्रतिशत फोकस। पुलिस भले ही इन चोरों को 'अज्ञात' कह रही हो, लेकिन ये तो बड़े 'ज्ञानी' निकले ङ्क निखिलेश जी की छुट्टी प्लानिंग तक इन्हें पता थी! लगता है अब चोर भी गूगल कैलेंडर और फ्लाइट शेड्यूल देखकर ही चोरी पर निकलते हैं.

ताजा मामला तोरवा थाना क्षेत्र के देवरीखुर्द का है, जहां रेलवे कर्मचारी निखिलेश कुमार के घर को चोरों ने तब निशाना बनाया, जब वह 22 मई को परिवार समेत आंध्र प्रदेश गए हुए थे। लौटे तो देखा घर का दरवाज़ा टूटा, अलमारी खाली और चोर जेवरात व नकदी समेट कर नौ-दो-ग्यारह! सीसीटीवी में नकाबपोश चोर साफ नजर आ रहे हैं शायद अब चोर भी कैमरा फ्रेंडली हो गए हैं.

यही नहीं, उसी रात आसपास के दो और घरों में भी चोरी की वारदात सामने आई। कुल मिलाकर चार लाख से ज्यादा की संपत्ति चोर ले उड़े। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन चोर तो फुटेज छोड़ फुल मूवी शूट कर भाग निकले। मुखौटा गैंग के बाद अब ये 'मकान मॉनिटरिंग माफिया' बिलासपुर में नया ट्रेंड सेट कर रहे हैं ङ्क बस घर खाली देखो और तुरंत ऑपरेशन चोरी शुरू कर दो.

देशबन्धु पाठकों के लिए
माह मई 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4.00 | = 124.00 |
| कुल 31 दिन | | 124.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 जून 2025 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 02.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 510 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

लड़का- पापा मेरी कोई गर्लफ्रेंड नहीं बन रही है मैं क्या करूं।
पापा- लम्बी सांस खींचते हुए बोले- बेटा, ये सुख हमारे खानदान में लिखा ही नहीं है।

संपादकीय

## करेंट से होती मौतें

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खेतों और बाड़ियों को मवेशियों और वन्य प्राणियों से बचाने के लिये बाड़ में बिजली का करेंट लगाया जाता है जो इंसानों के लिये भी खतरा बन जाता है। इससे अक्सर घरवालों की ही अथवा किसी बाहरी व्यक्ति की मौतों की खबरें सामने आती रहती हैं। इससे बचा जाना चाहिये।

अंबिकापुर के लखनपुर थाना के तहत लोसगी पंडरीपानी ग्राम में रघुनाथ मांझी ने वहां के चूल्हट नाले के पानी से दूसरी फसल ले रखी है। उसे मवेशियों से बचाने के लिये उसने खेत के चारों ओर तारें फैलाकर बिजली का करेंट फैला रखा था। शुक्रवार की शाम उधर से गुजर रहे विष्णु मांझी और नीरसाय यादव उसकी चपेट में आ गये जिनकी वहीं मृत्यु हो गयी। घटना के बाद रघुनाथ फरार हो गया है। यह सार्वजनिक विद्युत व्यवस्था का दुरुपयोग भी है।

राज्य में इस प्रकार से बिजली के करेंट से कई मौतें हुई हैं। कुछ की मवेशियों को फसलों से दूर रखने हेतु बिछायी गयी तारों के सम्पर्क में आने से हुई हैं तो कुछ की लापरवाही के कारण। शहर हो या देहात, सभी जगह इस प्रकार करेंट फैलाने से बचना चाहिये और लोगों को भी सावधान रहना चाहिये। उन्हें भी चेत जाना चाहिये जो बिना यह सोचे कि इसकी चपेट में इंसान भी आ सकता है, ऐसी तारें बिछाते हैं। कई लोग तो अपने घरों या खेतों में बिजली से चलने वाले उपकरणों से भी बिजली का झटका खाकर मारे जाते हैं। 23 मई को बिलासपुर के बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव में बड़ी मां के घर गर्मी की छुट्टियां मनाने आये गीतू व राजू जायसवाल (क्रमशः 14 व 13 साल) कूलर के करेंट से मारे गये।

इसी साल की मार्च की शुरुआत में रायगढ़ में सीताराम सिदार नामक एक किसान अपने खेतों का काम कर रहा था तभी वह पम्प की खुली तार के सम्पर्क में आ गया। झटके से वह तुरन्त बेहोश होकर गिर गया। उसे देखकर मदद के लिये आये सुभाष निषाद को भी करेंट लगा। दोनों को ढूंढ़ते आये परिजन उन्हें अस्पताल ले गये परन्तु दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। पिछले वर्ष अंबिकापुर जिले में दरिमा पुलिस थाने के अंतर्गत करम्हा जंगल में शिवनारायण गोंड नामक युवक करेंट की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। इंद्रकुमार मरकाम नामक व्यक्ति ने जंगली जानवरों को पकड़ने के लिये 11 केवी तार के खंभे से हुकिंग कर करेंट फैलाया था। उसे गिरफ्तार किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एक युवक शिकारियों द्वारा बिछाये गये तार के सम्पर्क में आ गया जो जानवरों को पकड़ने के लिये बिछाया गया था। घटना के बाद तार बिछाने वालों ने लाश को 15 किलोमीटर दूर ले जाकर जला दिया। वे भी गिरफ्तार हो गये। तार लगाना गैरकानूनी तो है ही, जानलेवा भी है।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का भव्य समापन



**फ़ाइनल मुक़ाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमख़म**

**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। शहर के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में रविवार रात विगत तीन दिनों से चल रहे जिला स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन संपन्न हुआ। इस दौरान प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम स्थित इनडोर बैडमिंटन हॉल में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता- उप विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफ़ी, सर्टिफिकेट और इनामी राशि प्रदान किया। इससे पहले चैंपियनशिप के तीसरे दिन दोपहर से ही प्रतियोगिता के सभी वर्गों के फ़ाइनल मुक़ाबले खेले गये। मेन्स ओपन सिंगल्स का फ़ाइनल मुक़ाबला सलमान रज़ा एवं राज प्रधान के बीच खेला गया, जबकि इसी वर्ग के डबल्स मुक़ाबले में सलमान रज़ा एवं क्रिस क्रिस्टोफ़र की जोड़ी का सामना वैभव गोयल एवं राज प्रधान से हुआ। वुमेन्स ओपन सिंगल्स का मुक़ाबला साव्या गुप्ता और अन्वी तेन्नेटी के मध्य खेला गया जिसमें अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते साव्या गुप्ता ने ख़िताब पर क़ब्ज़ा जमाया। अंडर 13 का फ़ाइनल आरव लाहोटी और यथार्थ देवांगन के बीच खेला गया जिसमें आरव लाहोटी ने बाज़ी मारी। अंडर 19 में प्रखर साहू ने यथार्थ देवांगन को मात देते फ़ाइनल जीता। 35 प्लस का फ़ाइनल मुक़ाबला नितेश महंत एवं त्रिलोक बाफना और निशांत मटलानी एवं युवराज देव की जोड़ी के बीच खेला गया। 40 प्लस में सुनील तिर्थानी एवं सुरेंद्र साहू की जोड़ी का मुक़ाबला नितेश महंत एवं त्रिलोक बाफना की जोड़ी से हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, सचिव राजेश त्रिपाठी, रविंद्र ठाकुर, सुनील खेडुलकर, कैलाश चौहान, ऋषि हेमाणी, समीर सेन, सुब्बाराव, शैलेंद्र भदोरिया, नितेश महंत, हितेश तिवारी, मधुसूदन टाह, लोकेश पांडे शशांक शेंडे, विनय सिंदे, राजेश राव आदि खिलाड़ियों की विशेष भूमिका रही।

# 7 मांगों को लेकर राशन विक्रेता कल्याण संघ का तीन दिवसीय आंदोलन



**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। राशन विक्रेता कल्याण संघ के द्वारा अपने साथ मांगों को लेकर आंदोलन रविवार को शुरू कर दिया है। आंदोलनकारी स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में धरना पर बैठे हुए हैं। संघ के पदाधिकारी ने कहा कि एक जून से तीन दिवसीय आंदोलन कर रहे हैं। इसके बावजूद यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। राशन विक्रेता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेश सेठिया ने मांगों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि उचित मूल्य राशन दुकान संचालकों को राज्य शासन, केन्द्र शासन के बराबर कमीशन दे। लंबित बारदाना की राशि 2018 से 2024 तक की दिलाई जाये। ई पॉश का 21 रुपए कमीशन विकेताओं को दिया जाये। ई पॉश का सर्वर व वर्जन बदला जाये। खाद्यान्न की कटौती का एम 2+ पद्धति बंद किया जावे। 5 प्रतिशत खाद्यान्न सुखाङ्कझाड़त दिया जावे और कमिशन की राशि का भुगतान हर माह किया जावे।

संघ के पदाधिकारी ने बताया कि हमारी ये मांगे सालों से लंबित है जिसकी सुनवाई शासन प्रशासन के द्वारा नहीं होने के कारण हमें हड़ताल करने पर विवश होना पड़ रहा है। सांकेतिक रूप से तीन दिवसीय आंदोलन कर रहे हैं। इसके बावजूद यदि हमारी मांग पूर्ण नहीं होगी तब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेगें। काफी संख्या में राशन विक्रेता कल्याण संघ के सदस्य गण उपस्थित थे।

# बस्तर शांति समिति द्वारा माओवाद पर आधारित वैचारिक संवाद

**माओवाद का विद्रुप चेहरा बिजिंग से बस्तर तक**

**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। बस्तर शांति समिति द्वारा माओवाद पर आधारित वैचारिक संवाद कार्यक्रम 3 जून को सुबह 11.30 बजे से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल जगदलपुर में किया गया है। संवाद का विषय च्माओवाद का विद्रुप चेहरा, बिजिंग से बस्तर तकज्ज है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा है कि इसमें समाज के सभी वर्गों को भाग लेना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि नक्सली जिस चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को अपना आदर्श मानकर बस्तर में जल जंगल जमीन की बात करते हैं उसी चीन में 3-4 जून 1889 की रात तियानमन चौक पर लोकतंत्र की स्थापना की मांग कर रहे 10 हजार छात्रों को तोप से उड़ा दिया गया था। बस्तर में भी माओवादी नक्सली ऐसा ही कर रहे हैं।

# 13 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**सड़क दुर्घटना में कमी लाने लोगों को किया गया जागरूक**

**सुकमा,** 1 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चौहान के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का पालन करने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी शिव भगत रावटे और डीएसपी यातायात कृष्णकांत वाजपेई के नेतृत्व में शनिवार को एनएच 30 मुयारास रोड के पास वाहनों की सघन जाँच की गई।



जाँच के दौरान कुल 13 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गई एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग ना करने, शराब पीकर वाहन न चलाना, अवैध पार्किंग न करने, तेज रफ्तार वाहन न चलाने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही लाउड हेलर के माध्यम से यातायात नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। सुकमा पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सुकमा की जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना एवं असावधानियों से होने वाली दुर्घटनाओं मे कमी लाना है। वाहन चेकिंग के दौरान निरीक्षक अनुराग सोनवानी एवं यातायात पुलिस मौजूद रहे।

# सुकमा में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन

- प्रथम चरण 5 मई से 25 मई तथा द्वितीय चरण 26 मई से 1 जून तक संपन्न
- बच्चों के बैद्धिक क्षमता और रचनात्मक कौशल विकसित करने समर कैम्प आयोजित
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारतीय भाषाओं को लेकर विद्यार्थियों में जागरूकता लाने की अभिनव पहल



**सुकमा,** 1 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (हश्वक्क) 2020 के तहत छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में समर कैंप प्रथम चरण 5 मई 25 मई एवं द्वितीय चरण 26 मई से 1 जून तक कुल 27 दिवसीय विभिन्न कौशल प्रशिक्षण एवं भारतीय भाषा उत्सव आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंध संचालक राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में समर कैम्प आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं के महत्व को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों में भाषाई विविधता के प्रति रुचि और सम्मान जागृत करना था। ग्रीष्मकालीन समर कैंप के रूप में आयोजित इस उत्सव में प्रत्येक दिन विभिन्न विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें विभिन्न राज्यों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को अन्य भाषाओं और बोलियों की जानकारी देना, एफएलएन मिशन 2026-027, चित्रकारी, नदियों, पहाडो, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण एवं महत्व, लोकनृत्य, कला, साहित्य, नाटक, कहानी, देशभक्तों की याद, रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती तथा भारतीय पुरातत्व से जुड़ी पहचान जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। समर कैंप भाषा उत्सव कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन हेतु विद्यालय परिवार सहित शाला प्रबंधन समितियों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, प्रबुद्धजनों, स्वयंसेवी संगठनों, नवयुवकों तथा आम नागरिकों का सक्रिय सहयोग रहा। शिक्षकों ने ग्रीष्मावकाश के दौरान भी समय देकर विद्यार्थियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। पूरे आयोजन में विकासखंड छिंदगढ़ के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। जिला मिशन समन्वयक उमाशंकर तिवारी ने बताया कि यह उत्सव न केवल भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में भी एक महत्वपूर्ण कदम रहा। जिले 750 विद्यालयों के 35,460 छात्र-छात्राएं समर कैम्प से लाभान्वित हुए। प्रत्येक दिवस के कार्यक्रम की जानकारी राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर, एस सी आर टी रायपुर एवं डाईट दंतेवाडा को उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम में श्रीनिवास राव बीईओ कोन्टा, सुखराम देवांगन बीईओ सुकमा सहित समस्त खंड स्त्रोत समन्वयक, प्राचार्य, संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक, छात्र एवं ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# गोद ग्राम डोगाम में जल संरक्षण पर वेटनरी पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली




**ग्रामीणों को बताया जल संरक्षण के उपाय एवं महत्व**

**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। विकास खंड-जगदलपुर के ग्राम पंचायत जाटम के गोद ग्राम डोगाम में जल संरक्षण पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। ग्रामीणों तथा किसानों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्धेश्य से वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर द्वारा अंगीकृत गोद ग्राम डोगाम में एक दिवसीय जल संरक्षण पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम अंतर्गत वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गांव के विभिन्न वार्डों में जाकर जल संरक्षण रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। डॉ. राजेश सुधाकर वाकचौरे, सहायक प्राध्यापक, वेटनरी पॉलिटेक्निक, जगदलपुर ने जल संरक्षण का महत्व समझाया जिसमे बारिश के पानी को इकट्ठा करें और इसे पौधों को पानी देने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आकस्मिक निरीक्षण में खनिज विभाग ने रेत का अवैध परिवहन करते चार वाहन मालिकों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज



**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। गौण खनिज का अवैध उत्खनन,परिवहन पर जिले में लगातार कार्रवाई जारी है। खनिज विभाग द्वारा 31 मई को रात्रि लगभग 8-9 बजे के बीच ग्राम तारापुर के ग्रामीणों द्वारा रेत का अवैध परिवहन के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर, खनि अधिकारी के नेतृत्व में खनिज दल ने मौके में पहूँचकर जांच किया। आकस्मिक निरीक्षण में रेत का अवैध परिवहन करते चार वाहन चालक मौके से फ़रार गए थे, रात भर खनिज दल द्वारा तारापुर, बनियागांव, टलनार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और फरार वाहन चालक को पकड़ कर 1 जून की सुबह एक हाइवा और तीन टिप्पर मालिकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहनों को पुलिस थाना नगरनार की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन सभी वाहनों को पकड़ने में ग्रामीणों ने पूरा सहयोग किया है। इसके अलावा 1 जून को सुबह 8ञ्30 बजे भसकली नदी ग्राम तारापुर (छत्तीसगढ़ सीमा में) रेत का अवैध उत्खनन के उद्देश्य से खड़े एक चैन माउंटेन मशीन को जप्त कर वाहन ऑपरेटर को सुपुर्दगी में देते हुए नोटिस दिया गया। खनिज जांच दल में खनि अधिकारी शिखर चेरपा, खनि निरीक्षक मिदुल गुहा, सिपाही डीकेश्वर खरे, सीताराम नेताम, विकास नायक, जलंधर बघेल, महादेव सेठिया, संतोष सहारा उपस्थित थे। खनि अधिकारी ने बताया कि रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए अवैध परिवहनकर्ताओं तथा उत्खननकर्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय नागपुर में आयोजित वार्षिक उत्सव में आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में होऊंगा शामिल : अरविंद नेताम



**आरएसएस के मंच पर रखेंगे आदिवासी हित की बातें**

**जगदलपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बस्तर के वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने रविवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय नागपुर में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है और इस आमंत्रण को उन्होंने स्वीकार भी किया है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर पिछले दिनों प्रकाशित समाचार के चलते मुझे इस बात की जानकारी देना आवश्यक हो गया है कि मेरे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के बीच क्या संबंध है। मेरा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से कोई संबंध नहीं है, मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में समाज के हितों को रखूंगा। क्योंकि देश में भारतीय जनता पार्टी का शासन है और शासन की नीति में किसी भी तरह का प्रभाव डालना है तो उसके पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वीकृति भी आवश्यक जान पड़ता है। उन्हें जो अवसर मिला है उसका सदुपयोग करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और आदिवासी समाज के बीच की दूरी को कम करने एवं सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनके विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंध रहे हैं, लेकिन जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भगवत रायपुर आए थे उस दौरान उनसे पहली बार मुलाकात हुई थी तब मैंने मोहन भागवत से कहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और आदिवासी समाज के बीच जो दूरी है उसे दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक के हिंदुत्व वादी विचारधारा में कुछ परिवर्तन करना होगा। उस दौरान आदिवासी समाज को लेकर रखे गए विचारों से प्रभावित होकर संभवतः उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो भारत की एक सांस्कृतिक और सामाजिक संगठन है उसके वार्षिक उत्सव में मुझे आमंत्रित किया गया है। उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के कार्यकाल में उदारीकरण नीति लाया गया था जिसके चलते आदिवासियों के हितों पर उदारीकरण का बुरा प्रभाव पढ़ने का अंदेशा था जिसके चलते पेशा कानून के तहत आदिवासी समाज अपने सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं और रूढ़ि को संरक्षित रख सके, इसके लिए पेसा कानून में नियम बनाए गए हैं लेकिन अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में संविधान के अधिकारों के तहत पेसा कानून के नियमों का पालन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर में औद्योगीकरण के कारण लोगों के विस्थापन की समस्या, धर्मांतरण की बढ़ती समस्या। आदिवासियों की आर्थिक स्थिति में लगातार हो रहा गिराव और जल जंगल जमीन के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उदारीकरण पाश्चात्य विचार है यह गांधी के देश में सफल नहीं हो सकता है। बस्तर के खदानों के आवंटन के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि पेसा कानून सही ढंग से लागू कर दिया जाए सारे समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

**विश्वविद्यालय प्राध्यापक चयन प्रक्रिया में नियमों का नहीं हुआ पालन, स्थानीय लोग हुए उपेक्षित : राजाराम तोड़ेम**


पत्रकार वार्ता में उपस्थित पूर्व विधायक एवं आदिवासी नेता राजाराम तोड़ेम ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों के चयन भीम के दौरान नियमों का पालन नहीं करने का आरोप कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव पर लगाते हुए कहा कि बस्तर के लोगों की उपेक्षा की गई निर्धारित अर्हता रखने के बावजूद उनका चयन नहीं हो सका वही प्रदेश के बाहर के लोगों का चयन किया गया, और शीघ्र ही उनकी नियुक्ति कर दी गई। चयन प्रक्रिया में हुए अनियमित को लेकर आंदोलन करने के बाद श्री तोड़ेम ने कही है। पत्रकार वार्ता के दौरान बस्तर जिला सर्व आदिवासी समाज के संभाग अध्यक्ष दशरथ कश्यप, कौशल नागवंशी और अरुण नेताम उपस्थित थे।

# सीटू ने मनाया स्थापना दिवस




भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। सीटू का 56 वा स्थापना दिवस मनाते हुए सुबह 8 बजे यूनियन कार्यालय में झंडा फहराया एवं शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया शाम को 6 बजे से 9 बजे तक सेक्टर 7 कूर्मी भवन में सांगठनिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकारिणी एवं आमंत्रित कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन पर मंथन करने के लिए सीटू द्वारा आयोजित कार्यशाला में 6 विषयों पर गहन मंथन किया गया जिसमें संगठन के अंदर समन्वय, सदस्यता, बैठके, कर्मियों के बीच संपर्क, ट्रेड यूनियन शिक्षा एवं सीटू के सामने चुनौतियों तथा उसका निदान प्रमुख था। इस सांगठनिक कार्यशाला में साथियों ने ना केवल कमजोरी को रेखांकित किया बल्कि उन कमजोरी को दुरुस्त करने के उपायों को भी सुझाया जो आने वाले दिनों में संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। 55 साल के सफर में सीटू ने जिन उद्देश्यों के लिए 30 मई 1970 में सीटू का गठन हुआ था उसमें हर मोर्चे पर खरा उतराने रा दावा किया है। सीटूने कहा कि सामाजिक व्यवस्था के लिए संघर्षरत है जिसमें शोषण नहीं होगा, हर हाथ को काम होगा एवं काम का वाजिब दाम होगा सीटू मजदूरों को संगठित करते हुए लगातार आगे बढ़ता रहा स इसीलिए आज सीटू संघर्ष का पर्याय बन चुका है। 2014 से आज तक संयंत्र में चार बार मान्यता चुनाव हुए जिसमें सीटू कभी भी वोट के लिए झूठ नहीं बोला एकता के रास्ते में चलते हुए सीटू ने कर्मियों के बीच मजबूत मुकाम हासिल किया है नारों से दूर ठोस बातों को कर्मियों के बीच रखने में सीटू मजबूती प्रदान करता है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। अलग-अलग स्थानों में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों मामले में घटना की विवेचान रकर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई-3 में सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी बीएसपी कर्मचारी रिचर्ड अतीत की इलाज के दौरान आज रविवार को मौत हो गई है। घायल होने के बाद उनका इलाज सेक्टर 9 हॉस्पिटल मे किया जा रहा था। उन्होंने रविवार सुबह आखिरी सांस ली। भिलाई 3 थाना की पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज शाम को ही नेहरूनगर मसीही कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि संयंत्र के वायर रॉड मिल ऑपरेशन के कर्मचारी रिचर्ड अतीत का 26 मई की दोपहर भिलाई 3 पदुमनगर के पास फोरलेन में पत्नी के साथ स्कूटी से जा रहे थ, तभी किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मारी थी। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। हेड इंज्युरी की वजह से खून का रिसाव हुआ था। समीप के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल रेफर किया गया था। शुक्रवार शाम को सेक्टर 9 हॉस्पिटल लाया गया। यहां उपचार चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। पदुमनगर भिलाई 3 स्थित आवास पर शव ले जाया जाएगा। वहां मसीही रीति.रिवाज से अंतिम प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद नेहरू नगर कब्रिस्तान के लिए शव यात्रा निकाली जाएगी। मृतक को एक पुत्र है। वह बैंग्लुरु में नौकरी करते हैं।

### कार की ठोकर से वृद्धा की मौत

**भिलाई।** सेक्टर-1 निवासी इफ्तिखार खान की माता की सड़क सड़क दुर्घटना में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 सड़क नं. एबेन्यु बी निवासी इतिख्तार की माता शुक्रवार सुबह पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन के समीप सेक्टर 1 से अपने घर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये है। गंभीर रुप से घायल 75 वर्षीय महिला को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। शव को मरच्यूरी में रखा गया था। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिये भेजा। आज रविवार को दोपहर 2 बजे रामनगर कब्रिस्तान में सुपुर्द.ए.खाक किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत मोहम्मद इफ्तिखार सेक्टर 1 के एवेन्यू.बी के आवास संख्या 22/3 में रहते हैं। पॉवर हाउस स्टेशन के सामने पार्क के समीप कार ने रौंद दिया। इफ्तिखार को इसकी घटना की जानकारी मिलते ही इफ्तिखार घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी हालत में मां को लेकर सेक्टर 9 हॉस्पिटल चले गए। कार के रौंदने की वजह से कमर की हड्डी में गहरी चोट लगी। गोरखपुर के मूल निवासी इफ्तिखार की बहन समेत अन्य रिश्तेदारों के पहुंचने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### उत्तरा खंड में भिलाई निवासी की मौत

**भिलाईनगर।** उत्तरा खंड में शुक्रवार शाम रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड हाईवे पर चारपहिया वाहन पर अचानक पहाड़ी से बड़ा पत्थर (चट्टान का टुकड़ा) गिरने से भिलाई के रुआबांधा निवासी 24 वर्षीय युवक शैलेष यादव की मौत हो गई है। बताया गया कि शुक्रवार को देर शाम को स्थानीय चालक राजेश रावत 38 वर्ष पांच यात्रियों को वाहन से जा रहे थे। तभी अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर कार से ठकरा गया जिससे कार में सवार रुआबांधा रिसाली निवासी शैलेश कुमार यादव व उनके साथी लक्ष्मण सिंह 24 वर्ष, ओंकार सिंह राजपूत 24 वर्ष, दीपेश यादव 19 वर्ष एवं चित्रांश साहू घायल हो गए। शैलेष यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। उनकी ईलाज को दौरान मौत है गई। इसकी खबर उसके पिता मोहन यादव व माता मालती देवी को वीति देर रात ही मिल गई।

### चोरी का माल जप्त

**भिलाईनगर।** जामुल पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रितेश रायका निवासी नेहरू नगर द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया की उनकी लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई रंजना इण्डस्ट्रीज है। फैक्ट्री में रखे पीन आयरन, प्लेट की कटींग लोह 29 मई की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री के आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरो को खंगाला गया। हुलिया के आधार पर फैक्ट्री के गार्ड रईस खान से पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई सम्पत्ति को भागवत चन्द्राकर के पास बिक्री करना बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की सम्पत्ति को जप्त किया गया है।इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, उनि सौमित्री भोई, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

# विश्व साइकिल दिवस पर जिले में साइकिल रैली का आयोजन

**बेमेतरा**, 1 जून (देशबन्धु)। विश्व साइकिल दिवस (03 जून) के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार तथा चफिट इंडिया मूवमेंटज् को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 02 जून 2025 को बेमेतरा में एक साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रात: 07ः00 बजे जय स्तम्भ चौक से प्रारंभ होकर नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये पुन: जय स्तम्भ चौक पर समाप्त होगी। रैली का आयोजन खेलो इंडिया सेंटर (मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र), बेमेतरा द्वारा किया जा रहा है। इसमें जिले के युवा, खेलप्रेमी नागरिक एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपनी दैनिक जीवनशैली में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने हेतु प्रेरित करना है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमित व्यायाम, जैसे साइकिल चलाना, न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखता है। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा आम नागरिकों से इस रैली में भाग लेने की अपील की गई है ताकि जिले में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सके।

# अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन में मनाया गया



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ के निर्णय अनुसार आज अहिल्याबाई होलकर के जन्म दिवस को पूरे भारतवर्ष में भारतीय मजदूर संघ द्वारा महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस कार्यालय सेक्टर 6 में अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन महिला दिवस मनाया गया। जिसमें भिलाई इस्पात मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं के साथ ही निगम भिलाई से अध्यक्ष महंती निर्माणी के दुर्ग जिला अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी यूनियन कार्यालय में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि यह बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि आज देवी अहिल्याबाई होलकर के जन्मदिन को पूरा भारतवर्ष महिला दिवस के रूप में मना रहा है यह मातृशक्ति के प्रति हम सब के समर्पण, असीम श्रद्धा व मातृशक्ति नमो नम: भाव को दर्शाता। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री एवं यूनियन के अध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय ने कहा कि जब भी हम मां शब्द का उच्चारण करते हैं तो निश्चित रूप से वह शब्द ध्वनि के माध्यम से निकलता है लेकिन वह हृदय को स्पर्श करता हुआ मस्तिष्क को झकझोरता हुआ एक सर्वशक्तिमान संरक्षक का भाव मन में लाता हुआ उस शब्द का उच्चारण होता है। महारानी अहिल्याबाई ने कार्यकाल में कई धार्मिक स्थलों मंदिरों घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। दिनेश पांडेय ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन सदा महिलाओं के सर्वांगीण उत्थान उनके शिक्षा, उनके स्वास्थ्य, उनके आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में लगातार सफ्लता पूर्वक कार्य किया । संगोष्ठि कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, विनोद उपाध्याय, शारदा गुप्ता, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप पाल, जोगिंदर कुमार, भूपेन्द्र बंजार, गौरव कुमार, सचिव ए वेंकट रमैया, पूरन लाल साहू, अखिलेश उपाध्याय, संजय कुमार साकुरे, नागराजू, सुबोधित सरदार, दीनानाथ जैसवार, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, अनिल शुक्ला, जगन्नाथ नाले, बिबाष सिन्हा, राजेश बघेल, विवेक सिंह, जनकराम ध्रुव, रजनीश सिंह, मनीष गुप्ता, राहुल राज, प्रशांत क्षीर सागर, अनिल बिसेन, सुबोध देशपांडे सहित अन्य लोग शामिल थे ।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई




**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से मई माह में कुल 124 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 21 कार्यपालक व 103 गैर कार्यपालक शामिल हैं। मई 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक ए.के. जोशी को कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, ए.के. चक्रवर्ती, प्रवीण निगम पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. रवींद्रनाथ एम.ए ने ए.के. जोशी को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण.पत्र सौंपे। संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय, संदीप माथुर और उप महाप्रबंधक, राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# एसोसिएशन ने किया श्रमवीरों का सम्मान



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एस.सी,एस.टी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एससी, एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग तथा इस्पात गलन शाला 2 के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्रमवीरों के मई 2025 में रिटायरमेंट होने के अवसर पर सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कोमल प्रसाद ने कहा कि आज हमारे एसोसिएशन के प्रति रूझान आप लोगों की अथक मेहनत से संभव हुआ है। आप लोगों ने हमारे कर्मचारी एवं अधिकारी को एसोसिएशन से जोडने एवं एसोसिएशन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को हरेक कर्मचारी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बड़ी संख्या में एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की जा रही हैं। हमारा एसोसिएशन अपने एस.सी, एस.टी एम्पलाईज को जिन लोगों ने अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण 60 साल संयंत्र की सेवा करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे हैं। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि हमारा एसोसिएशन का उद्देश्य कर्मचारी एवं अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा करना है यह तभी संभव होगा जब एस सी, एस टी के सभी कर्मचारी व अधिकारी एसोसिएशन के सदस्य बने। यह हम सबकी जिम्मेदारी है की हम अपने कर्मचारी को एसोसिएशन का सदस्य बनाने का प्रयास करें। कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के श्रमवीरों मंगलूराम, इजीनियरिंग एसोसिएटए देवलाल टडेल, जूनियर इंजीनियर, अवधेश कुमार डहरे, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीनिशियन तथा इस्पात गलन शाला-2 के श्रमवीर बालकृष्ण ध्रुव, का एसोसिएशन की ओर से पुष्पमाला शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मान कमल टंडन, महाप्रबंधक ऊर्जा प्रबंधन विभाग, एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, कुमार भारद्वाल,वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विजय कुमार रात्रेए कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर लाल कुर्रे, जोनल सचिव कालीदास बघेल, जीतेन्द्र भारती, सुखचंद देशलहरे इत्यादि उपस्थित थे।

# अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन कल से

**भिलाईनगर,** 1 जून (देशशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में भिलाई वासियों के लिए विशेष 9 दिवसीय अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन मंगलवार 3 जून से बुधवार 11 जून तक किया जा रहा है। जिसका समय शाम 7 बजे से 8. 30 बजे तक रहेगा। यह नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर तनाव मुक्ति एवं आध्यात्मिक जीवन की विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन के सानिध्य में सम्पन्न होगा।

इनके द्वारा भारतवर्ष में अनेकानेक लोगों ने अलविदा तनाव शिविर के माध्यम से स्वयं को तनाव मुक्त बनाने की विधि सीखकर प्रसन्न सुखशांति जीवन शैली व्यतीत कर रहे है। इस अलविदा तनाव शिविर में मुख्य आकर्षण मनोस्थिति को शक्तिशाली बनाना और जीवन को सकारात्मकता से भर देना। स्वयं को भीतर से रूपांतरित करने की प्रेरणा, सकारात्मक सोच का प्रभाव, बीमारियों के मूल कारण तनाव से मुक्ति की दिशा में मार्गदर्शन, परिवर्तन की ओर उत्सव, खुशियों का उत्सव, आनंद उत्सव, ध्यान उत्सव, अलौकिक जन्मोत्सव, महाविजय उत्सव रहेंगे। यह शिविर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए पूर्ण निशुल्क रहेगा। सीमित सीट होने के कारण सेवाकेंद्र पर आकर रजिस्ट्रेशन या क्यू आर कोड स्कैन करके भी निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन सेक्टर 7 द्वारा दी गई यह जानकारी में बताया कि इस शिविर में मनुष्य तनाव मुक्त हो सकता है।

# संयंत्र के प्रवर्तन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अन्तर्गत प्रवर्तन अनुभाग ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 32 बंगला सेक्टर-8, भिलाई स्थित बीएसपी आवासीय क्वार्टर-10, स्ट्रीट एसटीए को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया। यह कार्रवाई संपदा न्यायालय द्वारा एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध पारित आदेश के आधार पर की गई, जो उक्त क्वार्टर पर अनाधिकृत रूप से काबिज पाए गए थे। प्रवर्तन अभियान की यह प्रक्रिया दोपहर 1 बजे कार्यपालक मजिस्ट्रेट संपदा न्यायालय नरसिंह साहू की निगरानी में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस थाना के पुलिसकर्मी, जनसंपर्क विभाग तथा नगर सेवाएं विभाग सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नरसिंह साहू की उपस्थिति में क्वार्टर को पूरी तरह खाली कराया गया और उसे विधिवत रूप से सील कर दिया गया। कार्यवाही की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए मौके पर ही गवाहों की उपस्थिति में विस्तृत पंचनामा रिपोर्ट तैयार की गई तथा जनसंपर्क विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान पूर्व कब्जाधारियों की कोई भी सामग्री जब्त नहीं की गई। इस कार्यवाही में लगभग 100 कर्मियों की एक व्यापक टीम शामिल रही। जिसमें सहायक महाप्रबंधक नगर सेवाएं यशवंत कुमार साहू तथा लोक स्वास्थ्य विभाग, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, टीएसडी प्रवर्तन अनुभाग, जनसंपर्क विभाग, महिला एवं पुरुष प्राइवेट सुरक्षा गार्ड तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे। कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने हेतु ट्रैक्टर, ट्रॉली, जीप, माल वाहक वाहन तथा आवश्यक उपकरणों का उपयोग भी किया गया। संयंत्र के अनुसार उनका उद्देश्य अपनी आवासीय एवं गैर.आवासीय परिसंपत्तियों पर वैध स्वामित्व को सुरक्षित बनाए रखना है तथा अनधिकृत कब्जों के विरुद्ध प्रभावशाली कार्रवाई करते हुए संपदा नियमों को प्रभावी रूप से लागू करना है। पिछले कुछ दिनों में भी ऐसे कई प्रवर्तन कार्यवाहियाँ संपन्न किए जा चुके हैं और भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

### ओवरब्रिज से राड एंगल चोरी पर रोक लगाने की मांग

**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। छावनी थाना प्रभारी मोनिका पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौड़ से मिल कर जिला पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन पत्र देकर भिलाई पावर हाउस स्थित ओवर ब्रिज पर राड, एंगल की चोरी करने वाले तथा इस चोरी के सामान की खरीददारी करने वाले कबाड़ी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग भाजपा नेता अमर सोनकर ने की गई। दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि विगत कई वर्षों से भिलाई पावर हाउसए आम्बेडकर चौक के ऊपर स्थित फ्लाईओवर में लगे रेलिंग पर लगे राड, एंगल की चोरी की जा रही थी। जिसके कारण फ्लाईओवर विभिन्न स्थानों से रेलिंग विहीन हो गया था जिसके कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। अभी कुछ दिनों पुर्व करोड़ों रुपये की लागत से पुन: ब्रिज के संधारण का कार्य किया गया है। रेलिंग के राड निकाल लिए जाने कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। सदैव ब्रिज से आते जाते समय मै इस अज्ञात चोर पर नजर रख रहा था।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गोद ग्राम डोगाम में जल संरक्षण पर....

या अन्य घरेलू कार्यों में उपयोग करें, नल और पाइप में रिसाव की मरम्मत करें, फलों एवं सब्जियों की फसलों के लिए टपक सिंचाई और फव्वारा सिंचाई विधि को अपनाएं, जल को बर्बाद होने तथा प्रदूषित होने से रोके। इस जागरूकता रैली में डॉ प्रतिभा ताटी, डॉ नविन साहु, संकाय सदस्य उपस्थित थे ।

# तम्बाकू सेवन से हो सकता है गंभीर रोग



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य महकमा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व मेडिकल आफिसर डा शिखर अग्रवाल के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया। बीईटीओ सैय्यद असलम बताया कि तंबाकूयुक्त पदार्थो के सेवन से गंभीर रोग होते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि लोगों की आदतों में तंबाकू युक्त पदार्थो जैसे खैनी दबाना, गुटका का तंबाकू के साथ मिश्रण करके उपयोग करना, बीडी ओर सिगरेट का उपयोग करते हैं डा कठौतिया ने कहा कि मुख ओर जबड़े का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर का बड़ा कारण तंबाकू पदार्थ का उपयोग हो सकता है। सैय्यद असलम ने बताया कि इस विषय पर समुदाय पर चर्चा करना इसके विपरित प्रभाव के प्रति जागरूक करना एकोटपा एक्ट के तहत सर्वाजनिक क्षेत्रों में तंबाकू युक्त बेचने वालों पर जुर्माना करके ओर स्वयं एंव परिवार के सदस्यों को इस बुरे नशे से रोकने संकल्प लेना होगा। डा अर्चना पांडेय, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, बी ई ईटीओ सैय्यद असलम, एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, एरिया कार्डिनेटर शमीम बानो ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया कार्यक्रम में समुदाय को जागरूक करने अस्पताल से रैली निकाली गई कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ, फील्ड के स्वास्थ्य अमला मितानिन प्रेरकों ओर क्षेत्रीय मितानिन उपस्थित थे।

# आज संविधान बचाओ रैली

**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार राजीव भवन दुर्ग में संविधान बचाओ सभा एवं रैली कार्यक्रम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में आज 2 जून को प्रात:11 बजे राजीव भवन दुर्ग से निकाली जायेगी। संविधान बचाओ रैली सभा पश्च्यात राजीव भवन दुर्ग से प्रारंभ होकर गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद समाप्त होगी। भिलाईनगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्रकार ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के पदाधिकारी पूर्व विधायक, महापौर, एमआईसी मेंबर, पार्षद, पूर्व पार्षद युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस सहित सभी को उपस्थित होने की अपील की है।

# मोबाईल फोन सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 1 जून (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक सहित एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगदीश आहूजा 65 वर्ष नेहरु नगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में रिपेयरिंग का काम चल रहा है। 30 मई को रात्रि करीबन अपना दो मोबाईल को अपने कमरे के अंदर बिस्तर के पास रखकर सो गये थे। रात्रि करीबन 2 बजे बाथरुम के लिये उठा तो दोनों मोबाईल नहीं था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 637/2025 धारा 331(4), 305(ए) 03(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवचना में लिया। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी साजन 18 वर्ष साकिन नेहरु नगर एवं अपचारी से पुछताछ करने मोबाईल चोरी करना स्वीकार कर बताये कि एक मोबाइल वह अपने घर में छुपा कर रखा है एवं एक मोबाईल अपचारी बालक के व्दारा अपने घर पर रखा है। आरोपी व अपचारी बालक के निशानदेही पर दोनों मोबाइल जप्त किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव, सउनि गंगाराम, आरक्षक प्रदीप सिंह, सुर्या राजपुत, दुर्गेश सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही ।

# एनएसयूआई का आंदोलन 'नशा नहीं शिक्षा और नौकरी दो'

**नारायणपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। बस्तर जिला एनएसयूआई के अध्यक्ष विशाल खंबारी ने बताया कि प्रदेश में 10463 स्कूलों का युक्तिकरण- शिक्षा के अधिकार पर हमला है,सरकार ने च्युक्तिकरणज्ज के नाम पर 10463 स्कूल बंद करने की नीति अपनाई है। ये वही सरकार है जो च्मोदी गारंटीज्ज में 57000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रही थी। जब शिक्षकों की भर्ती की बात थी तो वादे किए गए, लेकिन अब स्कूलों को ही खत्म किया जा रहा है। यह कदम ग्रामीण, गरीब, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। सवाल यह उठता है कि जब स्कूल ही नहीं रहेंगे तो 57000 शिक्षक कहाँ,कब और क्यों भर्ती किए जाएंगे?

57000 पदों पर भर्ती की मांग- मोदी गारंटी को निभाने की चुनौती है, ह्स्द्ध की स्पष्ट मांग है कि सरकार 57000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा को केवल च्चुनावी जुमलाज्ज न बनाए। भर्ती प्रक्रिया 2008 के सेटअप के अनुसार पारदर्शी ढंग से और बिना किसी छेड़छाड़ के की जाए। अगर सरकार में इच्छाशक्ति है तो वह इस भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रारंभ करे। अगर भाजपा सरकार अपने वादों पर खरा नहीं उतरती, तो यह युवाओं के साथ धोखा और विश्वासघात होगा।

सीटेट परीक्षा का परिणाम अब तक लंबित- युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है,राज्य सरकार द्वारा आयोजित ष्टञ्जश्वञ्ज परीक्षा को 1 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। आज तक परिणाम जारी नहीं किया गया, जिससे हजारों युवा मानसिक और आर्थिक तनाव में हैं। एनएसयूआई मांग करती है कि सरकार तत्काल परिणाम जारी करे,परिणाम प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाए, देरी के कारणों की लोकसभा में रिपोर्ट पेश की जाए। एनएसयू आई जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने कहा- सरकारी स्कूल और आत्मानंद विद्यालयों को बिजली विभाग का नोटिस असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है, बिजली विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों को बिजली बिल चुकाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार इन स्कूलों को आवश्यक फंड भी उपलब्ध नहीं करा रही है,क्या बच्चे गर्मी में बिना बिजली, पंखे और लाइट के बिना पढ़ाई कर पाएंगे? यह स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं, केवल आंकड़ेबाजी



**भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध**

और दिखावा है।साथ ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने कहा था कि आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों की जल्द ही नियमित किया जाएगा, नियमितीकरण तो दूर प्रदेश के कई स्कूलों में शिक्षकों को समय पर वेतन तक नहीं मिल रहा है।

युक्तिकरण के नाम पर स्कूल बंद करना आरटीई (आरटीई) कानून का उल्लंघन है,सरकार द्वारा युक्तिकरण के बहाने जो 10000 से अधिक स्कूल बंद किए जा रहे हैं, वह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि कानूनी और संवैधानिक उल्लंघन भी है। भारतीय संविधान की धारा 21-, और च्मुफ्त और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट, 2009)ज् के तहत च्हर बच्चे को 6 से 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना राज्य का दायित्व है।

ऋञ्जश्व अधिनियम की धारा 3, 4 और 6 यह स्पष्ट रूप से कहती हैं कि प्रत्येक बच्चे को उसके निकटतम प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश और शिक्षा का अधिकार है। ऐसे में स्कूलों को बंद करना न सिर्फ गरीब और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा से वंचित करना है, बल्कि ऋञ्जश्व अधिनियम की मूल भावना का उल्लंघन भी है।

प्रदेश महासचिव जय वट्टी - ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ 67 नए शराब दुकान खोल रही है, 28 एवं 29 मार्च 2025 को नए आबकारी नियम के तहत प्रदेश में एफ.एल. 5 एवं एफ.एल. 5(क) के तहत प्रतिदिन लाइसेंस उपलब्ध करवाने का काम कर रही है और दूसरी तरफ प्रदेश में 10463 स्कूलों का युक्तिकरण कर बंद कर रही है, प्रदेश के युवाओं को नौकरी के नाम पर सिर्फ और सिर्फ जुमले और खोखले वादे मिल रहे है, ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश की साय सरकार प्रदेश के छात्र एवं युवा वर्ग को शिक्षा व रोजगार के जगह नशे के लिए प्रेरित कर रही है।

29 मार्च 2025 को आबकारी विभाग द्वारा जारी पत्र में ये साफ उल्लेखित किया गया है, शादी,फार्म हाउस,इवेंट,कंसर्ट,संगीत,नृत्य कार्यक्रम, नव वर्ष समारोह सहित क्रिकेट मैच तक में शराब परोसने एवं पीने हेतु प्रतिदिन के डर से लाइसेंस प्रदान करने तैयार है, ये भाजपा सरकार की दोहरी नीति स्पष्ट करता है।

एनएसयूआई युक्तिकरण जैसे च्शिक्षा विरोधीज्ज फैसले का कड़ा विरोध करती है एवं मांग करती है कि युक्तिकरण के फैसले को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन एन.एस.यू.महासचिव खिलेंद्र शोरी, राहुल मांडवी, सचिव बिस्मा दुग्गा, शहर उपाध्यक्ष अदनान खान लरामसू पोटाई, महेश पोयम उपस्थित थे।

# संकुल केंद्र करंजी में सात दिवसीय समर कैंप का समापन

**कोण्डागांव,** 1 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला अंतर्गत संकुल केंद्र करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा में समग्र शिक्षा छ.ग.शासन द्वारा आयोजित भारतीय भाषा शिक्षण विषय आधारित सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे प्राथमिक स्तर के सभी आयु वर्ग के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव के नेतृत्व में शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रत्येक दिवस के विषय आधारित इस समर कैंप में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव के अनुसार इस समर कैंप मे प्रथम दिवस बुनियादी अभिवादन और अभिव्यक्तियां, अक्षर संख्या, समुदाय में भाषा की जानकारी, द्वितीय दिवस आभासी शहर भ्रमण, वास्तविक जीवन, वार्तालाप अभ्यास, सड़क यातायात नियमों की जानकारी तृतीय दिवस कला से संबंधित क्राफ्ट वर्क, चित्रकला चतुर्थ दिवस स्थानीय व्यंजन, मसालों, फलों, सब्जियों की पहचान एवं महत्व पंचम दिवस संस्कृति की सराहना, सुनने के कौशल का विकास, स्थानीय जननायक वीर गुण्डाधुर की जीवन गाथा षष्ठम दिवस नदियों पहाड़ों, स्मारकों आदि के नाम, इतिहास भूगोल की जानकारी दी गई। 26 मई से 01 जून तक चलने वाले इस सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप के अंतिम दिवस पर समर कैंप में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को संकुल समन्वयक रमन ठाकुर की उपस्थिति में प्रमाण पत्र देकर इस सात दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया।

# बनियागांव के सेवानिवृत्ति पोस्ट मैन पदुमसिंह सेठिया को दी गई विदाई

**कोण्डागांव,** 1 जून (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग में लंबे अरसे से पदस्थ ग्रामीण डाक सेवक सहायक शाखा डाकपाल बनियागांव पदुम सिंह सेठिया को सेवानिवृत्ति होने पर 31 मई शनिवार को कोंडागांव उप डाकघर में डाकघर के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर सर्वप्रथम उन्हें तिलक व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा ने उनके चार दशक के कार्य को बेहतरीन तरीके से करने के लिए डाक विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं उनके कुशल व्यक्तित्व कार्य शैली की प्रशंसा की गई। श्री सेठिया ने समस्त नए कर्मचारियों को अच्छे से ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की बात कही एवं विभाग में रहकर आगे बढ़ने की नसीहत दी। इस मौके पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति डाक सेवक पदुमसिंह सेठिया के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में स्वल्पाहार पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सूरजलाल गोटी उप डाकपाल, प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, दयाराम ध्रुव, कवित्त ठाकुर, नईम खान, डिकेश मिर्झा, अनिल दीवान, संदीप राव, हरेंद्र यादव, सुर्य प्रसाद दीवान, चेतमन मरकाम, बालमुकुंदी बंजारे, भारत साहू, पीयूष सिन्हा, विदोस दीवान, जगदेव सोनवानी, बुधराम साहू, आदिल अहमद, अतुल यादव, देवचंद सेठिया, सुबरु कश्यप, चमन नेताम, शंकर दीवान, दिनेश वट्टी, नेहा मिश्रा, कमलेश मरकाम, राहुल, सियाराम सोरी, अभय, सतीश, कृष्णा, सन्नी, वेदप्रकाश, सपना, नीलू, रमिला, रूबी दिवाकर, मुस्कान पटेल, अंजली बर्मन, मेघा ठाकुर, निशा यादव, महिमा साहू, राधा, पूजा सोरी, तरुणा, सुप्रिया साहू, मधु, पूजा सरकार सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# एससीईआरटी रायपुर के प्रशिक्षण में कवि सम्मेलन

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। एससीईआरटी रायपुर में हो रहे पांच दिवसीय कक्षा छठवीं विषय हिंदी नवीन पाठ्य पुस्तक मल्हार पर आधारित सेवाकालीन शिक्षक (डीआरजी)प्रशिक्षण दिनांक 26 मई से 31 मई तक चल रहे प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में कॉलखंड समाप्ति के पश्चात संध्या के समय सात बजे प्रशिक्षण हाल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवि सम्मेलन आयोजन के प्रमुख वरिष्ठ बी आर साहू शिक्षाविद व बाल साहित्यकार रहे हिंदी लोक भाषा छत्तीसगढ़ी के सशक्त रचनाकार है ।इनकी गरिमामयी उपस्थिति में कवि सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हुआ द्य कार्यक्रम के प्रथम सोपान में शिक्षक कवि जगजीवन प्रसाद जांगड़े द्वारा मां सरस्वती की वंदना से शुरू किए। इस कार्यक्रम के प्रथम सोपान में शिक्षक , कवि सौरभ नामदेव पेंड्रा ने वीर रस पर रचनाएं प्रस्तुत किए जिससे पूरे महफिल ने उनकी तारीफे में तालियां देती रही ।जगजीवन प्रसाद जांगड़े (जांजगीर सक्ति )ने वीर रस एवं शांत रस की कविता वाचन ने सबके दिल को छू गए ,सदनों से तालियां बजती रही ।वीरेंद्र राठौर सर बेमेतरा द्वारा हास्य रस एवं छत्तीसगढ़ी की काव्य पाठ ने सबको मन मुग्ध कर दिया।

लेखनसिंह वर्मा बेमेतरा वीर रस ,सूर्यकांत वाजपेई बिलासपुर की हास्य रस ने पूरे महफिल को बांध कर ताली बजाने पर मजबूर कर दिया,तालिया लगातार बजती रही। इसी तारतम्य में जुगल किशोर शुक्ला जांजगीर श्रृंगार रस की कविता ,राजीव श्रीवास्तव कवर्धा देशभक्ति पर आधारित ,रामनारायण प्रधान चांपा द्वारा शांत रस से कविता पाठ किए,दिलीप कुमार सिंह सूरजपुर कविता श्रृंगार ,रूपेश कुमार चौहान कोरबा श्रृंगार पर गीत गुनगुनाए।



आलोक डनसेना सारंगढ़ ने नारी शक्ति पर रचना प्रस्तुत किए। आशुतोष दुबे की रचनाएं सभी श्रोताओं का मन मोह लिया सभी ने उनका तालियों से लगातार अभिवादन देते रहे ,आदरणीय ललित उपाध्याय द्वारा यादों से भरी जुड़ी कविता का वाचन कर सदन को खुश कर गए ,ज्योत्सना कन्नौजे ने भी कविता की समा बांधी,कार्यक्रम के अंतिम में आदरणीय बी आर साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गुरुजनों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन कर बाल कविताओं पर जोर दिया गया द्य साहू सर जी के द्वारा शानदार मनमोहक कविता से मन को विभोर कर दिए। कार्यक्रम के शानदार एवं सफल संचालक प्रेमचंद डनसेना ने की जिन्होंने हर कविता वाचन पर हास्य,व्यंग्य,श्रृंगार ,शांत आदि रसों पर जोरदार संचालन किए द्य सभी गुरुजनों को हंसाते रहे ,सभी ने उनकी सराहना किए।

कार्यक्रम में नारी शक्ति के रूप में लता दास जांजगीर - चांपा,संतोषी गायकवाड़ तथा सुनील विद्यराज, अजय कुमार आदि एक से बढ़कर एक कवि शिक्षक उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के युक्तिकरण के तहत काउंसलिंग की तिथि तय

**कोण्डागांव,** 1 जून (देशबन्धु)। शिक्षकों के युक्तिकरण के तहत काउंसलिंग की तिथि तय की गई है। दिनांक 2 जून 2025 दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एवं सहायक शिक्षक तथा 3 जून दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से व्याख्याता , प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) एवं शिक्षक की काउंसलिंग कार्यालय जनपद पंचायत कोंडागांव बड़े कनेरा रोड डीएनके. वार्ड के सभागार कक्ष में संपन्न होगी।

## जब हम किसी को सुख देते हैं तो परमात्मा भी हमारा ध्यान रखता है : राजयोगी

**मगरलोड,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र योगशक्ति भवन मगरलोड में माउंट आबू राजस्थान से आए हुए राजयोगी ब्रह्मा कुमार मयाराम भाई का समस्त भाई बहनों की ओर से सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अखिलेश दीदी द्वारा माथे चंदन तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया । मुरली क्लास के बाद शिव परमात्मा के ज्ञान को भाई बहनों में बांटते हुए व अपने अनुभव शेयर करते हुए भाई जी ने कहा कि भगवान अपना कार्य कर रहा है और हम प्रत्येक बच्चों की हर एक गतिविधियों पर अपना ध्यान रखे हुए हैं । आज आदमी बड़े से बड़े सेलिब्रिटी ही क्यों ना हो,अरबपति हो अंततः उनकी आत्मा को शांति की तलाश है । जिनके टीचर स्वयं इस सृष्टि के रचयिता हो उनके लिए सृष्टि में सब कुछ संभव है। हमारी एक-एक सोच ,एक-एक विचार हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं अत: हमारे अंदर निरंतर अच्छी बातों का चिंतन मनन चलते रहना चाहिए । जैसे खुशबू से भरा हुआ वातावरण सबको पसंद होता है बदबू से दूर भागते हैं ऐसे ही सुंदर विचारों के प्रति हमारा आकर्षण होना चाहिए।

# सीजेयू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने की अपने जंबो कार्यकारिणी की घोषणा

**नारायणपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन नारायणपुर के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे व बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक बैनर्जी के सहमति से अपने जम्बों कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबके नियुक्ति से यूनियन को और अधिक मजबूती मिलेगी छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे ने नवनियुक्त सभी सदस्यों को बधाई व शुभकामना देते हुये सभी को मिलकर यूनियन के हित में काम करते हुए संघ को आगे बढ़ाने की बात कही,,, व बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक बैनर्जी ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए यूनियन को सफलता के नए ऊँचाई में पहुंचाये,,, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर हाल ही में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वें यूनियन के अब तक के सबसे युवा व प्रथम निर्वाचित जिलाध्यक्ष हैं, नवनिर्वाचित होने के उपरांत उन्होंने अपने कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी की घोषणा के उपरांत सभी सदस्यों में खुशी की लहर है।



**कहा- नए नियुक्ति से मिलेगी यूनियन को और अधिक मजबूती**

**इन्हें मिली जिम्मेदारी**

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक बैनर्जी व संघ के प्रथम जिलाध्यक्ष संजय नंदी व द्वितीय जिलाध्यक्ष रवि साहू को संरक्षक संतनाथ उसेंडी, आकाश जैन, रोशन ठाकुर, हरिया सोनी व डे नारायण बघेल को महासचिव ब्रिज मानिकपुरी को कोषाध्यक्ष, दिनेश रजक, अविनाश देवांगन व दिनु बघेल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रितेश जैन व सुखमन कचलाम कनिष्ठ उपाध्यक्ष, किशोर आर्य, कमलापति मिश्रा, सुरेश सोनी, तेनसिंह ठाकुर व अनुज जोशी को सचिव व बोधन नाग, नारायण बैनर्जी, कुशलचंद पारेख, मुकेश सिंह व संतोष साहू को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जनपद सदस्य और सरपंच ने सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा, हटाने की रखी मांग

**सुकमा,** 1 जून (देशबन्धु)। रविवार को जिले के गादीरास ग्राम पंचायत के सरपंच ओयामी हिंगा एवं गादीरास क्षेत्र के जनपद सदस्य बिमलेस मंडावी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सचिव के खिलाफ पंचायत कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और तत्काल सचिव को ग्राम पंचायत से निकालने का मांग किया। गादीरास ग्राम पंचायत के सरपंच ओयामी हिंगा एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य बिमलेस मंडावी ने कहा कि सचिव लगातार ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनदेखी कर रहे हैं इसके अलावा सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यों में रुचि नहीं दिखाया जा रहा है। गादीरास सरपंच ओयामी हिंगा ने कहा कि उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से ग्राम पंचायत में अपनी उपस्थिति नहीं दे रहे हैं वहीं इन दिनों नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ होना है जिसको लेकर छात्र एवं उनके परिजन काफी परेशान है। वहीं सचिव को ग्राम पंचायत रोज़ाना आने को कहने पर सचिव के द्वारा कहा जाता है कि वह हफ़्ते में दो बार ही पंचायत कार्यालय आएगा। अन्य दिनों में किसी भी प्रकार के कार्य हो तो उन्हें जिला मुख्यालय उनके निवास पर आकर अपना कार्य करवाना होगा। जिसको लेकर जनपद सीइओ एवं जिला सीईओ से भी शिकायत की गई थी। परंतु आज दिन अंत तक इसका कोई निराकरण नहीं किया गया। इन सभी कारणों से नाराज होकर सरपंच एवं जनपद सदस्य ने सचिव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और प्रशासन को चेताया है कि जल्द ही सचिव जितेंद्र पेद्दी का स्थानांतरण नहीं किया गया तो मंगलवार को चक्का जाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



# बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत एवं बीए द्वितीय वर्ष 94 प्रतिशत रहा



**मगरलोड,** 1 जून (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड की बी ए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा एवं बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा कुल परीक्षार्थी 25 जिसमें 23 छात्र छात्राओं उत्तीर्ण हुए ,प्रथम श्रेणी में 04 , द्वितीय श्रेणी 18 तृतीय श्रेणी में 1 एवं 2 पूरक रहा । कक्षा में कु. तनू शर्मा 64 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान द्रोण कुमार साहू, 61 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कीर्ति वर्मा 60 प्रतिशत का रहा वहीं बी ए भाग - दो कक्षा में परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा है, कुल परीक्षार्थी 35 , में से 33 छात्र छात्राए उत्तीर्ण हुए ,1 पूरक ,1 अनुत्तीर्ण, जिसमें 8 छात्र छात्राए प्रथम श्रेणी में ,24 छात्र छात्राए द्वितीय श्रेणी एवं 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए द्ब कक्षा में कु उमा साहू 71.33 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान,कु पद्ममिनी 67.83 प्रतिशत द्वितीय स्थान,कु. सोनिका 66.66 प्रतिशत तृतीय स्थान इस उपलब्धि पर गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दशरथ साव , उपाध्यक्ष मुकेश जंघेल, सचिव दीपेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष आदित्य वैष्णव, सदस्य राजेश शर्मा, मूर्ति निषाद, भारत भूषण साहू ,सुनील वैष्णव,विनोद सचदेवा भीम साहू महाविद्यालय के प्राचार्य खिलेशवर कुमार साहू , याद राम साहू, विष्णुदास मानिकपुरी सुरेन्द्र कुमार निषाद,गेवेन्द सिन्हा निरूपा चक्रधारी, भुपेंद्र साहू साहयक प्राध्यापक एवं सुखचंद कश्यप , नंदकुमार ने हर्ष जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# 3 करोड़ की लागत से सुनसुनिया में अब बनेगा बालिका आवासीय विद्यालय

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुनसुनिया बागबाहरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण अब शीघ्र ही शुरू होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने तीन करोड़ रुपये की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी मिलने के पीछे क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव की सतत पहल और प्रयासों की अहम भूमिका रही है। श्री यादव द्वारा लगातार शासन स्तर पर इस विद्यालय की स्वीकृति हेतु की जा रही पैरवी आखिरकार रंग लाई ।और शासन ने विद्यालय निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।



गौरतलब है कि सुनसुनिया ग्राम बागबाहरा के समीप स्थित है। और यहां पर एक शासकीय आवासीय बालिका विद्यालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय को कई बार विभिन्न मंचों पर उठाया गया था। अब जब शासन ने तीन करोड़ की लागत से विद्यालय निर्माण की मंजूरी दे दी है, तो क्षेत्र में हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है।

नागरिकों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आवासीय विद्यालय की सुविधा मिलने से ग्रामीण अंचलों की बालिकाओं को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत आधारशिला साबित होगा, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम होगा। शासन की इस स्वीकृति से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार सुनसुनिया में बनने वाला कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय आने वाले समय में पूरे अंचल के लिए एक प्रेरणा स्थल बनकर उभरेगा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष कार्रवाई

**मर्दापाल में कोटपा अधिनियम के तहत 22 चालान, 2900 रुपए का जुर्माना वसूला गया**

**कोण्डागांव,** 1 जून (देशबन्धु)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 1 जून को मर्दापाल क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू विरोधी विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के. सिंह के आदेशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ.सोनल ध्रुव तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.भावना महलवार के मार्गदर्शन में संचालित हुआ।



इस विशेष कार्रवाई का नेतृत्व सुखचैन धुर्वे औषधि निरीक्षक एवं प्रकाश श्रीवास्तव (ब्लुमबर्ग परियोजना, बस्तर संभाग) ने किया। कोटपा अधिनियम 2003 के तहत मर्दापाल क्षेत्र में कुल 22 चालान बनाए गए एवं रु.2900 का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान क्षेत्र के समस्त पान मसाला विक्रेताओं और होटल संचालकों को कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत बोर्ड लगाने और नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस मुहिम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ.ज्योति दुग्गा (दंत चिकित्सक), डॉ.परमेश्वर पात्र (दंत चिकित्सक), वीरेंद्र केला (प्रभारी सोशल वर्कर, एनटीसीपी) तथा पुलिस प्रशासन से मेजर श्याम सिंह मरकाम का विशेष सहयोग रहा।

स्वास्थ्य विभाग ने जनता से अपील किया है कि वे अपने एवं समाज के स्वास्थ्य के लिए तंबाकू का सेवन न करें और इस जनजागरण अभियान में सहयोग करें।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- बताइये ये आपके ये तीन दांत कैसे टूट गए।
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- अच्छा तो खाने से मना कर देते?
मरीज- डॉक्टर साहब, वही तो किया था।

## संपादकीय



### करेंट से होती मौतें

*छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खेतों और बाड़ियों को मवेशियों और वन्य प्राणियों से बचाने के लिये बाड़ में बिजली का करेंट लगाया जाता है जो इंसानों के लिये भी खतरा बन जाता है। इससे अक्सर घरवालों की ही अथवा किसी बाहरी व्यक्ति की मौतों की खबरें सामने आती रहती हैं। इससे बचा जाना चाहिये।*

*अंबिकापुर के लखनपुर थाना के तहत लोसगी पंडरीपानी ग्राम में रघुनाथ मांझी ने वहां के चूल्हट नाले के पानी से दूसरी फसल ले रखी है। उसे मवेशियों से बचाने के लिये उसने खेत के चारों ओर तारें फैलाकर बिजली का करेंट फैला रखा था। शुक्रवार की शाम उधर से गुजर रहे विष्णु मांझी और नीरसाय यादव उसकी चपेट में आ गये जिनकी वहीं मृत्यु हो गयी। घटना के बाद रघुनाथ फरार हो गया है। यह सार्वजनिक विद्युत व्यवस्था का दुरुपयोग भी है।*

*राज्य में इस प्रकार से बिजली के करेंट से कई मौतें हुई हैं। कुछ की मवेशियों को फसलों से दूर रखने हेतु बिछायी गयी तारों के सम्पर्क में आने से हुई हैं तो कुछ की लापरवाही के कारण। शहर हो या देहात, सभी जगह इस प्रकार करेंट फैलाने से बचना चाहिये और लोगों को भी सावधान रहना चाहिये। उन्हें भी चेत जाना चाहिये जो बिना यह सोचे कि इसकी चपेट में इंसान भी आ सकता है, ऐसी तारें बिछाते हैं। कई लोग तो अपने घरों या खेतों में बिजली से चलने वाले उपकरणों से भी बिजली का झटका खाकर मारे जाते हैं। 23 मई को बिलासपुर के बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव में बड़ी मां के घर गर्मी की छुट्टियां मनाने आये गीतू व राजू जायसवाल (क्रमशः 14 व 13 साल) कूलर के करेंट से मारे गये।*

*इसी साल की मार्च की शुरुआत में रायगढ़ में सीताराम सिदार नामक एक किसान अपने खेतों का काम कर रहा था तभी वह पम्प की खुली तार के सम्पर्क में आ गया। झटके से वह तुरन्त बेहोश होकर गिर गया। उसे देखकर मदद के लिये आये सुभाष निषाद को भी करेंट लगा। दोनों को ढूंढते आये परिजन उन्हें अस्पताल ले गये परन्तु दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। पिछले वर्ष अंबिकापुर जिले में दरिमा पुलिस थाने के अंतर्गत करम्हा जंगल में शिवनारायण गोंड नामक युवक करेंट की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। इंद्रकुमार मरकाम नामक व्यक्ति ने जंगली जानवरों को पकड़ने के लिये 11 केवी तार के खंभे से हुकिंग कर करेंट फैलाया था। उसे गिरफ्तार किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एक युवक शिकारियों द्वारा बिछाये गये तार के सम्पर्क में आ गया जो जानवरों को पकड़ने के लिये बिछाया गया था। घटना के बाद तार बिछाने वालों ने लाश को 15 किलोमीटर दूर ले जाकर जला दिया। वे भी गिरफ्तार हो गये। तार लगाना गैरकानूनी तो है ही, जानलेवा भी है।*

# अब मिलर्स को मिलिंग के भुगतान में मिलेगा धान!

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2024 25 के तहत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए अतिशेष धान का शत-प्रतिशत निराकरण करना राज्य शासन के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। इसे देखते हुए अतिशेष धान का तेजी से निराकरण करने के लिए राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए राशि भुगतान के बदले अतिशेष धान प्रदाय करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसमें यह शर्त भी रखी जा रही है कि मिलर्स जितनी मात्रा में अतिशेष धान खरीदेंगे, उतनी ही मात्रा में उन्हें मिलिंग कार्य के बदले धान दिया जाएगा। प्रदेश में राइस मिलर्स को मिलिंग कार्य के लिए हर साल लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। इस तरह 3 हजार करोड़ रुपए कीमत के अतिशेष धान का निराकरण होने की उम्मीद है।



बताया गया है कि प्रदेश में अतिशेष धान के खरीदार नहीं मिल रहे हैं ।राइस मिलर्स भी शासन द्वारा निधर्धारित विक्रय दर पर धान खरीदने को तैयार नहीं है। यही वजह है कि अभी तक सिर्फ 12 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी हो पाई है। इस साल प्रदेश के 82 संग्रहण केन्द्रों में कुल 32 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की नीलामी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर की जा रही है। 20 लाख मीट्रिक टन धान की नीलामी अभी बाको है ।पूरा धान नहीं बिकने की स्थिति में मानसून के दौरान इसके रखरखाव पर भी अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुताबिक प्रदेश में अब तक 10 हजार स्टेक (लगभग 12 लाख मीट्रिक) धान की नीलामी हुई है ।इनमें से करीब 5.5 लाख मीट्रिक टन धान का पैसा मार्कफेड के पास आ चुका है और इसका उठाव भी जारी है। एक स्टेक में (1200 चिंटल) धान रहता है। राज्य शासन द्वारा ग्रेड-1 धान (मोटा) नए बोरे में 2100 रुपए व पुराने बोरे में 2050 रुपए प्रति चिंटल तथा कॉमन धान (मोटा) नए बोरे में 1950 व पुराने बोरे में 1900 रुपए प्रति चिंटल विक्रय दरें निर्धारित हैं।

समर्थन मूल्य से कम दर होने के बावजूद धान के खरीदार नहीं मिल रहे हैं ।विक्रय दरें और कम करने की मांग भी उठ रही है ।हालांकि राज्य सरकार फिलहाल अतिशेष धान की विक्रय दरे कम करने के पक्ष में नहीं है। वैसे भी समर्थन मूल्य से कम कीमत पर धान की नीलामी से शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान अनुमानित है ।शासन द्वारा धान के लिए किसानों को प्रति चिंटल 3100 रुपए का भुगतान किया गया है ।अतिशेष धान 32 लाख मीट्रिक टन का न्यूनतम समर्थन मूल्य लगभग 9 हजार करोड़ रुपए है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में चावल जमा लक्ष्य (70 लाख मीट्रिक टन) व नागरिक आपूर्ति निगम के राज्य पूल लक्ष्य (14) लाख मीट्रिक टन) से 125 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभावित है।

# साइकिल दिवस के लिए लगाया गया सेटअप गिरा

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एक हादसा हो गया ।जिसमें ट्रस का सेटअप निकालते समय एंगल गिरने से एक मजदूर घायल हो गया, वहीं एंगल के गिरने से एक कार को नुकसान पहुंचा है ।वहीं उसका ड्राइवर चोटिल हो गया।



■ मजदूर को आई चोट

विश्न साइकिल दिवस पर मरीन ड्राइव चौक पर जर्मन का एंगल गेट लगाया गया था। आयोजन की समाप्ति पर ट्रस का सेटअप निकालते वक्त एंगल गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक मजदूर घायल हो गया ।वहीं सिग्नल पर खड़े कार का सनरूफ एंगल गिरने की वजह से टूट गया।

# भ्रष्टाचार के सभी रास्तो को बंद किया जा रहा है : साय

## प्रदेश के विकास में देवांगन समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में देवांगन समाज के महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि देवांगन समाज मेहनतकश और खुशहाल समाज है। समाज के लोग उन्नत खेती और व्यवसायी के रूप में छत्तीसगढ़ की विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह समाज न केवल खेती और व्यापार में अग्रणी है, बल्कि शिक्षित और संगठित भी है। शिक्षा, सांस्कृतिक, कला, कृषि, व्यापार सभी क्षेत्रों में समाज के लोगो ने अपना वर्चस्व दिखाया है। उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास की गति बढ़ाने भ्रष्टाचार के सभी रास्तों को बंद किया जा रहा है। इसके लिए जन अभियान चलाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। मोदी की गारंटी मतलब गारंटी का पूरा होना है। सरकार ने पिछले डेढ़ वर्षो में किये गए वायदों को लगभग पूरा कर दिया गया है। सरकार बनते ही सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक आवास की स्वीकृति पर मुहर लगाई गई। छत्तीसगढ़ में नारी सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन के माध्यम से महिलाओं को राशि दी जा रही है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है और सिलाई-कढ़ाई-सब्जी उत्पादन जैसे कार्यों से अपनी आमदनी बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजनों की मांगों, शिकायतों और सुझावों के लिए सरकार ने प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार का आयोजन किया। इस सुशासन तिहार में सरकार के मंत्री और उच्च अधिकारी जनता के बीच जाकर मांगो, समस्याओं और सुझाव को सुनकर निराकरण किया। सुशासन तिहार में सुदूर वनांचल क्षेत्रो के साथ मैदानी क्षेत्रों में जाकर लोगो से रूबरू होकर योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी ली। सुशासन तिहार में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों का दौरा किया हूं। योजनाओं की जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग की। जनता जनार्दन से फीडबैक लिया। तीन चरणों में हुए सुशासन तिहार में 41 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है, जिसका निराकरण किया गया है। प्रदेश में सुशासन स्थापित करने में हम कामयाब हुए हैं। सरकार द्वारा राज्य के विकास और सभी को समान अवसर उपलब्ध कराने भ्रष्टाचार के सभी रास्तो को बंद किया जा रहा है।

श्री साय ने कहा कि सरकार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।जिससे आम जनता को राहत मिली है।

श्री साय ने कहा कि राज्य में लागू उद्योग नीति की सराहना पूरे देश मे हो रहा है। प्रदेश में साढ़े 5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। राज्य में उद्योगों की स्थापना के साथ राज्य के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के9 अवसर उपलब्ध होंगे।

कार्यक्रम को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक किरण देव ने भी संबोधित किया। देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने स्वागत उद्बोधन में देवांगन महाकुंभ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में देवांगन महाकुंभ पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विधायक मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजधानी में निकाली गई साइकिल रैली

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। विश्व साइकिल दिवस से पहले राजधानी रायपुर में रविवार को साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब और मोतीलाल साहू समेत कई लोग शामिल हुए। रैली का मकसद लोगों को सेहत और फिटनेस के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था।

■ खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने चलाई साइकिल



इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और जब भी मौका मिले, हर किसी को साइकिल जरूर चलानी चाहिए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार भी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर रही है ।3 जून को साइकिल दिवस मनाया जाता है चूंकि आज रविवार है इसलिए राजधानी में आज साइकिल दिवस मनाया जा रहा है।

**साइकिल चलाने से तन और मन दोनों स्वस्थ : गुरु खुशवंत**

विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि साइकिल चलाने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं ।जब व्यक्ति फिट होता है तो वह अपने कार्यों में पूरी एकाग्रता और ऊर्जा के साथ जुड़ता है ।उन्होंने कहा कि जीवन में साइकिल चलाना जरूरी है क्योंकि यह हमें फिट रखता है।

# अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में छात्र हित, शिक्षा सुधार एवं राष्ट्र निर्माण पर मंथन

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक 29 से 31 मई, 2025 तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम में संपन्न हुई। इस तीन दिवसीय बैठक में देशभर के 478 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के पूर्व 28 मई को परिषद के विविध आयामों की समीक्षा हेतु अलग-अलग बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की पूर्व संध्या पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, जनजातीय परंपराएं, देश की शौर्यगाथाएं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती वर्ष, रानी अबक्का की 500वीं जयंती, और संघ शताब्दी वर्ष जैसे विविध विषयों को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।



28 मई को आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और विशेष अतिथि के रूप में संत बालयोगेश्वर रामबालक दास महात्यागी रहे। साथ ही रायपुर शहर के गणमान्य नागरिकगण, परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष , सचिव सहित समस्त सदस्यगण उपस्थिति रहे ।

29 मई की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की विधिवत शुरुआत की गई। इस तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन च्भाषाओं के माध्यम से भावी भारतज्ज विषय पर भाषाविद् चमू कृष्ण शास्त्री का विशेष व्याख्यान भी हुआ, जिसमें उन्होंने भारतीय भाषाओं के संरक्षण और उनके व्यापक उपयोग के लिए इकोसिस्टम निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

**तीन दिवसीय बैठक में प्रमुख रूप से चार प्रस्ताव पारित**

इस दौरान 4 प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें कोचिंग संस्थानों की मनमानी और विद्यार्थियों के शोषण पर नियंत्रण हेतु नीति निर्माण की मांग, केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी पर चिंता, भारत की आंतरिक सुरक्षा और वैश्विक स्थिति पर चर्चा, तथा विश्वविद्यालय परिसरों में बढ़ती वैचारिक अस्थिरता के समाधान संबंधी प्रस्ताव शामिल है। हाल के दिनों में भारत द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन कगार' में हमारी सेना के साहस और सामरिक कौशल को अभाविप ने सराहा और भारतीय सुरक्षा बलों के प्रति एकजुट समर्थन प्रकट किया।

बैठक में छात्र हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विचार-विमर्श कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर उनके जीवन एवं योगदान पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर छात्रावासों का सर्वेक्षण, पुस्तकों का प्रकाशन तथा उनके जन्मस्थल की मिट्टी से पूजन एवं यात्रा जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। रानी अबक्का जी की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में विविध आयोजनों की योजना है।

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के संदर्भ में 25 जून से आगामी दो वर्षों तक विश्वविद्यालय परिसरों में पूर्व कार्यकर्ताओं एवं मीसा बंदियों के साथ संवाद, रैली एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यशवंतराव की जन्म शताब्दी पर प्रांत केंद्रों पर पूर्व कार्यकर्ता एकत्रीकरण, अभ्यास वर्ग, भाषण, प्रदर्शनी एवं साहित्य निर्माण जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, संघ शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक कार्य विस्तार एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रहेगा तथा 'पंच परिवर्तन' के आह्वान के साथ संकल्पबद्ध अभियान चलाया जाएगा।

# उपभोक्ता फोरम में 6,500 मामले लंबित : चौरड़िया



**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमरेश्वर शाही ने कहा कि नए कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत अब केवल उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन भी शिकायत कर सकते हैं, यह प्रावधान है। किसी भी प्रोडक्ट और सर्विसेज की शिकायत अब केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन भी कर सकते हैं। नए एक्ट में कंट्रोलिंग अथॉरिटी को भी अधिकार मिला है। दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे श्री शाही ने पत्रकार वार्ता में कहा उपभोक्ता अधिकारों, नए कानूनों और डिजिटल युग की चुनौतियों को लेकर वकीलों और आयोग के सदस्यों के लिए नए उपभोक्ता कानून के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ।उनसे महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई ।आधुनिक युग में डिजिटल टेक्नोलॉजी से जो विवाद आ रहे हैं, उनका समाधान कैसे किया जाए, इस पर चर्चा हुई ।उपभोक्ता फोरम में फिलहाल चार तरह के मुकदमे ज्यादा हो रहे हैं, इनमें सर्वाधिक बिल्डर से फ्लैट लेने का विवाद, मेडिकल ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# प्रदेश में हर दिन हादसों में जा रही 22 लोगों की जान

**रायपुर**, 1 जून (देशबन्धु)। सड़क हादसे रोकने के लिए वाहनों की रफ्तार पर जल्दी ही ब्रेक लगेगा। बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा पुलिस और परिवहन विभाग को इसके निर्देश दिए गए हैं। तेज रफ्तार से चलने वाली यात्री बसों और मालवाहकों की इंटरसेप्टर वाहन के जरिए निगरानी करने को कहा गया है। प्रदेश में सड़क हादसों में रोज औसत 22 लोगों की जान जा रही है। अप्रैल.2024 में 5,322 सड़क दुर्घटनाओं 2,591 व्यक्ति की मौत हुई और 4,825 लोग घायल हुए थे। इसी अवधि में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 5०6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं मौत के आंकड़े में 12.5 प्रतिशत और घायलों के आंकड़े में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मई में भी हादसे मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ी है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अपर मुख्य सचिव ;गृह मनोज पिंगुआ ने सड़क हादसों की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने बढ़ रहे हादसे रोकने के लिए राज्य अंतरविभागीय लीड एजेंसी के सभी विभागों को संयुक्त प्रयास करने के लिए कहा।

**वर्षवार हादसों के आंकड़े**

| वर्ष | हादसा | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| 2020 | 11,656 | 4606 | 10,505 |
| 2021 | 12,375 | 5375 | 10,683 |
| 2022 | 7997 | 3467 | 7251 |
| 2023 | 13,468 | 6166 | 11 723 |
| 2024 | 14,857 | 6945 | 12,573 |

**विभागों की ओर से किए जा रहे प्रयास**-परिवहन विभाग को फिटनेस जांच के दौरान स्पीड कंट्रोलर डिवाइस की अनिवार्य रूप से जांच करने की हिदायत भी दी गई है। इसका उपयोग नहीं करने और इसे निकालकर वाहनों का संचालन करने वालों के खिलाफचालानी कार्रवाई होगी। पिछले कई सालों से ब्लैक स्पॉट को सुधारा जा रहा हैए लेकिन अब भी करीब 84 ब्लैक स्पाट ऐसे हैंए जिन्हें पिछले कई सालों से सुधारा जा रहा है।

**ठीक नहीं कर पा रहे ब्लैक स्पॉट**-अंतरविभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों द्वारा पिछले कई सालों से ब्लैक स्पाट को सुधारा जा रहा है। हालांकि राज्य पुलिस द्वारा वर्ष 2019.2025 तक चिन्हाकित व लंबित ब्लैक स्पाट में से 69 व 101 जंक्शन सुधार जाने की जानकारी दी गई है। मुख्य सड़कों में मिलने वाली ग्रामीण सड़कों के जंक्शन, दुर्घटनाजन्य सड़क खंडोंए ब्लैक स्पॉट में प्राथमिकता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय समय सीमा में पूरा करने को कहा गया है। राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्गों में होने वाले अधिकांश हादसे सड़कों के किनारे लापरवाहीपूर्वक वाहनों के खड़े करने और तेज रफ्तार के कारण होते हैंए लेकिन पुलिस खानापूर्ति करने के लिए कार्रवाई करती है। दूसरी तरफ राजधानी की रिंग रोड पर खड़े वाहनों पर नियमित कार्रवाई तक नहीं होती। मालवाहक मुख्य सड़क से लेकर सपोर्टिंग रोड का उपयोग पार्किंग के लिए कर रहे हैं। इसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रैफिकि एआइजी संजय शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना में लगातार हो रही मौतों की मुख्य वजह तेज रफ्तार और नशे की हालत में वाहन चलाना है। वाहन की रफ्तार पर लगाम कसने के निर्देश दिए गए हैं। ब्लैक स्पाट को भी सुधारा जा रहा है।

## सरकारी अस्पताल में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

**सरायपाली,** 1 जून। स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून सोमवार को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद ,चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया , नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा।



# बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही



■ ट्रांसफार्मर पर चढ़कर ढूंढ रहा था फाल्ट
■ अचानक आ गई लाइट, युवक झुलसा

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। रायपुर से शनिवार को विद्युत विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। विद्युत ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक युवक की गंभीर रूप से घायल हो गया हैं और जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नगर के देवार पारा में 11केव्ही लाइन में फाल्ट आ गया था। जिसे सुधारने के लिए ग्राम सेन्दर निवासी युवक बेदप्रकाश साहू शनिवार को बंद ट्रांसफार्मर को बनाने के लिए ट्रांसफार्मर के ऊपर चढ़ा था तभी अचानक विद्युत विभाग द्वारा लाइन को चालू कर दिया गया। इससे युवक ट्रांसफार्मर में चिपक गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस घटना में युवक के दोनों पैर बुरी तरह से झुलस गया है। युवक के पैर में उसके चप्पल पिघल कर चिपक गया। युवक अस्पताल में प्राथमिक इलाज के दौरान बुरी तरह से तड़पते हुए जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया है। बताया गया कि युवक विद्युत ठेकेदार के अंदर काम करता है। लेकिन ठेकेदार द्वारा अपने कर्मचारियों को दस्ताना हेलमेट आदि की सुविधा मुहैया नहीं कराया था। जिसके कारण यह घटना होने की अंदेशा जताया जा रहा है। इस संबंध में जेई ओमेश चंद्राकर ने बताया कि इस घटना की जांच की जाएगी। फिलहाल घायल युवक का उपचार जारी है और वह खतरे से बाहर हैं।

# पत्रकारिता विवि में हॉस्टल छात्र-छात्राओं के बीच बवाल



**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में देर रात जमकर बवाल हुआ है। यहां छात्राओं ने हॉस्टल में रहने वाले छात्रों पर गाली.गलौच करने और अश्लील कमेंट्स करने का आरोप लगाया है। इस घटना के बाद छात्राओं में आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल है। दोनों ही हॉस्टल में छात्र और छात्राएं रहती है। बीती रात छात्रावास में रहने वाले छात्र छात्राओं को गालियां देने लगे और अश्लील कमेंट्स करने लगे। इतना ही छात्राओं का आरोप है कि छात्रों ने खिड़कियों से झांककर गंदे और अश्लील इशारे भी किए। इस मामले में छात्राओं ने बताया कि ऐसी घटना पहली बार नहीं हो रही है। छात्र पहले भी ऐसी हरकत कर चुके हैं और उन्होंने इस बात की शिकायत विश्वविद्यालय में की थी। छात्राओं ने आगे कहा कि हमने कई बार इस बात की शिकायत की है लेकिन छात्रों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की जाती। इतनी ही नहीं छात्राओं ने बताया कि बवाल खत्म होने के कई घंटो बाद हॉस्टल की केयर टेकर मौके पर पहुंची थी। फिलहाल छात्राओं ने इस पूरे मामले की शिकायत की है। वहीं विवि प्रशासन से पक्ष लेने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो पाया। अभी उनकी ओर से मामले पर कोई अधिकृतबयान नहीं आया है।

# विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों ने निकाली साईकिल रैली

**महासमुंद,** 1 जून (देशबंधु)। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विश्व साईकिल दिवस 3 जून के उपलक्ष्य में 01 जून रविवार को फिट इंडिया साईकिल रैली एवं तिरंगा रैली का आयोजन सुबह 7.30 बजे से तुमगांव थाना से एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग तक तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। जो तुमगांव थाना से चौक चौराहों से लेकर एकलव्य विद्यालय में संपन्न हुआ। प्रत्येक रविवार को खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग, महासमुंद एवं तुमगांव के खिलाड़ियों ने देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं फिट रहने लोगों को जागरूकता करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते आ रहे हैं। साईकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूकता व देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं।

# विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में 7 प्रस्ताव पारित

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक विगत दिनों सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित 7 प्रस्ताव पारित वर्ष 2026 से नए वेतन पुनरीक्षण का लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं मिलने के मीडिया रिपोर्ट पर विरोध का प्रस्ताव पारित ,एक देश एक ग्रिड की तर्ज पर सभी विद्युत कर्मियों को एक समान सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान किया जाए, पेंशन रेस्टोरेशन 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष किए जाए विद्युत के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा की मांग, 80,85,90 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर क्रमशः 20,30,40,50 प्रतिशत पेंशन में बढ़ोतरी बगैर आवेदन के हो केंद्र सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्णय को 60 वर्ष की आयु किया जाए ,वरिष्ठ नागरिकों को रेल सड़क परिवहन और फ्लाइट से यात्रा में 50: की छूट प्रदान किया जाए ,बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 माह में प्रत्येक पदाधिकारी सदस्य अपने अपने क्षेत्र में सेवानिवृत्त कार्यरत कर्मचारियों के घर जाकर प्रत्यक्ष संपर्क करेगा, महासंघ के पदाधिकारियों सदस्यों को विभिन्न प्रांतों का प्रभारी नियुक्त किया गया जो कि समय समय पर अपने प्रभार वाले प्रदेश में संपर्क कर संगठन बढ़ाने के कार्य में राज्य इकाई को सहयोग प्रदान करेंगे।

**आगामी कार्यसमिति बैठक नवंबर में मध्यप्रदेश में होगी**

दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता अमर सिंह सांखला ने की। बैठक में अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राज मुरुगन मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री अरुण देवांगन ने किया । बैठक को पूर्व महामंत्री प्रहलाद सिंह अवाना कार्यकारी अध्यक्ष बी चंद्रबाबूए संगठन मंत्री श्री रविंद्र काड़के ने भी मार्गदर्शन दिया । बैठक के सफल आयोजन में श्री देवराज शर्माए श्री होशियार सिंह चंदेलए श्री रत्न लाल रंजीत सहित हिमाचल प्रदेश के अन्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही।

# कलेक्टर ने बाघद्वार गुफा का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत लछना स्थित ऐतिहासिक बाघद्वार गुफा का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल और जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफ़र भी उनके साथ उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने गुफा में स्थित बाघेश्वरी माता के दर्शन कर स्थल की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता और बाघद्वार को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा की। उन्होंने इस दिशा में प्रशासन की ओर से आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र एवं यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने आमनेर नदी के उद्गम स्थल माने जाने वाले कुंड का भी निरीक्षण किया और वहां भी विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से स्थल के संरक्षण और विकास की दिशा में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लाखों रुपए की धोखाधड़ी का आरोपी शिकंजे में

## चिटफंड कम्पनी का 5 वर्षो से फरार डायरेक्टर गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। चिटफंड के लंबित प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में थाना न्यू राजेन्द्र नगर में धारा 420 409 34 भादवि 3 4 ईनामी चिटफण्ड धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम धारा 10 छ ग निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के प्रकरण में न्यू राजेन्द्र नगर लालपुर के प्रोग्रेसिव पाईन्ट बिल्डिंग में स्थित फ्यूचर गोल्ड इण्डिया बिल्ड लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर पुष्पेन्द्र राठौर एवं अन्य द्वारा प्रार्थी जगतुराम निषाद निवासी ग्राम पठारीडीह उरला रायपुर तथा अन्य आवेदकों को अपनी उक्त चिटफण्ड कम्पनी में निवेश करने हेतु विभिन्न तरह से लोक लुभावन स्कीम बता कर राशि जमा करने पर 06 वर्ष में राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर प्रार्थी तथा अन्य आवेदकों से लाखों रूपये कम्पनी में निवेश कराकर निवेशको से छलकपट धोखाधड़ी कर राशि लेकर कम्पनी के डायरेक्टर फरार हो गये थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा आरोपी फरार डायरेक्टरों के संबंध में लगातार जानकारी एकत्र करते हुये तकनीकी विश्लेषण व अन्य माध्यमों से फरार आरोपियों को लोकेट करने के प्रयास किये जा रहे थें। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त उक्त चिटफण्ड कम्पनी के डायरेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह राठौर की उपस्थिति श्योपुर ;म प्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर टीम को श्योपुर रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा श्योपुर पहुंच कर कैम्प कर आरोपी की पतासाजी करते हुये प्रकरण में कम्पनी के फरार डायरेक्टर आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर को पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# सिंधी काउंसिल ने किया होनहार बच्चों का सम्मान



**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि एक सो सत्तर बच्चों को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के बच्चे जिनका परसेंटेज 80त्न से ऊपर आया ऐसे मेधावी छात्रों को प्रतिभा सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा छात्रों का दसवीं के बाद टर्निंग पॉइंट है इसके बाद ही उसका नया भविष्य की शुरुआत होती है और उसका नया रास्ता तय होता है।

### दसवीं के बाद टर्निंग पाइंट : सोनी

रायपुर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा सिंधी काउंसिल ने बच्चों को सम्मानित करके ऐतिहासिक कार्य किया है। तीन मोटिवेशनल स्पीकर का भी उद्बोधन हुआ जवाहर सूर्यशेट्टी डॉ आर श्रीधर अलकशेंद्र मोगरे साथ में दो प्रतिभा जो समाजसेवा के कार्य कर रहे है ऐसे व्यक्ति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ममता शर्मा, राजीव मसंद, विधायक सुनील सोनी, बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, पार्षद गण अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, बद्री प्रसाद गुप्ता, सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, सुनील कुकरेजा, अनिल ज्योतसिंघानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, रितेश वाधवा, जतिन नचरानी, तेजकुमार बजाज, महेश खिलनानी, चंदन जैसिंघ, नरेश पंजवानी, सुशील दरिरा, कुणाल मथनी, जीतू लोहाना, बलराम मंदानी, मनीष थारानी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलेगी नौकरी : टंकराम वर्मा

## पहले चरण में 60 खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी



**रायपुर,** 1 जून। प्रदेश में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी देने की दिशा में प्रकिया शुरू कर दी गई है। पहले चरण में लगभग 60 खिलाड़ियों को नौकरी दी जाएगी ।मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि अधिकारियों से चर्चा हुई है, 15 दिनों के भीतर संबंधित प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी।

श्री वर्मा ने कहा कि 4 जून के बाद होने वाली कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। पहले चरण में चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा भी जल्द की जाएगी। करीब 60 के आस पास उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा होगी। बाकी बचे खिलाड़ियों का परीक्षण किया जाएगा। उसके बाद निर्णय किया जाएगा। उन्होंने कहा की हमारी सरकार खिलाड़ियों के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों के लिए बैठक भी रखी गई थी। बैठक में कई विभागों में नौकरी को लेकर चर्चा हुई है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति नहीं होने से सरकार के खिलाफ खिलाड़ियों में काफी आक्रोश है। जिसके बाद सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाया है ।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने निवास कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक में खेल विभाग में वित्त विभाग से स्वीकृत सीधी भर्ती और संविदा के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे ।उन्होंने राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए तुरंत विज्ञापन जारी करने को भी कहा था।


# कल संविधान बचाओ रैली, कांग्रेसियों ने बैठक लेकर बनाई रूपरेखा



**डोंगरगढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। 3 जून को होने वाले संविधान बचाओ रैली जो की छिरपानी प्रांगण मां बम्लेश्वरी देवी के श्री चरणों में आयोजित किया गया है, जिसका नियत समय दोपहर 12 बजे तय किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल आमंत्रित किये गए हैं। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज ने शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में ली। इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखा गया और बहुत समय के बाद डोंगरगढ़ में एक बड़ा कार्यक्रम होने पर सभी प्रसन्न थे। चूंकि यह कार्यक्रम विधान सभा स्तरीय है और संविधान की रक्षा का विषय है इसलिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं एवं विधानसभा वासियों से 3 जून दोपहर 12ः00 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण छिरपानी में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली में आमंत्रित कर उपस्थित होने हेतु अपील की है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा जल्द होगा बंद : नितिन गडकरी

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को परिवहन मंत्री का आश्वासन



**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि आज नागपुर में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के निज निवास में कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराए जाने की मांग को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। नियम कंडिका का हवाला देते हुए बताया कि 60 किलोमीटर के दायरे में दो टोल प्लाजा का संचालन नहीं होना चाहिए लेकिन छत्तीसगढ़ में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कुम्हारी टोल प्लाजा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में अन्य भी ऐसे टोल प्लाजा है जो 60 किलोमीटर के दायरे के अंतर्गत आते हैं और किस प्रकार इन अवैध टोल प्लाजा का संचालन हो रहा है। पूर्व विधायक की बात को सुनकर गंभीरता से लेते हुए नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि हम बहुत जल्द कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद कर देंगे। छत्तीसगढ़ के अन्य टोल प्लाजा की भी जानकारी मंगा कर उस पर भी निर्णय लेंगेद्य पूर्व में मंत्री द्वारा लोकसभा में कहा गया था कि 60 किलोमीटर के दायरे में दो तो प्लाजा का संचालन नहीं होगा। लेकिन छत्तीसगढ़ में इन नियमो का पालन नहीं हो रहा है।

उपाध्याय ने बताया कि विगत कई वर्षों से लगातार कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने की मांग को लेकर आंदोलन किए जा रहे हैं। इस आंदोलनों में सहभागिता के लिए सत्ता पक्ष के सांसदों से भी सहयोग की मांग की गई थी।

## कैपिटल ज़ोन का शेष...

### उपभोक्ता फोरम में ...

नेग्लिजेंस, इंश्योरेंस क्लेम्स और बैंकिंग फ्रॉड्स शामिल हैं। आयोग के लिए डिजिटल एरेस्ट के मामले बड़ा चैलेंज हैं।

आने वाले समय में एक सुई से लेकर हाथी तक की समस्या फोरम में मिलेगी।

वहीं राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कंज्यूमर्स की शिकायतों का तेज गति से समाधान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में फिलहाल कंज्यूमर फोरम में 6,500 केस लंबित हैं। 2 साल पहले 10,000 से ज्यादा केस पेंडिंग थे। रायपुर और दुर्ग में ही केवल 2,000 से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। 5 से 8 महीने में केस का समाधान हो रहा है। व्यवहारिक अड़चनों को समझना और उस पर काम करना हमारा मुख्य लक्ष्य है।

# सिविल लाइन्स रेजिडेंट्स एसोसिएशन के रामकुमार शुक्ला सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। सिविल लाइन्स रेजिडेंट्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा का आयोजन वृंदावन हॉल, सिविल लाइन्स, रायपुर में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सभा की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण एवं सभापति की घोषणा के साथ हुई। सभा की अध्यक्षता कर रहे गोपाल प्रसाद अग्रवाल ने एसोसिएशन के पुनर्गठन की जानकारी देते हुए अध्यक्ष पद के लिए नाम आमंत्रित किए। इस अवसर पर सुशील अग्रवाल द्वारा रामकुमार शुक्ला के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसका समर्थन राजेश अग्रवाल ने किया। सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए नए अध्यक्ष शुक्ला ने एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने का संकल्प लेते हुए आगामी दो वर्षों के लिए कार्यकारिणी समिति की घोषणा की।

नई कार्यकारिणी समिति में जसपाल सिंह, हिन्दर सिंग गरचा एवं श्रीमती योगिता हुड्डा को उपाध्यक्ष, मनोज परसरामपूरिया को सचिव, प्रवीण कटेला को संयुक्त सचिव, श्री विकास पारख को कोषाध्यक्ष तथा रमेश अग्रवाल को लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओम अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अशोक कांकरिया, जवाहर नैनानी, अतुल श्रीवास्तव, मनीष डागा एवं श्रीमती दलजीत को सम्मिलित किया गया। यह उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार किसी महिला को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



परंपरागत तौर से एसोसिएशन में वर्तमान मुख्यमंत्री को मुख्य संरक्षक के रूप में मान्यता दी जाती है, इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, उप-मुख्यमंत्रीगण अरुण साव जी एवं विजय शर्मा जी संघ के मुख्य संरक्षक मनोनीत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त आसूदाराम वाधवानी, बलदेव सिंह भाटिया, गोपाल प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं सुशील अग्रवाल को एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में प्रस्तावित किए गए। एसोसिएशन को इन सभी गणमान्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे एसोसिएशन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। सभा के दौरान एसोसिएशन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की गई, जिसमें लंबित कानूनी अनुपालनों जैसे ऑडिट रिपोर्ट, आयकर रिटर्न एवं सामान्य बैठक कार्यवाही का निष्पादन करना, सिविल लाइन्स क्षेत्र का 9 स्ट्रीट / सड़कों में विभाजन, एसोसिएशन का नया खाता खोलने संबंधी निर्णय, तथा एसोसिएशन के पंजीकृत कार्यालय पते में बदलाव शामिल थे। इसके अतिरिक्त गांधी उद्यान की स्थिति, तथा एसोसिएशन की सदस्यता शुल्क से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता कर रहे गोपाल प्रसाद अग्रवाल जी ने बताया की एसोसिएशन के पुनर्गठन और सक्रियता का मूल उद्देश्य आपसी भाईचारा, सहयोग और एकजुटता को बढ़ावा देना है। विचार यह है कि संकट के समय सभी सदस्य एक-दूसरे की सहायता करें और समाज में सेवा की भावना को आगे बढ़ाएं। एसोसिएशन के सदस्यों का मानना है कि सेवा ही जीवन है, और इसी सिद्धांत को केंद्र में रखते हुए एसोसिएशन को एक सशक्त और सहृदय मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है। सभा का समापन सुशील अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ ।

# प्रगतिशील छग सतनामी समाज का आमचुनाव 29 जून को

## नामांकन दाखिल करने की तिथि 6जून से 10 जून तक

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933/2012का त्रैवार्षिक आम चुनाव 29 जून 2025 को निर्धारित किया गया है ।25 फरवरी को प्रगतिशील छग सतनामी समाज के वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय अनुसार आम चुनाव की घोषणा कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री के एल रवि द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रगतिशील छग सतनामी समाज के 1अध्यक्ष,4उपाध्यक्ष जिसमें एक महिला आरक्षित, 1महासचिव,एक कोषाध्यक्ष,एक सहसचिव,एक प्रवक्ता,एक मिडिया प्रभारी सहित 15प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिसमें तीन महिला के लिए आरक्षित हैं कुल 25 पदों पर चुनाव या मनोनयन किया जाएगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 मई को किया गया है जिसके लिए दावा आपत्ति 3जून को शाम चार बजे तक लिया जाएगा। दावा आपत्ति का निराकरण उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5जून को किया जाएगा। 6जून को निर्वाचन की अधिसूचना जारी किया जावेगा ।6 जून 2025 से 10 जून तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 10जून शाम 4बजे तक निर्धारित किया गया है। 11जून को प्राप्त नामांकन पत्रों का संविक्षा जांच किया जाएगा ।नाम वापस करने के लिए 13 जून 2025 निर्धारित किया गया है ।उसी दिन नाम वापसी उपरांत अभ्यर्थियों की सूची एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा ।29जून 2025 को सुबह 8बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। मतदान उपरांत उसी दिन मतगणना किया जाएगा।

# रायपुर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## दलाल समेत 4 महिलाएं गिरफ्तार, ग्राहक की थी तलाश

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से देह व्यापार के गोरखधंधे का सनसनीखेज मामला सामने आया है। काम दिलाने के बहाने गरीब और मजबूर लड़कियों को फंसाकर देह व्यापार में धकेला जा रहा था। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने भाठागांव स्थित एक मकान में छापा मारकर इस सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपिया महिला को गिरफ्तार किया गया है जो दलाली का काम करते हुए इस अवैध धंधे को चला रही थी। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री और नकदी बरामद किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह के दिशा-निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के नेतृत्व में की गई।

पुलिस को 31 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इटालिया हाउस में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इस पर तत्काल टीम गठित कर रेड डाली गई। पाईटर की मदद से ऑपरेशन को अंजाम दिया गया जिसमें आरोपिया रूषा खरे पति धनउ खरे ;38 वर्ष निवासी अंबेडकर नगरए पेंड्रावन थाना सरसीवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को गिरफ्तार किया गया। वहीं मौके से तीन अन्य महिलाएं भी मिलीं जिनमें धनेश्वरी मरकाम ;सरगुजा बिंदिया सिधार ;जांजगीर-चांपा और सीताबाई बरेठ रायगढ़ शामिल हैं। पूछताछ में इन महिलाओं ने बताया कि रूषा खरे ने उन्हें काम और अच्छी आमदनी का लालच देकर रायपुर बुलाया और बाद में देह व्यापार के लिए मजबूर किया। रेड के दौरान पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से 1500 रुपये नगद नए व उपयोग किए गए कुल 14 कंडोम जब्त किए। इस पूरे मामले में अआरोपियों के खिलाफ धारा 4, 5,7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रूषा खरे को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।



### कार्रवाई में इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगनए निरीक्षक योगेश कश्यप उपनिरीक्षक शिशुपाल चंद्रवंशी महिला प्रधान आरक्षक योगिता मिश्रा महिला आरक्षक कावेरी चक्रवर्ती आरक्षक नरेश क्षत्रिय भुनेश्वर ठाकुर अनिल चंद्राकर सुनील शुक्ला जितेंद्र साहू व कमलेश मांडवी शामिल रहे।

# पूर्व सीएम के करीबी के ठिकानों पर ईओडब्लू की दबिश




**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आबकारी घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी कारोबारी विजय भाटिया के दुर्ग-भिलाई स्थित 5 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। भाटिया के आवास कार्यालय और अन्य परिसरों पर एक साथ दबिश दी गई जो सुबह से जारी है। इससे पहले 20 मई को ईओडब्लू ने रायपुर बिलासपुर धमतरी दुर्ग और भिलाई सहित 20 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी थी। इन छापों में कई कारोबारियों और आबकारी विभाग के अफसरों के घरों और दफ्तरों की तलाशी ली गई थी। जांच में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे।

### आबकारी घोटाले में कार्रवाई तेज

**एसीबी भी कर चुकी है छापेमारी :** ईओडब्लू के अलावा भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो ने भी इस घोटाले से जुड़े मामलों में अशोक अग्रवाल जैसे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। भिलाई स्थित आम्रपाली कॉलोनी में अशोक अग्रवाल के घर पर सुबह 4 बजे टीम ने दबिश दी थी। अग्रवाल का संबंध स्टील इंडस्ट्रीज से बताया गया है। छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग से जुड़े बड़े स्तर पर अनियमितता और घोटाले के आरोपों की जांच जारी है। आरोप है कि सरकारी ठेकों शराब सप्लाई और परमिट प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। इस घोटाले में कई राजनीतिक रसूख वाले नाम अधिकारी और कारोबारी जांच के घेरे में हैं। विजय भाटिया के ठिकानों पर दबिश ने यह संकेत दिया है कि ईओडब्लू की जांच अब सीधे राजनीतिक और कारोबारी गठजोड़ पर फोकस कर रही है। आने वाले दिनों में और भी बड़ी कार्रवाई और खुलासे की उम्मीद है। राज्य की सबसे बड़ी जांच में से एक माने जा रहे इस घोटाले में प्रशासन की सख्ती अब साफनजर आ रही है।

# 2100 रुपए के बिजली बिल के लिए जानलेवा हमला

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। 2100 रुपए का बिजली बिल को लेकर विवाद इस कदर बढ़ा कि बड़े भाई ने छोटे भाई पर रात में सोते समय हथौड़े से जानलेवा हमला कर दिया शोर सुनकर बाहर आई बहन को भी बड़े भाई ने मारने के लिए दौड़ा जिस पर उसने भागकर अपनी जान बचाई घटना में गंभीर रूप से घायल छोटा भाई का अंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा है वहीं बड़े भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गुढ़ियारी थाना प्रभारी केके कुशवाहा ने बताया कि दुर्गा चौक अशोक नगर निवासी दुर्गा तिवारी पिता गौरीशंकर तिवारी 32 वर्ष रात में सोया हुआ था करीबन 1.30 से 2 बजे उसका बड़ा भाई पुरषोत्तम तिवारी 35 वर्ष ने हथौड़ी से उस पर हमला किया कुछ पटकने की आवाज सुनकर बगल रूम में सोई उसकी बहन रुक्मणि तिवारी 40 वर्ष जब लाइट जलाकर देखी तो पुरुषोत्तम तिवारी हथौड़े से अपने भाई दुर्गा दास को मार रहा था चिल्लाने पर आरोपी अपनी बहन को भी मारने के लिए दौड़ा जिस पर उसने दौड़कर अपना जान बचाई आरोपी की बहन भारत माता चौक में जाकर पुलिस गश्ती दल को घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि आरोपी ने घर का मुख्य चेनल गेट पर ताला लगा दिया है जिसे तोड़कर पुलिस अंदर पहुंची हथौड़े के मार से गंभीर रूप से घायल दुर्गा तिवारी को उपचार के लिए 112 के जरिए मेकाहारा भेजा जहां उनकी स्थिति को देखते हुए डीकेएस रेफर किया गया है जहां उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है वहीं आरोपी को पकड़कर पुलिस पूछताछ में जुटी है आरोपी और पीड़ित की बहन की शिकायत पर थाना गुढ़ियारी में धारा 109 बीएनएस मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है

## छत्तीसगढ़ बना उड़ता पंजाब

# लाखों की हेरोइन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। राजधानी में युवाओं को महंगे नशे की लत लग रही है। एमडीएमए हेरोइन जैसे ड्रग्स दूसरे राज्यों से बड़ी आसानी से रायपुर पहुंच रहा है। कभी कोरियर के जरिए तो कभी ट्रांसपोर्टिंग लाइन से जुड़े ट्रक ड्राइवर-हेल्पर के मार्फत। इन दिनों ड्रग्स तस्करी का बड़ा अड्डा रिंग रोड नंबर-2 से लगा इलाका बन गया है। रायपुर से भिलाई तक ड्रग्स तस्करों का नेटवर्क बन गया है। आमानाका पुलिस ने हेरोइन तस्करी करने वाले दो और तस्करों को धरदबोचा है। उनके कब्जे से करीब डेढ़ लाख की हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस आरोपियों के पास माल पहुंचाने वालों की तलाश कर रही है।

**ग्राहक का इंतजार करते दो तस्करों को पकड़ा :** पुलिस के मुताबिक टाटीबंध-भनपुरी बायपास में पंजाबी ढाबा के सामने संदिग्ध रूप से कार में दो युवक सवार थे। इसकी सूचना पर आमानाका पुलिस ने उन्हें पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम सिल्वेस्टर राजेश उर्फ़रामी और विजय सिन्हा बताया। दोनों के पास से कुल 14.9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों ग्राहक के इंतजार में थे। दोनों लंबे समय से हेरोइन बेच रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की। दोनों की कार भी जब्त कर ली है। दोनों तक हेरोइन पहुंचाने वाले की तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि दोनों के पास दूसरे राज्य के तस्कर ड्रग्स छोड़ जाते।



### ग्राहक की कर रहे थे तलाश

**6 माह में 20 से ज्यादा गिरफ्तारी :** आमानाकाए कबीर नगर इलाके में पिछले 6 माह में 30 से ज्यादा हेरोइन तस्कर पकड़े जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश तस्कर पंजाब के हैं। बताया जाता है कि हेरोइन पंजाब से सप्लाई हो रही है। हेरोइन के साथ ही अफीम और एमडीएमए भी आ रहा है। इसकी बड़ी वजह है कि ट्रांसपोर्टिंग लाइन से जुड़े अधिकांश लोग इन्हीं इलाकों में रहते हैं। उन्हीं के जरिए मादक पदार्थ हेरोइन यहां पहुंच रही है।

**देर रात तक पार्टी, नाइट क्लबों में भी सप्लाई :** शहर में बड़ी संख्या में नाइट क्लब भी चल रहे हैंए जहां देर रात तक पार्टी चलती है। इनमें सूखे नशे की मांग भी रहती है। इस कारण हेरोइन और एमडीएमए जैसे मादक पदार्थों की तस्करी लगातार बढ़ रही है। तेलीबांधा इलाके में कई पब-रेस्टॉरेंट में ड्रग्स तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं।

# प्रकृति और संस्कृति दोनों को बचाने की जरूरत : पैकरा

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में पर्यावरण दिवस पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा, वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार और ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने की। चर्चा का विषय था - पर्यावरण संरक्षण और हमारा दायित्व।

इस अवसर पर बोलते हुए वन विकास निगम के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुमूल्य सम्पदा के रूप में अनेक उपहार दिए हैं। एक ओर विकास हो रहा है तो दूसरी ओर विनाश हो रहा है। प्रकृति को प्रदूषित करने के लिए हम सब दोषी हैं। प्रकृति वन को हमने उजाड़ा है। वन संरक्षण के लिए लोगों में जन जागृति लाने की जरूरत है। हमें प्रकृति और संस्कृति दोनों को बचाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश नदी-नालों और जंगलों से घिरा हुआ है। उन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है। प्राकृतिक असन्तुलन के कारण हमें अतिवृष्टि और अनावृष्टि का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार खेती में रसायनिक खेती को छोड़कर जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है। वन विकास निगम ने इस वर्ष औद्योगिक क्षेत्रों में 15 से 18 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है।




- प्लास्टिक से प्रकृति का दम घुट रहा है : प्रेम कुमार
- प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए दृढ़ संकल्पित होने की जरूरत : ब्रह्माकुमारी सविता

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। आजकल प्लास्टिक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे प्रकृति का दम घुट रहा है। हर साल हम तिरालिस लाख टन प्लास्टिक कचरा धरती और नदियों में हम डाल रहे हैं। प्लास्टिक का कुछ अंश हमारे ब्लड में भी घुल चुका है। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। लोग जंगलों में घूमने जाते हैं तो प्लास्टिक वहीं छोड़कर आ जाते हैं जिसको हिरन आदि जानवर खाकर मर रहे हैं। हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि प्रकृति ने हमारी जरूरत के मुताबिक सब कुछ दिया है लेकिन जब हम लोभवश उसका अत्यधिक दोहन करने लगते हैं तब समस्या शुरू होती है। हमें पानी की कीमत तब पता चली जब वह बोतल में बिकने लगा। इसी प्रकार आक्सीजन का महत्व हमें कोविड के दौरान पता चली। आज दृढ़ संकल्पित होने की जरूरत है कि हम प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। अपने साथ एक खाली कपड़े की थैली जरूर रखें।

# राजधानी में पुलिस और परिवार के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। पुलिस जवानों और उनके परिवारों की सेहत को ध्यान में रखते हुए रायपुर पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम भी शिविर स्थल पहुंचे और स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा पुलिस हमेशा स्ट्रेसफुल सिचुएशंस में काम करती है। पुलिस जवानों को हर आपात स्थिति में सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचना होता है। ऐसे में उन्हें और उनके परिवारों को समय पर हेल्थ केयर मिलना बेहद ज़रूरी है। गौतम ने यह भी कहा कि पुलिस कर्मियों को आमतौर पर अपनी सेहत के लिए समय नहीं मिल पाता और उनके परिवारजन भी कई बार इलाज में देर कर देते हैं जिससे गंभीर समस्याएं जन्म ले सकती हैं। समय रहते जांच हो जाए तो कई बीमारियों का इलाज शुरुआती स्तर पर ही हो सकता है। ऐसे कैंप न केवल सेहत की जांच के लिए बल्कि मानसिक काउंसलिंग के लिए भी अहम हैं। गौरतलब है कि इस शिविर का उद्देश्य पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस विशेष शिविर में सरकारी और निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया और निशुल्क परामर्श व जांच सेवाएं दीं।



डी जीपी अरुण देव गौतम बोले- स्ट्रेसफुल हालात में काम करती है पुलिस, हेल्थ कैंप बेहद जरूरी



रायपुर। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के हुए आम चुनाव में आज राजिम के राघोबा महाड़िक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रदेश भर से मराठा समाज के पदाधिकारी आज आशीर्वाद भवन रायपुर में उपस्थित हुए थे।

# बाइक की चोर, दो युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसके साथ ही एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने हेतु भी लगाया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की विशेष टीम द्वारा वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन करने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी इस संबंध में सूचना एकत्र कर वाहन चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर पकड़ने के प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्र से एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन की पतासाजी करते हुए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राज किशोर उर्फ राज निवासी बलांगीर उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें मोटर सायकल के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा मोटर सायकल को अपने साथी विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक के साथ मिलकर चोरी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा थाना सरस्वती नगर के अलग-अलग क्षेत्र से 03 नग और दोपहिया वाहन चोरी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उनकी निशानदेही पर कब्जे से 04 नग स्पोर्ट्स बाईक जुमला कीमती 6 00 000 रूपये जब्त कर उनके विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में कार्यवाही किया गया है।



# ऑटो सवार व्यक्ति के जेब से नगदी पार

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। चोरी नकबजनी के प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में प्रार्थी योदराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 30मई को अपने गांव से ट्रेक्टर का टायर लेने अपने जेब में 39,500₹ रूपये नगदी रकम रखकर रायपुर आया था। टायर खरीदने घड़ी चौक से आटो क्रमांक सीजी 04 टी 6783 के सामने सीट मे बैठकर माता गैरेज पंडरी की ओर जा रहा था। आटो में एक व्यक्ति पीछे बैठा हुआ था जो आटो चालक से बात करते हुए जा रहा था। कुछ समय बाद आटो चालक हो गई कहकर आक्सीजोन गार्डन के पास आटो को बंद किया और कुछ दूर तक आटो को धक्का लगवाया बाद में चालू नही होने पर वही उतार कर दूसरा आटो लेने बोलकर अपना आटो चालू कर भाग गया। प्रार्थी को शक होने पर जेब चेक किया तो पेंट के जेब में रखे 39,500₹ रूपये नही था। उक्त रकम को आटो चालक के द्वारा चोरी कर भाग गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन धारा 303;2द्ध बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



### शातिर चोर पकड़ाया

घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी मोह आसिक अंसारी को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी मोहण् आसिक अंसारी के कब्जे से चोरी किये नगदी रकम में 25 000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त आटो वाहन जप्त कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है। आरोपी द्वारा शेष रकम को अपने अन्य साथी को बंटवारा में देना बताया है। जिसकी पता तलाश विवेचना जारी है।

# भगवान की बाल लीला, गिरिराज धरण उत्सव में झूम उठे श्रद्धालु

**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। श्री श्याम मंदिर समता कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा के पांचवें दिवस भगवान कृष्ण की बाल लीला के साथ गिरिराज धरण उत्सव मनाया गया। श्रद्धालु जन झूम कर आनंद लेते रहे। कथा में पूतना वध का भी प्रसंग शामिल हुआ। कल की कथा में भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग होगा।

कार्यक्रम संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा के दौरान दिव्यांगों के लिए ट्राईसाईकिल और व्हीलचेयर भी दी जा रही है।

वृंदावन से आए पूज्य डॉक्टर संजय कृष्ण च्चसलिलज्ज जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन की कथा में कहा कि भगवान स्वयं ब्रज में अवतार लेते हैं नंद बाबा के यहां छह माह तक जन्मोत्सव मनाया गया नंद बाबा ने खूब दान दिया। उन्होंने आगे बताया - धन की तीन गति होती है दान, भोग, नाश। उत्तम गति दान होती है परमात्मा ने धन दिया है तो दान करना चाहिये अगर हम धन को पुण्य के कार्यों मे नही लगायेगा तो लक्ष्मी ज्यादा दिन नहीं रहती है। आगे कथा में बताया अविद्या रुपी पूतना अपने स्तनो मे विष लगाकर भगवान को मारने के उद्देश्य से आती है प्रभु कितने दयालु है कि उसे माता की गति प्रदान कर देते हैं। भगवान कृष्ण माखन चोरी करते हैं प्रभु की प्रत्येक लीला में जनकल्याण की भावना समाहित होती है।



### श्याम मंदिर समता कॉलोनी में जारी है भागवत कथा

महाराज जी ने गोवर्धन की लीला का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया। गिरिराज साक्षात स्वरूप है नारायण का जब जब ब्रज पर आपत्ति विपत्ति आई उस समय केवल आपने नारायण को ही पुकारा है। इंद्र को तो पुकारा नहीं इसका मतलब ये हो गया नारायण सब कुछ कर सकते हैं। बरसात भी कर सकते है हमको तो अपनो से माँगना चाहिए क्यो किसी और से मांगे। जिस समय हम इंद्र को छोड़कर गिरिराज का पूजन करेंगे तो गिरिराज बाबा प्रकट होकर हम साक्षात दर्शन देंगे।

गिरिराज जी का जो स्वरूप है राधागोविन्द का सम्मिलित रूप है। और सभी को झांकी का दर्शन कराया एवं च्चश्री गोवर्धन महाराजज्ज भजन सुन कर भक्त झूम उठे। आज की कथा की जजमान हरिश अग्रवाल, कैलाश छापड़िया, किशन अग्रवाल थे।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- बताइये ये आपके ये तीन दांत कैसे टूट गए।
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- अच्छा तो खाने से मना कर देते?
मरीज- डॉक्टर साहब, वही तो किया था।

संपादकीय

# करेंट से होती मौतें

*छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खेतों और बाड़ियों को मवेशियों और वन्य प्राणियों से बचाने के लिये बाड़ में बिजली का करेंट लगाया जाता है जो इंसानों के लिये भी खतरा बन जाता है। इससे अक्सर घरवालों की ही अथवा किसी बाहरी व्यक्ति की मौतों की खबरें सामने आती रहती हैं। इससे बचा जाना चाहिये।*

*अंबिकापुर के लखनपुर थाना के तहत लोसगी पंडरीपानी ग्राम में रघुनाथ मांझी ने वहां के चूल्हट नाले के पानी से दूसरी फसल ले रखी है। उसे मवेशियों से बचाने के लिये उसने खेत के चारों ओर तारें फैलाकर बिजली का करेंट फैला रखा था। शुक्रवार की शाम उधर से गुजर रहे विष्णु मांझी और नीरसाय यादव उसकी चपेट में आ गये जिनकी वहीं मृत्यु हो गयी। घटना के बाद रघुनाथ फरार हो गया है। यह सार्वजनिक विद्युत व्यवस्था का दुरुपयोग भी है।*

*राज्य में इस प्रकार से बिजली के करेंट से कई मौतें हुई हैं। कुछ की मवेशियों को फसलों से दूर रखने हेतु बिछायी गयी तारों के सम्पर्क में आने से हुई हैं तो कुछ की लापरवाही के कारण। शहर हो या देहात, सभी जगह इस प्रकार करेंट फैलाने से बचना चाहिये और लोगों को भी सावधान रहना चाहिये। उन्हें भी चेत जाना चाहिये जो बिना यह सोचे कि इसकी चपेट में इंसान भी आ सकता है, ऐसी तारें बिछाते हैं। कई लोग तो अपने घरों या खेतों में बिजली से चलने वाले उपकरणों से भी बिजली का झटका खाकर मारे जाते हैं। 23 मई को बिलासपुर के बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव में बड़ी मां के घर गर्मी की छुट्टियां मनाने आये गीतू व राजू जायसवाल (क्रमशः 14 व 13 साल) कूलर के करेंट से मारे गये।*

*इसी साल की मार्च की शुरुआत में रायगढ़ में सीताराम सिदार नामक एक किसान अपने खेतों का काम कर रहा था तभी वह पम्प की खुली तार के सम्पर्क में आ गया। झटके से वह तुरन्त बेहोश होकर गिर गया। उसे देखकर मदद के लिये आये सुभाष निषाद को भी करेंट लगा। दोनों को ढूंढ़ते आये परिजन उन्हें अस्पताल ले गये परन्तु दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। पिछले वर्ष अंबिकापुर जिले में दरिमा पुलिस थाने के अंतर्गत करम्हा जंगल में शिवनारायण गोंड नामक युवक करेंट की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। इंद्रकुमार मरकाम नामक व्यक्ति ने जंगली जानवरों को पकड़ने के लिये 11 केवी तार के खंभे से हुकिंग कर करेंट फैलाया था। उसे गिरफ्तार किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एक युवक शिकारियों द्वारा बिछाये गये तार के सम्पर्क में आ गया जो जानवरों को पकड़ने के लिये बिछाया गया था। घटना के बाद तार बिछाने वालों ने लाश को 15 किलोमीटर दूर ले जाकर जला दिया। वे भी गिरफ्तार हो गये। तार लगाना गैरकानूनी तो है ही, जानलेवा भी है।*

# खादी ग्रामोद्योग को सशक्त करने की दिशा में एक और सार्थक पहल

## खादी बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय ने किया देवरबीजा खादी उत्पादन केंद्र दौरा



**बेमेतरा**, 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने शुक्रवार को बेमेतरा जिले के देवरबीजा स्थित खादी उत्पादन केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता तथा श्रमिकों की स्थिति का अवलोकन किया और वहाँ कार्यरत महिला कत्तिनों एवं बुनकरों से सीधा संवाद किया।

वर्तमान में इस केंद्र में कुल 129 महिला कत्तिन एवं 11 बुनकर समर्पण भाव से खादी वस्त्र निर्माण में संलग्न हैं। यह केंद्र ग्रामीण रोजगार, महिला सशक्तिकरण और स्वदेशी उत्पादों के संवर्धन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

राकेश पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प, तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में किया जा रहा है। खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि यह देश की संस्कृति, स्वावलंबन और स्वाभिमान का प्रतीक है।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र को तकनीकी उन्नयन, डिज़ाइन नवाचार, प्रशिक्षण एवं विपणन के लिए खादी बोर्ड द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से गुणवत्ता और नवाचार पर निरंतर ध्यान देने का आग्रह किया।इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारीगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, खादी बोर्ड के अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महिला कर्मियों एवं बुनकरों ने राकेश पांडेय से अपने अनुभव साझा किए और शासन की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खादी बोर्ड, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देवरबीजा खादी उत्पादन केंद्र इसी संकल्प का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

**तत्पश्चात सर्किट हाउस में हुआ आत्मीय स्वागत**

देवरबीजा केंद्र के भ्रमण उपरांत राकेश पांडेय बेमेतरा सर्किट हाउस पहुँचे, जहाँ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिले की स्थानीय गतिविधियों एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकासधर दिवान, जिला पंचायत सदस्य प्रीतम चंदेल, राहुल टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, युवा मोर्चा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी रविंद्र छाबड़ा, प्रणीश रजक, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रणय दीवान सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आज कांग्रेस निकालेगी संविधान बचाओ रैली




**दुर्ग**, 1 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस द्वारा कल 2 जून को सुबह 11 बजे राजीव भवन से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। रैली का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेगें। रैली से पूर्व सभा होगी। सभा के बाद रैली राजीव भवन से निकलकर विभिन्न मार्ग से होकर हिन्दी भवन के सामने गांधी प्रतिमा पहुंचेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पूरे जिले में कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही विधायकगण, पूर्व विधायकगण, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, एवं भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष पदाधिकारीगण कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष पदाधिकारी, जनपद व जिला पंचायत के कांग्रेस के सभी सदस्यगण, नगर निगम के कांग्रेस पार्षद, पूर्व पार्षदगण सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहेगें।

राजीव भवन से सभी कांग्रेसजन पदयात्रा करते हुए पांच कंडील, गांधी चौक, मोती काम्पलेक्स, पुराना बस स्टैंड होकर महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पहुंचेगें जहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।

दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि रैली में साजा विधानसभा क्षेत्र के नेतागण व कार्यकर्ता शामिल होगें।

# युक्तियुक्त करण के तहत शिक्षकों की काउसिलिंग आज व कल

**दुर्ग**, 1 जून (देशबन्धु)। जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग 2 एवं 3 जून को सुबह 9 बजे से खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक दुर्ग में आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि पहले यह काउंसलिंग जेआरडी शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में रखा गया था। जिसमें परिवर्तन कर अब यह काउंसलिंग निर्धारित तिथि 2 एवं 3 जून को प्रातः 9 बजे से खालसा पब्लिक स्कूल में होगी।

# गंजपारा प्रीमियर लीग क्रिकेट में चौहान इलेवन बनी विजेता

**दुर्ग**, 1 जून (देशबन्धु)। गंजपारा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के फाइनल में चौहान इलेवन ने बालाजी सुपर किंग्स को कांटे के मुकाबले में पराजित कर खिताब जीता। इस मैच के लिये गंजपारा निवासियों ने 6 टीम बनाई थी। 6 दिनों तक चले इस आयोजन के तहत सारे मैच सुराना कालेज मैदान में खेला गया। फाइनल मैच में चौहान इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 135 रन बनाये जिसके जवाब में बालाजी




सुपर ने मात्र 90 रन बनाये और मैच चौहान इलेवन ने जीत लिया। फाइनल मैच में मेन ऑफ दा सीरीज का पुरस्कार कान्हा आढ़तिया को मिला, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी का पुरस्कार कान्हा आढ़तिया को एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का पुरस्कार मोहित पुरोहित को दिया गया।

कार्यक्रम में मैच प्रारंभ होने के पूर्व अतिथि के रूप में श्याम शर्मा सभापति एवं पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता कुलेश्वर साहू शिव नायक बाबू ताम्रकार धीरज बाकलीवाल संजय कोहले मनीष कोठारी सरिता चन्द्राकर गुड्डू यादव सम्भव जैन पप्पू दुबे उपस्थित रहे। गंजपारा प्रीमियर लिंग में विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 31 हजार की नगदी के साथ ही विजेता कप एवं उप विजेता टीम को 21 हजार रुपये नगद एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया।

# 10 लाख के गांजा परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

## बेमेतरा पुलिस ने 1 क्विंटल से अधिक गांजा , वाहन, नगदी, मोबाइल सहित कुल जुमला 15लाख किया बरामद

**बेमेतरा**, 1 जून (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में पुलिस महानिरीक्षक महोदय दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में हृज्ञस्न बेमेतरा पुलिस टीम ने एक बड़ी मादक पदार्थों की बिक्री में लिप्त अपराधियों पर कार्रवाई तेज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 10 लाख से भी अधिक की मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

इसी क्रम में आज 01 जून 2025 को हृज्ञस्न बेमेतरा पुलिस टीम को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि एक सफेद रंग के पीकप वाहन में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु राका कठिया तरफ से सरदा की ओर आ रहा है कि सूचना पर, उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में हृज्ञस्न बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के अधार पर ग्राम सरदा आंदु चौक पर



पीकप वाहन क्रमांक छ्त्र 04 ष्ठ 7437 को रोककर तलाशी लेने पर पीकप डाला के पीछे नीचे डाला में छुपाकर रखे भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा मिलने पर आरोपी मोहम्मद खान ऊर्फ अयाज निवासी मछली मार्केट पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु परिवहन करते पकडा गया।

आरोपी मोहम्मद खान ऊर्फ अयाज पिता इमतियाज खान उम्र 24 साल निवासी मछली मार्केट पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग, के कब्जे से पीकप वाहन से 103 पैकेट खांकी रंग के सेलो टेप में पैकिंग किया हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 01 क्विंटल 03 किलो ग्राम कीमती 10,00,000/- रूपये (दस लाख रूपये) एवं एक पीकप वाहन क्रमांक छ्त्र 04 ष्ठ 7437 कीमती 5,00,000/- रूपये (पांच लाख रूपये), नगदी रकम 33,000/- रूपये, 02 नग मोबाईल कीमती करीबन 7,000/- रूपये, जुमला कीमती 1,540,000/- रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। प्रकरण में आरोपी से पुछताछ करने पर पता चला कि उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिक्री हेतु परिवहन करते उडीसा से भिलाई ले जाना।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दिनेश चंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, नोहर यादव, भुषण ठाकुर, आरक्षक संजय पाटिल, पीलाराम साहू, विजय दिवाकर, सुरेन्द्र जांगडे, धनसाय मिरे, डामन धिवर एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**समाज पर सकारात्मक प्रभाव-**

आरोपी पर कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को अब बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन ने समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

# ब्रम्हाकुमारीज ने विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर रेल्वे स्टेशन पर लगाई चित्र प्रदर्शनी




**दुर्ग**, 1 जून (देशबन्धु)। ब्रम्हाकुमारीज द्वारा विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर आज प्रजापिता ब्रम्हाकुमार ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज ऋषि केलाबाड़ी द्वारा रेल्वे स्टेशन परिसर में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई।

इस प्रदर्शनी में तंबाखू व धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। इससे व्यसन के कारणों पर प्रकाश डालने के साथ ही व्यसन से मुक्त होने के लिये माता पिता की भूमिका की भी जानकारी दी गई।

नशामुक्ति विषय पर ब्रम्हाकुमारी पूर्णिमा बहन ने सविस्तार प्रकाश डाला। संस्था द्वारा इस दिशा में लगातार किये जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी गई। प्रदर्शनी स्थल पर एक दान पेटी भी रखी गई थी जिसमें अनेक लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प व्यक्त किया। लोगों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशामुक्त होकर समाज के लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करेगें।

प्रारंभ में चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ स्टेशन अधीक्षक जी.जयपाल प्रभारी जीआरपी चौकी दुर्ग राजेन्द्र सिंह, ब्रम्हाकुमारी की पूर्णिमा दीदी, रेणु दीदा, ऋषि वर्मा पूर्व कमीश्नर ईपीएफ, गोकुल साहू, पूर्व कमीश्नर आदिम जाति कल्याण विभाग दीप प्रज्वलित किया गया। इस आयोजन में राजूलाल देवांगन, देवाशीष सरकार, दाऊराम साहू, शंकर चंद्राकर, योगेश्वर मेहुल देवांगन, उर्मिला रूखमणि बहन, विद्या बहन सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# पुलिस लाइन आवासीय कॉलोनी परिसर में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर



**बेमेतरा**, 1 जून (देशबन्धु)। रक्षित केन्द्र बेमेतरा स्थित पुलिस आवासीय कॉलोनी परिसर में आज एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। *इस शिविर में डॉ. विनय साहू एवं डॉ. भावना साहू की टीम द्वारा पुलिस परिवारों के महिला, पुरुष एवं बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।

चिकित्सा टीम सुबह 8बजे शिविर स्थल पर पहुंची और तत्पश्चात मरीजों की जाँच प्रक्रिया आरंभ हुई। शिविर में थायरॉयड, एलर्जी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, घुटनों का दर्द, पथरी, चर्म रोग, बवासीर, खांसी, जुकाम, बुखार आदि सामान्य रोगों की जाँच कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गईं। दोपहर 1 बजे तक चले इस शिविर में लगभग 150 से अधिक पुलिस परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, मुख्य लिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहें। इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के माध्यम से पुलिस परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल रही।

# सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत, दादी घायल



**गंडई पंडरिया**, 1 जून (देशबन्धु)। गंडई नगर के कवर्धा रोड में सुरही नदी के पुल के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाइवा ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर मार दिया जिससे दादा और पोते की मौके पर मौत हो गई और दादी घायल हो गई। जिसका इलाज गंडई के शासकीय अस्पताल होने के बाद परिजन घर ले गए। गंडई पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर हाइवा को धमधा में पकड़ा और गंडई थाना लाया गया।

जानकारी अनुसार साजा ब्लॉक के ग्राम पदमी निवासी परमेश्वर निर्मलकर उम्र 45 वर्ष, पत्नी इंद्राणी निर्मलकर उम्र 40 वर्ष व उनका पोता डीकेश निर्मलकर, उम्र 10 वर्ष अपनी बेटी के घर ग्राम लमरा थाना मोहगांव आए हुए थे। वहां से तीनों मोटर साइकिल में अपने गांव पदमी जाने के लिए रविवार सुबह 6 बजे निकले थे। गंडई के सुरही नदी पुल के पहले मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे परमेश्वर निर्मलकर व उनके पोते डिकेश निर्मलकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और इंद्राणी निर्मलकर को मामूली चोटें आई। घटना के बाद मौके पर आस पास लोग पहुंचे और तत्काल एंबुलेंस व पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल महिला इंद्राणी निर्मलकर को इलाज के लिए गंडई दे शासकीय अस्पताल ले गए। इलाज के बाद इंद्राणी निर्मलकर को उनके परिजन घर ले गए। मोटर साइकिल को ठोकर मारकर हाइवा वहां से फरार हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई और सीसी टीवी फुटेज खंगालने में लग गई। इस बीच घटना की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार की बेटी और उनके परिजन ग्राम लमरा मानपुर से गंडई हास्पिटल पहुँचे और हाइवा गाड़ी को पकड़ने के लिए लगातार दबाब बनाते रहे। गंडई पुलिस ने तत्परता दिखाई और सीसी टीवी फुटेज की जांच करने में सफल हुई। पता चला कि हाइवा गाड़ी जिसका नंबर सीजी 07 बीपी 7595 है। वाहन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भारतीय विरासत को आत्मसात करने भाषाओं का ज्ञान जरूरी : मिश्रा



**दुर्ग**, 1 जून (देशबन्धु)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर के आज छठवें दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि भारतीय विरासत को आत्मसात करने के लिये भारतीय भाषाओं का ज्ञान जरूरी है। भाषाएं हम सबको जोड़ती है । भारत की एकता और अखंडता में भारतीय भाषाओं का महत्वपूर्ण योगदान है।

■ भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर का 6 वां दिन


ग्रीष्मकालीन शिविर के आज छठवें दिन शिक्षका एस.वी.एस. गायत्री ने दक्षिण के कृष्णदेव राय साम्राज्य, विजय नगर एवं वहां के शासकों के बारे में प्रकाश डाला। बच्चों को विजय नगर की संस्कृति परम्परा मंदिरों आदि से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्णदेव राय तेलुगु भाषा एवं तेलुगु साहित्य से बहुत प्रभावित थे। उन्होंने कुतुबशाही साम्राज्य, हैदराबाद चारमीनार, हुसैन सागर झील की जानकारी दी। आझ बच्चों को तेलुगु भाषा तेलुगु साहित्य विजयनगर साम्राज्य, कुतुबशाही साम्राज्य काकतीया शासन एवं गोलकुंडा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सीटू ने मनाया स्थापना दिवस




भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। सीटू का 56 वा स्थापना दिवस मनाते हुए सुबह 8 बजे यूनियन कार्यालय में झंडा फहराया एवं शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया शाम को 6 बजे से 9 बजे तक सेक्टर 7 कुर्मी भवन में सांगठनिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यकारिणी एवं आमंत्रित कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर संगठन पर मंथन करने के लिए सीटू द्वारा आयोजित कार्यशाला में 6 विषयों पर गहन मंथन किया गया जिसमें संगठन के अंदर समन्वय, सदस्यता, बैठके, कर्मियों के बीच संपर्क, ट्रेड यूनियन शिक्षा एवं सीटू के सामने चुनौतियां तथा उसका निदान प्रमुख था। इस सांगठनिक कार्यशाला में साथियों ने ना केवल कमजोरी को रेखांकित किया बल्कि उन कमजोरी को दुरुस्त करने के उपायों को भी सुझाया जो आने वाले दिनों में संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। 55 साल के सफर में सीटू ने जिन उद्देश्यों के लिए 30 मई 1970 में सीटू का गठन हुआ था उसमें हर मोर्चे पर खरा उतरने रा दावा किया है। सीटूने कहा कि सामाजिक व्यवस्था के लिए संघर्षरत है जिसमें शोषण नहीं होगा, हर हाथ को काम होगा एवं काम का वाजिब दाम होगा सीटू मजदूरों को संगठित करते हुए, लगातार आगे बढ़ता रहा स इसीलिए आज सीटू संघर्ष का पर्याय बन चुका है। 2014 से आज तक संयंत्र में चार बार मान्यता चुनाव हुए, जिसमें सीटू कभी भी वोट के लिए झूठ नहीं बोला एकता के रास्ते में चलते हुए सीटू ने कर्मियों के बीच मजबूत मुकाम हासिल किया है नारों से दूर ठोस बातों को कर्मियों के बीच रखने में सीटू मजबूती प्रदान करता है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत



भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। अलग-अलग स्थानों में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों मामले में घटना को विवेचना रकर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई-3 में सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी बीएसपी कर्मचारी रिचर्ड अतीत की इलाज के दौरान आज रविवार को मौत हो गई है। घायल होने के बाद उनका इलाज सेक्टर 9 हॉस्पिटल मे किया जा रहा था। उन्होंने रविवार सुबह आखिरी सांस ली। भिलाई 3 थाना की पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज शाम को ही नेहरूनगर मसीही कब्रिस्तान में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि संयंत्र के वायर रॉड मिल ऑपरेशन के कर्मचारी रिचर्ड अतीत का 26 मई की दोपहर भिलाई 3 पदुमनगर के पास फोरलेन में पत्नी के साथ स्कूटी से जा रहे थ, तभी किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मारी थी। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। हेड इंज्युरी की वजह से खून का रिसाव हुआ था। समीप के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रामकृष्ण हॉस्पिटल रेफर किया गया था। शुक्रवार शाम को सेक्टर 9 हॉस्पिटल लाया गया। यहां उपचार चल रहा था। रविवार सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली। पदुमनगर भिलाई 3 स्थित आवास पर शव ले जाया जाएगा। वहां मसीही रीति.रिवाज से अंतिम प्रक्रिया की जाएगी। इसके बाद नेहरू नगर कब्रिस्तान के लिए शव यात्रा निकाली जाएगी। मृतक को एक पुत्र है। वह बैंग्लुरु में नौकरी करते हैं।

### कार की ठोकर से वृद्धा की मौत

भिलाई। सेक्टर-1 निवासी इफ्तिखार खान की माता की सड़क सड़क दुर्घटना में ईलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-1 सड़क नं. एबेन्यु बी निवासी इतिखार की माता शुक्रवार सुबह पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन के समीप सेक्टर 1 से अपने घर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये है। गंभीर रुप से घायल 75 वर्षीय महिला को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। शव को मरच्यूरी में रखा गया था। रविवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिये भेजा। आज रविवार को दोपहर 2 बजे रामनगर कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत मोहम्मद इफ्तिखार सेक्टर 1 के एवेन्यू-बी के आवास संख्या 22/3 में रहते हैं। पॉवर हाउस स्टेशन के सामने पार्क के समीप कार ने रौंद दिया। इफ्तिखार को इसकी घटना की जानकारी मिलते ही इफ्तिखार घटनास्थल पर पहुंचे और जख्मी हालत में मां को लेकर सेक्टर 9 हॉस्पिटल चले गए। कार के रौंदने की वजह से कमर की हड्डी में गहरी चोट लगी। गोरखपुर के मूल निवासी इफ्तिखार की बहन समेत अन्य रिश्तेदारों के पहुंचने के बाद रविवार को पोस्टमार्टम कराया गया।

### उत्तरा खंड में भिलाई निवासी की मौत

भिलाईनगर। उत्तरा खंड में शुक्रवार शाम रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड हाईवे पर चारपहिया वाहन पर अचानक पहाड़ी से बड़ा पत्थर (चट्टान का टुकड़ा) गिरने से भिलाई के रुआबांधा निवासी 24 वर्षीय युवक शैलेष यादव की मौत हो गई है। बताया गया कि शुक्रवार को देर शाम को स्थानीय चालक राजेश रावत 38 वर्ष पांच यात्रियों को वाहन से जा रहे थे। तभी अचानक पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर कार से ठकरा गया जिससे कार में सवार रुआबांधा रिसाली निवासी शैलेश कुमार यादव व उनके साथी लक्ष्मण सिंह 24 वर्ष, ओंकार सिंह राजपूत 24 वर्ष, दीपेश यादव 19 वर्ष एवं चित्रांश साहू घायल हो गए। शैलेष यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। उनकी ईलाज को दौरान मौत हे गई। इसकी खबर उसके पिता मोहन यादव व माता मालती देवी को वीति देर रात ही मिल गई।

### चोरी का माल जप्त

भिलाईनगर। जामुल पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी रितेश रायका निवासी नेहरू नगर द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया की उनकी लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई रंजना इण्डस्ट्रीज है। फैक्ट्री में रखे पीग आयरन, प्लेट की कटींग लोह 29 मई की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए फैक्ट्री के आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरो को खंगाला गया। हुलिया के आधार पर फैक्ट्री के गार्ड रईस खान से पूछताछ करने पर उसके अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई सम्पत्ति को भागवत चन्द्राकर के पास बिक्री करना बताया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की सम्पत्ति को जप्त किया गया है इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, उनि सौमित्री भोई, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

# विश्व साइकिल दिवस पर जिले में साइकिल रैली का आयोजन

बेमेतरा, 1 जून (देशबन्धु)। विश्व साइकिल दिवस (03 जून) के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार तथा "फिट इंडिया मूवमेंट" को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 02 जून 2025 को बेमेतरा में एक साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली प्रातः 07:00 बजे जय स्तम्भ चौक से प्रारंभ होकर नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये पुनः जय स्तम्भ चौक पर समाप्त होगी। रैली का आयोजन खेलो इंडिया सेंटर (मल्लखंब प्रशिक्षण केंद्र), बेमेतरा द्वारा किया जा रहा है। इसमें जिले के युवा, खेलप्रेमी नागरिक एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपनी दैनिक जीवनशैली में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने हेतु प्रेरित करना है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत यह संदेश दिया जा रहा है कि नियमित व्यायाम, जैसे साइकिल चलाना, न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखता है। जिला प्रशासन एवं खेल विभाग द्वारा आम नागरिकों से इस रैली में भाग लेने की अपील की गई है ताकि जिले में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया जा सके।

# अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन में मनाया गया



भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ के निर्णय अनुसार आज अहिल्याबाई होलकर के जन्म दिवस को पूरे भारतवर्ष में भारतीय मजदूर संघ द्वारा महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है इसी कड़ी में भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस कार्यालय सेक्टर 6 में अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन महिला दिवस मनाया गया। जिसमें भिलाई इस्पात मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ ही निगम भिलाई से अध्यक्ष महंती निर्माणी के दुर्ग जिला अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारी यूनियन कार्यालय में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू ने बताया कि यह बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि आज देवी अहिल्याबाई होलकर के जन्मदिन को पूरा भारतवर्ष महिला दिवस के रूप में मना रहा है यह मातृशक्ति के प्रति हम सब के समर्पण, असीम श्रद्धा व मातृशक्ति नमो नमः भाव को दर्शाता। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री एवं यूनियन के अध्यक्ष दिनेश कुमार पांडेय ने कहा कि जब भी हम मां शब्द का उच्चारण करते है तो निश्चित रूप से वह शब्द ध्वनि के माध्यम से निकलता है लेकिन वह हृदय को स्पर्श करता हुआ मस्तिष्क को झकझोरता हुआ एक सर्वशक्तिमान संरक्षक का भाव मन में लाता हुआ उस शब्द का उच्चारण होता है। महारानी अहिल्याबाई ने कार्यकाल में कई धार्मिक स्थलों मंदिरों घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। दिनेश पांडेय ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन सदा महिलाओं के सर्वांगीण उत्थान उनके शिक्षा, उनके स्वास्थ्य, उनके आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में लगातार सफलता पूर्वक कार्य किया। संगोष्ठि कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष आई पी मिश्रा, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, विनोद उपाध्याय, शारदा गुप्ता, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा, प्रदीप पाल, जोगिंदर कुमार, भूपेन्द्र बंजार, गौरव कुमार, सचिव ए वेंकट रमैया, पूरन लाल साहू, अखिलेश उपाध्याय, संजय कुमार साकुरे, नागराजू, सुबोधित सरदार, दीनानाथ जैसवार, कोषाध्यक्ष रवि चौधरी, अनिल शुक्ला, जगन्नाथ नाले, बिबाष सिन्हा, राजेश बघेल, विवेक सिंह, जनकराम ध्रुव, रजनीश सिंह, मनीष गुप्ता, राहुल राज, प्रशांत क्षीर सागर, अनिल बिसेन, सुबोध देशपांडे सहित अन्य लोग शामिल थे।

# सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई




भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से मई माह में कुल 124 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 21 कार्यपालक व 103 गैर कार्यपालक शामिल हैं। मई 2025 में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों हेतु विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि महाप्रबंधक ए.के. जोशी को कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, ए.के. चक्रवर्ती, प्रवीण निगम पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. रवींद्रनाथ एम.ए ने ए.के. जोशी को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण.पत्र सौंपे। संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय, संदीप माथुर और उप महाप्रबंधक, राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने विदा होने वाले इस्पात बिरादरी के सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# एसोसिएशन ने किया श्रमवीरों का सम्मान



भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एस.सी,एस.टी एम्प्लाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एससी, एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग तथा इस्पात गलन शाला 2 के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के श्रमवीरों के मई 2025 में रिटायरमेंट होने के अवसर पर सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कोमल प्रसाद ने कहा कि आज हमारे एसोसिएशन के प्रति रुझान आप लोगों की अथक मेहनत से संभव हुआ है। आप लोगों ने हमारे कर्मचारी एवं अधिकारी को एसोसिएशन से जोड़ने एवं एसोसिएशन की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को हरेक कर्मचारी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बड़ी संख्या में एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की जा रही हैं। हमारा एसोसिएशन अपने एस.सी, एस.टी एम्प्लाईज को जिन लोगों ने अपने जीवन के महत्त्वपूर्ण 60 साल संयंत्र की सेवा करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे हैं। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा कि हमारा एसोसिएशन का उद्देश्य कर्मचारी एवं अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा करना है यह तभी संभव होगा जब एस सी, एस टी के सभी कर्मचारी व अधिकारी एसोसिएशन के सदस्य बने। यह हम सबकी जिम्मेदारी है की हम अपने कर्मचारी को एसोसिएशन का सदस्य बनाने का प्रयास करें। कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के श्रमवीरों मंगलूराम, इंजीनियरिंग एसोसिएट देवलाल टंडेल, जूनियर इंजीनियर, अवधेश कुमार डहरे, चार्जमेन कम मास्टर टेक्निनिशियन तथा इस्पात गलन शाला-2 के श्रमवीर बालकृष्ण ध्रुव, का एसोसिएशन की ओर से पुष्पमाला शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मान कमल टंडन, महाप्रबंधक ऊर्जा प्रबंधन विभाग, एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, कुमार भारद्वाज,वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विजय कुमार रात्रेए कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, परमेश्वर लाल कुर्रे, जोनल सचिव कालीदास बघेल, जीतेन्द्र भारती, सुखचंद देशलहरे इत्यादि उपस्थित थे।

# अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन कल से

भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में भिलाई वासियों के लिए विशेष 9 दिवसीय अलविदा तनाव गुड बाय टेंशन शिविर का आयोजन मंगलवार 3 जून से बुधवार 11 जून तक किया जा रहा है। जिसका समय शाम 7 बजे से 8. 30 बजे तक रहेगा। यह नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर तनाव मुक्ति एवं आध्यात्मिक जीवन की विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन के सानिध्य में सम्पन्न होगा। इनके द्वारा भारतवर्ष में अनेकानेक लोगों ने अलविदा तनाव शिविर के माध्यम से स्वयं को तनाव मुक्त बनाने की विधि सीखकर प्रसन्न सुखशांति जीवन शैली व्यतीत कर रहे है। इस अलविदा तनाव शिविर में मुख्य आकर्षण मनोस्थिति को शक्तिशाली बनाना और जीवन को सकारात्मकता से भर देना। स्वयं को भीतर से रूपांतरित करने की प्रेरणा, सकारात्मक सोच का प्रभाव, बीमारियों के मूल कारण तनाव से मुक्ति की दिशा में मार्गदर्शन, परिवर्तन की ओर उत्सव, खुशियों का उत्सव, आनंद उत्सव, ध्यान उत्सव, अलौकिक जन्मोत्सव, महाविजय उत्सव रहेंगे। यह शिविर हर आयु वर्ग के लोगों के लिए पूर्ण निशुल्क रहेगा। सीमित सीट होने के कारण सेवाकेंद्र पर आकर रजिस्ट्रेशन या क्यू आर कोड स्कैन करके भी निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन सेक्टर 7 द्वारा दी गई यह जानकारी में बताया कि इस शिविर में मनुष्य तनाव मुक्त हो सकता है।

# संयंत्र के प्रवर्तन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



भिलाईनगर, 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अन्तर्गत प्रवर्तन अनुभाग ने महत्त्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 32 बंगला सेक्टर-8, भिलाई स्थित बीएसपी आवासीय क्वार्टर-10, स्ट्रीट एसटीए को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया। यह कार्रवाई संपदा न्यायालय द्वारा एसीबी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध पारित आदेश के आधार पर की गई, जो उक्त क्वार्टर पर अनाधिकृत रूप से काबिज पाए गए थे। प्रवर्तन अभियान की यह प्रक्रिया दोपहर 1 बजे कार्यपालक मजिस्ट्रेट संपदा न्यायालय नरसिंह साहू की निगरानी में संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान कोतवाली पुलिस थाना के पुलिसकर्मी, जनसंपर्क विभाग तथा नगर सेवाएं विभाग सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नरसिंह साहू की उपस्थिति में क्वार्टर को पूरी तरह खाली कराया गया और उसे विधिवत रूप से सील कर दिया गया। कार्यवाही की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए मौके पर ही गवाहों की उपस्थिति में विस्तृत पंचनामा रिपोर्ट तैयार की गई तथा जनसंपर्क विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस दौरान पूर्व कब्जाधारियों की कोई भी सामग्री जब्त नहीं की गई। इस कार्यवाही में लगभग 100 कर्मियों की एक व्यापक टीम शामिल रही। जिसमें सहायक महाप्रबंधक नगर सेवाएं यशवंत कुमार साहू तथा लोक स्वास्थ्य विभाग, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, टीएसडी प्रवर्तन अनुभाग, जनसंपर्क विभाग, महिला एवं पुरुष प्राइवेट सुरक्षा गार्ड तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे। कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने हेतु ट्रैक्टर, ट्रॉली, जीप, माल वाहक वाहन तथा आवश्यक उपकरणों का उपयोग भी किया गया। संयंत्र के अनुसार उनका उद्देश्य अपनी आवासीय एवं गैर.आवासीय परिसंपत्तियों पर वैध स्वामित्व को सुरक्षित बनाए रखना है तथा अनधिकृत कब्जों के विरुद्ध प्रभावशाली कार्रवाई करते हुए संपदा नियमों को प्रभावी रूप से लागू करना है। पिछले कुछ दिनों में भी ऐसे कई प्रवर्तन कार्यवाहियाँ संपन्न किए जा चुके हैं और भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

# ओवरब्रिज से राड एंगल चोरी पर रोक लगाने की मांग

भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। छावनी थाना प्रभारी मोनिका पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौड़ से मिल कर जिला पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन पत्र देकर भिलाई पावर हाउस स्थित ओवर ब्रिज पर राड, एंगल की चोरी करने वाले तथा इस चोरी के सामान की खरीददारी करने वाले कबाड़ी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग भाजपा नेता अमर सोनकर ने की गई। दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि विगत कई वर्षों से भिलाई पावर हाउसए आम्बेडकर चौक के ऊपर स्थित फ्लाईओवर में लगे रेलिंग पर लगे राड, एंगल की चोरी की जा रही थी। जिसके कारण फ्लाईओवर विभिन्न स्थानों से रेलिंग विहीन हो गया था जिसके कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती थी। अभी कुछ दिनों पूर्व करोड़ों रुपये की लागत से पुनः ब्रिज के संधारण का कार्य किया गया है। रेलिंग के राड निकाल लिए जाने कारण कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। सदैव ब्रिज से आते जाते समय मै इस अज्ञात चोर पर नजर रख रहा था। संयोग से 29 मई को दोपहर एक व्यक्ति को ब्रिज की रेलिंग तोड़ते देख तत्काल छावनी थाना प्रभारी मोनिका पांडेय को फोन कर बताया। उन्होंने भी शीघ्र पुलिस पार्टी को ब्रिज पर भेजा। तब तक वह व्यक्ति आवश्यकतानुसार राड को तोड़ कर चद्दर में लपेट कर जाने लगा। पुलिस के आने पर पुलिस पार्टी को मेरे द्वारा उसका हुलिया बताया गया। पुलिस का एक सिपाही उसे पहचान गया। यदि इस प्रकार के व्यक्ति और इससे राड, एंगल खरीदने वाले कबाड़ी के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो पुनः फ्लाईओवर रेलिंग विहीन हो जाएगा।

# तम्बाकू सेवन से हो सकता है गंभीर रोग



भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य महकमा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व मेडिकल आफिसर डॉ शिखर अग्रवाल के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया। बीईटीओ सैय्यद असलम बताया कि तंबाकुयुक्त पदार्थों के सेवन से गंभीर रोग होते हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि लोगों की आदतों में तंबाकू युक्त पदार्थों जैसे खैनी दबाना, गुटका का तंबाकू के साथ मिश्रण करके उपयोग करना, बीडी ओर सिगरेट का उपयोग करते हैं डा कठौतिया ने कहा कि मुख ओर जबड़े का कैंसर, फेफड़ों का कैंसर का बड़ा कारण तंबाकू पदार्थ का उपयोग हो सकता है। सैय्यद असलम ने बताया कि इस विषय पर समुदाय पर चर्चा करना इसके विपरित प्रभाव के प्रति जागरूक करना कोटपा एक्ट के तहत सर्वाजनिक क्षेत्रों में तंबाकू युक्त बेचने वालों पर जुर्माना करके ओर स्वयं एंव परिवार के सदस्यों को इस बुरे नशे से रोकने संकल्प लेना होगा। डा अर्चना पांडेय, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, बी ई ईटीओ सैय्यद असलम, एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, एरिया कार्डिनेटर शमीम बानो ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया कार्यक्रम में समुदाय को जागरूक करने अस्पताल से रैली निकाली गई कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ, फील्ड के स्वास्थ्य अमला मितानिन प्रेरकों ओर क्षेत्रीय मितानिन उपस्थित थे।

# आज संविधान बचाओ रैली

भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार राजीव भवन दुर्ग में संविधान बचाओ सभा एवं रैली कार्यक्रम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में आज 2 जून को प्रातः11 बजे राजीव भवन दुर्ग से निकाली जायेगी। संविधान बचाओ रैली सभा पश्चात राजीव भवन दुर्ग से प्रारंभ होकर गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद समाप्त होगी। भिलाईनगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के पदाधिकारी पूर्व विधायक, महापौर, एमआईसी मेंबर, पार्षद, पूर्व पार्षद युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस सहित सभी को उपस्थित होने की अपील की है।

# मोबाईल फोन सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



भिलाईनगर, 1 जून (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक सहित एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जगदीश आहूजा 65 वर्ष नेहरु नगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में रिपेयरिंग का काम चल रहा है। 30 मई को रात्रि करीबन अपना दो मोबाईल को अपने कमरे के अंदर बिस्तर के पास रखकर सो गये थे। रात्रि करीबन 2 बजे बाथरूम के लिये उठा तो दोनों मोबाईल नहीं था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 637/2025 धारा 331(4), 305(ए) 03(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवचना में लिया। इस दौरान मुखबीर की सूचना पर आरोपी साजन 18 वर्ष साकिन नेहरु नगर एवं अपचारी से पूछताछ करने मोबाईल चोरी करना स्वीकार कर बताये कि एक मोबाइल वह अपने घर में छुपा कर रखा है एवं एक मोबाईल अपचारी बालक के व्दारा अपने घर पर रखा है। आरोपी व अपचारी बालक के निशानदेही पर दोनों मोबाइल जप्त किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक विजय यादव, सउनि गंगाराम, आरक्षक प्रदीप सिंह, सुर्या राजपुत, दुर्गेश सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## सरकारी अस्पताल में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

**सरायपाली**, 1 जून। स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून सोमवार को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद ,चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया , नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा।



# टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक में कई अहम फैसले

**कवर्धा,** 1 जून (देशबन्धु)। छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय रानी झांसी बालोद्यान में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। प्रमुख निर्णय के अनुसार शिक्षक साझा मंच के आव्हान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन धरना में एसोसिएशन के सभी सदस्य शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग के लिए जारी तिथि दो व तीन जून को तत्काल निरस्त करने की मांग किया गया। बैठक में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पूर्व सेवा गणना, संघ सदस्यता, संगठन की मजबूती हेतु संकुल अध्यक्षों में आवश्यकतानुसार बदलाव सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक के प्रारम्भ में जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने अब तक के संघीय गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी फैसले सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, दुर्गा चन्द्रवंशी, मनोज कौशिक, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, देवानंद चन्द्रवंशी, जोहन पुनाचा, सुरतिया साहू, सुशील चन्द्रवंशी, भूपेंद्र जाटवर, दिलीप धुर्वे, चतुर मेरावी, पन्ना लोधी, सुकदेव चन्द्रवंशी, इंद्रभूषण राय, रामसिंह साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, नंद सोनी, अजय गुप्ता, राजेन्द्र तलवरे, भागवत कौशिक, मुकेश चन्द्रवंशी, प्रेमिश शर्मा, योगेश चौरिया, डी. के. वर्मा, रोहित देवांगन, घरेन्द्र चन्द्राकर, कुंदन लोनिया, रोशन जंघेल, बलदेव कौशिक, रामाधार मंडावी, विजय जनार्दन, शिव धुर्वे, ओंकार



### आज से प्रारम्भ अनिश्चितकालीन में होंगे शामिल

गुप्ता, ईशाक मोहम्मद खान, नारायण धुर्वे, रमेश साहू, किशन सत्यवंशी, सुभाष कोसरिया, मधुर चन्द्रवंशी, अमरनाथ गुप्ता, पलटन पटेल, मेहरबान अली आदि उपस्थित रहे।

**शासन के सेटअप 2008 के विपरीत 283 शिक्षकों को बनाया अतिशेष –**

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छ्ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सन 2008 में स्कूलों के पदक्रम रचना अर्थात सेटअप जारी किया है, जो वर्तमान में प्रभावशील है। इसी सेटअप के अनुसार स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना किया जाता है, लेकिन जिले में शासन के इस सेटअप को दरकिनार करते हुए 283 शिक्षकों को अतिशेष घोषित कर दिया गया है, जबकि ज्यादातर शिक्षक सेटअप के अनुसार ही अपने स्कूलों में पदांकित हैं।

**शिक्षा गुणवत्ता होगा प्रभावित –**

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अपना मनमौजी चलते हुए प्राथमिक शाला में तीन के बजाय दो शिक्षक रख रहे हैं। मिडिल में पांच शिक्षक को घटाकर चार कर रहे हैं, जिससे शिक्षा गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। इससे गांव के गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पायेगा। इस वर्ष चलाये जाने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान भी सफल नहीं हो पायेगा।

**चार सूत्रीय मांग के लिए होगा अनिश्चितकालीन हड़ताल –**

शिक्षक साझा मंच द्वारा जिला मुख्यालय के राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में दो जून से प्रारम्भ होने वाले अनिश्चितकालीन हड़ताल में जिले के सभी शिक्षक शामिल होंगे। यह हड़ताल चार सूत्रीय मांग युक्तियुक्तकरण में सेटअप 2008 का पालन, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर किया जा रहा है।

# बनबघेरा के जंगल में जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव**, 1 जून (देशबन्धु)। अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में अवैध जुआ, सटटा के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सोमनी, थाना कोतवाली, चौकी चिखली, पुलिस लाईन राजनांदगांव की संयुक्त टीम गठित कर ग्राम मनगटा – बनबघेरा जंगल में रूपये पैसो का हारजीत का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे जुआरियान को रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर पकडा गया, जुआरियान 01. शुभम देवांगन पिता अर्जुन देवांगन उम्र 27 वर्ष साकिन नंदई रोड कुआ चौक थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ.ग.। 02. रामेश्वर यादव पिता खोरबाहरा राम यादव साकिन जमात पारा वार्ड नंबर 24 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव छ.ग. 03. दिनेश यादव पिता राम छबील यादव उम्र 34 वर्ष साकिन गुरूनानक चौक वार्ड नंबर 15 थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0। 04. लक्ष्मण साहू पिता ईशराम साहू उम्र 42 साल निवासी पेण्ड्री वार्ड न0 20 थाना लालबाग जिला राजनांदगांव छ0ग0।05. जय प्रकाश पिता सीताराम उम्र 52 साल निवासी बजरंगपुर नवांगांव पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव छ0ग0 06. श्यामु सोनकर पिता गजानंद सोनकर उम्र 51 साल निवासी सागर नगर थाना बसंतपुर राजनांदगांव 07. गुपेश कुमार पिता स्व0 नत्थु राम निर्मलकर उम्र 44 साल निवासी अंर्जुदा महरा पारा बालोद 08. सुनील जांगडे पिता सखाराम जांगडे उम्र 39 साल निवासी स्टेशनपारा 16 खोली चौकी चिखली राजनांदगांव 09. उत्तम भारती पिता स्व0 मदन भारती उम्र 42 साल निवासी कुंआ चौक नंदई थाना बसंतपुर राजनांदगांव 10. मोहम्मद अख्तर पिता शेख पिरूददीन उम्र 36 साल निवासी छुईखदान टिकरी पारा जिला केसीजी, 11. ताजु शेख पिता ईमाम शेख उम्र 54 साल निवासी कोहका रूंगटा कॉलेज कुरूद रोड सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छ0ग0। 12. खेमचंद साहू पिता गणेशवर साहू उम्र 40 साल निवासी बजरंगपुर नवांगांव पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव छ0ग0। 13. अश्वनी कुमार पिता चुनुराम लोधी उम्र 42 साल निवासी ग्राम शाखा कोर्राय थाना छुईखदान जिला के0सी0जी0 14. सुरेन्द्र साहू पिता ढालसिंग साहू उम्र 32 साल निवासी चमारराय टोलागांव थाना लालबाग राजनांदगांव, 15. दीपक राजपूत पिता प्रेमसिंग राजपूत उम्र 32 साल निवासी क्लब चौक बसंतपुर राजनांदगांव के फड एवं पास से नगदी रकम 47,300/– रूपये, घटनास्थल से, 52 पत्ती ताश, 02 नग कीपैड मोबाईल, 8 नग एनरॉइड मोबाईल, 17 नग दो पहिया वाहन कुल जुमला 9,11,300/– को जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही किया गया उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन व स्टॉफ, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह एवं स्टॉफ, चौकी चिखली, पुलिस लाईन राजनांगांव का सराहनीय योगदान एवं भूमिक रहा है।




# कलेक्टर ने बाघद्वार गुफा का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत लछना स्थित ऐतिहासिक बाघद्वार गुफा का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल और जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफ़र भी उनके साथ उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने गुफा में स्थित बाघेश्वरी माता के दर्शन कर स्थल की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता और बाघद्वार को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा की। उन्होंने इस दिशा में प्रशासन की ओर से आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र एवं यहां पहुंचने वाले पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने आमनेर नदी के उद्गम स्थल माने जाने वाले कुंड का भी निरीक्षण किया और वहां भी विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से स्थल के संरक्षण और विकास की दिशा में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिकगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जब हम किसी को सुख देते हैं तो परमात्मा भी हमारा ध्यान रखता है : राजयोगी

**मगरलोड,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र योगशक्ति भवन मगरलोड में माउंट आबू राजस्थान से आए हुए राजयोगी ब्रह्मा कुमार मयाराम भाई का समस्त भाई बहनों की ओर से सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अखिलेश दीदी द्वारा माथे चंदन तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया । मुरली क्लास के बाद शिव परमात्मा के ज्ञान को भाई बहनों में बांटते हुए व अपने अनुभव शेयर करते हुए भाई जी ने कहा कि भगवान अपना कार्य कर रहा है और हम प्रत्येक बच्चों की हर एक गतिविधियों पर अपना ध्यान रखे हुए हैं । आज आदमी बड़े से बड़े सेलिब्रिटी ही क्यों ना हो,अरबपति हो अंतत: उनकी आत्मा को शांति की तलाश है । जिनके टीचर स्वयं इस सृष्टि के रचयिता हो उनके लिए सृष्टि में सब कुछ संभव है। हमारी एक–एक सोच ,एक–एक विचार हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं अत: हमारे अंदर निरंतर अच्छी बातों का चिंतन मनन चलते रहना चाहिए । जैसे खुशबू से भरा हुआ वातावरण सबको पसंद होता है बदबू से दूर भागते हैं ऐसे ही सुंदर विचारों के प्रति हमारा आकर्षण होना चाहिए। भाई जी ने कहा कि जब हम मनसा, वाचा, कर्मणा किसी को सुख प्रदान करते हैं तो परमात्मा भी हमारा ध्यान रखते हैं । अच्छे विचारों से, वाइब्रेशन से, स्थान पवित्र होता है जैसे कि पूजास्थल होता है ।हमें नित्य प्रति अमृतबेला (ब्रह्म मुहूर्त )जागकर प्रकृति के पांचो तत्वों को साकाश जरूर देना चाहिए जिससे हमारा भविष्य सुखमय हो । सेवा केंद्र संचालिका बी के अखिलेश दीदी ने अंचल के भाइयों एवं बहनों से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि आज के इस भाग दौड़ भरे जिंदगी में अपने सुख–शांतिमय जीवन के लिए राजयोग मेडिटेशन सीखने सेवा केंद्र जरूर आएं । यहां प्रतिदिन प्रात: 7:00 से 8:00 बजे एवं शाम को 6:30 से 7:30 बजे एक घंटे का राजयोग मेडिटेशन का कोर्स निशुल्क कराया जा रहा है ।





**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के हुए आम चुनाव में आज राजिम के राघोबा महाड़िक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया । इस अवसर पर प्रदेश भर से मराठा समाज के पदाधिकारी आज आशीर्वाद भवन रायपुर में उपस्थित हुए थे।

## नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के स्वास्थ्य में सुधार

**कुरूद** 1 जून (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद की बहुचर्चित एवं लोकप्रिय अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की तबीयत खराब होने से क्षेत्रवासी चिंतित होकर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ प्रार्थना करते रहे थे। क्षेत्र वासियों के दुआओं का ही असर है कि ज्योति चंद्राकर की सेहत में तीव्रता से सुधार हो रही है। वह बहुत जल्दी स्वस्थ होकर अपने प्रशंसकों एवं समर्थकों से मुखातिब होगी।



## एफपीओ बलौदाबाजार के शेयर सर्टिफिकेट वितरण व वार्षिक आम सभा में शामिल होंगे मंत्री वर्मा

**भाटापारा,** 1 जून। विदित हो कि 10द्म एफपीओ भारत सरकार द्वारा संचालित बलौदाबाजार एफपीओ (किसान कल्याण उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बलौदाबाजार) में कल 2 जून दिन सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में शेयर सर्टिफिकेट वितरण व वार्षिक आमसभा कार्यक्रम रखा गया है ।जिसमें दोपहर 1:00 राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी आ रहे हैं। मंत्री महोदय, एफपीओ के सदस्यों को शेयर सर्टिफिकेट, बीज, पौधे इत्यादि बाटेंगे। एफ पी ओ के सदस्यों द्वारा किसान हित में विभिन्न गतिविधियां चल रही हैं. यह जानकारी एफ पी ओ बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री शुभम वर्मा ने दिए हैं।

# जिला महिला साहू संघ ने विभिन्न ग्रामों में निकाली सद्भावना रैली

**कवर्धा,** 1 जून (देशबन्धु)। जिला महिला साहू संघ के बैनर तले रविवार को संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू के नेतृत्व में नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ जिला मुख्यालय कवर्धा से कई गावों में सद्भावना रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ रविवार की सुबह 10.30 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित गांधी मैदान से किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डॉं सियाराम साहू, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिलाध्यक्ष साहू संघ पतिराम साहू, जिला महामंत्री साहू संघ धर्मराज साहू, कौशल साहू, बालाराम साहू, जिला उपध्यक्ष साहू राजेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष कवर्धा धर्मराज, तहसील साहू संघ बोड़ला अध्यक्ष मिलूराम साहू, तहसील साहू संघ बोड़ला महामंत्री सालिक साहू, लोकचंद साहू, पूर्णिमा मनीराम साहू, पद्मिनी साहू, सावित्री साहू, कौशल्या साहू, रेखा हरीश साहू, पुष्पा होरी राम साहू, आरती सुनील साहू, निशा अखिलेश साहू, विद्या साहू, संतोषी साहू, गायत्री राजेश साहू, संतोषी साहू, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। जिन्होने रैली के साथ गांव–गांव में पहुंचकर समाज के लोगों को समाज की मजबूती, एकता के साथ ही नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं तथा सामाजिक बुराईयों से दूर रहेने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व रैली को बकायदा हरि झंडी दिखाकर क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में साहू समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष चोवाराम साहू एवं जिला महिला साहू संघ की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी साहू ने बताया कि मुख्य रूप से सद्भावना के साथ लोगों को नशामुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संघ द्वारा रविवार को क्षेत्र के कई गांवों में सद्भावना रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ जिला मुख्यालय कवर्धा से कर मुख्य मार्ग से होते हुए दोपहर 11.00 बजे ग्राम भागुटोला पहुंची जहां मां कर्मा की पूजा आराधना तथा ग्रामीणों के बीच संदेश प्रचारित करने के पश्चात दोपहर 11.30 बजे रैली ग्राम डगानिया पहुंची। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया। दोपहर 12.00 बजे रैली ग्राम खैरबना कला पहुंची। ग्राम खैरबना कला में मां कर्मा की पूजा अर्चना व भोजन अवकाश के पश्चात दोपहर 1.30 बजे रैली ग्राम सरोधा, दोपहर 2.00 बजे ग्राम रामचुवा होते हुए दोपहर 2.30 बजे ग्राम सिंघनपुरी, दोपहर 3.00 बजे रौचन, दोपहर 3.30 बजे ग्राम चिखली, शाम 4.00 बजे रौचन तथा अंत में शाम 4.30 बजे ग्राम मजगांव के तहसील साहू भवन में रैली का समापन किया गया। इस दौरान संघ के सदस्यों व पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से मेल मुलाकात कर नशा मुक्ति, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लिए लोगों को जागरूक किया।



### लोगों को दिया गया नशा मुक्ति तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

# कल संविधान बचाओ रैली, कांग्रेसियों ने बैठक लेकर बनाई रूपरेखा

**डोंगरगढ़,** 1 जून (देशबन्धु)।3 जून को होने वाले संविधान बचाओ रैली जो की छिरपानी प्रांगण मां बम्लेश्वरी देवी के श्री चरणों में आयोजित किया गया है, जिसका नियत समय दोपहर 12 बजे तय किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल आमंत्रित किये गए हैं। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव पूर्व अध्यक्ष नवाज़ खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज ने शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में ली। इस कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखा गया और बहुत समय के बाद डोंगरगढ़ में एक बड़ा कार्यक्रम होने पर सभी प्रसन्न थे। चूंकि यह कार्यक्रम विधान सभा स्तरीय है और संविधान की रक्षा का विषय है इसलिए कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने कार्यकर्ताओं एवं विधानसभा वासियों से 3 जून दोपहर 12:00 बजे मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण छिरपानी में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली में आमंत्रित कर उपस्थित होने हेतु अपील की है।



## विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों ने निकाली साईकिल रैली




**महासमुंद,** 1 जून (देशबंधु)। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विश्व साईकिल दिवस 3 जून के उपलक्ष्य में 01 जून रविवार को फिट इंडिया साईकिल रैली एवं तिरंगा रैली का आयोजन सुबह 7.30 बजे से तुमगांव थाना से एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग तक तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। जो तुमगांव थाना से चौक चौराहों से लेकर एकलव्य विद्यालय में संपन्न हुआ। प्रत्येक रविवार को खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग, महासमुंद एवं तुमगांव के खिलाड़ियों ने देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं फिट रहने लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते आ रहे हैं। साईकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूकता व देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं। विश्व साईकिल दिवस 3 जून के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित रविवार के रैली को मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलराम कांत साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सभापति राम शरण निर्मलकर, शत्रुघन निषाद, चोवा राम तांडेकर, रोहित साहू, कपिल साहू, कमल नारायण साहू, आरक्षक मोहित बारले, अशोक चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

## विधि महाविद्यालय में निमिषा ने प्राचार्य का पद सम्हाला



**राजनांदगांव**, 1 जून। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में डॉ . निमिषा मिश्रा ने प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया ।निवृतमान प्राचार्य डॉ. अलका चौहान ने स्वास्थ्यगत कारणों से पद पर बने रहने पर असमर्थता जताई थी। आज नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच लाल , सचिव अनिल वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ,कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी ,विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आर एन सिंह की उपस्थिति में नई प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने पद की गोपनीयता के साथ ही अपने कर्तव्य पर निष्ठा पूर्वक खरा उतरने की बात कही । डॉ. मिश्रा ने इससे पूर्व भी शैक्षणिक संस्थाओं में प्राध्यापक से लेकर प्राचार्य के पदों पर सेवाएं दी हैं । अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने बताया कि आगामी सत्र 2025 – 26 से विधि की कक्षाएं प्रात: 8 बजे से 2 बजे तक संचालित होंगी । पहले यह कक्षाएं शाम को लगा करती थीं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सड़क हादसे में ...

मालिक अहिवारा निवासी मनोज कुमार देवांगन है। हाइवा रेत भरकर लीमो की ओर जा रहा था। लीमो में रेत खाली कर बिरोड़ा से साजा होते हुए पुलिस को चकमा देकर धमधा के रास्ते अहिवारा जा रहा था। पुलिस ने हाइवा गाड़ी को धमधा से पकड़कर गंडई थाना लाया गया और आगे की कार्यवाही किए जा रहे हैं।

### भारतीय विरासत को ...

किले की भी सविस्तार जानकारी दी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. राखी सावंत, डॉ. अजय आर्य, सतीश धीवर थे। कार्यक्रम के प्रभारी रामाशीष चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# शा. नेमीचंद महाविद्यालय में तंबाकू निषेध एवं उन्मूलन कार्यक्रम

**दल्लीराजहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू निषेध एवं उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्यान व विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक (बालोद) चंद्रशेखर पवार, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने किया व संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन अर्चन से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं प्राचार्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि वर्तमान में तंबाकू विश्व एवं भारत के लिए एक बड़ी समस्या है, इसके सेवन से शरीर में विभिन्न हानिकारक प्रभाव होते हैं, और इसके साथ उन्होंने विद्यार्थियों से आवाह्न किया कि आप अपने क्षेत्र में जाकर इसके दुष्परिणाम के प्रति लोगों को जागरूक करें ।मुख्य वक्ता चंद्रशेखर पवार ने युवाओं को तंबाकू या किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने आग्रह किया, उन्होंने बताया कि एक बड़ी युवा आबादी आजकल नशाखोरी में अपना जीवन बर्बाद कर रही है, यह हमारे देश के भविष्य के लिए संकट पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि युवा अच्छी आदतों की लत डालें, अपना जीवन व्यर्थ ही बर्बाद न करें। उन्होंने तंबाकू निषेध दिवस मनाए जाने के औचित्य पर प्रकाश डाला ।रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर ने बताया कि विश्व में करीब 26करोड़ लोग प्रतिवर्ष तंबाकू से होने वाले बीमारियों से मारे जाते हैं, इस मामले में भारत भी अछूता नहीं है, भारत में प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लोग तंबाकू सेवन से मारे जाते हैं, कैंसर जैसी भयावह बीमारी के कुल मामलों में 27त्न मामले तो केवल तंबाकू या तंबाकू उत्पादों के सेवन से होते हैं। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी सहित बहुतायत में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। च तंबाकू निषेधज विषय पर केंद्रित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. हरप्रीत कौर प्रथम, एमएससी के छात्र लोकेश सिन्हा द्वितीय व बीए द्वितीय सेमेस्टर के यश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कविता सिंह, प्राध्यापक डॉ. पी.के. सिंह, डॉ.अनुग्रहिता जॉन, डॉ. प्रवीण गुप्ता, दिनेश माखीजा, यामिनी देवी, श्रीमती कांती नेताम, अनिता ठाकुर, डॉ. कमल बोदले, संजय कुमार, महावीर जैन, सुश्री रेणुका की भूमिका रही। धन्यवाद एवं आभार ज्ञापन डॉ. प्रवीण गुप्ता के द्वारा किया गया।




### विद्यार्थियों से अपील नशा से रहे दूर इसके दुष्परिणाम प्रति लोगों को करें जागरूक : डॉ. कविता

# आज होगा युक्तियुक्तकरण को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक

**खैरागढ़**, 1 जून (देशबन्धु)। शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने तथा संसाधनों का समुचित वितरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में युक्तियुक्तकरण संबंधी आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 जून 2025 को प्रस्तावित काउंसलिंग आधारित पदस्थापन प्रक्रिया की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर चंद्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि युक्तियुक्तकरण का मूल उद्देश्य शालाओं में शिक्षकों की संख्या को वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप संतुलित करना है जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध होनी चाहिए ताकि शिक्षकों को उनके योग्यतानुसार उचित स्थान पर पदस्थापना मिल सके। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, युक्तियुक्तकरण समिति के सभी सदस्यगण एवं संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में शालाओं की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, रिक्त पदों की समीक्षा, छात्रसंख्या के आधार पर पद स्वीकृति की आवश्यकताएं एवं स्थानांतरण नीति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत मंथन की गई। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो इसके लिए सभी शिक्षकों को पूर्व से जानकारी दी जाए तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। साथ ही काउंसलिंग के लिए डाटा संधारण, रिक्तियों का प्रकाशन और ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन विकल्पों की तैयारी सुव्यवस्थित रूप से की जाए।

# वासुदेव शॉप से मोबाईल चोरी गये मामले में आरोपी को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

- सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही
- एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल



**बेमेतरा,** 1 जून (देशबन्धु)। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली बेमेतरा की संयुक्त टीम ने एक बड़ी चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से लाखों की चोरी गई सामग्री बरामद की गई है।

23-24 मई की मध्यरात्रि को प्रार्थी संजय साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 20 बेमेतरा की दुकान वासुदेव मोबाइल शॉप एवं रिपेयरिंग सेंटर, बस स्टैंड बेमेतरा से अज्ञात चोरों द्वारा 58 नग मोबाइल (एंड्रॉयड व कीपैड), मोबाइल एसेसरीज़ व अन्य सामग्री जिसकी अनुमानित कीमत 4,00,000/- है, चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ं) क्नहस्‍ के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना व सायबर सेल टीम को अज्ञात आरोपियों की पतातलास हेतु त्वरित टीम गठित कर माल, मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर 30 मई 2025 को कबीरधाम बस स्टैंड से आरोपियों को पकड लिया गया।* नसीम अहमद, सलमान खान, एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पता चला कि दिनांक 23-24 मई 2025 की मध्यरात्रि को आरोपी सलमान खान, नसीम अहमद एवं विधि से संघर्षरत बालक व एक अन्य साथी के साथ सलमान खान के इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 04 ङ्क डीजी ङ्क 0349 से रायपुर जाने के दौरान रास्ते में पैसे की आवश्यकता होने से बस स्टैण्ड बेमेतरा स्थित मोबाईल दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखें मोबाईल व मोबाईल ऐसेसिरिज को चोरी करना बताये।

आरोपियों के कब्जे से 11 नग टच स्क्रीन व 06 कीपैड मोबाईल, 09 नग चार्जर, 08 नग केबल, यूएसबी पोर्ट कीमती करीबन 140,000/- रूपये व चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन - इनोवा (छत्त 04-छत्त-0349) कीमती लगभग 5,00,000/- रूपये को भी जब्त कर लिया गया है। कुल जुमला 6,40,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया। प्रकरण में एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी हैं।

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, संतोष धीवर, जयकिशन साहू, पीलाराम साहू, विनोद सिंह, निरंजन वैष्णव एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**बेमेतरा,** 1 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित च्स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2025ज्ज के अनुसार माह मई 2025 विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश श्री बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में व श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में जिला हॉस्पिटल बेमेतरा एवं भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान चोरभट्ठी में विधिक जागरूक्ता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए तम्बाकू सेवन से होने वाले असाद्धयरोग कैंसर जैसे खतरनाक जानलेवा बीमारी भी हो सकता है, जिसका उपचार अत्यधिक मंहगा साबित होता है तथा परिवारजनों को उससे काफी तकलीफ मिलती है। उक्त शिविर में तम्बाकू से होने वाले नुकसान एवं उससे जुडे खतरों के संबंध में जानकारी दी गई। प्रतिवर्ष 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। समान्यत: तम्बाकू जैसे गुटखा, बीड़ी, सिगरेट में नशे के कारण लोगों और बच्चों का भविष्य खराब होता जा रहा है, जिससे कैंसर रोग, फेफड़े रोग, व जबड़े का खराब होना दर्शित होता है। अधिकार मित्रों द्वारा लोगों से अपील की गई कि अपने घर परिवार व ज्यादातर अपने बच्चों को नशे से दूरी बनाकर रखने की बात बतायी गई। नालसा द्वारा संचालित डॉन (ड्रग जागरूक्ता और कल्याण नेविगेशन ड्रग मुक्त भारत के लिए) योजना 2025 के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरूपयोग के मामलें के लिए कानूनी सेवाएं और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन योजना के लिए यूनिट गठन करने की प्रकिया जारी है। उक्त कार्यक्रम में उपरोक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्रों द्वारा पृथक-पृथक से जानकारी दिया गया। उक्त दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति साजा के ग्राम सुवरतला में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के संबंध में विधिक जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया गया। नशा से चाहिए मुक्ति, नहीं तो होगा रोग। स्वस्थ्य रहना है तो सही चीज का करो उपयोग ।।




# जय अम्बे बस सेवा द्वारा लोहारा से रायपुर, थानखम्हरिया से बेमेतरा हेतु नई बस सेवा प्रारंभ

**थानखम्हरिया,** 1 जून (देशबन्धु)। यात्रियों की सुविधा हेतु 'जय अम्बे बस' सेवा ने लोहरा से रायपुर तक एक नई नियमित बस सेवा शुरू की है। यह सेवा ग्रामीण क्षेत्रों को राजधानी रायपुर से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।




लोहरा से रायपुर के लिए प्रस्थान समय- सुबह 6 बजे लोहरा, विरेंद्रनगर, हरदी नवागांव, खम्हरिया

खम्हरिया से बस प्रस्थान समय- सुबह 7.15 बजे अंतिम गंतव्य: बेमेतरा, सिमगा, रायपुर

रायपुर से वापसी का समय: दोपहर 2.38 बजे

क्षेत्रीय यात्रियों के लिए एक सुखद समाचार, अब 'जय अम्बे बस' सेवा ने बेमेतरा से थानखम्हरिया और थानखम्हरिया से बेमेतरा के बीच नियमित और सुविधाजनक बस सेवाएं शुरू की हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, बसों के समय की नई सूची जारी कर दी गई है।

बेमेतरा से थानम्हरिया के लिए सुबह 7 बजे, सुबह 9.40 बजे, दोपहर 12.20 बजे, दोपहर 2.35 बजे

थानखम्हरिया से बेमेतरा के लिए सुबह 8.10 बजे, सुबह 10.50 बजे, दोपहर 1.25 बजे, शाम 5 बजे

इस नई सुविधा से स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। बसें समय पर चलेंगी और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उक्त जानकारी रामगोपाल साहू, अध्यक्ष जिला परिवहन संघ बेमेतरा ने दी?

# काला टी-शर्ट पहन कर मिशन संडे के टीम ने किया युक्तिकरण का विरोध

**खैरागढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। शिक्षा के अधिकार को लेकर आवाज़ बुलंद करते हुए मिशन संडे के टीम ने रविवार को जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवदी से मुलाक़ात की और सरकार द्वारा शासकीय शालाओं में किए जा रहे युक्तिकरण (शालाओं के विलय) के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया। टीम के सदस्य काले टी-शर्ट पहन कर कार्यालय पहुँचे और शिक्षा को बचाने की मांग की। टीम के संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि युक्तिकरण की प्रक्रिया से जिले की कई सरकारी शालाएँ बंद हो जाएंगी जिससे सुदूर ग्रामीण अंचलों के बच्चों की पढ़ाई बाधित होगी। उन्होंने कहा कि महिला शिक्षकों का भी दूरस्थ जंगलों में स्थानांतरण तय है जिससे उन्हें मानसिक, शारीरिक और आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार स्कूलों को बंद कर रही है। वहीं दूसरी तरफ गांव-गांव में शराब दुकानों के लाइसेंस देकर युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। इसका सीधा असर समाज पर पड़ रहा है। युवाओं के बीच नशे की लत बढ़ रही है और नतीजतन लूटपाट, चाकूबाजी, मारपीट व दुर्घटनाओं की घटनाएं आम हो गई हैं। टीम के सदस्यों ने सवाल उठाया कि यदि बच्चों को शिक्षा से वंचित किया गया तो भविष्य में उनका क्या होगा? आज जो गाँवों में मासूम बच्चे हैं, कल वही या तो अपराध की राह पकड़ेंगे या पलायन के लिए मजबूर होंगे। मिशन संडे टीम ने जिला प्रशासन से मांग की कि वे राज्य शासन तक यह जनभावना को पहुँचाएँ और युक्तिकरण की नीति पर पुनर्विचार किया जाए। उनका स्पष्ट कहना है कि शिक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम स्कूल बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और जागरूक बन सके।



**अगर सरकार पीछे नहीं हटी तो हम चरणबद्ध आंदोलन करेंगे - मनराखन देवांगन, संयोजक मिशन संडे**

# माहेश्वरी समाज का चार दिवसीय आयोजन



**बेमेतरा,** 1 जून (देशबन्धु)। महेश नवमी के पावन पर्व के अवसर पर आज स्वामी विवेकानंद स्टेडियम मे आयोजित माहेश्वरी समाज के दावारा चार दिवसीय कार्यक्रम के शुभारम्भ मे मुख्यअतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा अध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा जी नगर पालिका अध्यक्ष ने माहेश्वरी समाज के कार्यो को सरहानीय एवं समाज के लिये मिशाल पेश किया हम सबको समाज से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है पूर्व जिला अध्यक्ष ने माहेश्वरी समाज की बहनो की तारीफ की बेटियों को भी अब आगे आकर काम करने का अवसर मिल रहा माहेश्वरी समाज एक बड़ा समाज है हर क्षेत्र मे अग्रणी काम कर रहे है आप सभी को बहुत बहुत बधाई कार्यक्रम को विकास तम्बोली निखिल साहू ने भी सम्बोधित किया समाज को इस सफल आयोजन के लिये बधाई दी इस अवसर पर समाज के प्रमुख संरक्षक दिलीप बंटी माहेश्वरी जी नीतू कोठारी जी मुन्ना भूतडा अरुण राठी जी चंद्रप्रकाश मुंदरा जी समाज सेवी नीरज चांडक जी सहित बड़ी संख्या मे माहेश्वरि समाज उपस्थित रहे ।

# ग्रामीण क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का सुरक्षित निपटान बना आय का साधन

## ग्राम राखी में स्वच्छता दीदी कर रही हैं पुनर्चक्रण योग्य कचरे का व्यवसायिक उपयोग

**बेमेतरा,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बेमेतरा जिले में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की दिशा में अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के साजा ब्लॉक के ग्राम राखी में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट आज न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही है, बल्कि स्वच्छता दीदी के लिए आय का सशक्त माध्यम भी बन चुकी है। इस यूनिट में ब्लॉक के आसपास के ग्रामों से प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया जा रहा है, जिसे गांवों में कार्यरत स्वच्छता दीदी स्वयं एकत्र कर रही हैं। ये दीदी न केवल अपने गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, बल्कि इस कार्य के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता भी हासिल कर रही हैं।



ग्राम राखी स्थित यूनिट में कार्यरत माँ जय लक्ष्मी स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस एकत्र कचरे की छंटाई करती हैं। इसके बाद यूनिट में स्थापित आधुनिक बेलिंग मशीन के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को बंडल कर पुनर्चक्रण कंपनियों को बेचा जाता है। यह प्रक्रिया कचरे के सुरक्षित निपटान के साथ-साथ राजस्व सृजन का भी एक प्रभावी मॉडल बन गई है।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की ग्राम स्तर पर प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन की यह व्यवस्था स्वच्छता और सतत विकास दोनों लक्ष्यों की पूर्ति कर रही है। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को एक नई आर्थिक दिशा भी मिल रही है। जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल ने बताया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में इस प्रकार की एक-एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जा चुकी है। सभी यूनिट्स में प्लास्टिक कचरे के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और यह कार्य लगातार विस्तार की ओर अग्रसर है।

स्वच्छता दीदी न केवल गांवों की साफ-सफाई में अहम भूमिका निभा रही हैं, बल्कि अपने श्रम से अतिरिक्त आय अर्जित कर परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सशक्त बना रही हैं। इससे च्स्वच्छता से स्वावलंबनज्ज की दिशा में जिले ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह पहल ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता और महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण बनकर उभर रही है, जिसे अन्य जिलों में भी च्बेमेतरा मॉडलज्ज के रूप में अपनाया जा सकता है।

# पांडातराई शराब दुकान के पास लगी अवैध चखना दुकान में आये दिन हो रही वाद विवाद व मारपीट

- नेशनल हाईवे के पास है शराब दुकान दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित

**कवर्धा,** 1 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत पांडातराई की सरकारी मदिरा दुकान के आसपास अवैध चखना दुकानों की भरमार से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। प्रशासन की आंखों के सामने खुलेआम चल रहे इन गैरकानूनी ठिकानों से न केवल सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि युवाओं को भी नशे की लत की ओर धकेला जा रहा है।



जिले के पांडातराई में शराब की दुकान पंडरिया रोड नेशनल हाईवे के पास स्थित है यहां आए दिन भारी भीड़ लगी रहती है जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी हुई है साथ ही साथ यहां पर चखना के कई अवैध दुकान लगे हुए हैं जिससे आए दिन झगड़ा की नौबत देखने को मिल रही है पांडातराई शराब दुकान के पास अवैध रूप से लगे चखना दुकान पर कार्यवाही की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है क्योंकि यहां पर आए दिन वाद विवाद की स्थिति बनी रहती है साथ ही साथ मुख्य मार्ग पर चखना दुकान लगे हुए हैं इस वजह से यहां पर दुर्घटना की संभावना को देखते हुए यह मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मदिरा दुकान खुलते ही आसपास दर्जनों अस्थायी चखना सेंटर सक्रिय हो जाते हैं, जहां बिना लाइसेंस के मांस-मछली, अंडा, और अन्य खाद्य सामग्री बेची जाती है। ये दुकानें न तो स्वास्थ्य विभाग के मानकों का पालन करती हैं और न ही नगर पंचायत से किसी प्रकार की स्वीकृति प्राप्त हैं।

**आबकारी विभाग बना मूकदर्शक** - सबसे हैरानी की बात यह है कि आबकारी विभाग को इस अवैध गतिविधि की पूरी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और मिलीभगत के चलते यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है।

**स्थानीय लोगो की मांग सख्त कार्रवाई हो** -स्थानीय सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध चखना दुकानों को तत्काल हटाया जाए और दोषियों पर कानूनी कार्यवाही हो। साथ ही मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए।

यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाया तो स्थानीय नागरिक आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं।

# ब्लॉक के 114 सरपंचों से 3-3 हजार की अवैध वसूली, अधिकारी ही दे रहे भ्रष्टाचार को अंजाम

- कांग्रेस नेताओं ने जांच की उठाई मांग, अफसरों की भूमिका पर सवाल

**खैरागढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत खैरागढ़ के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार किए जाने का नया मामला सामने निकलकर आ रहा है। डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) के नाम पर जनपद के अधिकारियों ने 114 सरपंचों से प्रति पंचायत 3000 रुपये की वसूली की है। यह वसूली न केवल निर्धारित दर से अधिक थी बल्कि किसी प्रकार की रसीद या अधिकृत दस्तावेज भी नहीं दिया गया। जनपद की सामान्य सभा में इस मुद्दे को सदस्य सरस्वती सन्नी यदु ने उठाया लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने जवाब देने से कन्नी काट ली और मामले को दबाने की कोशिश की गई। जानकारी अनुसार जनपद कार्यालय में एक विशेष एजेंसी को बुलाकर सभी सरपंचों से डीएससी बनवाने को कहा गया जबकि नियमानुसार कोई भी सरपंच अधिकृत एजेंसी से स्वतंत्र रूप से यह कार्य करवा सकता है। डीएससी की अधिकतम दर जहां 2000 रुपये है वहीं जनपद ने 3000 रुपये वसूले। इस तरह करीब 3.42 लाख रुपये की वसूली हुई जबकि वास्तविक लागत 2 लाख रुपये से भी कम है। यानि 1.42 लाख रुपये की सीधी-सीधी अनियमितता सामने आई है।मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब पता चला कि 18 मार्च और 23 अप्रैल को सरपंचों के वाट्सएप ग्रुप में जनपद कर्मियों द्वारा मैसेज कर डीएससी बनवाने के निर्देश दिए गए। इसमें आधार, पैन और मोबाइल नंबर लेकर जनपद कार्यालय पहुंचने को कहा गया। एक संदेश में तो कुछ पंचायतों के नाम लेकर करारोपण अधिकारी से डीएससी प्राप्त करने की बात भी कही गई। यह दर्शाता है कि पूरी प्रक्रिया पूर्व नियोजित थी।



**मामले में जिला प्रशासन की चुप्पी पर भी उठ रहा सवाल**- इस गंभीर मामले पर जिला प्रशासन की चुप्पी ने संदेह को और गहरा कर दिया है। किसी भी स्तर पर जांच या जिम्मेदारी तय करने की कोशिश अब तक नहीं हुई है। जानकारों का मानना है कि कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को उच्चस्तरीय संरक्षण प्राप्त है और इसे दबाने की कोशिश की जा रही है। मामले में ईटार के सरपंच ओमप्रकाश झा, चिचका के गौतम साहू और मुहडबरी के राकेश वर्मा समेत कई सरपंचों ने बताया कि उन्होंने जनपद कार्यालय में डीएससी बनवाया और 3000 रुपये भुगतान किए लेकिन उन्हें न तो एजेंसी का नाम बताया गया और न ही कोई रसीद दी गई।

**कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**- कांग्रेस नेता व जनपद सदस्य आकाशदीप सिंह ने कहा कि आगामी सामान्य सभा में इस मामले की जांच के लिए समिति गठित करने का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने इसे भाजपा शासन में प्रशासनिक भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। जब यह मामला सभा में उठा तो अधिकारियों के बजाय जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा ने सफाई दी और कहा कि डीएससी का चार्ज 2500 रुपये है जबकि कंप्यूटर सेवाओं से जुड़े विशेषज्ञ सुरेन्द्र जैन और मनीष वर्मा का कहना है कि किसी भी क्लास की डीएससी 2000 रुपये से अधिक में नहीं बनती। इससे यह सवाल भी खड़ा होता है कि तकनीकी और वित्तीय विषय में अधिकारी क्यों मौन रहे और जवाब सभापति क्यों दे रहे हैं? मामले में जिला पंचायत केसीजी के उप संचालक गीत कुमार सिन्हा से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि इस विषय पर जानकारी लेकर ही कुछ कह पाऊंगा।

क्या ये मामला भी अन्य फाइलों की तरह धूल फांकता रहेगा या सरपंचों से वसूले गए इस 1.42 लाख के गबन पर कोई सख्त कार्रवाई होगी? यह आने वाला समय ही बता पाएगा।

# नशेड़ी युवक ने दाऊचौरा में किया दो लोगों पर जानलेवा हमला, पुलिस कर रही मामले की जांच

**खैरागढ़,** 1 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के दाऊचौरा स्थित देवांगन पारा में शनिवार की रात्रि में 9 बजे के आसपास एक नशेड़ी युवक ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला किया जिससे दाऊचौरा वार्ड में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विष्णु देवांगन उम्र 55 वर्ष वही कन्हैया देवांगन उम्र 46 वर्ष पर वार्ड के ही एक नशेड़ी युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ वार किया विष्णु के सिर और कान के पास गंभीर चोट आई हैं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। उनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है और उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।



वहीं दूसरी ओर, कन्हैया देवांगन को पेट और कान के पास चोट आई हैं। परिजनों ने घायलों को स्वयं के वाहन से खैरागढ़ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे। घटना की सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन अस्पताल पहुँचे और घायलों से मुलाकात की। उन्होंने घटना को बेहद दुर्भाग्यजनक बताया और पुलिस प्रशासन से आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

**नशे में होस खो बैठे हमलावर, देवांगन पारा में दहशत**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के पीछे गांजा सेवन रही मोहल्ले के पांच युवक घर के बाहर एकत्र थे, तभी अचानक एक युवक ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। बाकी युवक सहयोगी की भूमिका में नजर आए।

कन्हैया देवांगन ने बताया कि हमलावर गांजा पीने के आदी हैं और नशे में ही इस वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन मोहल्ले में अब भी खौफ और गुस्से का माहौल है। प्रशासन से ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

उल्टा पुल्टा

लड़का- पापा मेरी कोई गर्लफ्रेंड नहीं बन रही है में क्या करूं।
पापा- लम्बी सांस खींचते हुए बोले- बेटा, ये सुख हमारे खानदान में लिखा ही नहीं है।

संपादकीय

# करेंट से होती मौतें

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने खेतों और बाड़ियों को मवेशियों और वन्य प्राणियों से बचाने के लिये बाड़ में बिजली का करेंट लगाया जाता है जो इंसानों के लिये भी खतरा बन जाता है। इससे अक्सर घरवालों की ही अथवा किसी बाहरी व्यक्ति की मौतों की खबरें सामने आती रहती हैं। इससे बचा जाना चाहिये।

अंबिकापुर के लखनपुर थाना के तहत लोसगी पंडरीपानी ग्राम में रघुनाथ मांझी ने वहां के चूल्हट नाले के पानी से दूसरी फसल ले रखी है। उसे मवेशियों से बचाने के लिये उसने खेत के चारों ओर तारें फैलाकर बिजली का करेंट फैला रखा था। शुक्रवार की शाम उधर से गुजर रहे विष्णु मांझी और नीरसाय यादव उसकी चपेट में आ गये जिनकी वहीं मृत्यु हो गयी। घटना के बाद रघुनाथ फरार हो गया है। यह सार्वजनिक विद्युत व्यवस्था का दुरुपयोग भी है।

राज्य में इस प्रकार से बिजली के करेंट से कई मौतें हुई हैं। कुछ की मवेशियों को फसलों से दूर रखने हेतु बिछायी गयी तारों के सम्पर्क में आने से हुई हैं तो कुछ की लापरवाही के कारण। शहर हो या देहात, सभी जगह इस प्रकार करेंट फैलाने से बचना चाहिये और लोगों को भी सावधान रहना चाहिये। उन्हें भी चेत जाना चाहिये जो बिना यह सोचे कि इसकी चपेट में इंसान भी आ सकता है, ऐसी तारें बिछाते हैं। कई लोग तो अपने घरों या खेतों में बिजली से चलने वाले उपकरणों से भी बिजली का झटका खाकर मारे जाते हैं। 23 मई को बिलासपुर के बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव में बड़ी मां के घर गर्मी की छुट्टियां मनाने आये गीतू व राजू जायसवाल (क्रमशः 14 व 13 साल) कूलर के करेंट से मारे गये।

इसी साल की मार्च की शुरुआत में रायगढ़ में सीताराम सिदार नामक एक किसान अपने खेतों का काम कर रहा था तभी वह पम्प की खुली तार के सम्पर्क में आ गया। झटके से वह तुरन्त बेहोश होकर गिर गया। उसे देखकर मदद के लिये आये सुभाष निषाद को भी करेंट लगा। दोनों को ढूंढ़ते आये परिजन उन्हें अस्पताल ले गये परन्तु दोनों की मृत्यु हो चुकी थी। पिछले वर्ष अंबिकापुर जिले में दरिमा पुलिस थाने के अंतर्गत करम्हा जंगल में शिवनारायण गोंड नामक युवक करेंट की चपेट में आकर जान गंवा बैठा। इंद्रकुमार मरकाम नामक व्यक्ति ने जंगली जानवरों को पकड़ने के लिये 11 केवी तार के खंभे से हुकिंग कर करेंट फैलाया था। उसे गिरफ्तार किया गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में एक युवक शिकारियों द्वारा बिछाये गये तार के सम्पर्क में आ गया जो जानवरों को पकड़ने के लिये बिछाया गया था। घटना के बाद तार बिछाने वालों ने लाश को 15 किलोमीटर दूर ले जाकर जला दिया। वे भी गिरफ्तार हो गये। तार लगाना गैरकानूनी तो है ही, जानलेवा भी है।

# दक्षिणमुखी संकटमोचन सुंदरकांड मंदिर समिति द्वारा मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**गोबरा नवापारा,** 1 जून (देशबन्धु)। नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक और धार्मिक संस्था, श्री दक्षिणमुखी संकट मोचन सुंदरकांड मंदिर समिति, जो विगत 6 वर्षों से समाज सेवा और विभिन्न धार्मिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है, इस संस्था द्वारा 01 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित मंदिर प्रांगण में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. राजेंद्र गदिया, अंजू पारख, मनोज पारख, आयुष्मान हॉस्पिटल से डॉ. पुनीत गोस्वामी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. तेजेंद्र साहू, पत्रकार बंधु सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मार्गदर्शन प्रदान किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। यह आयोजन समिति द्वारा लगातार दूसरा वर्ष था, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। श्री दक्षिणमुखी संकट मोचक सुंदरकांड मंदिर समिति ने इस आयोजन के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का सराहनीय प्रयास किया।

सुन्दरकांड मंदिर समिति कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की प्रशंसा की और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों की निरंतरता की कामना की। इस अवसर पर समिति के प्रमुख संस्थापक व सदस्य सभी उपस्थित रहे।



# बहिष्कार कर रहे शिक्षक काउसलिंग के लिए माने

**प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों का काउसलिंग आज**

**महासमुंद,** 1 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों के लिए जिला पंचायत के सभागार में काउसलिंग आयोजित की गई थी। किंतु शिक्षकों ने इस काउसलिंग का यह कहकर विरोध कर दिया कि प्रक्रिया नियमों के विपरीत है और प्रशासन मनमानी कर रहा है। कर्मचारी नेता नारायण चौधरी ने बताया कि करीब डेढ बजे तक काउसलिंग प्रक्रिया का बहिष्कार करते हुए जिपं के बाहर नारेबाजी की जाती रही। इसी बीच प्रशासन ने कहा कि जो भी बातें है वह काउसलिंग में कहे, इसके बाद काउसलिंग शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि जिले में मिडिल और हाईस्कूल स्तर पर विभिन्न विषयों के रिक्त 256 पदों के लिए जिला प्रशासन द्वारा रविवार 1 जून को जिला पंचायत सभागार में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। हालांकि यह प्रक्रिया विवादों में घिर गई, जब शिक्षक सर्व शिक्षक साझा मंच के बैनर तले एकजुट होकर काउसलिंग का विरोध करने पहुंचे और जिला पंचायत कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी की। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के विपरीत की जा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पहले रिक्त पदों की सूची जारी कर दावा.आपत्ति का मौका दिया जाना चाहिए था, लेकिन बिना वरिष्ठता और कनिष्ठता का ध्यान रखे सीधे काउसलिंग की जा रही है। शिक्षकों का कहना है कि शासन 2008 का सेटअप लागू करे एवं पारदर्शी तरीके से नियमों का पालन करते हुए काउंसलिंग करे, नहीं तो हम शिक्षक काउंसलिंग का बहिष्कार करेंगे। वहीं प्रशासन का कहना है कि शासन से मिले दिशा.निर्देश के आधार पर काउंसलिंग की जा रही है। जो भी बातें है उसे शिक्षक काउसलिंग में कहें।

गौरतलब है कि 2 जून को प्राथमिक शाला के रिक्त 445 पदों के लिए सहायक शिक्षक व प्रधानपाठक की काउसलिंग की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसोसिएशन की धमतरी इकाई का गठन

**धमतरी,** 1 जून (देशबन्धु)। शनिवार 31 मई को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक धमतरी में आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरीज एसोसिएशन की धमतरी इकाई का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

इस बैठक में सुभाष गुप्ता को अध्यक्ष, अवध राम साहू को सचिव, सनत कोसरिया को कोषाध्यक्ष, रमेश कुमार साहू को उपाध्यक्ष और नारायण राम नेताम को उपसचिव चुना गया। इसी प्रकार, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्तिक राम रामटेके और नितिन राठौड़ का चयन किया गया, जबकि के एल सोनी को प्रचार मंत्री बनाया गया। यह कार्यक्रम रायपुर से पधारे प्रदेश अध्यक्ष पीके राघव, कोषाध्यक्ष आर एस ठाकुर, सुनील गुप्ता, उत्तम धर और संरक्षक एस.पी. दास की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के आरंभ में, प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष पी.के. राघव ने अपने संबोधन में संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनके केंद्रीय संगठन, नेशनल फेडरेशन रीजनल रूरलबैंक रिटायरीज एसोसिएशन (NFRRRBS) ने पेंशन और कंप्यूटर इंक्रीमेंट से संबंधित मामलों में अदालती लड़ाई लड़ी और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पक्ष में महत्वपूर्ण जीत हासिल



की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद सरकार द्वारा जारी किए गए प्रारंभिक आदेशों में हुई विसंगतियों और संगठन द्वारा दायर अवमानना वाद के परिणाम स्वरूप संशोधित आदेश जारी होने की जानकारी दी, जिससे सेवानिवृत्त कर्मियों को उनका हक मिल सका। एस.पी. दास ने संगठन की विभिन्न गतिविधियों और कार्यों के बारे में जानकारी दी।

बाद में प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष आर एस ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल क्षेत्र प्रबंधक हरविंदर सिंह से भेंट वार्ता की तथा अन्य मुद्दों के साथ-साथ श्री ठाकुर द्वारा क्षेत्र प्रबंधक को आश्वासन दिया की संगठन की ओर से यह आश्वासन दिया कि सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे बैंक के हित में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने बैंक को हाउसिंग लोन और अन्य प्रकार के ऋण वितरण एवं जमा वृद्धि में ग्राहकों को खोजने और बैंक की लाभप्रदता बढ़ाने में सहयोग करने का वचन दिया।

क्षेत्र प्रबंधक हरविंदर सिंह ने बताया कि इस वर्ष सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का बकाया देने के बाद भी बैंक को रु 152 करोड़ का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बैंक ने अपनी सभी शाखाओं को सुसज्जित किया है। सनातन रामनाथ ने आशा व्यक्त की कि बैंक उत्तरोत्तर प्रगति करता रहेगा और क्षेत्र के किसानों व जनता की सेवा में लगा रहेगा।

# बीज उत्पादक किसानों को अनुदान, प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा : चंद्रहास



- **छग बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष ने रूआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र का किया निरीक्षण**
- **संगोष्ठी में किसानों से चर्चा कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन**

**महासमुंद,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर 31 मई को दुर्ग जिले के रुआबांधा बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक शामिल हुए।

श्री चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न जिलों में स्थित बीज प्रक्रिया केंद्रों के भ्रमण के दौरान कृषकों ने उन्हें समस्या व मांगों से अवगत कराया है। अतः शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों हेतु उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक प्रधानमंत्री की मंशा अनुसार कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव एवं संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने हेतु जारी है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने उपसंचालक कृषि दुर्ग को भी किसानों के मांग के अनुरूप ही बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों ने बीज उत्पादन पर विचार रखे गए। कृषक दीपक चंद्राकर ग्राम.औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम.रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम के लाभकारी अनुभवों को साझा किया गया। महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम.उरला के कृषक शंकरदास सोंधी ने कहा कि छग राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं। अतः इन्ही के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान निगम अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने 6 समितियों में बीज भंडारण हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भी रवाना किया गया। बीज प्रक्रिया केन्द्र के गोदामों का कृषकों के साथ मिलकर अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान बीज प्रबंधक एस के बेहरा ने बताया कि जिले के कृषकों द्वारा हमेशा उन्नत तथा अच्छी गुणवत्ता का बीज उत्पादन किया जाता है। जिसके फलस्वरूप चालू खरीफ2025 के दौरान इस प्रक्रिया केन्द्र से लगभग 3500 क्विंटल बीज की आपूर्ति राज्य के अन्य जिलो को किया गया है साथ अपने जिले के मांग अनुरूप 80 प्रतिशत बीज भंडारण किया जा चुका है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अमीर के बच्चों को विषय शिक्षा के ज्ञान की जरूरत है, तो गरीब के बच्चों को क्यों नहीं : फेडरेशन




**नवापारा राजिम,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध शिक्षकों के जिला स्तरीय आंदोलन का समर्थन किया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी तथा यशवंत कुमार साहू विकास खण्ड अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षावार प्रत्येक विद्यार्थियों को विषय शिक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने बताया कि 'बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसूची (धारा-19 और 25) में विद्यालय के लिए मान और मानक में उल्लेख है कि 'कम से कम प्रति कक्षा में एक शिक्षक विज्ञान और गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा का शिक्षक रहना चाहिए।' लेकिन इसके विपरीत विषय व्यवस्था को नजरअंदाज कर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के मान और मानक से शिक्षकों को अतिशेष किया जा रहा है। जोकि बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का स्पष्ट उल्लंघन है।

उन्होंने बताया कि हाई स्कूल/हायर सेकंडरी 'स्कूलों में विषयमान से स्वीकृत पदों' में कार्यरत उसी विषय शिक्षकों को भी अध्यापन के 4 कालखण्ड से कम होने के आधार पर अतिशेष किया जाना अवैधानिक है।

उन्होंने दावा किया है कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अनेक स्कूल बंद होंगे। जिसके कारण शिक्षा के प्रसार से नीति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

# कृषि रथ के माध्यम से किसानों को सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी



**कृषि मंत्री रामविचार नेताम शिविर में हुए शामिल**

**महासमुंद,** 1 जून (देशबन्धु)। विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 अंतर्गत किसानों को नवीनतम तकनीक के प्रति जागरूक करने तथ किसानों से सीधा संवाद करने सिरपुर और छपोराडीह में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम औचक रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, अरहर मिनी कीट, किसान क्रेडिट कार्ड, धान बीज का वितरण किया गया, साथ ही कृषि रथ के माध्यम से किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कृषक चौपाल में कृषि मंत्री श्री नेताम ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कृषि विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक गांव गांव पहुंचे रहे है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के नवीनतम तकनीक व शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ ले सकते है। किसानों को जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। रासायनिक खाद का अधिक उपयोग करने से भूमि की उर्वरता खत्म होते जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से किसानों को अधिक से अधिक जैविक खाद का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन करते हुए धान के बदले रागी, मक्का एवं अन्य फसल ले सकते है। शासन की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों के लिए हितकारी है। वही सरकार कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। कृषि मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों के लिए शासन की महत्वपूर्ण पहल है। आज कृषि विभाग एवं >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा आठ जून को होगा वृक्षारोपण व सम्मान कार्यक्रम



**कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न**

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। भारत माता सेवा ट्रस्ट केंद्रीय संचालन समिति के सदस्य तथा वृक्षारोपण एवं सम्मान कार्यक्रम अर्जुनी के कार्यक्रम समन्वयक डमरूधर वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत माता सेवा ट्रस्ट पूर्व में भी सामाजिक उत्थान तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक काम करते आ रहा है। देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन तथा उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्य को आम जनमानस तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जिससे लोग प्रेरित होकर समाज हित देश हित में कार्य कर रहे है।

श्री वर्मा ने कहा कि आज गौ पालक की संख्या निरंतर घट रही है जिससे गाय, बैल, भैंस को समस्या की दृष्टि से समाज देख रहा है पशु भी खुले में सड़क किनारे घुमने फिरने तथा कष्टपूर्ण जीवन जीने को मजबूर है। गाय के प्रति ममत्व की भावना धीरे-धीरे खत्म हो रही है, गौ माता के प्रति फिर से ममता की भावना जागृत करने तथा पशुओं के संरक्षण हेतु भारत माता सेवा ट्रस्ट के द्वारा कोटना वितरण किया गया। पक्षी और इंसान का सदियों से गहरा नाता रहा है पक्षियों की मीठी चहचहाहट हमें नींद से जगाती है लेकिन पक्षी हमारे घरों से दूर होते जा रहे हैं। गौरैया जैसे पक्षी तो अब विलुप्तता के कगार पर है जिसे संरक्षण करना बहुत जरूरी है। भारत माता सेवा ट्रस्ट लोगों को जगाने का कार्य करता है और पक्षियों के पीने के लिए सकोरा का वितरण कर पक्षियों का वापस घर लाने का एक छोटा सा प्रयास किया है।

इसी तारतम्य में लोगों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल मिले इसके लिए 8 जून 2025 को ग्राम अर्जुनी में ट्री गार्ड सहित वृक्षारोपण की योजना बनी है। हमारे आसपास अनेक ऐसे लोग हैं जो इस दिशा में कार्य करते हैं उनको सम्मान करने की तथा उनसे प्रेरणा लेकर जनमानस को पर्यावरण से जोड़ने का कार्य भारत माता सेवा ट्रस्ट करेगा। हमारा सभी कार्य जन सहयोग से होता है वृक्षारोपण का यह महत्वपूर्ण काम भी जन सहयोग से हो रहा है। उक्त कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य रूप से भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं व उसे बड़ा करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मां के नाम एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है इसलिए हम सब मिलकर उनके संकल्प को पूरा करें। इस अवसर पर नीरज परगनिया, राकेश वर्मा, कुशल वर्मा, शंकर लाल रजक, प्रमोद सांखला, संतोष वर्मा, चिंतामणि साहू, प्रेमचंद वर्मा, टुम्मन लाल वर्मा, हरीश साहू, डमरू धर वर्मा, किशोर साहू आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा से निर्मित कुंआ बना आजीविका का साधन



**सिंचाई व मछली पालन से किसान को मिला दोहरा लाभ**

**बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही परिसंपत्ति निर्माण एवं आजीविका का जरिया भी बन गया है। मनरेगा से निर्मित कुंआ सिंचाई का स्थाई साधन बनने के साथ ही मछली पालन से किसान को दोहरा लाभ मिल रहा है।

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी निवासी किसान विष्णु प्रसाद ने ग्राम पंचायत की पहल पर वर्ष 2023 में मनरेगा से अपने खेत में कुंआ निर्माण कराया। कुंआ निर्माण हेतु 2 लाख 52 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। कुंआ निर्माण में उसके परिवार को 578 मानव दिवस का रोजगार भी मिला। कुंआ निर्माण कराने के बाद विष्णु प्रसाद को अपने खेतों में सिंचाई के साथ मछली पालन का व्यवसाय शुरू किया जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या के नेतृत्व में मनरेगा से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। कुंआ बहुपयोगी होने के कारण छोटे और सीमांत किसानों के जीविकोपार्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यही कारण है कि किसान विष्णु प्रसाद ने कुंआ निर्माण से सिंचाई व मछली पालन व्यवसाय को अपनाया और अपनी मेहनत से आज उन्होंने अपने जीवन की दशा और दिशा-दोनों बदली दी है।

# हाथीबाहरा के समाधान शिविर में सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कृषि संकल्प रथ को किया रवाना

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के सुदूर बीहड़ वनांचल ग्राम पंचायत हाथीबाहरा में अंतिम समाधान शिविर का आयोजन 30 मई को जिला प्रशासन द्वारा किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के 11 ग्राम पंचायतों का अंतिम समाधान शिविर ग्राम पंचायत हाथीबाहरा में समस्या निवारण हेतु समाधान शिविर आयोजित की गई। उक्त शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद, उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू, बागबाहरा तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, कोमाखान तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, जनपद पंचायत बागबाहरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनहरण लाल मंडावी, जनपद सदस्य लोचन पटेल समेत समस्त विभागीय अधिकारी/कर्मचारी एवं 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं क्षेत्र के जनपद पंचायत बागबाहरा के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




उक्त समाधान शिविर के माध्यम से उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अपने विभागीय जानकारी सहित प्राप्त प्रमुख मांगो एवं शिकायतों के निराकरण की विस्तृत जानकारियां प्रस्तुत की गई। अतिथिगणों के द्वारा छः माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड,किसानों को उच्च गुणवत्ता की धान बीज़, ट्राइसाइकिल सहित आवास हितग्राहियों को आवास का चाबी वितरण ,किसान क्रेडिट कार्ड, मनरेगा कार्ड आदि का वितरण किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखा कर सांसद रुपकुमारी चौधरी ने रवाना किया।

इस अभियान को प्रधानमंत्री की मंशा कृषकों से प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से देश की कृषि और किसानों को सम्पन्न बनाने की रही है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा भी राज्य के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि उद्यानिकी,पशुपालन एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों की सहभागिता द्वारा अभियान को क्रियान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर शिविर के अंतिम चरण के सफल संचालन में समस्त मंचीय अतिथि, अधिकारी कर्मचारी, जनपद सदस्य, सागर चंद्राकार सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत हाथीबाहरा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दुबेलाल साहू, लोकेश पनुरिया खल्लारी मंडल अध्यक्ष, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ,लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष खल्लारी, रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, सुश्री डाली डिम्पल ध्रुव मंडल अध्यक्ष बागबाहरा शहर, लेखमणि पटेल, किरण यदु, गुलशन कुमार, परमेश्वर सोनवानी, भीमा साहू, आशीष गुप्ता, परमेश्वर पटेल, महामंत्री युवा मोर्चा हीरा साहू , माधव मांझी, अजय ध्रुव उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा बागबाहरा ग्रामीण,आदिवासी युवा प्रभाग ओमप्रकाश ध्रुव सहित 11 पंचायतों के सरपंच एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से वैज्ञानिकों ने किया सीधा संवाद

## कृषि तकनीक व उन्नत कृषि की दी गई जानकारी

**बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को विकासखंड बलौदाबाजार के सहकारी समिति तिल्दा एवं सीरियाडीह,पलारी के अमेरा एवं छेरकापुर, कसडोल के बोरसी एवं मुढ़ीपार में विकसित कृषि संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि वैज्ञानिको ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए कृषि तकनिकों और उन्नत कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में 848 कृषक, 49 जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।



किसानों को धान की कतार बोनी,पेड़ी ट्रांसप्लांटर से रोपाई तथा सोयाबीन की बीबीएफ पद्धति एवं उन्नत फार्म मशीनरी का उपयोग जैसे विषयो में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। पराली जलाने से होने वाले नुकसान से किसानों को अवगत कराते हुए मल्चर यन्त्र का प्रदर्शन भी किया गया। शिविर में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती,मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग, कृषि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव और आधुनिक कृषि यंत्रो के उपयोग कि जानकारी दी गई (कृषि विज्ञान केंद्र एवं ईफ्को के सहयोग से ड्रोन का लाईव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आयल पॉम एग्रीस्टेक योजना,पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनिकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान किसानों को बीज, उर्वरक और अन्य कृषि आदान सामग्री का वितरण किया गया।

# बागबाहरा कॉलेज में विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया गया

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। शासकीय खे.ल.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व तंबाखू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कामिनी पटेल (क्लर्क) उर्मिला हॉस्पिटल भाटागांव रायपुर एवं सह वक्ता के रूप में श्रीमती माधुरी पटेल व्याख्याता रसायन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेंदरा, बह्मकेला (रायगढ़) रही। डॉ.कामिनी पटेल ने तंबाखू एवं तंबाखू से बने उत्पाद के उपयोग से होने वाली हानि के बारे में बताया कि यह केंसर,हृदय रोग,फेफड़ों की बीमारियों और अन्य बीमारी का मुख्य स्रोत है। जिससे जीवन प्रत्याशा कम हो जाती है। अतः इन नशा पानों से बचना चाहिए। श्रीमती माधुरी पटेल ने कहा कि आज के युवा वर्ग सिगरेट और गुटका को अपनी जीवन का हिस्सा बना चुके हैं। वे नहीं जान पाते कि ये कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। जो जीवन के अंतिम समय में पता चलता है। इससे कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। अतः स्वयं एवं समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के कहा कि वर्तमान समय में बच्चों एवं युवाओं में हानिकारक पदार्थों के सेवन का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। नशे के बढ़ती लत के कारण परिवार एवं समाज खोखला होते जा रहा है। ऐसी स्थिति में युवाओं को सही दिशा देने के लिए रासेयो एवं यूथ रेडक्रॉस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। अतः इनके स्वयंसेवक समाज में विशेष शिविर लगाकर लोगों को जागरूक करे। इस अवसर पर गजानंद बुडेक प्रभारी यूथ रेडक्रॉस, डॉ.खिलावन पटेल कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, धनुर्जय साहू समन्वयक पीएम ऊषा, मुकेश पटेल सहायक प्राध्यापक तेंदूकोना महाविद्यालय एवं छात्र -छात्राएं,स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।



# जिले में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

## लोगों को तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की गई अपील

**बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष दुनियाभर में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के सम्बंध में विविध प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




जिले में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और इसके चंगुल में आने पर नजदीक के नशा मुक्ति केंद्रों में संपर्क करने की सलाह दी गई। इस वर्ष की थीम तम्बाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीति को उजागर करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि हर साल तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हो जाती है। तम्बाकू कई प्रकार की लाइलाज बीमारियों जैसे फेफड़े, मुँह काकैंसर, नपुंसकता, हृदय रोग, बाल, नाखून, त्वचा की समस्या पैदा करता है। जिले में तम्बाकू उत्पादों के नशा मुक्ति के लिए जिला अस्पताल में एक तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र भी चल रहा है जहां परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी दी जाती हैं। मुँह के कैंसर की पहचान के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जांच करवाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिले में तंबाकू नियंत्रण कानून (कोटपा एक्ट) के तहत पुलिस और प्रशासन के सहयोग से चालानी कार्यवाही की जाती है। कोटपा एक्ट की धारा 4 तहत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने को प्रतिबंधित करती है। धारा 5 तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाती है। साथ ही धारा 6 शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर रोक लगाती है एवं नाबालिक बच्चों को तंबाकू उत्पाद की बिक्री से प्रतिबंधित करती है।

# ब्राम्हणसरा के 400 साल पुराने बरगद वृक्ष का किया जाए संरक्षण



**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। वनांचल ग्राम पंचायत हाथीबाहरा में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में पहुंचकर पर्यावरण प्रेमी अध्यक्ष ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने ब्राम्हणसरा पटपरपाली स्थित 400 वर्षीय उम्रदराज बरगद के देव वृक्ष के संरक्षण एवं उसे पर्यटन से जोड़ने हेतु आवेदन दिया गया। गौरतलब है कि बरगद के इस वृक्ष के संरक्षण के लिए ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया 15 वर्षों से मांग करते आ रही है। संरक्षण के अभाव में उम्रदराज वृक्ष जो क्षेत्र का गौरव है, वह क्षरीत होते जा रहा है। इसकी संरक्षण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। शासन-प्रशासन इस दिशा में तत्काल ध्यान देवें।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर स्वच्छता दीदियों एवं मित्रों की स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद** 1 जून (देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश पर पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती कार्यक्रम के तहत स्थानीय टाउन हाल में स्वास्थ्य एम्बुलेंस सेवा से नगर पालिका की स्वच्छता दीदियों एवं मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित था। जिसमें छ.ग. भाजपा के प्रदेश मंत्री किशोर महानन्द, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, पार्षदगण - चन्द्रशेखर बेलदार, भाउराम साहू, माखन पटेल, पियूष साहू, भाजपा नेतागण अजय चोपड़ा, हनीष बग्गा, लाल विजय सिंग, शरद मराठा, गौरव राठी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। स्वास्थ्य परीक्षण अवसर पर छग भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानन्द ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर को एक न्याय प्रिय कुशल प्रशासक और परोपकारी शासक के रूप में याद किया जाता है। उनकी न्याय प्रियता और लोगों के प्रति उनकी कल्याणकारी सोच उन्हे लोकमाता के रूप में स्थापित करती है उनका शासन काल होल्कर राज्य के लिए एक स्वर्णिम युग था। वह अपने न्याय प्रशासन और परोपकार के लिए जानी जाती है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने अहिल्या बाई होल्कर को नमन करते हुये कहा कि उनका जीवन समाज सेवा एवं महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित था उनके कई रचनात्मक, सामाजिक योगदान रहा जिसके लिए उन्हे याद किया जाता है प्रदेश की विष्णुदेव सरकार उनकी 300वीं जयंती मनाकर प्रदेश वासियों को उनके जीवन से आदर्श सिखने की प्रेरणा दे रही है। भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिका ने कहा कि जब से देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है तब से देश भक्त विरांगनाओं को याद करना प्रारम्भ हुआ है। प्रदेश मंत्री किशोर महानन्द ने एक-एक सफाई दीदियों से भी चर्चा की उनकी समस्या सुनी, स्वास्थ्य एम्बुलेंस सेवा के प्रभारी को बुलकार कहा गया कि जरूरत की सभी दवायें आपके बस में होनी चाहिए।



# नौतपा में मानसून की दस्तक से मौसम ने ली करवट, रबी फसल पर पड़ा असर, मौसमी बीमारी के भी मरीज बढ़े

**गरियाबंद,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ इतिहास में पहली बार नौतपा के दौरान मानसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है। आमतौर पर नौतपा के दौरान तेज गर्मी और लू का प्रकोप रहता है। लेकिन इस बार लगातार पांच दिनों से हो रही बारिश ने नौतपा की तपिश को पूरी तरह शांत कर दिया है। तापमान गिरने के चलते अब तक नौतपा के दौरान लोगों को गर्मी से राहत रही है।

ज्ञात हो कि आमतौर पर 25 मई से 2 जून तक नौतपा रहता है। इस दौरान तेज गर्मी व लू और गरम हवा के थपेड़े महसूस होते है और नौतपा के कुछ दिन बाद मानसून शुरू होता है। बताया जाता है कि बंगाल के खाड़ी में दवाब बनने के कारण ओडिशा और छत्तीसगढ़ में समय से पहले मानसून पहुंच गया है। सामान्य तौर पर इसे समय से पहले बारिश होती है तो इसे प्री मानसून भी कहते है।

इधर, नौतपा के सातवे दिन शनिवार को सुबह से गरियाबंद जिले में करीब पांच घंटे मूसलाधार बारिश हुई, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। मौसम विभाग के जानकारों के अनुसार, यह स्थिति सामान्य नहीं है और आने वाले समय में जलवायु में बदलाव के और संकेत मिल सकते हैं।



इधर, समय से पहले हुई बारिश ने सबसे अधिक असर किसानों पर डाला है। रबी फसलों की कटाई और भंडारण पर बारिश ने संकट खड़ा कर दिया है। अधिकांश क्षेत्रों में धान की फसल बारिश से बैठ गई है। जिन किसानों ने पहले ही फसल काट ली थी, वे अब अपने अनाज को सुरक्षित रखने मेहनत कर रहे है।

जबकि बाकी किसान के माथे में नुकसान को लेकर चिंता की लकीर खींचने लगी है। किसानों के बीच अभी से शासन-प्रशासन से फसल क्षति का मुआवजा देने की मांग उठने लगी है।

इधर, बारिश के चलते शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में छोटे छोटे गड्ढों, नालियां में जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में मौसमी बीमारियों—जैसे मलेरिया, पीलिया, उल्टी और दस्त—के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में तैयारी शुरू कर दी है। जरूरी दवाइयाँ और आवश्यक किट की उपलब्धता में जोर दिया जा हैं।

बारिश से पहले नगरपालिका ने नालियों की सफाई और खोलने का कार्य शुरू तो कर दिया था, लेकिन समय से पहले हुई बारिश ने इन कार्यों को प्रभावित किया। कई जगह नालियां जाम हो गई हैं और सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों में आक्रोश

**महासमुंद** 1 जून (देशबंधु)। छग शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किये जाने के फरमान को लेकर प्रदेश के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है । सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण नीति में 2008 के सेटअप को दरकिनार करते हुये बिना कोई योजना के आदेश जारी कर दिया गया है । छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि तत्संबंध में 28 मई को शिक्षकों के संयुक्त मोर्चा द्वारा मंत्रालय का घेराव किया गया, लेकिन सरकार से वार्ता असफल रही और आनन.फानन में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण संबंधी आदेश जारी कर दिया गया एवं काऊंसलिंग की तिथि भी तय कर दी गई । शिक्षकों को सोचने का मौका भी नहीं दिया जा रहा है एवं संबंधित शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंडवार दावा आपत्ति भी आमंत्रित नहीं किया गया है, जिससे शिक्षकों में घोर आक्रोश व्याप्त है । प्रदेश के शिक्षक साझा मंच द्वारा काऊंसलिंग बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई है । छग शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, संगठन मंत्री राजेन्द्र इंगोले, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, विकासखंड अध्यक्ष अविनाश लाल सहित समस्त पदाधिकारियों ने इस तुगलकी फरमान की घोर निंदा करते हुये काऊंसलिंग तिथि को आगे बढ़ाये जाने की मांग की है एवं इस पर पुनर्विचार कर शिक्षकों को हो रही परेशानी के संबंध में नई नीति बनाने की मांग की गई है। उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में एक प्रधान पाठक सहित एक शिक्षक रखना एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधान पाठक सहित दो या तीन शिक्षक रखना बच्चों एवं शिक्षा नीति के साथ अन्याय है । इससे हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे एवं हजारों भर्तियां में रोक लग जायेगी । छग शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों ने मांग की है कि 2008 एवं 2010 के सेटअप का पालन करते हुये इस नीति को लागू करे तो शिक्षकों व शिक्षा के हित में बेहतर होगा । उन्होंने बताया कि शिक्षक समुदाय आगामी समय में इस गलत नीति तारतम्य में आंदोलन में भी जा सकते हैं, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही सरकार की होगी । सरकार एक तरफ ट्रांसफर नीति में एक ही विद्यालय में कई शिक्षकों को पोस्टिंग करने का काम करती है और आज युक्तियुक्तकरण में उन्हें हटाया जा रहा है । छग शिक्षक संघ युक्तियुक्तकरण का विरोध नहीं कर रहा लेकिन गलत नीतियों का एवं 2008 के सेटअप का पालन नहीं करने का विरोध कर रहा है । शिक्षकों के हित में सरकार अविलंब ठोस कदम उठायें अन्यथा शिक्षकों को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा । छग शिक्षक संघ की ओर से चन्द्रहास पात्र, तिरिथ पटेल, रोहिणी देवांगन, डोमन सिंह टंडन, किशोर कुमार रथ सहित जिला एवं विकासखंड के पदाधिकारियों ने युक्तियुक्तकरण की गलत नीति का विरोध करते हुये आक्रोश व्यक्त किया है ।

# फिल्टर प्लांट का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**महासमुंद** 1 जून (देशबंधु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शनिवार को बेलसोंडा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जल शुद्धिकरण प्रक्रिया, प्लांट की साफ-सफाई की स्थिति देखी। उन्होंने प्लांट प्रभारी व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री साहू ने संबंधित अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन में पानी की गुणवत्ता तथा शुद्धता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बारिश में पानी को साफ रखने आवश्यक उपाय करने कह। उन्होंने कहा कि नगर वासियों को शुद्ध जल आपूर्ति हो यह पालिका की प्राथमिकता है।

# धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 3 प्रतिशत की वृद्धि करना किसानों के हक पर डाकाः विनोद

**महासमुंद** 1 जून (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने 2025.26 कृषि सीजन के लिए केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा को किसानों के हक में डकैती बताया है। उन्होंने धान के एमएसपी में प्रति क्विंटल 69 रुपये की मामूली वृद्धि जो कि प्रति किलोग्राम सिर्फ69 पैसे है, को बेहद निराशाजनक और राज्य भर के किसानों के साथ घोर अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान सबसे अधिक उगाई जाने वाली फसल है। साल.दर.साल खेती की लागत में काफी वृद्धि हुई है। धान के लिए एमएसपी में केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जो केंद्र सरकार द्वारा की गई एक सांकेतिक वृद्धि है। अन्य फसलों के लिए एमएसपी में 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। आए दिन खाद.बीज, कटाई, मिंजाई लागत दर में वृद्धि हो रही है। केंद्र इस बात से पूरी तरह वाकिफहै। फिर भी मौजूदा एमएसपी बढ़ोतरी जमीनी हकीकत को नजर अंदाज कर बढ़ाई गई है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि इस बार एमएसपी में 917 रू बोनस की राशि को जोड़कर 3400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से सरकार को धान खरीदी करनी चाहिए। पिछले साल धान के एमएसपी में 5.36 प्रतिशत वृद्धि हुई थी, 2183 से 117 रुपए बढ़ते हुए 2300 रुपए प्रति क्विंटल किया गया था, इस बार मात्र 3 प्रतिशतः जबकि महंगाई वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत है। 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने और सी 2 फार्मूले से लगात पर 50 प्रतिशत लाभ देने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार ने एक बार फिर किसानों को धोखा दिया है। इस बार खरीफ़सीजन 2025.26 के लिए मंजूर किए गए एमएसपी की घोषणा के अनुसार धान पर कुल वृद्धि 3 प्रतिशत मात्र हैए 2300 से बढ़ाकर 2369 अर्थात् 69 रुपए प्रति क्विंटल की है। सी 2 फार्मूले के अनुसार कृषि लागत में नकदी खर्च, खाद, बीज, पानी, रसायन, मजदूरी के साथ ही गैर नकदी लागत के अलावा जमीन की लीज रेंट और उससे जुड़ी खर्च पर लगने वाले ब्याज को भी शामिल किया जाना चाहिए, साथ.साथ किसान परिवार के मेहनत के अनुमानित लागत को भी जोड़ा जाना चाहिएए लेकिन दुर्भावनापूर्वक लागत में इनमें से कई खर्चो को शामिल नहीं किया गया। न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि और बढ़ती महंगाई के चलते धान के खेती में कृषि लागत में एक साल के दौरान औसत वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार ने एमएसपी में मात्र 3 प्रतिशत की ही वृद्धि की है जो किसानों के साथ अन्याय है।

## सरकारी अस्पताल में मानसिक रोग उपचार शिविर आज

**सरायपाली,** 1 जून। स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में 2 जून सोमवार को मानसिक रोग उपचार व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जिला चिकित्सालय महासमुंद के स्वास्थ्य टीम द्वारा मानसिक रोग जैसे अवसाद ,चिंता, विकार, सिजोफ्रेनिया , नशे की लत वाले व्यक्तियों का उपचार और परामर्श किया जाएगा।



# एससीईआरटी रायपुर के प्रशिक्षण में कवि सम्मेलन



**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। एससीईआरटी रायपुर में हो रहे पांच दिवसीय कक्षा छठवीं विषय हिंदी नवीन पाठ्य पुस्तक मल्हार पर आधारित सेवाकालीन शिक्षक (डीआरजी)प्रशिक्षण दिनांक 26 मई से 31 मई तक चल रहे प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस में कॉलखंड समाप्ति के पश्चात संध्या के समय सात बजे प्रशिक्षण हाल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।कवि सम्मेलन आयोजन के प्रमुख वरिष्ठ बी आर साहू शिक्षाविद व बाल साहित्यकार रहे हिंदी लोक भाषा छत्तीसगढ़ी के सशक्त रचनाकार है ।इनकी गरिमामयी उपस्थिति में कवि सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हुआ द्य कार्यक्रम के प्रथम सोपान में शिक्षक कवि जगजीवन प्रसाद जांगड़े द्वारा मां सरस्वती की वंदना से शुरू किए। इस कार्यक्रम के प्रथम सोपान में शिक्षक , कवि सौरभ नामदेव पेंड्रा ने वीर रस पर रचनाएं प्रस्तुत किए जिससे पूरे महफिल ने उनकी तारीफे में तालियां देती रही ।जगजीवन प्रसाद जांगड़े (जांजगीर सक्ति )ने वीर रस एवं शांत रस की कविता वाचन ने सबके दिल को छू गए ,सदनों से तालियां बजती रही ।वीरेंद्र राठौर सर बेमेतरा द्वारा हास्य रस एवं छत्तीसगढ़ी की काव्य पाठ ने सबको मन मुग्ध कर दिया।

लेखनसिंह वर्मा बेमेतरा वीर रस ,सूर्यकांत वाजपेई बिलासपुर की हास्य रस ने पूरे महफिल को बांध कर ताली बजाने पर मजबूर कर दिया,तालिया लगातार बजती रही। इसी तारतम्य में जुगल किशोर शुक्ला जांजगीर श्रृंगार रस की कविता ,राजीव श्रीवास्तव कवर्धा देशभक्ति पर आधारित ,रामनारायण प्रधान चांपा द्वारा शांत रस से कविता पाठ किए,दिलीप कुमार सिंह सूरजपुर कविता श्रृंगार ,रूपेश कुमार चौहान कोरबा श्रृंगार पर गीत गुनगुनाए।

आलोक डनसेना सारंगढ़ ने नारी शक्ति पर रचना प्रस्तुत किए। आशुतोष दुबे की रचनाएं सभी श्रोताओं का मन मोह लिया सभी ने उनका तालियों से लगातार अभिवादन देते रहे ,आदरणीय ललित उपाध्याय द्वारा यादों से भरी जुड़ी कविता का वाचन कर सदन को खुश कर गए ,ज्योत्सना कन्नौजे ने भी कविता की समा बांधी,कार्यक्रम के अंतिम में आदरणीय बी आर साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गुरुजनों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन कर बाल कविताओं पर जोर दिया गया द्य साहू सर जी के द्वारा शानदार मनमोहक कविता से मन को विभोर कर दिए। कार्यक्रम के शानदार एवं सफल संचालक प्रेमचंद डनसेना ने की जिन्होंने हर कविता वाचन पर हास्य,व्यंग्य,श्रृंगार ,शांत आदि रसों पर जोरदार संचालन किए द्य सभी गुरुजनों को हंसाते रहे ,सभी ने उनकी सराहना किए।

कार्यक्रम में नारी शक्ति के रूप में लता दास जांजगीर - चांपा,संतोषी गायकवाड़ तथा सुनील विद्यराज, अजय कुमार आदि एक से बढ़कर एक कवि शिक्षक उपस्थित रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**महासमुंद** , 1 जून (देशबंधु)। नालसा एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफएक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनुसार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा विभिन्न स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले में न्यायिक अधिकारियों तथा तालुका और आरक्षी केन्द्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न ग्रामों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों, हाट बाजारो एवं संगठनों में जाकर बैनर पाम्पलेट के माध्यम से विधिक जागरूकता पर अधारित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इसी तारतम्य में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आफरीन बानों औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी स्थित फैक्ट्री पहुंचकर उपस्थित सहस्टाफ एवं कामगार व्यक्तियों को उनके कानून के विभन्न विषयों के साथ साथ तम्बाकू सहित नशीले पदार्थो का सेवन व नशे से व्यक्ति, परिवार एवं समाज में होने वाले द्रुष्परिणामों के बारे में बताया गया। सचिव श्रीमती आफरीन बानो द्वारा बताया कि 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। 31 मई 1988 को पहला विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ;डब्ल्यूएचओद्ध की विश्व स्वास्थ्य सभा ने 1988 में 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक अभियान है। तंबाकू सेवन के स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले खतरनाक प्रभावों की जानकारी देना, लोगों को धूम्रपान और तंबाकू चबाने की आदत छोड़ने के लिए प्रेरित करना, तंबाकू उत्पादन और उसके कचरे से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को उजागर करना, सरकारों से कठोर तंबाकू नियंत्रण नीतियों को लागू करने की अपील करना एवं युवाओं को जागरूक करना और उन्हें तंबाकू की लत से बचाना एवं तम्बाकू उत्पादक पदार्थो के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों से नागरिकों को ध्यानाकर्षण करना दिवस मनाने का उद्देश्य है। इस प्रकार सुखरीडबरी में अधिकार मित्र धनजंय पटेल, ग्राम कुटेला में राकेश मिश्रा, भिथिडीह में राजकुमारए बसुंला में प्रकाश चौहान, पिलवापाली में जितेन्द्र पटेल एवं ग्राम भीमखोज में अधिकार मित्र वेदप्रकाश पटेल द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।




**लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया**

# संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व उपचार शिविर



**तिल्दा नेवरा,** 1 जून (देशबन्धु)। निःशुल्क चिकित्सा शिविर को एक जीवन रक्षक कार्यक्रम माना जा सकता है जिसका उद्देश्य विभिन्न प्रकार की चिकित्सा विशेष सेवाओं के साथ एक मोबाइल टीम द्वारा ग्रामीण या शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीब समुदायों को निःशुल्क चिकित्सा और सेवाएं प्रदान करना है। संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा द्वारा इस तरह के शिविर आयोजित करते ही रहता है आज ग्राम सरोरा में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ,अरबिंदो नेत्रालय ,छत्तीसगढ़ डेंटल क्लिनिक मोर हॉस्पिटल ,और समता फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत सरोरा के नव निर्वाचित सरपंच उमेश्वरी विश्राम साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया शिविर में लगभग 500 ग्रामीणों ने लाभ लिया कंपनी द्वारा 60 लोगो को निःशुल्क चश्मा वितरण किया और 16 मरीज मोतिया बिन्द के निकले संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने ग्रामीणों को इस निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार शिविर में में अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया श्रीमती शीतल गोयल ने बताया की शिविर में जाँच करवाने वाले ग्रामीणों के संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा द्वारा दवाई और चश्मा का वितरण किया गया तथा जिन लोगों 16 लोगो में मोतिया बिन्द पाया गया है उनका निःशुल्क आपरेशन करवाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा के एम जी के मूर्ति ,धर्मेश वैश्य ,गुलाब साहू ,धर्मेश नायक ,सुचिता जैन ,मनीष सिन्हा ,जितेंद्र वर्मा ,ने विशेष योगदान दिया।

# जब हम किसी को सुख देते हैं तो परमात्मा भी हमारा ध्यान रखता है : राजयोगी

**मगरलोड,** 1 जून (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र योगशक्ति भवन मगरलोड में माउंट आबू राजस्थान से आए हुए राजयोगी ब्रह्मा कुमार मयाराम भाई का समस्त भाई बहनों की ओर से सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अखिलेश दीदी द्वारा माथे चंदन तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया । मुरली क्लास के बाद शिव परमात्मा के ज्ञान को भाई बहनों में बांटते हुए व अपने अनुभव शेयर करते हुए भाई जी ने कहा कि भगवान अपना कार्य कर रहा है और हम प्रत्येक बच्चों की हर एक गतिविधियों पर अपना ध्यान रखे हुए हैं । आज आदमी बड़े से बड़े सेलिब्रिटी ही क्यों ना हो,अरबपति हो अंततः उनकी आत्मा को शांति की तलाश है । जिनके टीचर स्वयं इस सृष्टि के रचयिता हो उनके लिए सृष्टि में सब कुछ संभव है। हमारी एक-एक सोच ,एक-एक विचार हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं अतः हमारे अंदर निरंतर अच्छी बातों का चिंतन मनन चलते रहना चाहिए । जैसे खुशबू से भरा हुआ वातावरण सबको पसंद होता है बदबू से दूर भागते हैं ऐसे ही सुंदर विचारों के प्रति हमारा आकर्षण होना चाहिए। भाई जी ने कहा कि जब हम मनसा, वाचा, कर्मणा किसी को सुख प्रदान करते हैं तो परमात्मा भी हमारा ध्यान रखते हैं । अच्छे विचारों से, वाइब्रेशन से, स्थान पवित्र होता है जैसे कि पूजास्थल होता है ।हमें नित्य प्रति अमृतबेला (ब्रह्म मुहूर्त )जागकर प्रकृति के पांचो तत्वों को साकाश जरूर देना चाहिए जिससे हमारा भविष्य सुखमय हो । सेवा केंद्र संचालिका बी के अखिलेश दीदी ने अंचल के भाइयों एवं बहनों से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि आज के इस भाग दौड़ भरे जिंदगी में अपने सुख-शांतिमय जीवन के लिए राजयोग मेडिटेशन सीखने सेवा केंद्र जरूर आएं । यहां प्रतिदिन प्रातः 7:00 से 8:00 बजे एवं शाम को 6:30 से 7:30 बजे एक घंटे का राजयोग मेडिटेशन का कोर्स निशुल्क कराया जा रहा है ।





**रायपुर,** 1 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के हुए आम चुनाव में आज राजिम के राघोबा महाड़िक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया । इस अवसर पर प्रदेश भर से मराठा समाज के पदाधिकारी आज आशीर्वाद भवन रायपुर में उपस्थित हुए थे।

## नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के स्वास्थ्य में सुधार



**कुरूद** 1 जून (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद की बहुचर्चित एवं लोकप्रिय अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की तबीयत खराब होने से क्षेत्रवासी चिंतित होकर उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ प्रार्थना करते रहे थे। क्षेत्र वासियों के दुआओं का ही असर है कि ज्योति चंद्राकर की सेहत में तीव्रता से सुधार हो रही है। वह बहुत जल्दी स्वस्थ होकर अपने प्रशंसकों एवं समर्थकों से मुखातिब होगी।

## एफपीओ बलौदाबाजार के शेयर सर्टिफिकेट वितरण व वार्षिक आम सभा में शामिल होंगे मंत्री वर्मा

**भाटापारा,** 1 जून। विदित हो कि 10द्म एफपीओ भारत सरकार द्वारा संचालित बलौदाबाजार एफपीओ (किसान कल्याण उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बलौदाबाजार) में कल 2 जून दिन सोमवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में शेयर सर्टिफिकेट वितरण व वार्षिक आमसभा कार्यक्रम रखा गया है ।जिसमें दोपहर 1:00 राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी आ रहे हैं। मंत्री महोदय, एफपीओ के सदस्यों को शेयर सर्टिफिकेट, बीज, पौधे इत्यादि बाटेंगे। एफ पी ओ के सदस्यों द्वारा किसान हित में विभिन्न गतिविधियां चल रही हैं. यह जानकारी एफ पी ओ बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) श्री शुभम वर्मा ने दिए हैं।

# युक्तियुक्तकरण सरकार का महा षड्यंत्र : भारतीय मूलनिवासी समाज

**जी जामगांव,** 1 जून (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षकों एवं स्कूलों का युक्ति युक्तकरण का आदेश जारी किया है,जो भाजपा सरकार का महा षड्यंत्र है.सरकार आदेश वापस ले और प्रति 500 आबादी के पीछे एक प्राथमिक शाला खोलें तथा संपूर्ण सुविधा दें। सरकार युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को छीनना चाहती है. भले ही आदिवासी मुख्यमंत्री है लेकिन काम आर एस एस की नीति पर कर रहे हैं. सरकार तत्काल युक्तियुक्तकरण के आदेश को वापस ले और प्रमोशन में आरक्षण को तत्काल लागू करें. छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार से शिक्षा के लिए 10000 करोड रुपए की मांग करें।



उपरोक्त बातें भारतीय मूल निवासी समाज के पदाधिकारियों ने जारी एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही है. उन्होंने कहा है कि सरकार शराब की भट्टी खोल सकती है लेकिन स्कूल नहीं खोल सकती. जो बड़े ही दूषित मानसिकता का परिचायक है. स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से लगभग 12000 स्कूल बंद हो जाएंगे और 25000 शिक्षकों की नौकरी पर गाज गिर सकती है. कुछ नेता लोग 45000 शिक्षकों पर आफत आने की बात कर रहे हैं. ऐसा करने से छत्तीसगढ़ में लगभग चार लाख से भी अधिक बच्चों को जबरन पढ़ाई छोड़नी पड़ सकती है. क्योंकि बच्चे 15 से 20 किलोमीटर दूर पढ़ने नहीं जा सकते और माता-पिता भी आने जाने के लिए बस का किराया देने में असमर्थ होंगे. पदाधिकारी ने कहा है कि सरकार जानबूझकर ऐसी स्थिति का निर्माण करना चाहती है. ताकि भारतीय मूल निवासी समाज शिक्षा से वंचित हो जाए और सदा के लिए गुलाम बन कर रहे. भारतीय मूल निवासी समाज एससी-एसटी और ओबीसी समाज युक्तीयुक्तकरण का विरोध करता है और प्रमोशन में आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करता है. पदाधिकारीयों ने सामाजिक बंधुओ, अधिकारी -कर्मचारी, कार्यकर्ताओं, महिलाओं से 11 जून को विशाल जन आंदोलन में माना तुता रायपुर धरना स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिती की अपील की है. अपील करने वालों में प्रमुख रूप से जीवराखन लाल मरई, बसंत ध्रुव, शंकर रात्रे, अधिवक्ता शत्रुघ्न साहू,मोहन साहू, डॉ देवचरण साहू,सुजीत साहू, डॉ रोहित कुर्रे परमानंद कुर्रे, हरिश्चंद्र मांडवी, ललित ठाकुर,डॉ रमेश भतपहरी, रूपेंद्र बघेल, अर्जुन चेलक, विष्णु टंडन, बोधन ध्रुव, तेजराम ध्रुव, कुलंजन मंडावी, ठाकुरराम नेताम, होमनसिह कतलम, राजकुमार, कुलेश्वर शामिल हैं।

# मोटर साइकल में परिवहन करते 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ** 1 जून (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना / चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, शराब, मादक पदार्थ गांजा में सलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सूचना पर 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, मोटर साइकल के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। 1 जून की सुबह करीबन 10/30 बजे जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम कंचनपुर - भूलमुड़ा कच्ची रोड से अपने मोटरसाइकिल क्र छ्त्त 13 च 3668 में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु लेकर आ रहा है की सूचना पर कंचनपुर - भूलमुड़ा रोड पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल क्र छ्त्त 13 च 3668 के चालक को पकड़ा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम रतन दास मानिकपुरी पिता कीर्ति दास मानिकपुरी उम्र 34 वर्ष ग्राम पुरैना तेली थाना चंद्रपुर जिला शक्ति हाल मुकाम सरिया थाना सरिया का होना बताया। आरोपी के मोटरसाइकिल को चेक करने पर मोटरसाइकल के पीछे में प्लास्टिक बोरी में भरा करीब 40 लीटर अवैध महुआ शराब रस्सी से बंधा मिला। शराब के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बिक्री हेतु परिवहन करना बताया। आरोपी के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब कीमती 8000 तथा मोटर साइकल क्र सुपर स्पलेंडर छ्त्त 13 च 3668 कीमती 20000 जुमला कीमती 28000 रु को उसके पेश करने पर जप्त कर उसे विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप0 क्र0-105/2025 धारा 34 (2) 59 (क) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को आज दिनांक 01.06 2025 को रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव स.उ.निरी. सुमन चौहान ,,प्र. आर. टीकाराम, आर. दिलीप स्नेही,लक्ष्मी पटेल,राम पटेल अनुज सिदार म. आर. सविता यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों ने निकाली साईकिल रैली



**महासमुंद,** 1 जून (देशबंधु)। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार खेलों इंडिया आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विश्व साईकिल दिवस 3 जून के उपलक्ष्य में 01 जून रविवार को फिट इंडिया साईकिल रैली एवं तिरंगा रैली का आयोजन सुबह 7.30 बजे से तुमगांव थाना से एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग तक तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। जो तुमगांव थाना से चौक चौराहों से लेकर एकलव्य विद्यालय में संपन्न हुआ। प्रत्येक रविवार को खेलों इंडिया सेंटर भोरिंग, महासमुंद एवं तुमगांव के खिलाड़ियों ने देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं फिट रहने लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम करते आ रहे हैं। साईकिल रैली निकाल कर लोगों को जागरूकता व देशभक्ति का संदेश दे रहे हैं। विश्व साईकिल दिवस 3 जून के उपलक्ष्य में जिले में आयोजित रविवार के रैली को मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव बलराम कांत साहू ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सभापति राम शरण निर्मलकर, शत्रुघन निषाद, चोवा राम तांडेकर, रोहित साहू, कपिल साहू, कमल नारायण साहू, आरक्षक मोहित बारले, अशोक चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए सारंगढ़ में आज व कल होगी काउंसिलिंग

**बिलाईगढ़,** 1 जून (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग निर्देशानुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल ने जानकारी दी कि 02 और 03 जून को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ में प्रातः 10 बजे 04 बजे तक अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसलिंग आयोजित जाएगी। 02 जून को प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक प्राथमिक, माध्यमिक, शिक्षक और विज्ञान शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसलिंग होगी जबकि 03 जून को सहायक शिक्षकों की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग होगी। काउंसलिंग की प्रक्रिया ऐसे शिक्षक जिनकी सेवाकाल दो वर्ष या कम हो उन्हें पहले स्कूल चयन करने का अवसर पहले मिलेगा। उसके बाद महिला, मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, शैक्षिक समन्वयक और अंत में वरिष्ठता के अनुसार होगी। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपादित एवं समस्याओं का निराकरण करने एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बीज उत्पादक किसानों को अनुदान...

कार्यक्रम में उप संचालक कृषि संदीप भोई, जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीमती नीलम चंद्राकर, महासमुंद जिले के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर सहित बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण संस्था के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषि रथ के माध्यम से किसानों...

कृषि विभाग से जुड़े अन्य विभाग शासन की योजनाओं की जानकारी देने पहुंचे है। किसानों द्वारा फसल चक्र परिवर्तन करते रागी की फसल लगाई जा रही हैए जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में फसल चक्र परिवर्तन करते हुए यहां के अन्य किसान भी मक्के का रकबा बढ़ा सकते है। मक्का लगाने पर इसकी अच्छे मूल्य में ब्रिकी हो सकती है।

# 3 करोड़ की लागत से सुनसुनिया में बनेगा बालिका आवासीय विद्यालय

**बागबाहरा,** 1 जून (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुनसुनिया बागबाहरा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण अब शीघ्र ही शुरू होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने तीन करोड़ रुपये की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। साथ ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी मिलने के पीछे क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव की सतत पहल और प्रयासों की अहम भूमिका रही है। श्री यादव द्वारा लगातार शासन स्तर पर इस विद्यालय की स्वीकृति हेतु की जा रही पैरवी आखिरकार रंग लाई ।और शासन ने विद्यालय निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।



गौरतलब है कि सुनसुनिया ग्राम बागबाहरा के समीप स्थित है। और यहां पर एक शासकीय आवासीय बालिका विद्यालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विषय को कई बार विभिन्न मंचों पर उठाया गया था। अब जब शासन ने तीन करोड़ की लागत से विद्यालय निर्माण की मंजूरी दे दी है, तो क्षेत्र में हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है।

नागरिकों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आवासीय विद्यालय की सुविधा मिलने से ग्रामीण अंचलों की बालिकाओं को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

यह विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत आधारशिला साबित होगा, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम होगा। शासन की इस स्वीकृति से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसी प्रकार सुनसुनिया में बनने वाला कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय आने वाले समय में पूरे अंचल के लिए एक प्रेरणा स्थल बनकर उभरेगा।

# बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत व बीए द्वितीय वर्ष 94 प्रतिशत रहा



**मगरलोड,** 1 जून (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड की बी ए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा एवं बीए अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा कुल परीक्षार्थी 25 जिसमें 23 छात्र छात्राओं उत्तीर्ण हुए ,प्रथम श्रेणी में 04 , द्वितीय श्रेणी 18 तृतीय श्रेणी में 1 एवं 2 पूरक रहा । कक्षा में कु. तनू शर्मा 64 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान ,द्वितीय स्थान द्रोण कुमार साहू, 61 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कीर्ति वर्मा 60 प्रतिशत का रहा वहीं बी ए भाग - दो कक्षा में परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा है, कुल परीक्षार्थी 35 , में से 33 छात्र छात्राए उत्तीर्ण हुए ,1 पूरक ,1 अनुत्तीर्ण, जिसमें 8 छात्र छात्राए प्रथम श्रेणी में ,24 छात्र छात्राए द्वितीय श्रेणी एवं 1 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए द्ध कक्षा में कु उमा साहू 71.33 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान,कु पद्ममिनी 67.83 प्रतिशत द्वितीय स्थान,कु. सोनिका 66.66 प्रतिशत तृतीय स्थान इस उपलब्धि पर गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड के प्रबंधन समिति केअध्यक्ष दशरथ साव , उपाध्यक्ष मुकेश जंघेल, सचिव दीपेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष आदित्य वैष्णव, सदस्य राजेश शर्मा, मूर्ति निषाद, भारत भूषण साहू ,सुनील वैष्णव,विनोद सचदेवा भीम साहू महाविद्यालय के प्राचार्य खिलेशवर कुमार साहू , याद राम साहू, विष्णुदास मानिकपुरी सुरेन्द्र कुमार निषाद,गेवेन्द सिन्हा निरूपा चक्रधारी, भुपेंद्र साहू साहयक प्राध्यापक एवं सुखचंद कश्यप , नंदकुमार ने हर्ष जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# फिट इंडिया अभियान– डीएवी टिकुलिया भाटापारा के विद्यार्थियों ने किया स्वास्थ्य प्रेरक साइकिल रैली का सफल नेतृत्व

**भाटापारा,** 1 जून (देशबन्धु)। डीएवी टिकुलिया भाटापारा जो कई राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता अभियानों के सफल नेतृत्व से शिक्षा जगत में एक अहम परिचय लिए हुए है। जो विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ संतुलित दिनचर्या व संतुलित स्वास्थ्य को भी हम पायदान दिए हुए हैं। जिनके लिए फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ रहता है। इसी आधार स्तंभ को और अधिक मजबूत करने के लिए लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य को और सहज बनाने के लिए राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया अभियान और अधिक सफल बनाने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु डीएवी विद्यार्थियों ने योग तथा साइकिल रैली से बेहतर स्वास्थ्य के मार्ग को और सहज, आसान और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।




**हौसले की पहचान, फिट इंडिया अभियान:** हिंदी में एक कहावत प्रचलित हैं ऊ पहला सुख निरोगी काया 7 अत: इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत में फीट इंडिया मूवमेंट की नींव रखी गई ।फीट , इंडिया मूवमेंट की शुरुआत प्रधानमंत्री ? श्री नरेंद्र मोदी जी ने 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में लाखों लोगों की मौजूदगी में फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की संकल्पना के अनुरूप राष्ट्रव्यापी फिट इंडिया अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को रोजमर्रा के जीवन में फिट रहने के साधारण और आसान तरीके शामिल करने के लिये प्रेरित करना है। फिट इंडिया, एक मजबूत और प्रगतिशील भारत की मांग है। अत: सभी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने के लिये इस अभियान की अत्यंत आवश्यकता है। यह अभियान एक राष्ट्रीय लक्ष्य के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। जिसमें डीएवी टिकुलिया भाटापारा की विद्यार्थी अपना सत प्रतिशत योगदान दे रहे हैं ।

**योग व साइकिल रैली का सफल समापन:** डीएवी टिकुलिया भाटापारा के विद्यार्थियों ने 1 जून को फिट इंडिया के राष्ट्रीय व्यापी अभियान को और अधिक सफल बनाने के लिए योग व साइकिल रैली के जरिए स्वस्थ दिनचर्या को और अधिक मजेदार, आसन और अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अजय कुमार सरपंच टिकुलिया डीएवी के समस्त विद्यार्थियों और शिक्षक को की उपस्थिति में मां सरस्वती के वंदना से हुआ। तत्पश्चात समस्त विद्यार्थियों ने डीएवी स्कूल से लेकर 2 किलोमीटर जनसाधारण के बीच स्वास्थ्य प्रेरित वाक्यों और भारत माता के जयकारों के बीच साइकिल रैली फिट इंडिया अभियान के विभिन्न लक्ष्यो के लिए लोगों को प्रेरित व जागृत करते हुए सफल समापन किया।

**सरपंच अजय कुमार ने संस्था प्रमुख के प्रयासों और विद्यार्थियों की भागीदारी को सराहा:** डीएवी टिकुलिया के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और संस्था प्रमुख के निर्देशन में आयोजित किए गए कई जान जो जन जागरूकता रैलियां और अभियानों की सराहना करते हुए ग्राम टिकुलिया सरपंच श्री अजय कुमार जी ने कहा ऊ मुझे डीएवी टिकुलिया भाटापारा के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी प्रतिभागिता देखकर अत्यंत हर्ष का अनुभव होता है। संस्था प्रमुख श्री एस के सिंह द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में विशेष ध्यान और निर्देशन सभी को प्रेरित करता है। अगर हम विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को पूरा ले तो बेहतर स्वास्थ्य इसकी पहली इकाई होगी। डीएवी टिकुलिया भाटापारा के विद्यार्थियों का उत्साह और भागीदारी सराहनीय है ।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी विभिन्न कलाएं



**राजिम,** 1 जून (देशबन्धु)। नगर की पीएम श्री प्राथमिक शाला एवं पूर्व मा. शाला पथर्रा के संयुक्त तत्वावधान मे 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप मे बच्चों को गीत..संगीत.. नृत्य.. चित्र कला..माटी कला...बांस शिल्प... डिजिटल साक्षरता.. स्वच्छता... मेंहदी कला.. रंगोली कला..कंप्यूटर बेसिक साक्षरता...बागवानी..सहित अनेक विधाओं को सीखने का अवसर दिया गया साथ ही एक और भारतीय भाषा जाने श्रृंखला में छत्तीसगढ़ के निकटवर्ती उड़ीसा राज्य के बारे में विभिन्न रोचक जानकारी देते हुए उड़िया भाषा की सामान्य जानकारी दी गई। उक्त समर कैंप के समापन के अवसर पर विद्यालय मे बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम में नगर पंचायत के पार्षद एवं सभापति श्री कुलेश्वर साहू शाला समिति के अध्यक्ष श्री राजेंद्र पाल सहित पालक व नगरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण संस्था प्रमुख श्रीमती निधि ठाकुर ने प्रदान किया वहीं बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी रखी गई छात्रा कु. कुसुमलता वर्मा एवं साथियों ने उड़िया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जिसकी अतिथियो ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर संस्था की शिक्षिका श्रीमती प्रेम कुमारी.. साहू.. गीता साहू..सुनीता साहू.. वालिता साहू..रोशन पांडे राधेश्याम साहू.. एवं ऐश्वर्या साहू.. गुंजा साहू कंप्यूटर प्रशिक्षक कृष्ण कुमार साहू.. आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक आलोक शर्मा ने किया। अंतिम दिवस अपने आस पास को जानें श्रृंखला मे बच्चों को राजिम भ्रमण कराया जाएगा..

# देवरीकला में मनाई गई अहिल्या बाई होल्कर की जयंती



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत देवरीकला में शनिवार 31 मई को सरपंच बालेश्वर वैष्णव के नेतृत्व अहिल्या बाई होलकर जयंती मनाई गई। ज्ञात हो कि अहिल्याबाई होलकर एक मराठा शासिका थीं जो अपनी दूरदर्शिता, न्यायप्रियता, लोक कल्याणकारी कार्यों और मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं उन्होंने 1767 से 1795 तक मालवा क्षेत्र की शासन की और अपने शासनकाल में कई सुधार किए, जिससे उनका राज्य समृद्ध और सुसंस्कृत बना। उनका जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। उनकी दूरदर्शिता न्यायप्रियता और कल्याण कारी कार्यों के कारण आज भी उन्हें याद कर जयंती मनाई जाती है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत देवरीकला में भी शनिवार को जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच बालेश्वर वैष्णव, उप सरपंच प्रतिनिधि पंकज पैकरा, सचिव कमल मानिकपुरी, पंच दुगेश्वर वैष्णव, पंच द्वारिका पैकरा, नंदलाल कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# पाल समाज ने मनाई पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जयंती

**आरंग,** 1 जून (देशबन्धु)। गडरिया (पाल धनकर) समाज महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा आरंग राज द्वारा महारानी अहिल्या बाई होल्कर जी के 300 वी जन्म जयंती उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के महिलाओं द्वारा नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो माँ शीतला मंदिर चौक से निकल कर नगर के प्रमुख मार्गो से होते पुन: माँ शीतला मंदिर चौक में सम्पन्न हुआ। चौक में आयोजित मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गुरु खुशवंत साहेब में देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन में कर्तव्य, सादगी, और धर्म के प्रति समर्पण , राजनितिक कुशलता एवं अद्वितीय रण कौशल को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिलन धनकर ने किया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब समाज के मांग पर पाल समाज भवन के बाउंड्रीवाल, टीन शेड निर्माण, तथा अहिल्यादेवी चौक निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्रो का सम्मान भी किया गया।



विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, अशोक बजाज, डॉ संदीप जैन, श्याम कुमार नारंग, के के भारद्वाज, अशोक चंद्राकर, गणेश साहू, पार्षद संतोष लोधी, नरेन्द्र लोधी, उमाकांत यादव पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, राकेश सोनकर, राकेश शर्मा, खिलेश धुरंधर, वेदराम खूंटे, टिकेश्वर गिलहरे, सोहन, लक्ष्मण पाल, महतो , बलराम पाल, संतोष पाल , वीरू पाल ,मन्नू पाल, राधे पाल, नारायण पाल, होरी लाल पाल , शोभा पाल, उत्तम पाल, राधे श्याम पाल , सुमन ,कामता, शंकर , राहुल, सुदामा पाल, केशव, हरिपाल, सहित बड़ी संख्या में सामाजिक के लोग सम्मिलित हुए।

# श्यामनगर झलप एवं अंसुला की टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**पिथौरा,** 1 जून (देशबन्धु)। पिथौरा के शहिद भगत सिंह खेल मैदान में मॉर्निंग क्रिकेट एसोसिएशन (ख्र) द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का बहुत ही शानदार एवं रोमांचक मुकाबलों का अंतिम दौर का मैच चल रहा है । प्रतियोगिता के नौंवे दिन दो चालिफायर मुकाबले के लिए स्थानीय ग्रामीणों टीमों के बीच काफी रोमांचक एवं सांस रोक देने वाला मैच देखने को मिला । पहले चार्टर फाइनल का मुकाबला स्थानीय नयापारा खुर्द एवं श्यामनगर झलप के मध्य बहुत ही रोमांचक मुकाबला खेला गया । दोनों ही क्रिकेट टीमों ने सेमी फाइनल में प्रवेश के लिए पूरा दम लगा दिया था । श्यामनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार ओवर में 77




**रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता पिथौरा में**

रन बनाए थे । एक एक रन के लिए दोनो ही टीमों ने बहुत मेहनत किया जिसका परिणाम ये रहा की मैच अंतिम गेंद में बराबरी पर समाप्त हुवा और नयापारा की टीम ने भी निर्धारित ओवर में 77 रन बना सका । जिसके पश्चात इनके बीच सुपर ओवर का रोमांचक मैच खेला गया । नयापारा खुर्द ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 रन का स्कोर पर ही अपने दोनो खिलाड़ी खो दिए, जवाब में उतरी श्यामनगर की टीम ने बिना विकेट खोए यह रोमांचक मुकाबला आसानी से जीतते हुए पहला सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे चार्टर फाइनल मैच स्थानीय मजबूत क्रिकेट टीम ग्राम सेवैया कला एवं अंशुला के मध्य खेला गया । जिसमें ग्राम अंसुला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित चार ओवर में 78 रन का स्कोर खड़ा कर 79 रन का लक्ष्य सेवैया कला की टीम को दिया ।

लक्ष्य का पिछा करते हुए सेवैया कला की टीम निर्धारित ओवर में सिर्फ 45 रन ही बना सकी । इस प्रकार ग्राम अंसुला टीम ने 33 रनों से शानदार जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इस प्रकार कल ग्राम श्यामनगर झलप एवं ग्राम अंसुला की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया ।

# बलौदाबाजार शहर पहुंच तीन प्रमुख बायपास चौक को हेलमेट जोन किया गया घोषित

**बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं इस दौरान जान माल की सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में लगातार नए उपायों को अमल में लाया जा रहा है। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु लोगों के मध्य लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 जून को बलौदाबाजार नगर पहुंच तीन प्रमुख बाईपास चौक क्षेत्र को हेलमेट जोन घोषित किया गया है।

**जिले में पहली बार किसी क्षेत्र को घोषित किया गया हेलमेट जोन**

जिले के रिसदा बाईपास, डोटोपार बाईपास एवं सकरी बाईपास तीनों क्षेत्र को हेलमेट जोन घोषित किया गया है। हेलमेट जोन घोषित करने का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना तथा सड़क दुर्घटना आदि की स्थिति में जान माल की सुरक्षा करना है। डोटोपार, रिसदा एवं सकरी बाईपास तीनों क्षेत्र में हेलमेट जोन घोषित होने से उक्त स्थलों में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करते पाए जाने पर उन पर जुर्माना एवं कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस का सदैव सहयोग करें एवं दुपहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट धारण करें।

# मोटरसाइकिल-ट्रक टक्कर में एक की मृत्यु, एक गंभीर रूप से घायल

**पिथौरा** (महासमुंद), 1 जून (देशबन्धु)। दिनांक 01 जून 2025 को रात्रि करीब 22:45 बजे थाना पिथौरा क्षेत्रांतर्गत ढांक टोल प्लाजा के पास नेशनल हाईवे पर एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी उमेश वर्मा के अनुसार, सिरपुर खिरसाली निवासी अमित कुमार पटेल (27 वर्ष, बिजली विभाग में ऑपरेटर) अपने मित्र की शादी में शामिल होने ग्राम कसही बहरा बुलेट मोटरसाइकिल (सीजी 10 ह्लह्व 5904) से आ रहा था। इस दौरान ढांक टोल प्लाजा के समीप नायक होटल के सामने सड़क किनारे खड़े एक अज्ञात ट्रक से मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अमित कुमार पटेल की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मोटरसाइकिल पर




सवार अन्य युवक, नेतराम साहू, गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल टोल प्लाजा की एंबुलेंस द्वारा पिथौरा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद नेतराम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच प्रधान आरक्षक नीलाम ठाकुर द्वारा की जा रही है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है। घटनास्थल का मुआयना किया गया, और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में ट्रक की पहचान और चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इस घटना के बाद ग्राम कसही बहरा में मृतक के मित्र की शादी समारोह में मातम छा गया। पुलिस ने ग्रामीणों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और संदिग्ध वाहनों की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

# खेतीहर मजदूरों की पसंद 'रेन पोंचो'

**भाटापारा,** 1 जून (देशबन्धु)। च्रेन पोंचोज बारिश से बचाव का यह बेहद सुविधाजनक उपाय खेतीहर श्रमिकों को खूब लुभा रहा है। सिर्फ 80 और 100 रुपए में मिल रही यह अपग्रेडेड रेनकोट, परंपरागत रेनकोट से आगे निकलने की राह पर है। छतरियां अपनी

**बारिश से बचाव का सुविधाजनक उपाय**

जगह कायम हैं लेकिन परंपरागत रेनकोट का बाजार घट सकता है क्योंकि अपग्रेडेड पोंचो की खरीदी को लेकर मध्य आय वर्ग भी रुझान दिखाता नजर आ रहा है। यह इसलिए क्योंकि आकर्षक रंग और डिजाइन में यह उपलब्ध है।

**न चेन, न डोर:** जल्द खराब हो जाते हैं रेनकोट के चैन, फंसती है डोरियां। परंपरागत रेनकोट में हमेशा से रहती आई है यह परेशानी।



अपग्रेडेड रेन पोंचो इन समस्याओं से मुक्त है क्योंकि इसे टीशर्ट जैसा बनाया गया है। इसके अलावा लाने, ले जाने के दौरान होने वाली परेशानी को दूर करता है रेन पोंचो क्योंकि वजन और आकार का विशेष ध्यान रखा गया है।

**पहली पसंद इनकी:** बारिश के दिनों में सामान्य रेनकोट या सामान्य पालिथिन के साए में काम करने वाले खेतिहर श्रमिकों के बीच रेन पोंचो तेजी से पैठ बना रहा है। आसान परिवहन, क्रय शक्ति के भीतर कीमत का होना बड़ी वजह बढ़ती मांग के लिए मानी जा रही है, तो आकर्षक कलर और आकर्षक डिजाइन का होना दूसरी वजह बन रही है।

**यहां खूब:** देश के ऐसे पर्वतीय क्षेत्र, जहां पूरे साल बादल और बारिश जैसा मौसम रहता है, वहां रेन पोंचो की खरीदी हमेशा से रहती है। खासकर केदारनाथ जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थल पर तो पहली खरीदी इसमें ही की जाती है। ऐसा ही मौसम अब अपने प्रदेश में भी दस्तक दे चुका है। इसलिए पहली बार आया च्रेन पोंचोज उपभोक्ता मांग में आ चुका है, खासकर खेतीहर श्रमिकों के बीच खूब पसंद किया जा रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के संयोजक महेश वर्मा ने की पौधा रोपण की अपील

**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 1 जून (देशबन्धु)। अंचल के सभी नागरिक भली-भांति यह जानते हैं कि जगत में प्रत्येक जीवों के जीवन का संचालन इन पॉच तत्वों सांस (आक्सीजन), जल, अन्न, धरती एवं आकाश तथा प्रकाश से होता है, जो कि हमें पर्यावरण से प्राप्त होते हैं और पर्यावरण वनों से प्राप्त होते हैं। गौरतलब है कि 1 से 5 जून तक दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागृति के मुख्य उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाये जाते हैं। इस पावन अवसर पर प्रति ब्यक्ति का जग में अपनी सार्थक उपस्थिति बाबत दुनिया के सबसे बड़ी दाखिल खारिज मॉ धरती की गोद रूपी रजिस्टर में अपने और परिजनों के प्रत्येक जन्म दिवस पर पौधे रुपी नन्हे कलम पीपल, नीम, बरगद, और आम,



जैसे अन्य पौधे लगाकर हस्ताक्षर करें श्रृंगार करें ताकि आपके कई जन्मों और चिर काल तक जगत में आपकी उपस्थिति का अमिट यादगार और हस्ताक्षर मौजुद रहे। अन्यथा जग में आप उपस्थित रहकर भी अनुपस्थित रह जायेंगे। चुँकि दान किए तीरथ किए, लाखों पुजा-पाठ किए, माता-पिता की सेवा किए और यज्ञ किए हजार। ''परन्तु जीवन चक्र की रक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु मॉ वसुंधरा की गोद में वृक्षारोपण नहीं तो सब कुछ है बेकार, अर्थात यह जीवन है धिक्कार। उक्त बाते कहते हुए पर्यावरण संरक्षण चेतना के संयोजक महेश वर्मा ने पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नागरिकों से जनहित एवं जगहित में पौधे लगाने की अपील की है।

# लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के शासन में थी लोकतंत्र की झलक : इंदर चोपड़ा

**धमतरी,** 1 जून (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार 31 मई को धमतरी जिला मुख्यालय में रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी एवं महिलाओं के सम्मान का कार्यक्रम रखा गया।

उनके जन्मदिवस पर आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होलकर को लोकमाता कहा गया है। होलकर राज परिवार की सदस्य होने के बावजूद भी जब उन्होंने सत्ता संभाली तो उन्होंने प्रजा के लिए काम किया यही कारण है कि उन्हें राजमाता ना कहकर लोकमाता कहा गया। उन्होंने सनातन धर्म के उत्थान के लिए उस जमाने में लाखों करोड़ों खर्च किए।

पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अहिल्या बाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर में चौंढ़ी गांव में हुआ था। अत्यंत साधारण गडरिया परिवार में जन्म लेनी वाली बालिका में असाधारण गुण थे। यही कारण था कि महेश्वर राजघराने के महाराज मल्हारराव होलकर ने उन्हें अपने पुत्र खांडेराव की बहु बनाया। परिवार के सभी पुरुष सदस्यों की मृत्यु हो जाने के कारण सत्ता की जिम्मेदारी कम उम्र में ही अहिल्या बाई को सौंपी गई। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक, कूटनीतिक और धार्मिक सभी पहलुओं पर बुद्धिमता और न्यायप्रियता के साथ काम किया। महिलाओं के लिए निश्चित रूप से रानी अहिल्या बाई प्रेरणा के रूप में है।




- महिलाओं के लिए प्रेरणा है रानी अहिल्या बाई : पिंकी शिवराज शाह
- अहिल्या बाई त्रिशताब्दी वर्ष पर समाजसेवी महिलाओं को किया जा रहा सम्मानित : प्रकाश बैस

जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष को भाजपा ने पखवाड़े भर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। 31 मई को उनके 300 वें जन्मदिवस पर जिला मुख्यालय में गोष्ठी के साथ साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कर रानी अहिल्या बाई का पुण्य स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के जिला संयोजक ठाकुर शशि पवार ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होलकर का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें पुण्य श्लोका एवं शिवकामिनी जैसी उपाधियों से सम्मानित किया गया। पुण्यश्लोक की उपाधि उनके पूर्व केवल राजा युधिष्ठिर एवं राजा नल को प्राप्त थी। भगवान शिव की परम आराधक रानी अहिल्या बाई ने चारों धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों सहित अनेक शक्तिपीठों की स्थापना एवं जीर्णोद्धार कराया। इंदौर शहर या मालवा क्षेत्र उनकी गाथा सदियों से गाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके व्यक्तित्व को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया ताकि लोग अपने देश के स्वर्णिम इतिहास को जान सके और उससे प्रेरणा ले सके।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नशामुक्ति शिविर

- स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग की रही सहभागिता
- जिले में लगातार चल रहा है राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम और नशा मुक्ति अभियान




**बिलाईगढ , 1 जून (देशबंधु)।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस महाअभियान के तहत च्वंतंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाज्ञ के थीम पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर शपथ लिया गया। साथ ही साथ उन सभी हितग्राहियों जिन्होंने जिले के सारंगढ़ तम्बाकू नशामुक्ति केंद्र में काउंसलिंग और निकोटिन पैच लिया था। उन सभी हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया जो अब तंबाखू ,गुड़ाखू की लत को छोड़ चुके हैं।

नागरिकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि दांतों आम मसूड़ों में दर्द होने के कारण गुड़ाखू का इस्तेमाल कुछ समय से कर रहे थे। डेंटिस्ट मैडम के समझाइश के बाद हमने फरवरी माह से गुड़ाखू को छोड़ चुके हैं। तंबाखू आज वनस्पति है इसमें निकोटिन नामक पदार्थ पाया जाता है। तंबाखू के इस्तेमाल करने से निकोटिन शरीर के विभिन्न अंगों में जाने के बाद अपना प्रभाव दिखाता है। शुरू में तो इन्हें कुछ देर के लिए अच्छा महसूस होता है जो कुछ ही देर में समाप्त हो जाता है, जिसके कारण बार बार उपयोग करते जाते हैं। तंबाखू उपयोग से आदत की लत बहुत जल्दी लग जाती है। वैसे तंबाखू को लोग कई रूप में इस्तेमाल करते है जैसे धुआं सहित जिसमें बीडी, सिगरेट, चिलम, चोंगी, हुक्का आदि। इससे तंबाखू निकोटिन धुआं के साथ फेफडे में प्रवेश करता है। लगातार बार बार गर्म धुआं, जिसमें निकोटिन होता है, के कारण फेफड़े के अलविएलाई डैमेज होने लगता और लंबे समय तक इस्तेमाल करने से फेफड़ा कोल तार जैसा हो जाता है। फेफड़ा पूरी तरह से डैमेज हो जाता है और कैंसर बन जाता है। वैसे ही धुआं रहित तंबाखू के प्रयोग से जैसे खैनी, गुटखा, गुड़ाखू के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इसके लगातार उपयोग किए जाने से मुंह में घाव,अल्सर, कैंसर जैसा गंभीर बीमारी हो जाता है। लंबे समय तक उपयोग करने से मुंह छोटा हो जाता है। मुंह पूरी तरह खुलता नहीं है, जिसे छोटा मुंह के नाम से जानते है। दोनों ही प्रकार से तंबाखू का उपयोग करना वाले व्यक्ति को भूख कम लगना, पाचन सही नहीं होना, नींद नहीं आना चिड़चिड़ापन आना, गुस्सा करना दिल की घड़कन बढ़ जाना ज्यादा पसीना आना, ये सब बल्ड प्रेशर बढ़ने के लक्षण है। ऐसे लोगों को हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज, पक्षाघात, असंक्रामक बीमारी होती है। असंक्रामक बीमारी के जनक तंबाखू एवं तंबाखू उत्पाद ही है। महिलाओं को एक्टिव या पैसिव रूप से गिरफ्त में लेता है। परिणाम स्वरूप गर्भावस्था में गर्भपात होना, कम वजन के बच्चे होना, समय से पहले प्रसव होना आदि महिलाओं में बांझपन का होना, पुरुषों में नपुंसकता का होना, दांतों में पीलापन होना दिखाता है। अतः तंबाखू के उत्पाद के इस्तेमाल से केवल नुकसान होता है। अतः एक सभ्य समाज निर्माण में हमें तंबाखू उत्पाद के उपयोग को बंद करना ही होगा तब ही हमारे भविष्य सुरक्षित हो जाएगा।

इस कार्यक्रम में डॉ एफ आर निराला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ दीपक जायसवाल (सिविल सर्जन), डॉ आर. एल. सिदार खण्ड चिकित्सा अधिकारी सारंगढ़, डॉ बी पी साय वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, विनय तिवारी उप संचालक समाज कल्याण, मनोज साहू जिला लेखा प्रबंधक, डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त चिकित्सा अधिकारी एवम समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# रीवा ग्राम पंचायत में सचिव की लापरवाही को लेकर समाधान शिविर में उठी आवाज़

## पेयजल संकट, वेतन भुगतान में देरी सहित कई मुद्दों पर जताया गया आक्रोश



**आरंग, 1 जून (देशबन्धु)।** जनपद पंचायत क्षेत्र आरंग अंतर्गत ग्राम पंचायत रीवा में पंचायत सचिव की लापरवाही को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचों ने समाधान शिविर में अपनी गहरी नाराजगी जताई। सरपंच घसिया राम के नेतृत्व में पंचगणों ने पारागांव में आयोजित समाधान शिविर में पंचायत सचिव राजेश्वरी साहू के लगातार अनुपस्थित रहने और कार्यों में घोर लापरवाही बरतने की शिकायत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग आवेदन प्रेषित कर की । शिविर में उपस्थित अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच व पंचों ने बताया कि ग्राम पंचायत में पेयजल की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। भीषण गर्मी में ग्रामवासियों को पीने के पानी के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है, परंतु बार-बार आग्रह के बावजूद सचिव द्वारा टैंकर की व्यवस्था नहीं कराई जा रही है।राशन कार्ड व पेंशन फार्म भरने जैसे अति आवश्यक कार्य रुके हुए है जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभ नही मिल पा रहा है।पूर्व सरपंच का स्पेसिमेंट सिग्नेचर आज दिनांक तक अद्यतन नही किया गया है जिससे प्रशासनिक कार्यो में बाधा आ रही है।इसके अलावा पंचायत कर्मचारियों को पिछले 4-5 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। इन सभी मुद्दों को लेकर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में जमकर रोष प्रकट किया । पंचों ने सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मांग की कि शीघ्र ही उनकी वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि पंचायत के जरूरी कार्य बाधित न हों और ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

समाधान शिविर में अधिकारीगणों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। क्षेत्रवासियों को अब उम्मीद है कि जल्द ही सचिव की किसी उत्तरदायी कर्मचारी की नियुक्ति कर पंचायत की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पीएम जनमन- तेजी से आकार ले रहा बाजार कुर्रीडीह का बालक छात्रावास

## 50 कमार विद्यार्थियों को मिलेगी शिक्षा की आवासीय सुविधा

**धमतरी, 1 जून (देशबन्धु)।** जिले के नगरी विकासखण्ड के बाजार कुर्रीडीह शासकीय हाईस्कूल का बालक छात्रावास तेजी से तैयार हो रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत इसकी स्वीकृति दी गई है। लगभग एक करोड़ 38 लाख रूपये की लागत से बनने वाले इस बालक छात्रावास में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के 50 विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने के लिए आवासीय सुविधा मिलेगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस निर्माणाधीन छात्रावास के काम का आज सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विमल साहू और हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता रविन्द्र छाबड़ा ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई एम.ए. नरेटी के साथ निरीक्षण किया। अधिकारियों ने फाउंडेशन तक पहुंच गए हॉस्टल के काम में तेजी लाने के निर्देश कार्यकारी संस्था को दिए। उन्होंने ठेकेदार को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण काम को तेजी से करने कहा। अधिकारियों ने ठेकेदार को चेताया कि हॉस्टल का काम निर्धारित समय अवधि में इस वर्ष दिसम्बर माह तक पूरा हो जाना चाहिए।



उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए पूरे देश में पीएम जनमन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी जिले में कमार जनजाति बाहुल्य नगरी, मगरलोड विकासखण्डों में सड़क, बिजली, पानी, आवास के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। कमार बस्तियों में सड़कें बनाने के साथ उन्हें पक्के आवास भी बनाकर दिए जा रहे हैं। कमार बसाहटों में बिजली कनेक्शन और पहुंचविहीन इलाकों में सोलर पैनल द्वारा बिजली की व्यवस्था की जा रही है। कमार बस्तियों में शुद्ध पानी पहुंचाने के लिए भी जल जीवन मिशन और समूह जल प्रदाय योजनाएं शुरू की गई हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कमार परिवारों के सदस्यों के आधार कार्ड बनाने, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने से लेकर वनाधिकार मान्यता पत्र देने का काम भी तेजी से किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत पाहंदा और कुहकुहा में लगा समाधान शिविर

**धमतरी, 1 जून (देशबन्धु)।** सुशासन तिहार आयोजन की कड़ी में आज मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत पाहंदा और कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुहकुहा में समाधान शिविर लगा। पाहंदा में ग्राम पंचायत बेलोरा, भोथा, बोरसी, डाभा, झाझरकेरा, लडेर, मोहदी, पाहंदा, राजपुर, सरगी एवं सोनेवारा के ग्रामीण शामिल हुए। पाहंदा कलस्टर में कुल 5 हजार 948 आवेदन प्राप्त हुआ थे, जिसमें मांग हेतु 5 हजार 887 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 61 आवेदन प्राप्त हुआ था। प्राप्त इन मांग एवं शिकायतों के निराकरण एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों की जानकारी भी समाधान शिविर में अधिकारियों द्वारा दी गयी। समाधान शिविर में छ.ग. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार साहू, जनपद पंचायत मगरलोड के सदस्य कविता सिन्हा, दुर्गेशनंदनी साहू के अलावा अपर कलेक्टर राम कुमार कृपाल, कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड दिव्या ठाकुर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं मुख्यद्वारा सभी स्टालों का निरीक्षण किया गया एवं सभी विभागीय अधिकारियों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में विभिन्न विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वीकृति आदेश एवं सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से 09 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 05 हितग्राहियों को आवास चाबी, 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 31 हितग्राहियों पेंशन स्वीकृति आदेश, 05 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, 03 हितग्राहियों को मछली जाल का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 113 लोगों स्वास्थ्य परीक्षण कर 05 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड का वितरण किया गया है। कृषि विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को मृदा संरक्षण कार्ड, 07 लाभार्थी को गोदभराई, 03 लाभार्थी का अन्न प्रसन्न एवं 03 लाभार्थी को किट, 19 हितग्राहियों को बी-1 एवं 04 हितग्राही को स्वामित्व कार्ड, 06 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को लर्निंग लायसेंस प्रदान किया।

इसी तरह कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुहकुहा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत-कुहकुहा, दहदहा, बकली, भोथली, गोबरा, गुदगुदा, सिरसिदा, परसवानी, मेण्डरका, नवागांव उ0, उमरदा, चरमुड़िया कुल 12 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया। 'समाधान शिविर' ग्राम पंचायत कुहकुहा में गौकरण साहू, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत धमतरी, रूपचंद देवांगन, प्रतिनिधि, सभापति (स्वच्छता समिति) जनपद पंचायत कुरूद, टिकेश साहू, अध्यक्ष संत गुरु घासीदास स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, पन्ना चन्द्राकर, सरपंच संघ कोषाध्यक्ष ब्लॉक कुरूद, रूपेश कुमार निर्मलकर, सरपंच ग्राम पंचायत कुहकुहा तथा कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों के सरपंचगण उपस्थित रहे, साथ ही कार्यक्रम के नोडल एन.आर. राठौर, ई.ई. जिला-धमतरी, अमित कुमार सेन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, दुर्गा साहू, तहसीलदार कुरूद व समस्त विभाग प्रमुख के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाधान शिविर कुहकुहा अंतर्गत विभाग प्रमुखों द्वारा प्राप्त मांग व शिकायत निराकरण संबंधी जानकारी ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से दिया गया। साथ ही विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्रियों का भी वितरण कया गया। इनमें श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, एक हितग्राही को नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत राशि और एक हितग्राही को सहायता योजना की राशि दी गई। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 4 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया और 5 बच्चों को पोषण टोकरी तथा 16 हितग्राहियों को नोनी सुरक्षा योजना के तहत लाभान्वित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 5 विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश भी वितरित किया गया।

# इवेंट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए महापौर रामू रोहरा और कलेक्टर मिश्रा

- जिला स्तरीय इवेंट में दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी
- मनोरंजक खेल, नर्तक दलों की प्रस्तुति ने बांधा समा



**धमतरी, 1 जून (देशबन्धु)।** जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इवेंट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश के आमजनों की समस्याओं-शिकायतों का त्वरित निराकरण सुशासन तिहार के माध्यम से किया जा रहा है। शिविर में लोगों के लायसेंस, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, राजस्व संबंधी कार्य तत्काल मौके पर ही प्रदान किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि साय सरकार समस्याओं से नहीं घबराती बल्कि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने में विश्वास रखती है यह साय सरकार की बड़ी उपलब्धि है। श्री रोहरा ने जिला प्रशासन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से आग्रह किया कि वे नगर को स्वच्छ बनाने में एक जिम्मेदार नागरिक की भांति अपनी सहभागिता निभायें।

वहीं कार्यक्रम में कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने कहा कि बहुत ही अच्छा आयोजन आज मकई गार्डन में किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, योजनाओं के लाभार्थियों में संवाद स्थापित करने के साथ ही प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा जिले में लगभग 40 समाधान शिविरो का आयोजान कर लोगों की लगभग 2 लाख से ज्यादा समस्याओं का समाधान किया गया है। आप लोगों के आसपास कोई ऐसा व्यक्ति हो जिन्हें शासन की योजनाओं से लाभ मिलना चाहिए, आप उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित करें।

सुशासन तिहार के अवसर पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। स्थानीय मकई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साह से भागीदारी की और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, योजनाओं के लाभार्थियों में संवाद स्थापित करने के साथ ही प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था। धमतरी शहर के मकई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में विविध मनोरंजक और खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ ही शासकीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नोत्तरी, खेल प्रतियोगिता, मनोरंजक और पारंपरिक लोकनृत्य एवं स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कर्यक्रम में हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सुशासन तिहार के तहत आवेदन करने पर उनकी समस्या का त्वरित निराकरण किया गया। कुछ लोगों को जहां राशन कार्ड मिला, वहीं कुछ हितग्राहियों को पेंशन का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों ने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उनके जीवन में किस तरह का सकारात्मक बदलाव आया है। हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सुशासन तिहार के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया।

# मुख्यमंत्री से मिले डूबान क्षेत्र के लोग, भूमि आबंटन की मांग बताई

## मुख्यमंत्री साय ने उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन



**धमतरी, 1 जून (देशबन्धु)।** जिले के गंगरेल डूबान क्षेत्र के लोगों ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कलेक्टोरेट पहुंचकर मुलाकात की। डूबान प्रभावितों ने मुआवजे के रूप में भूमि आबंटित करने की अपनी पुरानी मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री को आवेदन दिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनके आवेदन को संवेदनशीलता के साथ सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से प्रकरण के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस संबंध में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

डूबान प्रभावित लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया कि गंगरेल बांध के डूबान प्रभावित लोगों को मुआवजे के रूप में भूमि आबंटित करने के प्रकरण में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन 2008 एवं 2016 में प्रस्तुत किया गया था। इन दोनों पिटीशनों पर सुनवाई करते हुए छ.ग. उच्च न्यायालय में 2020 में आदेश पारित कर तीन माह के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जांच कराकर पात्र गंगरेल बांध डूबान प्रभावितों को भूमि आबंटित करने का आदेश दिया था। डूबान प्रभावितों ने बताया कि आदेश के 4 साल बाद भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि आबंटन के संबंध में कोई जांच कार्रवाई शुरू नहीं की गई है, ना ही गंगरेल डूबान प्रभावितों को कोई राहत मिली है। डूबान प्रभावितों ने मुख्यमंत्री से पात्रता अनुसार भूमि आबंटन की कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने का आवेदन दिया है।

# शहर में पहुंचा मशरूम, बिका 1000 रूपए किलो

**नवापारा राजिम 01 जून देशबंधु ।** शहर में इन दोनों प्राकृतिक रूप से होने वाली मशरूम की आवक शुरू हो गई है आम छत्तीसगढ़ी बोलचाल की भाषा में इसे फूटु भी कहा जाता है। यह मानसून आने के समय ही ज्यादा मात्रा में बाजारों में पहुंचते हैं अभी मानसून ठीक से पहुंचा भी नहीं है लेकिन पिछले कई दिनों से मौसम ने करवट ली है तथा बारिश भी हो रही है जिसके चलते बड़ी मात्रा में मशरूम हो रहे हैं। गांव से होकर सीधे यह शहर के थोक सब्जी मंडी में बिकने के लिए पहुंच रहे हैं। स्थानीय सब्जी विक्रेता खरीदकर पसरा बाजार में बेंच रहे हैं। विक्रेता ने बताया कि 1000 किलो में विक्रय कर रहे हैं। अभी कम मात्रा में इनकी आवक है। जब ज्यादा आवक होगी तो कीमत भी काम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मशरूम खाने के अनेक फायदे बताए जाते हैं जैसे कि वजन घटाने में मदद करता है, हृदय स्वास्थ्य में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और कैंसर से बचाव इत्यादि है। मशरूम में विटामिन, खनिज, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर होते हैं जो शरीर के लिए अत्यंत फायदेमंद है।

# बलवा ड्रिल में अच्छा प्रदर्शन करने, प्रश्नों के सही जवाब देने अधिकारी- कर्मचारियों को एसपी ने दिया नगद पुरूस्कार

- आपात स्थिति से निपटने के लिए धमतरी पुलिस लाईन में परेड के बाद इस बार पुनः कराया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास

**धमतरी, 1 जून (देशबन्धु)।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश एवं उपस्थिति में आज रक्षित केंद्र धमतरी के परेड ग्राउंड में परेड की सलामी एवं निरीक्षण के उपरांत आपात स्थिति, दंगाईयों एवं कानून व्यवस्था से निपटने के लिये बलवा ड्रिल परेड का अभ्यास किया गया है एवं पिछले बार की कमियों को दूर भी किया गया।

रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा द्वारा बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई थी जिसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी,मेडिकल पार्टी, रिजर्व पार्टी को अपना-अपना कार्य निर्धारित कर दिशा निर्देश दिए गए।

बलवा मॉकड्रिल में दोनों ही भूमिकाओं में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी थे। कानून-व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तथा विपरीत परिस्थितियों में भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए अमले को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमताओं की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती है, ताकि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन इत्यादि के दौरान विपरित परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा हुए बलवा ड्रिल का समीक्षा कर यह भी प्रशंसा किया गया की पिछले बार की तुलना में इस बार मॉक ड्रिल का प्रदर्शन बेहतर रहा है और इसको बेहतर करने के लिये उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि आपदा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने व उपद्रवी तत्वों को काबू पाने हेतु मॉक ड्रिल बहुत काम आती है। अक्सर देखने में आता है कि जब जिले में किसी प्रकार का माहौल बिगड़ता है तो पुलिस कर्मचारियों के पास अभ्यास एवं ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए पर्याप्त अनुभव न होने के कारण समय पर दंगा नहीं रोक पाती। इसी को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस तरह की ट्रेनिग आयोजित की जाती है, ताकि पुलिस कर्मचारियों को जो ट्रेनिग मिली है वो भूले ना। इसके जरिए शांति व्यवस्था कायम कर विकास कार्य को निर्विध्न रूप से जारी रखा जा सकता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित रूप से मॉक ड्रिल के संबंध में अभ्यास रखने व भीड़ को काबू करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

परेड निरीक्षण के दौरान उत्तम वेश भूषा धारण करने पर 22 अधिकारी/कर्मचारियों को उत्साहवर्धन के लिए 'प्रशंसा' दिया एवं खराब वेशभूषा धारण करने पर आर.परमेश्वर कपूर, घनश्याम साहू, मनीष चक्रधारी को 'निंदा' की सजा दी गई। वहां पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को बलवा ड्रिल में प्रश्न का सही जवाब देने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को निरी. चंद्रकांत साहू सउनि. ईशु कुमार साहू, प्रआर. रवि जगने, आर. किशन सोनकर, फागेश्वर मरकाम को उत्साहवर्धन के लिए 100-100 रूपये का नगद ईनाम दी गई।

इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मीना साहू, उप पुलिस अधीक्षक अजाक मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित थाना प्रभारी एवं जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।